हे वेद स्वरूप, वेदों द्वारा ही किञ्चिद् जानने योग्य, पुराण (आदि) पुरुष, शरणागत की रक्षा करने वाले, हे अभीष्ठ कामना पूर्ण करने वाले, त्रिलोकी (सारे ब्रह्माण्ड) को प्रलय के समय अपने में ही समाने वाले, देवादिदेव, त्रिलोकी को अपनी भुजाओं का सहारा देने वाले, अतः सर्वश्रेष्ठ भगवान ! हम सब आपकी शरण में आये हैं ॥

---

१ पुराणम – भगवान् विष्णु का ही एक नाम है ।
(पुराणं पुरुषोत्तमम् – नारायण उपनिषद्)

२ हिरण्यगर्भम् – ("हिरण्यगर्भो लोकेशः स्वयं भूः चतुराननः" 'अमरकोश' की इस पंक्ति से 'हिरण्यगर्भ' का अर्थ सृष्टिकर्ता ब्रह्मा है, पर यहां प्रसङ्गानुसार इसका अर्थ भगवान् विष्णु ही है। क्योंकि यह स्तुति विष्णु के प्रति ही की गई है। साथ ही .. "युगान्तकाल प्रतिसंहृतात्मनो जगन्ति यस्यां सविकासमासत" "शिशुपाल वधम्" काव्य का यह श्लोकार्ध भी भगवान् विष्णु के अर्थ की ही पुष्टि करता है ।

३ 'हिरण्यबाहुः' से यहां तात्पर्य विष्णु भगवान् से है । कारण कि प्रसंगानुसार यह स्तुति विष्णु के लक्ष्य की गई है नहीं तो यह 'शिव' का ही दूसरा नाम है (Apte कोश) । पर 'शब्दकल्पद्रुम' में— इस शब्द की व्याख्या – "हिरण्यवत् - बाहुर्यस्य" अर्थात् जिसकी बाहु सोने के बने हैं । इस व्युत्पति से इसका अर्थ भगवान् विष्णु ही निकलता है । जो वरदान देने वाला है । आगे इसी में यह भी कहा गया है—"शिव इति केचित" जिसका अर्थ कई भगवान्– शिव का भी लेते" हैं । (देखिये कल्पद्रुम का पृष्ट 541 कोलम 2)

४ ङ पाठ में "वेद वेद्यं" के स्थान 'वेद विदम्' पाठान्तर है, जिसका अर्थ 'वेद ज्ञाता' निकलता है ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verse 11

We prostrate before thee who has golden arms[1] (to grant precious boons to devotees); who is the most excellent, the pre-eminent, Hiranyagarbha Vishnu[2] (the golden-egg to permeate everything in existence), the Refuge of all, bestower of boons, the one wished for, the Highest of the high, the Eternal[3] entity, the one knowable[4] through vedas and verily, the embodiment thereof.

1. "*Hiranyabahu*" in this context means Lord Vishnu, as translated here. Otherwise this word in an epithet of Siva (c.f. Apte's Sanskrit English Divtionary). In *Sabdakalpadruma*" the word is explained as "*Hiranyawat bahur-yasya*" which means "whose arms are like gold" and so may be taken to mean 'Vishnu'—the bestower of boons. Further it is written there 'Siva iti Kechit' i. e. some take it to be Siva. (page 541 Col : 1)
2. '*Hiranyagarbha*' as the lexicographical meaning connotes, means 'Brahma' the creator. But here it means Lord Vishnu, as this hymn is sung in His praise.
3. An epithet of Lord Vishun (here).
4. In Ms-MR there is alternate reading- '*Vedavidam*' meaning the knower of Vedas.

त्रिलोकपालं[1] लोकनाथेशमीशं
लोकाधारं[2] लोकवन्द्यं महेशम् ।
लोकेश्वरं विश्वरूपं पुराणं
लोकात्मकं त्वां शरणं व्रजामः ॥१२॥

हे त्रिभुवन के रक्षक, भुवन पतियों (लोकपालों) के भी अधिपति, हे जगद् (अखण्ड-ब्रह्माण्ड) के आधार, सब लोगों से वन्दनीय, अपने में (प्रलय काल के समय) त्रिभुवन के समाने से जगद्स्वरूप, पूर्ण-पुरुषोत्तम, हे सर्वश्रेष्ठ प्रभो ! हम सब आप की शरण में आये हैं।

१ भूः, भुवः, स्वः (जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति)
२ चैतन्यरूप, जो तीनों अवस्थाओं का आधार है, जिन में एक ही संविद् विद्यमान है। कहा भी है :-
'संविदेका न भिद्यते"; पञ्चदशी—प्र-१, श्लोक-४ ॥

Verse 12

We make obeisance to thee, who are the protector of three worlds,[1] the great Lord of this Universe and the basic reality.[2] All the worlds bow to Thee, thou art the Lord of Lords. Being Transcendental, thou art Immanent, the Eternal and verily the initial form of all the worlds.

1. The three worlds are *Bhuh*, *Bhuvah* and *Swah*. These represent the three states of waking, dreaming and sleeping of an individual.
2. Supreme consciousness pervades all the three states- *Samvideka na bhidyate* (Panchadashi of Vidyaranya 1-4)

वितत्याजा[1] जननीमुग्ररूपां
चणं बालं[2] तरुणं वै चणं त्वाम् ।
चणं पुमांसं स्त्रीस्वरूपं चणंवा
महानटं[3] शरणमुपैति दिव्यम् ॥१३॥

तीन गुणों की प्रतीकात्मक विभूति से सांसारिकता का बाना ओढ़कर आप महामोहिनी माया के जाल को सर्वत्र फैलाकर अभी बच्चा, अभी जवान, अभी वृद्ध, अभी स्त्री, और अभी पुरुष का रूप धारण करने वाले, संसार रूपी नाटक के अभिनेता, नटों में प्रधान हे नटराज ! सब आपकी शरण को आगे हैं।

१ अजा का अर्थ :- बकरी है, (अभिधा शक्ति से), पर सांख्य - दर्शन (षट् दर्शनों में एक) के अनुसार 'अजा' को 'प्रकृति' या 'माया' का नाम दिया है, पर दोनों शब्दों का समान-अर्थ 'मोहनी माया' का है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यथा श्वेताश्वेतरोपनिषद् में वर्णित है :-
"अजामेकां लोहितकृष्णवर्णां बह्वी: प्रजा: सृजमान: सरूपा:"

२ मोहिनी माया जाल के लक्ष्य श्री भर्तृहरि ने 'वैराग्य शतक' में ५०वें श्लोक के अनुसार इस प्रकार वर्णन किया है :-

क्षणं बालो भूत्वा क्षनमपि युवा कामरसिक:
क्षणं वित्तैर्हीन: क्षणमपि च संपूर्ण विभव: ।
जरा जीर्णैरङ्गै र्नटइव वली मण्डिततनुः
नर: ससारान्ते विशति यमधानीं यवनिकाम् ॥

३ भगवान् शिव को महानट के रूप में इस प्रकार वर्णन किया है :-

जगत्त्रयं शाम्भवनर्तनस्थली
नटाधिराजोत्र पर: शिव: स्वयम् ।
सभा नटो रंग इति व्यवस्थिति:
स्वरूपत: शक्तियुतात् प्रपञ्चिता ॥
(सोमस्तवराज श्लोक ४०)

अर्थात् :-

तीनों लोक भगवान् शिव की नृत्यशाला है, नर्तकों का सम्राट स्वयं परम शिव है, दर्शक नर्तक तथा रंगमंच आदि शिवने अपनी शक्ति से स्वयं ही बनाये हैं और स्वयं हो इनकी व्यवस्था भी करता है।
(ङ) तथा (घ) पाठ में 'अजा' के स्थान 'माया' शब्द का पाठान्तर है।

Verse 13

Having unfurled the frightoning veil of illusion[1], thou assumest the froms[3] of a child, of a youth, of the old, of a woman or of a man for one moment or the other respectively. Thou art like a seasoned actor[3] (on the stage of this universe,). Into these thine varigated forms do we seek asylum.[4]

---

1 The second word of this verse is 'Aja' in our Ms, while. the alternate reading of this in Ms-MR and Ms-TB is Maya. Aja means a she-goat but according to Sankhaya philosophy the word means *Prakriti or Maya.* (Apte's Sanskrit- English Divtionary). There is a mention of it in Svetasvetara Upanishad (IV-5) :-

"*Ajamekam lohitashuklakrinshnam bahvech prajah srajamanam sarupah,*
"*To one Aja*, who (with power of Iswara) like itself creates in triplicate colour, red, white and black (i. e. mobility, transparence and inertia), the world of diversity ..."
But the two words (Aja & Maya) are of the same meaning which "is-the veil of illusion'-the power of creating the forms of phenomenal universe.

2. Transitoriness of the assumed forms is depicted by Bhartrihari :-

Kshenam balo bhutva Kshenamapi Yuva Kamarasikah,
Kshenam Vittair-heenah Kshenamapi Cha Sampoorna-Vibhavah,
Jarajeernair-angair Nata Iva Valeemandita tanuh
Narah Samsarante Vishati Yamadanim Yavanikam
(*Vairagyashatakam* Verse 50).

After being born as a child one grows into youth, which is full of valour. For a time becomes peinnless and within a short time amasses covetable wealth. With old age the organs get worn out and the skin contracts. Thus, playing the parts like an actor one enters and is lost to the curtain.

3. Lord Siva is depicted as seasoned actor :-

Jagat Treyam Sahmbhava-nartanasthali,
Natadhirajo-atra Parah Shvah Swayam,
Sabha nato ranga iti Vyavasthiti
Swaroopatah Saktiyutat prapanchitah
(*Somastavarja*-Verse 40)

"The three worlds are but the dancing hall of God Siva. The King of dancers is the Supreme God himself. The audience, actors and the stage are evolved and ordered by the Lord from his own self in association with his 'Shakti'. (Tr. S. Radhakrishanan)

4. Direct all the organs with mind as their centre or base, towords realization of the Supreme self.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रसार्य जालं रागद्वेषादि तन्तुं
धर्तुं मनः पक्षिणं प्राण मध्ये ।
दश ग्राहं परिगृह्णाति सद्यो
महा निषाधं[1] शरणं प्रपद्ये ॥१४॥

राग और द्वेष के तन्तुओं (सूत्रों) से रचाये गये इस मोहमयी मायाजाल को सारे संसार में फ़ैलाकर, तथा मन रूपी पक्षी को प्राणों में समाकर दस (पञ्च ज्ञानेन्द्रिय और पञ्च कर्मेन्द्रिय) रूपी रस्सियों (पाशों) 'जो लक्ष्य (शिकार) को तत्क्षण–फंसाने में समर्थ होती हैं, को अपने वश में करनेवाले, हे महानिषाध ! संसार में व्याप्त मोहमयी माया से पार उतारने वाले, बड़े शिकारी ! हम सब आपके शरण आये हैं ।

१ इस शब्द को 'कूटस्थ' रूप में भी लिया जा सकता है—निः(निःशेषेण) पूर्णरूप से, सद्-आसीन-स्थापित । (पञ्चस्तवी v, 3.)

हे प्रभो ! जिस प्रकार आप एक साथ नानात्व को एकता में रखते हो इसी प्रकार एक चतुर शिकारी भी जाल की रश्मियों को एक साथ पकड़ कर लक्ष्य भेदन करता है ।

Verse 14

We take refuge in thee, ace-hunter, who, having spread the net (of Maya—Illusion) woven out of the threads of love and hatred to hold down[1] (i.e. regulate in limited life) the mind-bird with the double cord of vital airs (Prana-apana), handles dextrously the rope made out of ten organs (i.e. five organs of cognition and five organs of action) in one strain.[2]

1. To hold down:- In the Ms-PH we follow, there is the word 'Dushtam' which is only the adjective of 'mind' (Manah) in the verse. This does not give the functional meaning to the word Jalam (net) in the verse. The better word 'Dhartum' is found in Ms-MR which means 'to hold down'.

The former phrase '*Dushtam Manah*' means 'the wicked mind' while the latter '*Dhartum manah*' means 'to hold down the (mind-bird)' which is desirable and befitting. The complete phrase will be *Manah Pranamadhye dhartum* 'for holding the mind-bird between the vital airs'. This is better meaning as mind has direct and close relation with breath.

2. Just as an expert hunter stretches his bow, discharges his arrow and shoots the bird in one strain, so dost thou O' Lord! hold the hetrogenity of this Universe in balance towards homogenity.

अनाद्यन्तं सवितारमजेशं
पुरातनं[1] नवं नवं[2] जायमानम् ।
वेदान्तवेद्यं सांख्ययोगेन गम्यं
भूयो भूयः शरणं त्वां प्रपन्नाः ॥१५॥

स्वयं आदि और अन्तरहित हे मायातीत ! तथापि सर्व जगत के निर्माता, हे पुराण पुरुष ! क्षण क्षण में नई नई रचना रचाने वाले निर्गुणप्रभो ! केवल सांख्य-योग तथा वेदान्त तत्व से जानने योग्य, अनन्तरूप हे भगवन् ! बार बार हम सब आपकी शरण में आये हैं ।

१ शिव का चिद्मय शक्तिरूप ।
२ "आदित्यस्योदयं तात ताम्बूल भारती कथा ।
इष्टाभार्या सुमित्रंच अपूर्वाणि दिने दिने" ॥
के अनुसार पूर्ण ज्ञानियों का कथन है, कि परमात्म-प्राप्ति के साधन सांख्य योग और वेदान्त के तत्व दिन प्रतिदिन नवीनता का ही आभास देते हैं। यह भी निश्चित है, वेदान्त योग आदि षद्-दर्शनों के तत्व सांख्य तत्वों के आधार पर ही आधारित है ।
(श्रीमद्भगवद्गीता v, 5)
३ (क) पाठ में 'नव नवम्' के स्थान 'नूतन' पाठान्तर है ।

Verse 15

(O Lord Vishnu !) we offer again and again, our obeisance to thee whose beginning and end cannot be measured, who is the creator, the Lord of Maya, the Eternal and ever-new in the course

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

of experience, knowable by the study of Vedanta (Upanishads), the philosophy of which is based on Sankhya System[2]—the analytical method of obtaining true knowledge of self.

1. *Ever new*—Great teachers say that spiritual experience is ever new. One does not get bored by undergoing constant spiritual practice, but gains divine strength and taste as one advances on the path. The phrase *Nityameva navam navam*' of the Shruti is common in this regard. It also means the immanent phase of Shiva.

   Alternate reading in Ms-PH is '*Nootanam*'. which does not appear as befitting as '*Navam navam.*'

2. Sankhya system of philosophy gives the basic principles on which the Vedanta philosophy and other systems of God-realization have developed.

   Also c. f. Bhagwad Gita V.5

इति स्तुत्वा महेशानं[1] महाविष्णुं महेश्वरम् ।
प्रणम्य पतिता भूमौ पुनरुत्थापिताः प्रिये ॥१६॥
उवाच तांस्तदा विष्णुर्मेघगम्भीरया गिरा ।
तपसानेन तुष्टोस्मि वरयध्वं वरं पुनः ॥१७॥
[3]ददानि दुर्लभं विप्रा[2] देवासुर सुदुर्लभम् ।
.... ॥
....

श्री भैरव कहते हैं, हे प्रिये! तो वे सारे बालखिल्य सिद्ध तथा महर्षि उन जगव्यापक जगत्स्वामी, देवादिदेव प्रभु की शरण में आकर उपरोक्त श्लोकों द्वारा स्तुति करके फिर उन्हीं शरणागत-रक्षक प्रभु के चरणोंतले भूमि पर गिर पडे । परं करुणा-निधि, भक्तवत्सल गोपाल ने उन सब को उठालिया और आश्वासन देते हुए बादलों के शब्द के समान अपनी गम्भीर वाणी से यह बोले :-

हे ब्राह्मण देवताओ! मैं आप सब की इस कठोर साधना से महान् सन्तुष्ट हो गया हूं । इसलिए प्रसन्नचित से मैं तुम्हें वह 'वर' (अभीष्ट) जिसका किसी भी देवता या असुर से पाना दुर्लभ ही नहीं, असम्भव भी है, देता हूं, मांगो, कौन सा अभीष्ट चाहते हो ।

१ महेशान, महाविष्णुं, महेश्वरम् इत्यादि शब्द 'शिव' के समानार्थक व्यक्ति-वाचक द्योतक होकर भी 'विष्णु' के प्रसंग में शिव और विष्णु में अभेद दर्शाने के लिए हों ।

२ (रहस्य) विद्या में प्रवीण–"विद्यया याति विप्रत्वम्" मनुस्मृति ii, ११५

३ च (पाठ) में 'ददानि' के स्थान पर ददामि पाठान्तर है ॥

Verses 16, 17

(Bhairava speaking to Bhairavi thus, says :-)

O Dear! having thus prayed to the Great Lord Vishnu, they (the Balakhilya sages) bent themselves down prostrate on earth, at the feet of Lord Vishnu,[1] who, elevating them addressed with deep dense voice of a cloud thus :-

'I am pleased with the penance you have been doing, O Bhahmins[2]! Ask for any boon, It shall be granted[3] unto you, even if it is difficult for gods as well as demons to obtain.

1. *Maheshanam, Mahavishnum, Maheshwaram*, all these three names here aim at meaning ,Lord Vishnu'. In translation these words would lose the charm of the meaning these connote in origional sanskrit. Hence not translated seperately.

2) Efficient in secret doctrine-*Vidyaya Yati Vipratvam* 'True knowledge makes a Brahmin'—code of Manu II-115

3) Alternate reading of 'Dadani' is given as 'Dadami' in Ms-MR.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रुत्वा तु वचनं तस्य विष्णोरमिततेजसः ।[1]
प्रत्यूचुस्तं महादेवं विष्णुममिततेजसम्[1] ॥१८॥
त्वद् दर्शनाद् परः कोऽन्यो वरः श्रेष्ठो महेश्वर ।
तथापि वरद ! देवाद् वृणीमस्तीर्थमुत्तमम्[2] ॥१९॥
यत्र वासात् महाविष्णो सिद्धिं प्राप्नुम उत्तमाम् ।

दीनदयालु भगवान् अपरिमित तेजवाले विष्णु के इस प्रकार के अभीष्ठप्रद वचनों को सुनकर वे सारे सिद्धपुरुष उन प्रकाश-पुञ्ज भगवान् से प्रत्युत्तर में इस प्रकार बोले :—

हे प्रभो ! कितने चिरकाल से अब साक्षात्, वह भी साकार रूपदर्शन, आप का जो हम ने प्राप्त करलिया, भला इस से बढकर श्रेष्ठतम वर और कौनसा होसकता है, तथापि हे (वरद) वरदाता ! आप की दयादृष्टि हो, यहां इसीक्षेत्र पर एक उत्तम-तीर्थ (पवित्र जलाशय के रूप में) प्रकट हो जावे। हे सर्वव्यापक प्रभो ! जहां पर निवास करने तथा जिस के अवगाहनादि से हम सब के सब उत्तम गति को पायेंगे।

---

१ 'क' और 'च' पाठ में "बालखिल्या: महर्षय:" यह पाठ "विष्णुममिततेजसम्" के स्थान पर प्रयुक्त किया है । वास्तव में इसका प्रयोग उपयुक्त है, इससे श्लोक के द्वितीय और चतुर्थ चरण की पुनरुक्ति का निवारण हो जाता है ।

२ तीर्थम् —"तरति पापादिकं यस्मात्" इस व्युत्पत्ति से तीर्थं 'पवित्र जलाशय, का बोधक है। जिसमें (अवगाहन) स्नान करने से साधारण जनता तक उत्तमगति प्राप्त करती है । यथा गंगातीर्थ, गया तीर्थ, मटनतीर्थ आदि उत्तमगति की प्राप्ति के लिए प्रसिद्ध हैं ।

३ 'सिद्धि' से अभिप्राय 'निर्मल बुद्धि' है, जो ईश्वर साक्षात्कार की मार्ग-प्रदर्शिका है।

Having listened to the divine words of Lord Vishnu possessing infinite effulgence, the Balakhilya sages[1] said this in reply to the Great Lord :-

'O Lord of Lords ! although the best boon for us is that you have favoured us with your graceful appearance, yet we beseech Thee to grant us a great Sanctuary[2] (Teertha), where, O Sustainer of all creation ! we shall attain the rewarding consummation[3] (of our penance)'.

1) Here the fourth quarter of the verse is *Vishnum amitatejasam*' while the alternate reading in Ms-MR '*Balakhilyah Maharshayah*' appears befitting, as in the second quarter of the verse there is similar expression '*Vishnoramitatejasah*', difference being only that the former is in vocative and the latter is in nominative. By translating Ms-MR expression we adopt better meaning and also avoid repetition.

2) 'Teertha' is a sacred place usually having a spring or flowing water stream in the area. The charming natural surrounding is presided over by a special deity. It is a general belief that ablution at a 'Teertha' washes away sins, as the word connotes- '*Tarati Papadikam yasmat*'.

3) The most efficacious power—Here it means the development of the pure intellect which makes God- realisation possible.

श्रुत्वा तेषां वचः सौम्यमानन्दाश्रुपरिप्लुतः ॥२०॥
दृष्टिं पादौ समादाय स गंगामुदचालयत् ।
पावयञ्चाश्रमं तेषां मुनीनां भावितात्मनाम् ॥२१॥
स्वयं तस्थौ च तत्रैव ग्रामे खिल्यायनाभिधे ।

सिद्ध महर्षियों के इस सर्वसाधारण सौम्य वचन को सुनकर दीनदयालुभगवान ने आनन्द के आंसुओं से परिप्लुत हो, अपनी आंसुओं भरी दृष्टि अपने ही पाऊं पर जमा दी, बस नया हुआ, परम पावनी गंगा जी स्वयं वहां प्रकट हो गई । प्रसन्नता

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

की थाह न रही। इस प्रकार शुद्ध अन्तरात्मा वाले मुनियों के उस आश्रम को सदा के लिए पवित्र बनाकर भगवान् विष्णु स्वयं भी इसी वालखिल्यायन नामक गांव में रहने लगे।

Verse 20. ½, 21, ½. 22

Hearing their charming words, punctuated with humility, He (Lord Vishnu) was overwhelmed with tears of joy. Then, fixing His gaze at His own feet, He made the Ganges to gush forth. Thus sanctifying the hermitage of those realized souls, He established the sacred quarters there in the village (named after the Rishis) Khilyayans.[1]

1) Alternate reading of '*Grame Khilyayanabhidhe*' in the second quarter of the 22nd. verse is '*gramo Khilyabhidho-a-bhavat*' in Ms-MR and Ms-RJK.

आभूतसंप्लवं तावदिदं परमपावनम् ॥२२॥
वालखिल्याभिधं तीर्थं भविष्यति न संशयः ।
इत्युक्त्वा तां तदा विष्णु-र्गतोन्तर्धानमच्युतः[1] ॥२३॥
वालखिल्या यत्र चेरु स्तपः[2]परमकारणम् ।
ततस्तु प्रथितो ग्रामो वालखिल्यायनः परः ॥२४॥

भगवान् बोले :– सिद्धजनो ! इस में तिलमात्र भी संशय न मानना। यह अवश्यमेव 'वालखिल्य, नामक परम पवित्र तीर्थ है। इस की प्रतिष्ठा तथा इस का शुभ माहात्म्य पूरे कल्पान्त तक स्थित रहेंगे। इसप्रकार सर्वोपकारी इस घोषणा के बाद भगवान् अच्युत स्वयं अन्तर्धान हो गये। वालखिल्यायन के सिद्ध - महर्षि भी पुनः मुक्ति की शुभसाधनानिमित्त तपस्या में समाधिनिष्ठ हो गये। यही कारण है, स्वयं भगवान् के अन्तर्धानदिवस से यह पवित्रग्राम "वालखिल्यायन" नाम से सदा के लिए प्रथित हो गया।

१ अच्युत :- विष्णु भगवान् का एक विशिष्ट नाम है। कारण कि

समय समय पर भगवान् सन्तों के उद्धारनिमित्त अवतारधारी हुए हैं, परं कभी भी वे अपने स्वरूप व उद्देश्य से विचलित नहीं हुए। अतः 'अच्युत' नाम इनका यथार्थ है।

२ ख और छ पाठ में 'तपः परम कारणम्' के स्थान पर 'तपः परम दारुणम्' पाठान्तर है। जिसका अर्थ कठोरतपस्या ... है। वास्तव में तपो साधना में यही शब्द सगत दिखाई देता है।

Verses. 22. ½, 23, 24

(Then Lord Vishnu addressed the Balakhilya Rishis thus:-)

'This purifying sanctuary will bear the name Balakhilya and will remain effective till the dissolution of the world, without any doubt.'

After making this assertion, Lord Vishnu, who is infallible and untainted,[1] disappeared from their sight.

Since the Balakhilya sages practised their austerities[2] as the vehicle for obtaining superconscious state in that village, so it earned renown by that very auspicious name *Balakhilyayana*.

1) Vishnu is infallible and untain[ted e]ven after taking the human form for the sages. He [d]oes not accumulate any kind of impurity, either gross o[r su]btle, because of being the only self-effulgent self of Divinily, and ever aware.

2) In the second quarter of the 24th verse we have *Parama Karanam*' the alternate reading of which in Ms-MR and Ms-TB is '*Parama darunam*' which means 'austere penance' which is better applicable in the context, since it refers to the sages.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्री भैरव :-

नारायणपदोद्भूतं क्षेत्रं यदभवत् किल ।
ततस्तु प्रथितं क्षेत्रं तीर्थं नारायणाभिधम् ॥२५॥

श्री भैरव कहते हैं :— हे प्रिये! अन्त में "वालखिल्यायन गांव" जो भगवान नारायण के चरणकमलों के रजःस्पर्श से महोत्तम पवित्रक्षेत्रबनगया, यही सर्व संसार में "नारायन-क्षेत्र" नाम से विख्यात होगया ॥

१ नारायण :- विष्णु के अवतार महाभारत, शान्तिपर्व, सर्ग ३८४, इसे शालिग्राम का नाम भी दिया गया है, महाभारत, वनपर्व, सर्ग ८४, श्लोक ११५।

Verse 25

Bhairava says :-

(O Dear !) the village, thus named Bala Khilyayána, was sanctified by Bhagwan Visnu[1] with the sacred dust of his feet and transformed into a sanctuary, which became famous later on as 'Narayana Teertha'

1 c.f. Incarnations of Narayana—Mahabharata, Shanti Parva, sarga 384 and Vana Parva sarga 84;115.

महापातक युक्तो वा युक्तो वा ह्यु पातकैः ।
सद्यः प्रमुच्यते स्नानात् क्षेत्रे नारायणाभिधे ॥२६॥

नारायणाभिधाक्षेत्रे स्नातव्यमविशंकया ।
घोरात्कलियुगात् देवि भीरुणा पुरुषेण च ॥२७॥



Hastikaran

जानकीनाथ कौल 'कमल'
सम्पादक-संस्कृति स्तबक
श्री रामकृष्ण आश्रम,
श्रीनगर (कश्मीर)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नारायण क्षेत्र की महिमा के बारे में विवरण

यह नारायण क्षेत्र है, यहां चाहे कोई महान् पापों से संलिप्त हो, या साधारण पापों से अवलिप्त हो, इस नारायण क्षेत्र के जलाशय में स्नान करने से तत्काल सारे पापों से मुक्त होता है। इस कारण हे देवि! इस घोर कलियुग से भयभीत मनुष्यों को बिना किसी भी शंका के इस नारायण क्षेत्र में अवश्य स्नान करना चाहिए।

'ज' और 'च' पाठ में "घोरात्कलियुगात्" के स्थान पर "घोराद् कलिमलात्" पाठान्तर है।

Glory of Narayana Teertha

Verses 26-27

One obsessed with very henous sins or common and not so mentionable sins, is absolved of these concurrently with taking a dip at the Narayan Teertha (Kshetra). Therefore, O Goddess! these people who feel scared with morbidity of this terrific Kali Age, should take sacred bath at the Narayana Kshetra, without any apprehension whatsoever.

In the third quarter of the 27th verse "*Ghorat Kalimalat*" is the alrernate reading, in Ms-MR. and Ms-RJK, of "*Ghorat Kaliyugat*. No difference occurs in the meaning.

आजन्मनश्चेद् देवेशि पीयते मदिरा मुदा।
मासमात्रं[1] जले तत्र पीत्वा मुच्येदसंशयः ॥२८॥
अभक्ष्य[2]भक्षणाद् देवि यथाऽपेयस्य पानतः।
खिल्यायने प्रमुच्येत जलपानान्न संशयः ॥२९॥
नारी वा पुरुषो वापि ग्रामे खिल्यायने परे।
नारायणाभिधाक्षेत्रे स्नात्वा मुच्येदसंशयः ॥३०॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे देवि! इतना ही नहीं, अगर किसी ने जन्म लेने के दिन से ही मदिरापान किया हो और इसी मदिरापान के साथ साथ ही अभक्ष्य-भक्षण तक किया हो। निश्चय रखो, इस खिल्यायन तीर्थ के नित्यप्रति जलपान से, अधिकसमय तक क्या, केवल एक मास को ही अवधि तक सब पापों से मुक्त (पापरहित) निर्मल होगा, निश्चय रखो, इस में कोई संशय मात्र तक नहीं है। इस कारण कोई पुरुष हो या नारी, खिल्यायन गांव में सुप्रतिष्ठित–वर्तमान 'नारायण-क्षेत्र' में स्नान करने से सर्व जन्मार्जित पापों से असंशय छुट जाता है।

---

१ 'च' पाठ में 'मासमात्रम्' के स्थान 'माषमात्रम्' पाठान्तर है, यह पाठ भी किसी अवस्था में यथार्थ रूपेण समीचीन ही है, कारण कि—भगवदनुग्रह के समय एक भक्त को समय के अवधि की प्रतीक्षा करनी नहीं पड़ती है परिपक्वावस्था में 'क्षणमात्र' और 'माष-मात्र' ही उसके विकास का कारण बनता है। यथा :-

शक्तिपातसमये विचारणं प्राप्तमीश न करोषि कर्हिचित्।

—शिवस्तोत्रावली स्तोत्र १३, श्लोक ११वां।

२ 'राजसीय भोजन और राजसीय भक्षण' आध्यात्मिक उद्धार के लिए सर्वथा बाधक माने गये हैं।

Verses 28-30

O Great Goddess! if one be an addict to drinking all his life gleefully, one is sure to be rid of all evil by taking sips from the sacred water for a mere month (or taking a small sip from the sacred water).

O Goddess! doubtless does one get rid of all evils emanating from food and drinks not prescribed[2] as such, on taking sacred sips at Khilyayana Teertha.

Anyone, may it be man or woman, gets release from birth and death on taking a bath at

the Narayana Kshetra in lofty Khilyayana. There is no doubt about it.

The first quarter of the 28th verse reads '*Masamatram Jalam peetva*' which means by 'taking a sip of water for a mere month'. Alternate reading of this phrase in Ms-MR and Ms-TD is *Mashamatram Jalam peetva* which means taking a little sip—or just a sip—which is appropriate in the context here. It is a matter of grace for which one has neither to wait nor to enter a course. When grace is showered 'a sip' will do. Grace, if at all, comes all at once. Sage Utpala says :-

"*Shaktipata Samaye Vicharanam, praptam-eesha nakaroshi Karhichit...*".
(*Shivastotravali 13/11*)

Rajasik foods and drinks, which stimulate the nerve alone, keeping spiritual height at discount, are never wholesome for over-all growth of a realizer.

मातृद्रोही महेशानि ग्रामे खिल्यायने परे।
स्नात्वा पीत्वा च विधिवन्मुच्यते वर्षतः प्रिये ॥३१॥
रजस्वलाभिगामी च सूतिका कामुकोऽपि वा।
गोघातकः पितृहाच मातृहा सुरसुन्दरि। ॥३२॥
गरदो ह्यग्निदश्चैव शस्त्रपाणिः धनापहः।
स्त्रीघातीबालघातीच मुच्येत् षण्मासतः प्रिये ॥३३॥

हे महादेवि! इस खिल्यायन गांव में स्थित नारायण क्षेत्र की महिमा के वर्णन में कहां तक बताऊं, सुनो चाहे कोई महा-पापी यहां तक हो, कि अपनी माता से जो कुत्सित व्यवहार करता हो, वर्ष भर केवल इस तीर्थ में स्नान करे, तथा इस का जलपान करे, उपरोक्त महापाप से मुक्त हो जाता है। अधिक क्या कहूं, इस के अतिरिक्त यदि कोई रजोवती (रजस्वला) स्त्री से, तथा प्रसूति (तत्काल बच्चा दी हुई) स्त्री से संग करता हो, गाय (जिसे 'माता' इस शुभ नाम से पूजते हैं) का घातक हो, अपनी जन्मदात्री माता तथा परिपालक पिता तक को भी मारता हो, जहर देता हो, अग्निदाही-आग से जलाने वाला हो, किसी का सत्व—धन आदि का चुराने वाला लुटेरा हो, सदा हाथ में कोई

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

न कोई शस्त्र रखता हो, स्त्री और बच्चों तक का मारने वाला महापापी हो, इस खिल्यायन गांव में सुप्रतिष्ठित परमोत्तम श्री विष्णु क्षेत्र (तीर्थ) में स्नान करने तथा जलपान करने से केवल ६ मास की अवधि तक ही उपरोक्त सब पापों से छूट जाता है, पापहीन हो निर्मल बन जाता है।

३१, ३२ तथा ३३ श्लोकों में निर्दिष्ट अवगुण वास्तव में एक कुकर्मी–दुर्व्यसनी तथा एक आततताई के ही हो सकते हैं।
'शुक्रनीति, में भी इसका स्पष्ट विवरण किया है :- यथा

"अग्निदो गरदश्चैव शस्त्रोन्मत्तो धनापहः।
क्षत्रदारहरश्चैतान् षड् विद्यादाततायिनः॥"

अध्याय ३, श्लोक ४२।

'च' तथा 'छ' पाठ में ऐसे भी पाठान्तर कुच्छ और श्लोक हैं, जो बडे डरावने से भाते हैं। कहीं पाठक डर से ऊब न जाय, अतः ऐसे श्लोकों का यहां उल्लेख करना उचित न मानकर उनका परित्याग ही समीचीन है॥

Verse 31 - 33

O Super-schemer ! even if the most sinful one, on feeling [1] foul of his own mother, observes penance for one year by taking baths and sacred sips in accordance with religious injunctions (at this sacred place) in the village of Khilyayana, he gets deliverence.

O Dear ! if one observes this penance seriously for six months one gets release from the sins :-

i) Of having harboured sexual desire during the menses time of his spouse or during the post-delivery course ;

ii) Of cow killing.

iii) Of standing in combat against one's father or mother.

iv) Of serving any creature with poison,

v) Of setting fire to another's property,

vi) Of carrying weapons and robbing others of their wealth, and

vii) Of killing one's wife or[1-2] child.

---

1 These sins are done by desperados or wild ruffians, whose disqualifications are numbered in[1] Sukra Niti as :-

Agnido garadashchaiva Shastronmatto dhanapahah,
Kshetra dara harascaitan shad vidyadatatayinah.

(Chap. 3, verse 42)

(*Atatayi* a desperado—the meaning is clear with the original above).

2 In Ms-MR there are alternate readings depicting more horrible sins. Those are avioded here so that they may not form a suggestion.

पुण्येखिल्यायने ग्रामे क्षेत्रे[1] विष्णोरनुत्तमे।
स्नात्वा जन्मभवैः पापैर्मुच्येत् देवि न संशयः॥३४॥
प्रायश्चित विहीनोपि यः कश्चिन्म्रियते प्रिये।
पुण्येखिल्यायने ग्रामे विष्णोः[2] क्षेत्रे परे शिवे॥३५॥
याति विष्णोः परं स्थानं यत्रगत्वा न शोचते।
स्नात्वा पीत्वा च विधिवद्विष्णोः क्षेत्रे ह्यनुत्तमे॥३६॥
मुच्यते पातकैः घोरैः कोटिजन्म समुद्भवैः।
खिल्यायन समं तीर्थं न भूतं न भविष्यति॥३७॥

श्री भैरव बोलते हैं, हे देवि ! इस खिल्यायन तीर्थ की महिमा के बारे में मैं अधिक क्या वर्णन करूं, इस में संशय नहीं इस पवित्र खिल्यायन गांव में वर्तमान श्री नारायण क्षेत्र में स्नान किया हुआ मनुष्य अपने पुराने अनेक जन्मों में अर्जित तथा संचित पापों से क्षण ही में मुक्त हो जाता है। साथ ही मो-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

आवश्यकीय १६ संस्कारों में किसी उचित संस्कार से रहित भी क्यों न हो, देहान्त (मृत्यु) पायेगा, वह सीधा विष्णु (परम) धाम को प्राप्त करता है, जहां वह किसी भी यातना से दुःखी नहीं होता है। विशेष कर जो भी कोई यहां (इस परम पवित्र-नारायण क्षेत्र में) स्नान करता है, शुद्ध जल की आचमन करता है, करोडों जन्मों में अपने कुकृत्य से अर्जित घोर पापों से छूट कर मुक्त हो जाता है। निश्चय रखो. वास्तव में यह बात सर्वथा सिद्ध है, इस भूमण्डल में खिल्यायन नीर्थ के समान मुक्तिदायक अन्य कोई भी तीर्थ आजतक न हुआ है, न भविष्य में होने की सम्भावना है।

१ क्षेत्र—'तीर्थ' शब्द का पर्याय वाची शब्द है। 'तीर्थ' एक जलाशय का बोधक है। जो साधारण लोगों के लिए एक पवित्र धाम माना जाता है।

२ विष्णुस्थान—'वैकुण्ठ धाम' का पर्याय है, जहां के निवासी 'वैकुण्ठ वासी' कहे जाते हैं।
वास्तव में 'विष्णु' शब्द का सामान्यार्थ 'परिपालक' है, जो 'ब्रह्म-विष्णु–महेश' त्रिकारणों में एक है। पर यहां यही 'आराध्य-देव' है॥

Verses 34, 35, 36, & 37.

O Goddess! the whole host of sins of the person is washed off, who takes sacred baths according to regulations at this excellent Narayana Kshetra[1] in this Khilyayana village, which is full of virtues. There is no doubt in it. O dear! if one, even without the repentance of sins, merely leaves the body in Khilyayna village at this Vishnu Kshetra, which is full of grace and divine virtues, one is sure to go to the abode of Vishnu[2], where-after one has nothing to grieve for. Thus, having taken baths and sips according to religious injunctions at this unparralleled Kshetra of Vishnu, one gets deliverance from horrible sins committed through millions of births. This Khilyayana Tirtha is undoubtedly peerless in terms of past or future.

1 Kshetra is another name for Teertha the sacred place or sanctified seat by the side of flowing water.

2 Vishnu is the Lord of preservation, one of the triod Brahma, Vishnu and Rudra. Here Vishnu is taken as the final deity. The abode of Vishnu is named Vaikuntha.

खिल्यायने महादेवि दुष्करो दान संग्रहः।
तपः सुदुष्करं देवि कार्यं तत्रैव सुन्दरि ॥३८॥
खिल्यायने दुष्करं च स्नानं पानमपीश्वरी।
आयुष्यं च यशस्यं च पुण्यं पापापनोदनम् ॥३९॥
खिल्यायने च कथितं तीर्थं नारायणाभिधम्।
दर्शनात्स्पर्शनाज्जन्तुर्मुच्यते[1] नात्र संशयः ॥४०॥

श्री भैरव कहते हैं हे सुन्दरि! महादेवि! इस परम पावन तीर्थ पर कठिन से कठिन तपों की साधना, दान आदि का वितरण, जो अन्यथा सुकर नहीं, यहीं पर सर्व सिद्धिवर्धक है, हे ईश्वरि! इस खिल्यायन तीर्थ में स्नान करना, तथा जलपान करना आयु को बढाता है, कीर्ति को सर्वत्र फैलाता है तथा बड़े बड़े घोर पापों को मिटाता है। यहां तक इस क्षेत्र के जल-दर्शन तथा जल-स्पर्शन से मनुष्य जन्म-मरण (आवागमन) के बन्धन से छूट कर मुक्ति पा जाता है। हे देवी आप इसे सत्य मानिये। इस में तिलमात्र भी संशय नही है।

१ नात्र संशय :-
इसका अभिप्राय यह है, कि वास्तव में यह पावन माहात्म्य के उद्देश्य से लिखा गया है। पाठक स्वय यह जानले कि इस खिल्यायन–नारायण क्षेत्र की कहां तक उत्तमता मानी गई है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verses 38, 39, 40

O very presentable supreme Goddess! the most arduous penance and alms- giving otherwise not so easy, do bear fruit only at this spot.

O All- powerful Matrix! at this Khilyayana, very difficult to negotiate, ablution and taking sips from the spring, despels vice and ploughs back longivity, fame and virtue.

It has been said about this pilgrim spot known as Narayana (teertha) in the periphery of Khilyayana, that mere sight or contact (with this) grants release from birth and death, undoubtedly[1].

---

1 Allusion to the Mahatmya—Religious significance of this pilgrim spot is meant here.

अलक्ष्म्याः कालकर्णांश्च तत्र स्नानप्रपानतः ।
मुच्येदेव न सन्देहो विनाध्यान[1]समाधिभिः[2] ॥४१॥
खिल्यायने पुण्यग्र मे विष्णुक्षेत्रे ह्यनुत्तमे ।
नरो मुक्ति[3]मवाप्नोति स्नानदानजपार्चनैः ॥४२॥

हे देवि ! अधिक कितना वर्णन करूं इस खिल्यायन ग्राम के परम पवित्र नारायण [illegible] में स्नान करने, तथा जलपान करने से एक साधारण मनु[illegible] अकिञ्चनता के कारण दरिद्रता [illegible] दुःख, तथा महामारी [illegible] भयङ्कर [illegible] दुर्भाग्य (विपत्ति [illegible] से बिना - भगवद् ध्यान [illegible], तथा [illegible] समाधि निष्ठ होने [illegible] मुक्त हो जाता है। [illegible] कर इस क्षेत्र पर यथायोग्य दा[illegible] देने जप करने तथा [illegible]पूजन से सब प्रकार के बन्धनों [illegible] छूट जाता है अर्थात् भव - बन्धन से मुक्त हो जाता है।

---

१ ध्यान समाधि से तात्पर्य यहां प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्या[illegible] (देखिए योग सूत्र–ii-२६)
[illegible] है ।

२ 'च' तथा 'छ' आदि पाठों में इस श्लोक (४१) का सर्वथा अभाव है ।

३ मुच्यते—मुक्ति पाजाता है, मुक्ति से अभिप्राय जन्ममरण के बन्धन से छूट जाना है । जन्म मरण का बन्धन वास्तव में छः प्रकार की ऊर्मियों (यातना-पीडाओं) से व्याप्त है ।

१. क्षुत्पिपासे } भूख औ प्यास
२. राग द्वेषौ } प्रेम और शत्रुता
३. सुख दुःखे } सुख और दुख ये (छः) प्रकार की ऊर्मियां कही जाती है ।

Verses 41.42

Forsooth, without indulging in abstract meditative discipline,[1] the realizer, on negotiating that holy spot for an ablution and sipping (sacred water) is not plagued by penury want and misfortune.[1]

The realizer in this tallest Khilyayana—the holiest of the holy hamlets, an abode of Vishnu—attains emanicipation[3] by taking a bath there, by giving alms, by mental repetition of Lord's name and by propitiation.

---

1 By 'meditative discipline' is meant Pranayam, Dharana, Dhyana and samadhi (see yoga sutra ii, 29)

2 This verse is, not found in Ms-MR, Ms-JK, Ms-TD, AD and AYG-

3 Emancipation from the bondage of the circle of birth and death wherein the six kinds of infirmities—shdurmayah—do not leave hold of Jiva, the limited self. These infirmities are:-

Hunger - thirst, attachment - detachment, and pleasure-pain (Kshyutpipase, Ragadeveshao, sukhadukhe)- c.f. Bhagwat - 10.70.17.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एतद्रहस्यं परमं ग्रामे खिल्यायने परे ।
विष्णोस्तीर्थं शुभं गुह्यं कलिकल्मपनाशनम् ॥४३॥
अप्रमेय गुणांढ्य तत् तव स्नेहात् प्रकाशितम् ।

....

इति खेलनके ग्रामे विष्णोः क्षेत्रे परे शिवे ।
दर्शनं स्पर्शनं दानं कुरु देवि प्रयत्नतः ॥४४॥
इत्येतत्पटलं गुह्यं महापातकनाशनम् ।
श्रुत्वा पठित्वा मुच्येत महापातक कोटिभिः ॥४५॥

इति भृङ्गीश संहितायां खिल्यायणान्तर्गत नारायणक्षेत्र-
महिमा वर्णनं नाम द्वितीयः पटलः ॥

हे महादेवि ! आप निश्चय रखिये, यह खिल्यायन ग्राम के अन्तर्गत नारायण क्षेत्र का कलियुग में सर्वप्रकार के पापों का ध्वंसक (पापनाशक) तथा अपरिमित गुणों वाला अत्यन्त गुह्य (सर्वथा छिपाहुआ) रहस्य है, इस को मैंने केवल आप के शुद्ध प्रेम से आप से प्रकट किया है। इस कारण हे देवि ! आप इस खेलनक ग्राम के अन्तर्गत विष्णुतीर्थ का सदा शुभ दर्शन, जल स्पर्शन, तथा यहां यथाशक्ति दान वितरण किया करो।

इस के अतिरिक्त हे देवि ! आपको विदित रहे, कि — यह भृङ्गीश संहिता के अन्तर्गत 'अमरेश्वर' वर्णन का पापध्वंसक रहस्यपूर्ण दूसरा पटल है। याद रखना इसके पढने तथा श्रवण, मात्र से भी मनुष्य करोडों घोर पापों से मुक्त हो जाता है।

(यह खिलन ग्राम - वर्ति नारायण - तीर्थ महिमा - वर्णन भृङ्गीश संहिता का दूसरा पटल (परिच्छेद) है।

१ नोट :- "नारायणाश्रम" तथा नारायण स्थान" का वर्णन महाभारत के वन-पर्व मे भी उपलब्ध है ।

Verses 43, 44, & 45

This occult and super-knowledge about the auspicious Narayana Teertha,[1] situated within the lofty village Khilayana, is not meant for public consumption for being replete with immeasurable virtues, but has been revealed to you, O Bhairavi ! out of my affection for you.

Thus, O cosmic representation of the supreme conscious spirit, the effulgent Goddess ! every effort should be made in respect of seeing this Narayana Teertha personally within Khilyayana hamlet, of maintaining contact with it and of making offerings there.

Hence, having given ear to or by reciting this esoteric canto, the dispeller of very heinous vices, is a proof against legions of woeful sins.

1 Description of 'Narayana Teertha' under the name Narayana Ashram or Narayana Sthana is available in the Vana-Parva of the Mahabharta.

Thus, the description of the Khilayana (or Khilan) Teertha in the second canto of the Pilgrimage to Amareshwara—A leaf from "Bhringisha Samhita" comes to a close.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ तृतीयः पटलः

मामलक विवरणम्

श्रुत्वा खेलन महात्म्यं भवन्मुख विनिस्सृतम् ।
हरेः पुण्यस्य तीर्थस्य निर्वृतास्मि भवाम्बुधेः ॥१॥
अधुना श्रोतुमिच्छामि स्थले मामलके शुभे ।
क्षेत्रे मामलकं नाम महापातकनाशनम् ॥२॥
कथं मामलके देव महागणपतेः स्थलम् ।
यदि ह्यहमनुग्राह्यो प्रिया तेऽस्मि तदा वद ॥३॥

भैरवी श्री भैरव से कहती है, हे स्वामिन् ! इस समय तक मैंने आपके मुखारविन्द से भगवान् श्री विष्णु के पवित्र तीर्थ "खेलन" का अति प्रभावशाली माहात्म्य सुन लिया, मैं कृतार्थ हो गई हूं। पर अब मैं मामलक नामक क्षेत्र, जिसके प्रताप से बड़े २ पापों का नाश होता है, माहात्म्य, का विशेष कर इस क्षेत्र में श्री महागणपति का प्रादुर्भाव किस प्रकार हुआ इत्यादि विशिष्ट विवरण सुनना चाहती हूं। हे प्रभो ! यदि मैं आपकी सच्ची प्रिया हूं, और यदि मुझ पर आपका पूर्ण अनुग्रह है तो कृपया यथावत् इसकी सम्पूर्ण कथा कहने से मुझे अनुगृहीत कीजिए।

CANTO 3

THE DESCRIPTION OF MAMLAKA.

Verse 1, 2, 3,

I, Bhairavi listened to the discourse about the exalted position of Vishnu Teertha at Khilana which gushed out fluently from Thy magnanimous mouth, which, in its wake, made me find my feet in this tumultuous ocean of worldly existence. Now I want to know about (the magnanimity of) the good Mamlaka Kshetra, wherewith big sins of a person are washed away.

O Effulgent One ! if Thou art pleased to shower grace on me, and being the object of the divine love, I would request you to tell me how this place of Maha Ganpati was established at Mamlaka.

श्री भैरव :—

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि स्थानं मामलकं शुभम् ।
यस्य श्रवणमात्रेण नश्यन्ते विघ्नराशयः ॥४॥

उत्तर में श्री भैरव बोलते हैं :—

हे देवि ! सुनो एक स्थान जो मामलक नामक प्रसिद्ध क्षेत्र है, इसका महत्व इतना है कि इसके नामोच्चारण तथा नाम श्रवण - मात्र से विघ्नों के समूह सब मिट जाते हैं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verse 4

To this question of Bhairavi, the exalted Bhairava responded thus :—

O Source of Effulgence ! listen to me, I am telling you about the blissful Mamla (Teertha) by a mere glance of which heaps of obstacles get annihilated.

स्थलवाटात् पुरा देवि प्राचलत् स महेश्वरः ।
संस्थाप्य गणपं देवं द्वाःस्थं कक्ष्याद्वये शिवे ॥५॥
गतः खेलनकादूर्ध्वं दण्डकस्य मुनेर्वनम् ।
तत्र क्षणं च विश्रम्य देवांस्तत्रागमन् मुदा[1] ॥६॥

हे देवि ! बहुत दिनों की बात है, एक दिन स्वयं प्रभु महेश्वर "स्थलवाट" वतमान 'थज्यवोर' से अचानक निकल पड़े और गणपति जी को वहां के दोनों गर्भगृहों के द्वार पर द्वारपाल के रूप में रख दिया, चलते-चलते स्वयं प्रभु 'खेलनक' क्षेत्र से ऊपर होते हुए दण्डक मुनि के वन में पहुंच गये, और वहां कुच्छ समय के लिए विश्राम करने बैठ गये। देवताओं ने जब उनका वहां आना सुन लिया, तो वे भी वहां सोल्लास एकत्रित हुये।

१ ङ और ख पाण्डुलिपियों में ३ पंक्तियां अधिक लिखित हैं, जो एक तो छन्दोभ्रष्ट हैं, दूसरा अर्थ के अभिप्राय से उनमें कोई विशेषता नहीं, अतः उन्हें छोड दिया है ।

Verse 5, 6,

O Blissful one ! formerly, once the Great Siva, assigning charge of the gates to Ganpati at the sacred place Sthalavata (Thajivore), left the place. He went ahead of Khilan in the forest of the ascetic named Dandaka. He had hardly cooled his heels, when the gods assembled there with full glee.[1]

1 There are three lines more in Sanskrit preceding the verses 5, 6, in Ms-MR and Ms-RJK. Meter employed in the first of these lines does not agree with the other. Meaning of these lines also suffers from being correlated. Hence are left over.

दृष्ट्वा देवान्समायातान् मामेति प्रवदन् मुहुः ।
मामागच्छत देवोऽत्र प्राक्रोशश्च पुनः पुनः ॥७॥
श्रुत्वा क्रोशन्तमीशानं देवो गणपतिस्त्वरन् ।
स्वयंभू संभ्रमयुतः पाताला[1]दुत्थितस्तदा ॥८॥
मामेति प्रवदन् देवान् प्रगृह्य परशुं स्वयम् ।
मामा प्रवदयत्येव महागणपतौ तदा ॥९॥
सर्वे देवास्तु तच्छब्दे लीना भूवन् महेश्वरि ।

हे देवि महेश्वरि ! प्रभु ने जब देवताओं को वहां आते हुए देखा तो "मा-मा" बारबार ऐसा बोलने लगे। इधर पाताल (स्थलवाट) में "मा-मा" "मत आजाओ मत-आजाओ" भगवान् की ऐसी चिल्लाहट को सुनकर गणनायक गणपति बड़ी जल्दी में कांपते हुए वहीं आ पहुंचे, जहां स्वयं परमेश्वर विश्राम ले रहे थे। आ पहुंचते, ही उन्होंने अपने सफल आयुध फरसा (कुल्हाडी) को पकड़ लिया, और सब देवताओं से "मा-मा" 'मत आओ-मत आओ', ऐसा कहने लगे। महागणपति जी क्रोध भरी वाणी बोलते ही रहे, कि सब देवता इसी 'मा-मा', शब्द के अनुरणन में तल्लीन हो गये।

१ यह निश्चित है, भुवन १४ हैं, इनमें ७ पृथ्वी के ऊर्ध्व (ऊपर की ओर) है, और ७ नीचे हैं :-

उपर के ७ भुवनों के नाम—भूः, भुवः, स्वः, महः, जनः, तपः और सत्यलोक हैं ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नीचे के ७ भुवनों के नाम—अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, महातल और पाताल हैं। वस्तुत:—श्री महागणपति जी का स्थान यही सप्तभूमि पाताल है, इनका शुभ नाम विघ्नहर्ता-आदिदेव है। लोगों की रक्षा करना इन्होंने अपने अधिकार में लिया है। यही कारण है जगद्गुरु गौरीशंकर ने इन्हें अपने भवन का प्रमुख प्रहरी (द्वारपाल) नियुक्त किया है। इस में अनन्तशक्ति है। यदि वे चाहें सारी सृष्टि को लय भी कर सकते हैं। (देखिए स्कन्ध १, देवी भागवते)

रहस्यार्थ में–योग प्रक्रिया के षट्चक्रों में ये प्रथम चक्र का आधार है तभी इस प्रथम चक्र का नाम (आधार चक्र) यथार्थ है। 'कुण्डलिनी' शक्ति से उठा हुआ यह प्रथम प्राण है, वास्तव में यह प्राणवायु' का ही प्रतीक है ॥

Verses 7, 8, & 9, ½

Seeing the gods congregated there, He said in an imperative voice "Don't, Don't" exhorting them again and again, "O gods! do not come here".

Hearing Lord Siva shouting thus, the self-same Ganapati[1], in quick haste, came running from the lowest region of Sthalavat (Thajivore). Holding his axe, he threw the words "Ma Ma" (Don't Don't) at the Devas.

While Ganapati was uttoring these words "Don't come, Don't come", all the gods, O Great Goddess! got dissolved in that voice.

---

1 Lord Ganesh is said to be living in the last region of the seven worldson the other side of the earth—Atala, Vitala, Sutala, Talatala, Rasatala. Mahatala and Patala—to ensure safety to the whole creation consisting of the fourteen regions, the upper seven regions being Bhuh, Bhuvah, Swah, Maha, Janah, Tapah and Satya. Thus he is the first door-keeper to the abode of Siva-Parvati. He has mighty force to dissolve everything if he so wills. (c. f. 9th skanda Devi Bhagwat)

In its esoteric meaning in the ladder of Yoga chakras the first is assigned to Ganesh. He is the first of the vital air rising from Kundalini and is the personification of Prana.

यतः प्रलीना देवौघा[1] ईश्वरे सच्चिदात्मनि[3] ॥१०॥
ततः सकथितो ग्रामो मामलाख्यो महेश्वरि।
मामा गच्छत देवौघा भयाल्लीना[2] परेशिवे ॥११॥
ततः स प्रोक्तो देवेशि! ग्रामो मामलसंज्ञकः।

श्री भैरव बोलते हैं, हे महेश्वरि! यही वह स्थान है जहां सब देवता अपने को भूलकर "मा-मा" शब्द के ध्वनि - रमण में सत् - चित - आनन्द से परे ईश्वर तत्व में लीन हो गये थे, देवों की यह विस्मृति सी अवस्था देखकर प्रभु के मुंह से 'मा - मा' शब्दोच्चारण के साथ 'मामल' शब्द का उच्चारण हुआ, यही कारण है अन्त में यह सारा वन 'मामल' इस शुभ नाम से जग में विख्यात हो गया।

---

१ देवौघा :- देव शब्द का अर्थ स्वयं प्रकाश है, 'दिवु दीप्ती, धातु के आधार पर।

पर रहस्यार्थ में यह प्राण की विभिन्न शक्तियां हैं, जो ज्ञानेन्द्रियों के कार्य द्वारा प्रकट होती है। जब यह शक्तियां आधार भूत साधक में विशेष आध्यात्मिक अभ्यासों द्वारा स्व-स्वरूप में ठहरती हैं, तब इनका फल पूर्णानन्द है। तभी साधक पूर्णानन्द का फल प्राप्त करता है इस अवस्था में योगी को वासनायें नहीं सताती है। क्योंकि ये सब उस अनन्त आनन्द में ऐसे ही लीन होती है, जैसे नदियां अपने स्वत्व को खोकर समुद्र के साथ एकाकार होती हैं :

२ यह निश्चित है, मनुष्य को असफलता के भय के कारण ही बड़ी २ सफलतायें प्राप्त होती हैं। वास्तव में भय ही सफलता की कुञ्जी है, क्योंकि भय के कारण ही कोई भी काम यथोचित रीति से आगे को प्रवर्तित होता है।

भीषास्मात् वायुः पवते भीषोदेति सूर्यः:- (तै ३. २-८-१)
अर्थात् ईश्वर के भय से ही वायु बहती है, और सूर्य उदय करता है।

३ ११ श्लोक की यह दो पंक्तियां क तथा ख की पाण्डुलिपियों में नहीं लिखी गई है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verse ½, 10, 11½,

Great Goddess ! Since the Devas[1] got completely absorbed, this village (where this *leela* of Lord Siva took place) is called Mamalaka (Ma Ma Laka).

O Goddess ! thus in this great voice "Do not come, Do not come" all the devas in a body got, out of fear,[2] absorbed in the transcendental Shiva—the ultimate reality. It is, therefore, that the village got the name Mamalaka[3]

1 "Devas' mean the self-evident lights. These are the different vital airs working through definite organs of knowledge (Gyanendiryas). When these take repose in existence and consciousness absolute (through rigorous spiritul practice) perfect bliss is the fruit. No 'Vasanas' (impressions) can disturb the Yogi then, for they get absorbed in the Bliss Absolute just as rivers find their entrance to the undistinguishable ocean.

2 Great success is achieved because of fear of failure. Work goes on smoothly when there is fear :—

"Bhishasmat Vayur Pavate.
Bhayat Tapati Suryah". (*Taitt. up.* 2-8-4)

It is out of His fear that wind blows and the Sun shines.

3 This verse is not found in Ms-MR and Ms-DT and other MSS.

दृष्ट्वा गणपतिं त्रस्तं पातालादुत्थितं प्रिये ॥१२॥
तदा प्रोवाच तं देवं गणेशं च शिवः स्वयम् ।
यस्मात् मामेति शब्दं तं श्रुत्वा चेदचलः स्वयम् [1]॥१३॥
तस्मादत्र चिरं तिष्ठ विघ्नसंघान् प्रणाशयन् ।

हे प्रिये ! इसी समय पाताल (स्थलवाट थज्यवोर) से आये और भयभीत महागणपति को देखकर स्वय आशुतोष शंकर गणेश जी को सान्त्वना देते हुए बोले, प्यारे गणेश जो तुम 'मा - मा' इस भयावह शब्द के सुनने पर भी स्थिरता को धारण करते रहे हो, इसलिए मैं तुम्हें एक स्व-अभीष्ट वर देता हूं, कि तुम आज से यहां इसी 'मामल' क्षेत्र में चिरकाल तक निवास करते रहो, और सारे विघ्नों का संहार करते रहो।

१ श्लोक सख्या १३ में ङ तथा ख पाण्डुलिपियों में 'श्रुत्वा चेदचलः स्वयम्'' के स्थान ''कृतवानति दारुणम्'' पाठान्तर है। जिसका अर्थ 'बहुत भयावह शब्द किया' है।

Verse ½ 12, & 13½

"O Dear ! Beholding Ganapati having come up from the nether regions (Sthalavat) and quite scared, Lord Siva addressed him thus :-

"(O Ganesh !) Since you maintained your balance firmly even after hearing my (fearful) voice "Ma Ma" (Do not come, do not come) I ask you to stay here warding off all sorts of impediments.

1 The alternate reading of "Shrutvachedachalah Swayam" in verse 13 is "Kritavanati-darunam (Shabdam)"—'roared in furious voice' as given in Ms-MR and Ms-DT.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यः कश्चिद् मानवो लोके यत्र त्वां पूजयिष्यति ॥१४॥
सर्वान् विघ्नान् स निर्जित्य सिद्धिं समधिगच्छति ।
सर्वान् कामान् अवाप्नोति पशुं पुत्रं धनं तथा ॥१५॥
मोक्षं च प्राप्नुयात् नित्यमर्चन् गणपतिं सदा ।
पुत्रकामो लभेत् पुत्रं धनकामो लभेद्धनम् ॥१६॥
विद्या कामो लभेद् विद्यां. स्वर्गार्थी स्वर्गमाप्नुयात् ।

प्यारे गणेश ! जो भी कोई इस 'मामल' वन में तुम्हारी पूजा करेगा, निश्चय रखो, उसके सारे विघ्न (उपद्रव-आदि) मिट जायेंगे, और वह सब प्रकार की सिद्धि को प्राप्त करेगा। इतना ही नहीं वह अपनी सारी कामनाओं को सर्वप्रकार के लाभकारी पशुओं को, वाञ्छित पुत्र को, धन-धान्य को, यहां तक मोक्ष (संसार में आवागमन से छुटना) को प्राप्त करेगा। विशेष कर पुत्र की अभिलाषा रखने वाला यथेष्ट पुत्र को, धन की कामना करने वाला धन को, विद्या की चाह रखने वाला सफल विद्या को तथा स्वर्ग की इच्छा रखने वाला स्वर्ग को प्राप्त करेगा।

Verse ½ 14, 15, 16½

Whosoever, in the world, comes here (the sacred Mamlaka or Mamleshwara as it is called at present) to worship you, he (or she) will overcome all the obstacles (in life) and achieve fulfilment of the highest order. All his desires will get fulfilled with respect to progeny, cattle-wealth and riches. Worshipping Ganpati always, one is sure to get deliverance from (worldly) bondage; one who desires to have a son will get a son, one who has desire for wealth will obtain it, one who aspires for knowledge will grasp it and the one desiring to get to heaven, will surely negotiate it.

वर्षे वर्षे तु यः कश्चित् माधवे *मासि नित्यशः ॥१७॥
भूते[2] शुक्ले ह्युपोष्येकां[1] रजनीं मूर्ति सन्निधौ ।
स सर्वाः कामनाः प्राप्य मृतो मोक्षमवाप्नुयात् ॥१८॥

इसके अतिरिक्त जो कोई भी प्रतिवर्ष वैशाख मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी (नरसिंह-गणेश चतुर्दशी) को गणेश जी की मूर्ति के सामने सारी रात व्रत रखकर विधि विधान पूजा करेगा, वह सारी कामनाओं को प्राप्त कर अन्त में मुक्ति पायेगा। (संसार के आवागमन से छूट जायेगा ॥

१ वस्तुतः स्वस्थ अवस्था में समय समय पर व्रत रखने से शारीरिक मैल नष्ट होती है, बुद्धि जीवन के तथ्य तथा उसके ध्येय (आत्म-साक्षात्कार) को ग्रहण करने के योग्य बनती है।

२ 'भूत' का तात्पर्य चतुर्दशी दिवस से है, पर्वतन्त्र याग में 'भूतेभ्यः नमः—चतुर्दश्यैः नमः' लिखा है, यहां "भूतेभ्यः नमः" से चतुर्दशी दिवस की बलि दी जाती है ॥

ईकाश्मीर में "गणेश चतुर्थी, (वैशाख शुक्ल चतुर्दशी तिथि) को आजकल भी गणपति की पूजा के रूप में मनाई जाती है। सम्पूर्ण रियासत में इस त्योहार को हिन्दू लोग श्रीनगर-स्थ 'गणपतयार' में धूमधाम से मनाते हैं। इस मन्दिर में एक विशेष यज्ञ रचाया जाता है। कश्मीरी भाषा में यह दिवस 'गण-चोदह' के नाम से जाना जाता है। विशेष कर उस दिन गणेश जी को लड्डुओं का उपहार दिया जाता है। *' मासि' के स्थान पर 'मासे' व्याकरण सम्मत है।

पर आजकल इस दिन व्रत रखने का नियम नहीं है।

Verse ½ 17, 18,

Whosover observes fast[1] (and worship) in the presence (in front) of the idol (image of Lord Ganapati) at night-time on the fourteenth day[2] of the bright fortnight of Vaishakha (March-April) in spring every year regularly (according to scriptural injunctions), gets all his desires fulfilled

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

and ultimately, after leaving the body, attains Moksha (release) from the chain of birth and death.

1 Observance of occasional fasts during normal health burns away all the impure and acquired moss in the body and refines the intellect to grasp finer truths of life and its object - realization of the true self.

2 'Bhute' refers to fourteenth day. In Kashmir Ganesh Chaturdashi is still being observed as a day of worship of Ganesh. This festival is observed throughout the state by Hindus, and a special Yagya (offerings to fire-god) performed at Ganpatyar in Srinagar. In Kashmiri language this day is called 'Gana-chodah' *Laddoos* (Modaka-a sweet-meat) are offered to the deity during worship and the remaining distributed among the worshippers as *Prasad*. The practice of observing fast on this day is not current now. It is actually the day of Shiva - worship (see Shiva Purana-Chaturdashi Mahatmya). But Lord Shiva granted the favour of glory of this day to Ganapati also for his valour and act of obedience (c. f. Verses of this canto—12-13).

* 'Mase' and not 'Masi' is grammatically correct.

विनायक चतुर्थ्यां वै पूजयेत् यो गणेश्वरम् ।
मामेश्वर समीपे तु ह्यनन्तं पुण्यमाप्नुयात् ॥१९॥
तं पूजयित्वा यो देवं मामेशं पूजयेन्नरः ।
स पुण्यफलमाप्नोति न पुनः स्तन्यपो भवेत् ॥२०॥

विशेषकर जो कोई भाद्रपद मास' की शुक्ल चतुर्थी (विनायक-चतुर्थी, गणेश चौथ) को इसी मामल क्षेत्र में श्री मामेश्वर लिङ्ग के समीप गणेश जो को पूर्ण विधि से पूजा करेगा, वह अनगिनत पुण्यों का फलभागी बनेगा। इस प्रकार गणेश जी की पूजा करके तत्पश्चात श्री मामेश लिंग की जो पूजा करेगा, वह अनन्त पुण्यों का फल प्राप्त कर परिणामतः फिर कभी शरीर धारण करने की अधोगति को नहीं पायेगा। अर्थात ऐसा पूजक फिर कभी आवागमन के फन्दे में पडकर शरीर नहीं धारण करेगा अपितु मुक्ति प्राप्त करेगा ॥

१ (ङ) तथा (च) लिपियों में, "विनायक चतुर्थी" के स्थान पर 'विनायक-चतुर्दशी' पाठान्तर है। जो प्रसङ्ग के अनुसार समीचीन नहीं दिखाई देता है।

वस्तुतः विनायक चतुर्थी, गणेश पूजा का दूसरा दिन है। यह आजकल भी शरद ऋतु के प्रारम्भ मे भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के दिन कश्मीर देश में 'पन-मुहूर्त' के रूप में सर्वत्र मनाया जाता है। इसका वर्णन पुराणों में निर्दिष्ट किया गया है। विशेष कर 'धर्मसिन्धु' पृष्ट १४२ में भाद्रपद के व्रतों में इसका विशिष्ट वर्णन है।
(मुद्रित-चौखम्बा संस्कृत सीरीज-वाराणसी सं० १९६८ में)

२ मामेश्वर स्थान—इसे मामलेश्वर भी कहते हैं, यहां स्वच्छ जल से पूर्ण सुन्दर एक जलकुण्ड है, और एक प्रस्तर निर्मित मनोहर मन्दिर है, जिसमें शंकर की लिङ्गमूर्ति स्थित है।
'यह स्थान आधुनिक पहलगाम में प्रवाहित 'लेदर' नदी के वाम भाग तटस्थ अधित्यका पर प्रतिष्ठित है ॥

Verse 19. 20,

One who worships Lord Ganapati on Vinayaka Chaturthi—fourth day[1] of the lunar fortnight of Bhadrapada (August-September) at this sacred shrine of Mameshwara, will appropriate various virtues. Having worshipped (Ganesh) the one who offers adoration to 'Mamesha'[2] reaps the fruit of such virtuous observances and does not return to this world as a mammal (i.e. is relieved of further births).

1 In Ms-MR and Ms-TB alternate reading 'Vinayaka Chaturdashyam' does not appear to be correct, for 'Vinayaka Chaturthi' is one of the important festivals of the Hindus observed as 'Pana-Muhurta' in Kashmir. It is the day of worship of Ganesha observed as a day of invoking His Grace. People make the images of Ganapati every year on this day and worship with offerings. Reference (i) Vrita Kathas in Puranas (ii) Dharma Sindhuh (Pub Chawkhamba Sanskrit series Office, Varanasi-1968) at page 147 under the topic "Bhadrapada fasts" "Shukla Chaturthyam Siddhivinayaka Vrittam".

It is also said that he who sees the moon on Vinayaka Chaturthi, will be subjected to dishonour and derision. (Ref. Story in Brahmavaivarta Puran).

2 On right side of the Liddar stream in Pahalgam there is a small stone temple after a little ascent. There is a small spring of crystal-clear water. The idol of Lord Shiva, called Mamesha or Mahaleshwara, exists in the temple premises from time immemorial. There is an idol of Ganesha also. In our Ms it is described as Mamalaka (perhaps the combination of the words of caution uttered by Lord Shiva-Ma-Ma, when he had retired for solitude in the Dandaka Forest).

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इति दत्वा वरान् देवो गणेशाय स्वयं हरः ।
पुण्ये वै दण्डकारण्ये लीनो मामेश्वराख्यया ॥२१॥

इसप्रकार आशुतोष भगवान शंकर ने प्रियवर श्रीगणेश जी को सर्वमंगल वर देकर इसी पवित्र दण्डकारण्य में स्वयमपि अन्त में मामेश्वर नाम विश्रुत लिंग में तल्लीन हो गये, इस लिंग में समागये ॥

Verse 21

Thus, Lord Shiva, after granting the boons to Ganesha, resorting to his inner equipoise, rested in the virtuous Dandaka forest, (hereafter) named 'Mameshwara'.

दृष्ट्वा मामेश्वरंलिंगं पुण्ये मामलके नरः ।
पूजयित्वा गणपतिमश्वमेध[1]मवाप्नुयात् ॥२२॥
स्नात्वा मामेश्वरे कुण्डे दृष्ट्वा मामलकं प्रभुम् ।
नरो न लिप्यते पापैः पद्मपत्रमिवाम्भसा ॥२३॥
मामेश्वर समीपे तु दृष्ट्वा गणपतिं शिवे ।
विधिवत्पूजयित्वा तु सर्वां सिद्धिमवाप्नुयात् ॥२४॥
[2]विघ्नेशं च समभ्यर्च्य पुण्ये मामलके पुमान् ।
न विघ्ना[3] न ग्रहाश्चैव[4] नेतयो[5] जगदम्बिके ॥२५॥
पराभवन्ति तं नेह परत्र च महेश्वरि ॥

श्री भैरव कहते हैं, देवि ! सुनो यह निश्चित है । जो कोई 'मामलक' नाम से सुविख्यात इस पवित्र स्थान पर सुप्रसिद्ध 'मामेश्वर' लिंग के दर्शन करेगा और वहां पर सुप्रतिष्ठित श्री गणपति जी की विधिवत् पूजा करेगा, वह क्या क्या नहीं, एक महान अश्वमेध यज्ञ के करने के समान फल प्राप्त करेगा । तथा

जो भी कोई भक्त इस पवित्र 'मामलक' क्षेत्रमें प्रतिष्ठित मामेश्वर कुण्ड में स्नान करेगा, अभयङ्कर देव मामेश्वर लिंग की अर्चना करेगा, तथा तत्रस्थ सिद्धिकर्ता महा-गणपति जी की पूजा करेगा, वह कभी भी किसी भी प्रकार के पापों से आवृत्त (लिप्त) नहीं हो जायेगा, जिस प्रकार एक कुसुमित कमल, जो जल में ही उत्पन्न (प्रादुर्भूत) होता है, जल से ही स्थिति पाता है, विकसित होता है, अन्त में उसी में विलय भी पाता है, पर आश्चर्य है ! फिर भी कमल का पत्ता जल के एक बिन्दु से भी लिप्त नहीं रहता है, नाही जल का एक बिन्दु कमल पत्र पर टहर सकता है (कमल पत्र सर्वथा निर्लेप रहता है) ।

इस प्रकार हे जगदम्बिके ! इस मामल क्षेत्र में स्थित मामेश्वर कुण्ड़ में स्नान करने वाला मामेश्वर लिंग की सम्पूर्ण विधि से पूजा करने वाला तथा तत्रस्थ गणनायक गणपति की सम्यगर्चना करने वाला इस संसार में क्या-क्या न प्राप्त करता है, वह सवार्थ सिद्धि को प्राप्त करता है । यहां तक उसे किसी भी प्रकार के विघ्नों का भय नहीं है । किसी भी ग्रह (सुग्रह हो या कुग्रह हो) का भय नहीं है । तथा षट् प्रकार की ईतियों (उपद्रवों) का भय नहीं है, एवमेव इह लोक तथा परलोक में कहीं भी उसे कोई पराभव (अनादर-अपकीर्ति, करने में समर्थ नहीं हो सकता है ।

१ अश्मेवयज्ञ—वेदों के कर्मकाण्ड भाग में निर्दिष्ट एक विशिष्ठ यज्ञ विशेष है । प्राचीन काल में बड़े २ सम्राट् इस प्रकार के यज्ञों का अनुष्ठान करते थे, उनके मन में जब 'सार्वभौम-सम्राट' बनने की इच्छा जाग्रत होती थी, अपने समान किसी दूसरे को न होने की इच्छा रखते थे, इसी स्पर्धा में अश्वमेध यज्ञ रचाते थे, ताकि उसके समान कोई दूसरा राजा न हो । इससे वे अपने देश में एक प्रकार की शान्ति का निश्चय एवं प्रसार करते थे, साथ ही पापों का प्रक्षालन करते थे :
इसका वास्तविक निर्णय 'बृहदारण्यक उपनिषद्' के प्रथम अध्याय-वर्णि प्रथम तथा द्वितीय ब्राह्मणों में वर्णित है ।
विशिष्ट विवरण देखिये पटल ६, श्लोक १० का नोट ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

२ विघ्नेश—विघ्ननिवारक—विघ्नराज—महागणपति के पर्यायवाची शब्द हैं।

३ यह निश्चित है कि किसी भी कार्य साधना में 'साधक' को शारीरिक तथा मानसिक विघ्न (रुकावटें) आधियां तथा व्याधियां आती रहती हैं। वस्तुतः विघ्नों के प्रकार (भेद) तीन है।

१. आध्यात्मिक :- आत्मा सम्बन्धी मनोभूत दुःख, शोक आदि।
२. आधिदैविक :- देवता कृत—देवद्वारा प्रेरित भूत-प्रेत—यक्ष आदि।
३. आधिभौतिक :— पंच भूत सम्बन्धित, व्याघ्र-सर्प-जीवों द्वारा कृत पीढा, शरीर धारियों द्वारा प्राप्त दुःख।

४ ग्रहों की संख्या ९ (नौ) है, इनमें ५ सुग्रह और ४ कुग्रह माने जाते हैं, परन्तु समय समय पर दोनों सुग्रह भी बनते है, औरकुग्रह भी। इनके नाम ये हैं :-

सूर्यश्चन्द्रो मंगलश्च बुधश्चापि बृहस्पतिः।
शुक्रः शनैश्चरो राहुः केतुश्चेति ग्रहा नव॥

५ षट् प्रकार की ईतियां-(उपद्रव) हैं इनके नाम ये हैं :- अतिवृष्टि, अनावृष्टि, टिड्डीदल-चूहों-तथा तोतों आदि पक्षियों से फसल का नाश होना, राजा के द्वारा किसी प्रकार का उपद्रव (अनुचित व्यवहार करना) संक्रामक रोगों का प्रसार (फैलना), तथा वृथा (निष्फल) विदेशों में भ्रमण करना।

जैसा कहा है :- अतिवृष्टिरनावृष्टिः शलभाः मूषिकाः शुकाः
प्रत्यासन्नाश्चराजानः षडेता-ईतयः स्मृताः॥

Verses 22, 23, 24, & 25½

Thus, in the hallowed village of Mamaleshwara, one who worships Ganapati and then has a glance of the idol of Mameshwara, accumulates virtues amounting to those obtained by performing Ashvameda Yagya[1] - the famous horse- sacrifice.

After taking a bath at the spring of Mameshwara and coming into the presence of Lord Mamalaka, no person is stained with sins (even while moving in the world) like a lotus leaf in water.

O Goddess! one who negotiates the presence of Ganapati seated by the side of Mameshwara and offers worship according to religious injunctions obtains every kind of accomplishment. O mother of the worlds! after having worshipped Vignesha[2] the destroyer of obstacles, the hallowed place of Mamalaka, one is neither afflicted by obstacles[3] nor by (the six) calamities[4] (eetis) nor by the adverse effects of planets[5].

---

1 Ashvameda Yagya- A grand sacrifice as described in the Karma-Kanda portion of the vedas, was undertaken in ancient times by very prosperous and valorous kings to find that there was no enemy in the territory. Thus they would ensure peace and wash off their sins. Its dialectic meaning will be clear to the reader by studying carefully Brihadaranyaka Upanishad- first and second Brahmins of the first chapter.

2 Synonyms of Ganapati:-
Vinayako *Vignarajo* dvaimatura ganadipah apyekadanto herambo lambodaragajanah (Vignaraja means Vignesha) (see Amarkosha), these names are explained at their respective places in the book.

3 Obstacles are of three kinds:-
1) Adhyatmic— individual caused by mental or physical pains and pleasures.
2) Adhibhautic— caused by other beings (friends or foes).
3) Adhidaivic — caused by fate or nature.

4 The eetis - calamities are usually said to be six :-
"*Ativrishtir Anavrishtih Shalbha Mushakah Shukah; Pratyasannashca Rajanah Shadeta eetayah smritah*" (Smriti).
(1) Excessive rain (2) drought, (3) locusts, (4) rats, (5) parrrots and (6) foreign invasions, are the six calamities as enjoined by traditional law.

5 Planets influence the destinies of men in Supernatural manner. These are nine in number :-
Suryashcandro, Mangalashcha, Budhashchapi, Brihaspatih, Shukrah, Shanaishcharo, Rahuh Ketushcheti griha nava (Muhurta Chintamni).
"Sun, Moon, Mars, Mercury, Jupiter, Venus, Saturn, Rahu-the ascending node of the moon and Ketu-the descending node are considered the nine planets.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वयंभुवं गणपतिं मामलेश्वर सन्निधौ ॥२६॥

यः पूजयेद् परंभक्त्या [1]ज्योतिष्टोममवाप्नुयात् ।

विनायकं च मामेशं दृष्ट्वा प्राप्नोति पुष्कलम् ॥२७॥

फलं च सोमयागस्य[2] नरो नियतमानसः ।

मामेशं विघ्नराजं च दृष्ट्वा मुच्येत बन्धनात् ॥२८॥

दृष्ट्वा विघ्नेश्वरं देवि स्पृष्ट्वा मामेश्वरं तथा

पूजयित्वा तु देवेशि ! न नरो निरयी भवेत् ॥२६॥

विशेषकर इसी मामलेश्वर लिंग के समीप स्वयंभू गणपति की परम भक्ति से पूजा करने वाला "ज्योतिष्ठोम" नामक सुप्रसिद्ध यज्ञ का फल भागी होता है, तथा 'सोमयाग' नामक 'पुत्रोत्पत्ति' फलदायक यज्ञ का पुण्य फल पाता है। इस प्रकार विघ्नेश्वर गणपति का दर्शन कर तथा श्री मामेश्वर स्फुट लिंग का चरण स्पर्श कर एकमेव दोनों देवों का परम भक्त पूजक संसार के बन्धनों से नही जकड़ा जाता है। तथा कदापि नरक गामी नहीं होता है। वस्तुतः सांसारिक बन्धनों से मुक्त हो सदा गोलोक वासी बनता है।

---

१ ज्योतिष्टोम—यह एक विशिष्ट यज्ञ विशेष है, जिसका अनुष्ठान स्वकर्मनिष्ठ १६ (षोडष) संख्यक कर्मकाण्डी विद्वद्वरिष्ट ब्राह्मणों से सम्पन्न होता ह । यह यज्ञ अभीष्ट कामनाओं पर विजय प्राप्ति के लिए रचाया जाता है ।

२ सोमयाग—पुत्रोत्पति प्राप्ति के लिऐ ३ वर्षों में सम्पन्न होने वाला यह विशेष यज्ञ है, इसमें 'सोमरस' पिया जाता है, यही रस 'पुत्रोत्पति' के लिए गर्भ बनता है ।

३ (क) में २८ श्लोक के उपरान्त—

अकामो वा सकामो वा नरो नियत मानसः,

यह एक पङ्क्ति अधिक है । पर २६ श्लोक की दो पंक्तियां तथा ३०वें श्लोक की प्रथम पंक्ति (कुल ३ पंक्तिया) इस में उपलब्ध नहीं है ॥

Verses § 26, 27, 28, & 29

One, who worships with devotion the self-evolved Ganapati seated in front of Memesha, will attain the fruit that one attains by undertaking Jyotishtoma Yaga.[1] One who takes a glance at Vinayaka[2] and Mamesha with mind quite under thumb, enjoys in abundance, the fruit that one can enjoy after undertaking Soma Yaga.[3] He gets delivered from all bondages (may he be desireless or with desire). One does not have to repair to hell if one presents one self to Ganesha, the destroyer of obstacles and has a divine touch of Mameshwara after worshipping both.

---

1. Jyotishtoma Yagya is a sacrifice undertaken to be blessed with a son. Sixteen adept Karma-Kandi Brahmans are required to perform this Yagya.
2. 'Vinayaka' means the remover of obstacles. This is another name, among many given to Ganapati.
3. Soma Yaga is a sacrifice undertaken for three years for attaining victory over desires. Somarasa is taken during the performance.
4. Preceding the 28th verse there is one line additional in Ms-MR, while the verse 29th is additional in our Ms-PH

इत्थं मामलके ग्रामे माहात्म्य गणपस्य तु ।

कथितं कृपया देवि ! महापातक नाशनम् ॥३०॥

इत्येष पटलो गुह्यो मया तेऽद्य प्रकाशितः ।

श्रुत्वा च पठितश्चापि विघ्न संघात् प्रमोचयेत् ॥३१॥

श्री भैरव कहते हैं हे देवी ! निश्चय रखो, आपके ही अत्यन्त अनुरोध से मैंने स्वनामधन्य श्री मामलेश्वर लिंग तथा तत्समीपस्थ महागणपति का यह महान् से महान् पापों का नाशकारी माहात्म्य जिसको आज तक किसी ने भी प्रकट नहीं किया है, जो परम गुह्य है, आपके सामने प्रकट किया है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

साथ ही यह भी निश्चय रखो, इस अमरेश्वर यात्रान्तर्गत 'मामलेश्वर'-रहस्य पटलः को जो स्वयं पढ़ेगा या किसी से सुनेगा, वह सदा के लिए विघ्नबाहुल्य से छूट जायेगा—सदा सर्व-सिद्धि को प्राप्त करेगा ॥

(इति मामेश्वर-गणेश-महिमा नाम तृतीयः पटलः)

इस प्रकार मामलक विवरण नाम का तीसरा पटल समाप्त हुआ।

Verses 30 & 31

O Goddess! I have, thus, releated to you the towering stature of Ganapati at this place of Mamalaka, narration of which absolves one of heinous sins[1].

I have revealed to thee this canto containing esoteric content. One overcomes the impediments of myriad nature by mere listening to it or reciting it.

The 30th verse is not found in Ms-MR, Ms-DT and Ms-TA.

THUS THE THIRD CANTO ENTITLED
"DESCRIPTION OF MAMLAKA"
COMES TO AN END

अथ चतुर्थः पटलः

लम्बोदरी–महिमा

श्री भैरवी :-

श्रुत्वागणपतेर्देव महिमानमनुत्तमम् ।
मामेश्वरस्यापि तथा क्रीतास्मि जगदीश्वर ॥१॥
इदानीं श्रोतुमिच्छामि नदीं लम्बोदरीं[1] तथा ।
अनुग्राह्या प्रिया ते चेत्तदा मे कृपया वद ॥२॥

श्री भैरवी अपने प्रियतम भैरव से कहती है :-

प्रियतम ! आपकी कृपा से मैंने मामलेश्वर तथा तत्रस्थ श्री महागणपति जी के सम्पूर्ण माहात्म्य की कथा यथावत् सुनली; मानो एक प्रकार से आपने मुझे खरीद लिया, अब अमेश्वर यात्रा में प्रवर्तित "लम्बोदरी" नदी के आविर्भाव तथा उसके माहात्म्य की कथा सुनने की प्रबल इच्छा है, यदि मैं आपकी परम प्रिया हूं तो कृपया इस नदी का वर्णन सुनाने से मुझे अनुगृहीत कीजिये।

---

१ लम्बोदरी का उद्भव—
लम्बोदरी—यह एक प्रखर तरङ्गों वाली नदी है। पहलगाम और उसके निकटवर्ति स्थानों के बीचोंबीच बहती है। कश्मीरी भाषा में इसे 'लेदर' के नाम से बोलते हैं। यह जिला अनन्तनाग के क्षेत्रों को सचींती है। और खन्नाबल के पास 'वितस्ता' नदी में समा जाती है। इसका उद्गम स्थान् 'शेषनाग' है और जल दूधिया है। कई स्थानों पर इस में "ट्रोट' मछलियां भी मिलती हैं ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

CANTO 4

WHY AND WHAT OF THE LAMBODARI

Verse 1-2

Bhairavi said:-

O Lord of the cosmic universe; Having lent ear to the par-excellent majesty of 'Ganapati' I have been squarely gratified. Now, I would like to know all about the river 'Lambodari',. Be gracious enough to narrate this to me, your beloved.

---

1. The colloquial name of Lambodari is 'Liddar'. It is a fast flowing mountain stream wading through Pahalgam and its suburbs. It irrigates a vast area of crop-bearing land in the district of Anantnag and flows into River Vitasta (the Jhelum) at Khanabal and Bijebhara. Its source is Sheshnag. The water is milky and at some places trout fish is also found in the stream.

श्री भैरव :-

एकदा संस्थितस्यापि कैलासे परमेशितुः ।
द्वास्थो भूदेव देवेशि स्वयं गणपतिस्तदा ॥३॥
गणेशं कथयामास स्वयं स भगवान परः ।
आगच्छेन्मा कश्चिदत्र देवानत्र निषेधय ॥४॥

श्री भैरव उत्तर में बोलते हैं :-

एक बार जगपालक पमेश्वर अपने प्रिय निवास कैलास पर्वत पर विश्राम कर रहे थे, हे देवि ! स्वयं महागणपति ड्योढी पर द्वारपाल बनकर बैठे थे। इतने में भगवान् शंकर स्वयं आकर श्री गणपति से बोले, प्रिय गणपति ! मेरी आज्ञा है, किसी को भी

अन्दर आने की अनुमति न देना, चाहे कोई बड़े से बड़ा देवता भी क्यों न हो, अन्दर आने की मनाही करना।

---

१ यह सर्वजन विदित है, भगवान् शंकर प्रायः पर्वतीय, विशेषतः हिमालय पर्वत की रम्यस्थलियों में एकान्त वास के लिये जाते हैं। शंकर एकान्त प्रिय हैं। कारण कि वह योगियों (ईश्वर से साक्षात्कार पानेवालों) का स्वामी है (यतोहि सः योगिनामीश्वरः) इसी पुस्तक के तीसरे पटल के ५ और ६ श्लोकों में भी ईश्वर (शिव) के परमरम्यस्थल दण्डकवन में जाने की वार्ता है। भगवान शिव अपने को छिपाने में अति चतुर हैं। उन के स्वरूप का साक्षात्कार एकान्त में ही योगाभ्यास करने तथा कठोर तपस्या का फल होता है। यही कारण है भगवान् शिव प्रायः सुन्दर-तम वनस्थलियों में एकान्त विहार करते हैं

Verses 3-4

Bhairava responds :-

O Great Goddess ! Once when Shiva-Parvati were resting in their abode at Kailasha, Ganapati, on his own, kept guard at the gate. Thereupon, Lord Shiva in his own right, instructed Ganesha thus :- "Nobody should approach here. Even the gods are to be warded off".[1]

---

1. Lord Shiva is often known taking repose in quietude at places of natural beauty and beauty in the Himalayas. Solitude is His first preference, as He is the Master of Yogis-"Yoginam Ishwarah" (Master of those who desire union with the Supreme) and thus is called 'Yogishwara' also. In verses 5 & 6 of canto III also there is an account of Shiva's retiring to Dandaka forest.

Lord Shiva is clever in hiding Himself. His nature (Swarupa) can only be realized after attaining success in austere penances and Yoga practices in solitude. So He often retires to solitude in the inner forests of beauty and charm.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रुत्वा वाक्यं महेशस्य महागणपतिस्तदा ।
निषेधन्नन्दिना सार्धंशासनं पालयन् प्रभो ॥५॥
देव्या सह महादेवः क्रीडालापपरो भवेत् ।
तयोरेवं निवसतोः कैलासे शुभ मन्दिरे ॥६॥
एतस्मिन्तरे देवि ! शक्रो देवगणैः सह ।
[1]त्रिपुरार्दितो ह्याजगाम द्रष्टुकामो महेश्वरम् ॥७॥

आज्ञा सुनकर गणपति जी भगवान् के वाहन नन्दी के साथ बड़ी सावधानी से प्रभु की आज्ञा पालन करते रहे, और अन्दर कैलास मन्दिर में स्वय महादेव अपनी प्रिया महादेवी के साथ क्रीडालाप में परम मस्त थे।

हे देवि! इतने में त्रिपुरासुर से बुरी तरह लताड़ा हुआ देवाधिपति राजा इन्द्र सब देवताओं के समेत भगवान् शिव से भेंट करने की इच्छा से वहां पर आगये ।

त्रिसुरासुर कथा—

प्राचीन काल की कथा है, देवासुर सग्राम में एक वार देवताओं से असुर पराजित हुए थे, और वे अपने मुख्य मयनामक दानव के पास सहायतार्थ गये , उसने अपनी मायावी शक्ति से तीन माया नगरों का निर्माण किया, असुरों को वहीं रहने को कहा। इन नगरों में वे कोई दूसरा विशेष कर देवता नही देख सकते थे । इस प्रकार असुरों ने बदला लेने की भावना से देवताओं में भगदड़ मचाई, विवश देवताओं ने भगवान् शकर की शरण ली तो शंकर प्रभु ने भगवान विष्णु की सहायता से तीर, कमान, रथ, आदि युद्ध सामग्री प्राप्तकर असुरों को मार डाला, और उन्हे एक कुंए मे फैंका। दैव वश वह कुंआ अमृत जल वाला था। असुरों ने उस कुंए में पुनः सज्ञा प्राप्त की और हृष्ट पुष्ट होने लगे, निदान भगवान् विष्णु ने गाय का रुप धारण कर तथा ब्रह्मा ने बछड़े का रूप धारण कर कुएं का सारा जल पान किया। अन्त में शिव ने असुरों को इसी कुंए में जला दिया, इससे मयदानव निर्मित माया नगरों का भ्रम भी समाप्त हुआ। इस प्रकार देवताओं ने भी कष्ट से मुक्ति पाई, इसी मय दानव को 'त्रिपुरासुर' कहते है, जिसने इन मायावी नगरों का भ्रम खड़ा किया था ॥

महाभारत ७-२००-७६

Verses 5, 6 & 7

Having listened to this exhortation of Lord Shiva, Ganapati, in utter obedience to the Lord's word sought help from Nandi (the ride of Mahadev). The great God (Mahadeva) was engrossed in sportive conversation with his divine consort (Parvati). While both were resting in their exquisite sanctum at 'Kailasha', O Goddess! Lord Indra, heckled by Tripura, the demon, in the company of gods, repaired there seeking an audience with the Great Lord.

---

1 Tripprasura :- Once gods conquered demons in a fight. Disappointed thus, the demons approached their chief, 'Mayidanava' by name. He created three cities, out of his 'Mayic' power, and asked the demons to live in these as they could not be visible to others especially to Devas. Thus the demons, in taking revenge, created havoc among the gods, who, in their agony, approached Lord Shiva for help. Shiva, with the help of Vishnu, getting the available weapons like bow, arrow, chariot etc. destroyed the demons and put them into the well which contained the water of immortality. The demons regained their strength Then Vishnu, assuming the form of a cow and Brahma the form of a calf, got into the well and drank all the water of immortality. Finally Shiva burnt the demons in the well. This put an end to the illusion, created by 'Mayidanava' as there was no further teasing for gods. Mayidanava is called Tripura, who created the illusory three cities.

(*Ref: Mahabharata 7,200,76*)

Jayenkay Library
37/4 Pandoka Colony,
PALOURA JAMMU — 181121
ACC. No. 521 PRICE 75/-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्वयं गणपतिस्तत्र निरोधत्पुरएं तथा ।
शक्रः क्रोधसमाविष्टो वज्रपातं समादधे ॥८॥
हुँकारेण गणेशोऽपि बाहुमस्तम्भयद्धरेः ।
स्वं बाहुं स्तम्भितं दृष्ट्वा शक्रो गणपतिं तदा ॥९॥
तुष्टाव वाग्भिरर्थ्याभि[1]र्दण्डवत्प्रणिपत्य सः ।

जब गणपति ने स्वयं उसे अन्दर जाने से रोका, तो इन्द्र ने क्रोध-अभिभूत होकर अपने अमोघ-वज्र को गणपति पर गिराना चाहा ।

गणपति जी ने 'हुंकार' से इन्द्र के बाहु को निश्चेष्ट कर दिया। तब श्री गणेश जी द्वारा अपने बाहु को स्तम्भित देखकर राजा इन्द्र ने झुककर उसे दण्डवत् प्रणाम किया, और सार्थक वाणी से उसकी स्तुति करने लगा ।

१ महान् आदरणीय व्यक्तियों का प्रणाम भूमि पर एक दण्डे की मानन्द गिर कर अपने हाथ पांव को फैलाकर किया जाता है। तभी वैदिक पुस्तकों में "उराभ्यां जानुभ्यां पद्भ्यां शिरसा उरसा मनसा नमस्कारं करोमि नमः ॥" ऐसी प्रथा सर्वत्र लिखी गई है। इसी विधि को दण्डवत् प्रणाम कहा जाता है ॥

Verses 8, 9 and ½ of 10

Indra, the king of god, was stopped by Ganapati himself from going in. Indra, feeling incensed, tried to unleash his missile thunder-bolt on him in return. Ganesha paralysed Indra's arm with a loud 'hum'. Beholding the valour of Ganesha and his own arm paralysed, Indra fell at the former's feet like a fallen[1] stick and appeased him with the (following) eulogy :-

1. A mark of showing reverence to elders and greatly venerated persons while paying obeisance to them by prostrating the body like a fallen stick. This way of prostration is known as Dandavat Pranam.

शक्र उवाच :-

अप्रमेयगुणं नित्यं गणेशं च सुरोत्तमम् ॥१०॥
वेदान्तवेद्यं सर्वज्ञं पूजितं च सुरेश्वरैः ।
[1]ओंकारं परमं ब्रह्म ह्यचरं शिवमव्ययम् ॥११॥
पार्वतीप्रियपुत्रं च प्रणमामि गणेश्वरम् ।
ब्रह्माद्वयानवच्छेद्यं शिवाद्वयविबोधितम्[2] ॥१२॥
स्वप्रकाशं परात्मानं प्रपद्ये तं विनायकम् ।

इन्द्र बोले :-

भो ! यथार्थ रूप से विचार में न जानने योग्य परंब्रह्म, वेदान्त वेत्ताओं से जानने योग्य, सर्वज्ञ, नित्य-प्रति श्रेष्ठ देवों से पूजित, गणनायक, श्री गणेश, आद्यन्त रहित, ओंकार स्वरूप पार्वती जी के प्रिय पुत्र ! आपको मुझ शरणागत का प्रणाम स्वीकार हो ।

हे ब्रह्म से अभिन्न परंब्रह्म स्वरूप, शिव से अभिन्न परम शिवरूप, स्वतः ज्योतिष्मान् हे भक्तों की कार्यसिद्धि के लिए विशिष्ट मार्ग निर्देशक ! मैं आपकी शरण आया हूं ॥

१ ओंकार ईश्वर का वाचक है
"तस्य वाचकः प्रणवः (योग दर्शन-१-२७)
सचमुच यह सारा ज्ञेय वर्ग उसी ईश्वर की व्याख्या है।
ओमित्येदमक्षरमिदं सर्वं तस्योपव्याख्यानम् (माण्डू उप.मन्त्र १)
आद्य शंकराचार्य माण्डू०. उप० की प्रस्तावना में कहते हैं कि यह सारा ज्ञेय वर्ग शब्द विस्तार के आधार पर ही प्रकट होता है, और यह ओंकार ही उस परम तत्वरूप आत्मा को जगत में लाता है।
सर्वोपि वाक्प्रपञ्चः प्राणाध्यात्मविकल्प विषय
ओंकार एव, स चात्मस्वरूपमेव । (शङ्करभाष्य)
अतः भगवान् गणपति को परंब्रह्म से एकता दी गई है ॥

२ १२वें श्लोक के पूर्व में ङ तथा घ में तीन श्लोक और अधिक हैं, वे निम्नस्थ हैं :-
(१) देवानामादिकर्तारमादिमध्यान्तवर्जितम् ।
चिदचिद्पदगम्भीरं प्रणमामि विनायकम् ॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

(२) वेदान्तैर्दुरवच्छिन्नमागमैरपि दुर्गमम् ।
सूक्ष्मं शान्तं वृहत्स्थूलं प्रणमामि गणेश्वरम् ॥

(३) शान्तं चिदद्वयं देवं विमर्शोद्भवरूपिणम् ।
तत्त्वगारं महातत्वं प्रणमामि गणेश्वरम् ॥

देवताओं में आदि पद धारण करने वाले (आदिस्रष्टा) तथापि आदि मध्य और अन्त हीन, चैतन्य और अचैतन्य (जड और चेतन) उभयावस्था (ब्रह्मावस्था) से भी अति गम्भीर, हे सर्व सम्प्रदायों के नेता गणपति ! आपको मेरा प्रणाम स्वीकार हो।

वेदान्त वाक्य (उपनिषद् के वाक्य) ओं से भी कठिनतया जानने योग्य (अवर्णनीय) वेद शास्त्रों से भी जिसका जानना कठिन (अगम्य) है, सूक्ष्मातिसूक्ष्म अत्यन्त शान्त, तथा महान से महान् हे सर्वगणनायक गणपति ! आपको मेरा प्रणाम स्वीकार हो।

भक्तों के लिए अत्यन्त शान्त स्वरूप चिदाकार अद्वैत और प्रकाशमय, ध्यान धारण से साक्षात्कार में आनेवाले, सम्पूर्ण ३६ तत्त्वोंके प्रधानभूत परम तत्त्व, हे गणपति गणनायक ! आपको मेरा प्रणाम स्वीकार हो॥

Verses ½ of 10 & 11

Indra's prayer

With reverential obeisance, I pray to Lord Ganesha, the loving son of Parvati. He is Inexhaustible and Supreme. He is the universal self comprehensible through the three-syllabled sign of Omkar.[1]

Ganesha is worshipped by all the divine beings. He is all-knowing and knowable through the quintessence of the Upanishads called the Vedantas. He is the tallest of gods and the first amongst His clan. He is eternal and possesses the virtues beyond specfied limits.

1. Omkar is the name of God.
"*Tasya Vachakah Pranavah*" (Yoga-Darshan 1/27)
Verily all this objectivity is the commentary of God.
Aumityetadaksharam idam sarvam tasyopavakhyanam (Mandukyopanishad Matra I). Adi Shankaracharya, in its introduction says that it is this play of sound which gives objective form to all the responsive forces. And because that (Aum sound) establishing the Atman constitutes the basicReality.
"*Sarvo'pi vakprapanchah pranadyatma vikalpa Vishaya aumkara eva, sa chatmaswarupameva......*" (Shankara-Bhashya)
Hence Lord Ganesha is taken as one with Brahman.

वैरिविघ्नप्रदं नित्यं भक्तानां सिद्धिदायकम् ॥१३॥
शिवसूनुं परानन्दं नमस्यामि विनायकम् ।

सदा वैरियों को विघ्न में डालने वाले प्रिय भक्तों को सदा सफलता देने वाले परम शिव के प्रिय पुत्र, अपूर्व आनन्द रूप शुभ मार्गदर्शक हे गणपति ! मैं आपको नमस्कार करता हूं ॥

Verses 12 & ½ of 13

Being[1] non-dual all pervading self, He permeates every thing. He is knowable only by the Supreme Lord Shiva. He is the self effulgent Supreme Self. I bow to Him (in the form of Ganesha), the remover of obstacles.[2]

---

1 Preceding the 12th verse, there are three additional verses in Ms-MR and Ms-TB. Translation of those verses is given below :-

i) "He is the first among Devas. He has neither the beginning nor the middle and nor the end. He is deep in all the senses and beyond consciousness as well as unconsciousness. To Him, the remover of obstacles, I offer my obeisance.

ii) He is beyond (what Upanishads describe Him and above the knowledge of Traditional Doctrine Agmas). He is the subtlest, the biggest of the big and peace absolute. T Him, the redeemer, I offer my reverential salutation.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

iii) I offer my obeisance to Lord Ganesha, who is all tranquility, all consciousness, non-dual self-effulgence recognisable through deliberation, origin of the thirty-six categories and Supreme Reality.

2. This is absolute monism. Non-duality is recognized here in all powers of Brahman governing the whole universe—the immanence.

मोदकाहारपरमसन्नमालाकरं परम् ॥१४॥
त्रिनेत्रं गजवक्त्रं च तं प्रपद्ये महेश्वरम् ।

बड़ी प्रसन्नता से लड्डुओं का आहार करने वाले, हाथी के समान मुख वाले, त्रिनेत्र धारी हे देवाधिदेव ? मैं आपकी शरण में आया हूं ॥

Verse ½ of 13 to ½ of 15

Thou art always alert for putting obstacles in the way of those who are inimical, and ready for granting glorified success to devotees. To that son of Lord Shiva, Bliss Absolute and despeller of difficulties, I bow in humble reverence.

To one whose favourite food is 'Laddus' (sweetmeat balls), who bears a divine rosery of Rudraksha beads round the neck, and who is the great lord with three eyes in the form of Ganapati, I offer my obeisance.

स्वदन्तं परशुं चैव धारयन्तं भुजद्वये ॥१५॥
रक्तवस्त्राम्बरधरं रक्तमालाधरं तथा ।
विघ्नराशीन् विकिरन्तं करक्षेपैर्मुहुर्मुहुः ॥१६॥
अत्यन्तं परमं तत्वं सारात्सारतरं परम् ।
वेदागमदुरुच्छेदं प्रपद्ये गणनायकम् ॥१७॥

अपनी दोनों भुजाओं में अपना ही एकदन्त तथा फरसा (कुल्हाडी) धारण करने वाले,, प्रखर लाल रंग की आकृति वस्त्र तथा माला को धारण करने वाले, बारम्बार अत्यन्त सु-शोभित सूंड को इतस्ततः फेंरने से विघ्न भंडारों को नष्टभ्रष्ट करने वाले, सबसे उत्तम, सबमें साररूप से ओत-प्रोत 'नेति नेति' प्रक्रिया से वेद शास्त्रों में भी अगम, अपनी प्रतिष्ठा में अग्रिम, हे सब गणों में अग्रगण्य ! मैं आपकी शरण में आया हूं ॥

---

१ "भगवान् महागणपति ने क्योंकर अपने ही दन्त को अपना आयुध बनाया है, इसके लक्ष्य 'ब्रह्मवैवर्त पुराण' में इसकी कथा इस प्रकार वर्णित है :

एक बार की वार्ता है भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी (विनायकचौथ) दिन था, इसी दिन महागणपति जी का जन्मोत्सव था। माता जगदम्बा ने पुत्र जन्मोत्सव के दिन अत्यन्त मधुर-मधुर लड्डू बनाये थे। महागणपति जी ने पर्याप्त मात्रा में लड्डुओं को खाया था। नटखट अवस्था में समीपवर्ति पडोसियों के घरों में भी जा कर और भी लड्डुओं को खाया था, यहां तक कि उसका लम्बोदर और भी लम्बूतरा हो गया था। लड्डु तो उसका मन भाता खाजा है, तभी 'मोदक-प्रिय' नाम से भी भक्त उसे पुकारते हैं। पूर्ण पेट ले झूमता-झामता वह अपने वाहन मूषक पर सवार हो सैर सपाटा कर घर की ओर वापिस आ रहे थे। इतने में रास्ते पर रेंगता हुआ एक सांप निकल आया। चूहा सांप को देखकर डर गया, कंपित हुआ। इसके कम्पन से गणपति जी चूहे की पीठ पर से गिर पडे, उसके सारे सारे लड्डू भूमि पर बिखर गये। इधर पीडा से गण-पति जरा भी विचलित न हुए, यहां तक कि निर्भर हो सांप को उठाया और अपना लम्बोदर उसी से बांध डाला। आकाश पर चन्द्रमा यह

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

दृष्य देख रहा था वह ज़ोर से हंस पड़ा, गणपति उसकी हंसी न सह सके, क्रोध में प्राकर उसने अपना एक दान्त उखाड डाला, उसीको अपना आयुध बनाकर चन्द्रमा को लक्ष्य कर उसे यह शाप दिया । 'कलङ्की ! देखो मेरे जन्मदिन पर जो भी कोई तुम्हारी तरफ देखेगा उसे भी तेरे समान ही कलङ्क (चोरी का कलङ्क) लग जायेगा' । यही कारण होगा, कि भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी को कोई भी चन्द्रमा की ओर नहीं देखता है । ऐसी प्रथा अब भी प्रचलित है ॥

पद्म पुराण के आधार पर एक और कथा इस प्रकार वर्णिक है :–

कैलास पति महादेव एक दिन पार्वतीय एक रम्य स्थली में समाधि-निष्ठ थे । द्वार पर गणपति जी द्वारपाल के रूप में कटिबद्ध थे । उसे आज्ञा थी कि बडे से बडा कोई भी अन्दर प्रवेश न पाये । इतने में परशुराम जी महादेव से मिलने आये, और सीधे रम्यस्थली की ओर जाने लगे । गणपति जी ने आज्ञानुसार उसे रोक लिया । पर परशुराम जी रुकाने पर बहुत तिलमिला उठे । निदान गणपति और परशुराम जी परस्पर लड पडे, यहां तक कि गणपति जी का एक दान्त टूट पडा; परिणाम में परशुराम ने क्षमा मांगी, गणपति शान्त हुए । उसी दिन से महागणपति ने इस दान्त को अपना आयुध बनाया ।

Verses ½ of 15, 16 & 17

Reverential salutation to Lord Ganpati, who carries his own tusk[1] and an axe as weapons in two hands. Dressed in red robes and ornamented with red rosary, he, again and again, nails down to destruction the series of obstacles (of his devotees). He is the Supreme Spirit pervading the universe. He is the quintessence of everything. He is beyond the traditional doctrines explained by Vedas and Agamas.

1 Tusk used as weapon :- (i) On one birthday (Vinayaka Chturthi) Ganapati went from house to house, ate belly-ful of modaks and returned home on his conveyance, the rat. On the way the rat saw a snake and began to tremble with fear. Ganapti fell down, broke his belly from which 'modaks' came out. He stuffed those again in his stomach and joining the cut edges entwined the snake tightly round it. Chandra, in the sky, seeing all this, laughed with contempt. Ganapati got wild, plucked his tusk and throwing it at the moon cursed it "Let nobody look at you on the Ganpati festival day" (Ref. Brahmavaivarta Purana). ii) Ganpati had broken his tusk while in a dual with Parsurama who had arrived at Kailash to meet Shiva. Shiva was asleep, so Ganpati had not allowed him to get in. (Padma Purana).

अप्रमेयगुणायापि त्र्यक्षाय वरवर्णिने[1] ।
विनायकाय देवाय भूयो भूयो नमो नमः ॥१८॥

मानसिक परिधि से परे, तथापि गुण रूप में मूर्त हे त्रिनेत्रधारी, प्रशस्त वर्णन के पात्र (महाभारत[1] के प्रशस्त लेखक), भक्त समुदाय को विशिष्ट उद्देश्य की कार्यसिद्धि का मार्ग निर्देश करने वाले, हे देवाधिदेव ! मैं आपको बार बार नमस्कार करता हूं ।

१ महाभारत में वर्णित है :— मुनिवर व्यास ने जगत स्रष्टा ब्रह्मा से महाभारत (जो एक लाख श्लोकों का पूर्ण संग्रह है) के लिए प्रशस्त लेखक की प्रार्थना की थी, निदान ब्रह्मा जी के कथनानुसार श्री गणपति जी प्रशस्त लेखक बने, और सारे महाभारत को लिख गये ।
(महाभारत, १ पर्व ७४-८०)

Verse 18

Repeated prostrations to the self-effulgent Vinayaka, the remover of obstacles, top-most scribe[1] and three-eyed Lord, who is beyond comprehension.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

1. Ganesha is described to have written the Mahabharata to the dictation of Vyasa, who secured his services as a scribe through the good offices of Brahma (c. f. Mahabharata Adi Prava 1,74-80)

इत्थं गणपतिः श्रुत्वा वाचं सुरपतेस्तथा ।
क्रोधं परं संजहार दृश्यापश्यत्सुरेश्वरम् ॥१९॥
मोचयामास तं बाहुं[1] गणेशः परया मुदा ।
देवोपि स्वं जगामाशु धाम कामसमन्वितः ॥२०॥
प्रणिपत्य महेशस्य सूनुं मन्त्रविनायकम् ॥२१॥

श्री भैरव बोलते हैं:—

हे भैरवि ! इस प्रकार राजा इन्द्र की दयनीय तथा आर्तनाद भरी स्तुतिमय प्रार्थना को सुन कर तथा बिलखते (देवेन्द्र को) अपने सामने देखकर भक्तवत्सल तथा दयामय प्रभु गणपति अपने प्रचण्ड कोप को पूर्णरूपेण पी गये। इस प्रकार देवेन्द्र की याचना से प्रसन्नचित हो, खुशी से उसके बाजू को स्तम्भित अवस्था से मुक्त कर दिया। राजा इन्द्र बन्धन-मुक्त हो फूले न समाता हुआ महादेव के प्रिय पुत्र श्रीगणेश जी को अष्टाङ्ग दण्डवत करके स्वतन्त्र हो, अपने धाम (स्वर्ग पुरी) को शीघ्रमेव चले गये।

१ स्तम्भित बाहु का वर्णन इसी पटल के नवमे (९) श्लोक में देखिये।

Verses 19, 20, 21,

Now Bhairava addresses Bhairavi :-

Thus having listened to the eulogy sung by Lord Indra, Lord Ganesha's wrath abated and he cast a kind look on the former. He released the arm[1] of Indra with great pleasure. Indra, then getting his desire fulfilled, offered obeisance to Ganesha, the Saviour and son of Shiva, and left for his abode.

1. The paralysed arm (see verse 9, 10)

क्रोधसंहारकं नाम स्तोत्रं गणपतेरुदा ।
त्रिकालं श्रद्धया युक्तः पठन् मुच्येत संकटात् ॥२२॥

"क्रोध संहारकम्" नाम का यह गणेश जी का स्तोत्र है, जो व्यक्ति इसे श्रद्धा पूर्वक प्रातः मध्याह्न तथा सायं को पढ़े, वह निश्चय संकटों से त्राण पाता है।

Verses 22

Hence, if one endowed with faith, recites this hymn named 'The Abater of Wrath' thrice a day, gets freed from any hardship whatsoever.

ततो गणपतिर्देवि तृषितः क्षुधितोपि च ।
भुक्त्वा स्वादुफलं तत्र पपौ गङ्गां सुपुष्कलाम् ॥२३॥
पीत्वा गंगा समग्रं शस्तदा लम्बोदरोऽभवत् ।
लम्बोदरीति वै नाम्ना ह्याजुहाव हरस्तदा ॥२४॥

तब हे देवि ! गणेश जी प्यास और भूख का अनुभव करने लगे, वहां पर आने वाले मीठे फलों को खाकर पिपासा वश विशाल गंगा को पी गये। परिणाम यह हुआ, कि सारी की सारी गंगा जी सामने से गणेश जी के पेट की आकृति लम्बोतरी-दीर्घाकार हुई, तो बस भगवान गजेन्द्र इस दिन से 'लम्बोदर' इस शुभ नाम से जग-विख्यात हो गये। तो सदाशिव ने इस गंगा का नामकरण 'लम्बोदरी. नाम से किया।

Verse 23, 24,

Later, O effulgent goddess ! Ganapati, feeling hungry and thirsty, took sweet fruit and drank the entire water content of the stream (Ganga) flowing by. Thus Vignesha,[1] having gulped down the whole of Ganga became swollen-bellied. Then Shiva called him by the name of 'Lambodara'.

1. An epithet of Ganesha, meaning the remover of obstacles.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गंगां शुष्कां ततो दृष्टवा हरो गणपतेः प्रिये ।
डमरुणाऽऽ हनत्तस्य ह्यु दारमुदरं तदा ॥२५॥
अवमन्मुखतो गंगां तदा गणपतिः प्रिये ।
सैव लम्बोदरी जाता लम्बोदरविनिसृता ॥२६॥
यस्माल्लम्बोदरात्तस्य गणेशस्य विनिसृता
तस्मात् प्रोक्ता पुराविद्भिः महालम्बोदरी नदी ॥२७॥

हे प्रिये ! इसके अनन्तर श्री महादेव ने जब यह देखा कि गणेश जी ने गंगा को जल रहित कर दिया है, तो निदान पूर्ण विचार करके उन्हांने श्री लम्बोदर जी के इस फूले हुए पेट को अपने डमरू से ऐसा बजाया (पटकाया) कि श्री लम्बोदर जी के गजेन्द्र मुंह से गंगा जी पुनः बह निकली, सूना पडा गंगा स्थान फिर जलाप्लव से भर आया। यही कारण है कि गंगा जी श्री लम्बोदर के लाम्बिक उदर से बह निकलने के कारण "लम्बोदरी" सार्थक नाम वाली बनगई। अन्त में प्राचीन तत्व-वेत्ताओं ने भी इसे "लम्बोदरी" नाम से अभिहित किया ।

Verses 25, 26, 27

O Beloved ! when Shiva saw that the Ganga had been dried up thus by Ganesha, He beat the belly of the latter with His Damaru—the minidrum. This made Ganesha vomit the Ganga. Thus the stream that flowed from the long-bellied one—Lambodara, was given the towering name 'Lambodari' by the learned men of yore.

लम्बोदर्यां नरः स्नात्वा मुच्येज्जन्मोद्भवैरघैः
सूकरस्य समीपे तु स्नाति लम्बोदरी जले ॥२८॥
स याति विघ्न रहितः शिवलोकं सनातनम् ।
लम्बोदरी जलस्पर्शः कोटि जन्माघ नाशनः ॥२९॥

इस लम्बोदरी नदी में जो कोई स्नान करेगा,, निश्चयमानो वह अनेक जन्मों में अर्जित पापों से रहित (निष्पाप) बन जायेगा, विशेष कर जो सूकर (वर्तमान-सक्खर) के समीप इस लम्बोदरी नदी के जल में स्नान करेगा, निश्चय ही वह किसी भी विघ्न के बिना सदा के लिए सनातन शिव लोक में स्थान प्राप्त करेगा। क्योंकि महापुरुषों और देवताओं द्वारा यह सिद्ध और प्रामाणित है कि लम्बोदरी महानदी का जल-स्पर्श करोडों जन्मों के पापों का नाशक है।

Verses 28, 29 & ½ of 30

A person who takes a dip in Lambodari is released from the backlog of sins accumulated during his life-time. If one undergoes ablution in the water of Lambodari at Sakhar, one carves out a permanent niche in the abode of Shiva, with all one's impediments quashad. Even the mere touch of Lambodari water frees one from the sins of millions of births. O great Goddess! this is the glory of ablution when undertaken just adjacent to Mamleshwara.

करणीयो महादेवि मामलेशस्य सन्निधौ ।
लम्बोदर भवां यो वै नदीं परम पावनीम् ॥३०॥
स्नाति यो विधिवन्मर्त्यः सर्वपापैः प्रमुच्यते ।
गां हिरण्यं सुवासश्च लम्बोदर नदी तटे ॥३१॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यो ददाति द्विजश्रेष्ठे ह्यनन्तं फलमाप्नुयात् ।
लम्बोदरो नदी तीरे यः स्नायात्परया मुदा ॥३२॥
स याति शिव सालोक्यं यत्र गत्वा न शोचते ।
..............................॥३३॥

हे महादेवि ! स्मरण रखे श्री लम्बोदर - गणेश जी के गजवदन से निकली परम पावनी लम्वोदरी नदी में इस समीपस्थ हरितीर्थ 'मामल' के समीप जो कोई भी मनुष्य विधिवत् स्नान करेगा, और इसी नदी के किनारे पर गोदान, सुवर्णदान तथा सुन्दर सुन्दर वस्त्रों एवं उत्तम २ वस्तुओं का दान करेगा, वह अनन्त काल तक अनन्त शुभ फलों का भोगी बनेगा। विशेष कर निश्चय रखो, पवित्रात्मा बनकर महती प्रसन्नता से लम्बोदरी के किनारे पर स्नान करने वाला पुरुष शिवलोक में जाता है, शिव सान्निध्य को पाकर परम हर्ष को पाता है, जहां प्राप्त होकर उसे कोई भी दुःख नहीं सताता है।

Verses 31, 32, 33,

If a mortal performs ablution according to religious injunctions at this Lambodari stream, he gets rid of all his sins. One who gives away a cow and presentable clothes in charity at the bank of 'Lambodari' to pious Brahmins (the highly learned and established in spirituality), enjoys immeasurable returns thereof.

The one, who undergoes the ceremonial washing of one's body at Lamboderi with great joy, is united with Lord Shiva whereat one never comes to grief.

भूयो भूयः किमुक्तेन नरैः स्वपतितैः प्रिये ।
लम्बोदरी नदी तीरे स्नातव्यमविशङ्कया ॥ ३४॥

Sheshram Nag (Lake)

JANKINATH KAUL 'Kamal'
M.A., B.T., PRABHAKAR
EDITOR--CULTURAL DESK
Sri Ramakrishna Ashrama
SRINAGAR (Kashmir)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे प्रिये ! इसके अतिरिक्त मैं और अधिक क्या वर्णन करूं, बस इतना तो अवश्य कहूंगा, प्रिये इस परम पावनी 'लम्बोदरी' नदी में नित्यं प्रति बिना किसी शङ्का के स्वयं पतित मनुष्यों को स्नान करना चाहिए।

Verse 34

O Beloved ! No use repeating; even an apostate should, without any apprehension, take a bath at the banks of Lambodari stream. (Such a person is also freed from sins).

इति ते कथिता देवि लम्बोदरी नदी शुभा।
श्रुत्वा सुभक्तिदा पुंभिः महापातक नाशिनी ॥३५
इत्येष पठलो गुह्यः कलिकल्मष नाशकः।
श्रुतोऽनुध्यातः पठितो महापातकहा कलौ ॥३६॥

प्रिये, आपके हठात् आग्रह से मैंने परम हितकारिणी इस लम्बोदरी नदी का माहात्म्य तथा इसका यथातथ्य वर्णन आपके सामने प्रकट किया। निश्चय रखो, इस माहात्म्य के पठन तथा श्रवण से भक्तों के सब पाप धुल जाते हैं। इसीलिए यह पटल एक रहस्यात्मक सन्देश है। कलिकाल में अर्जित पापों का निवारक है, कलियुग में इसका श्रवण करने से इसका निरन्तर ध्यान करने से तथा पढ़ने से अंघोर पाप भी नष्ट हो जाते हैं।

Verses 35, 36,

Thus, O Goddess ! I have unfolded to you the goodness of Lambodari stream. Even listening to it with great devotion, gives release from difficulties to mortals.

This canto is full with words of mystry. Knowing about it destroys the sins of Kaliyuga. Even by listening to it, by reciting it or by meditating over it one gets rid of great sins in this age of Kali.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इति लम्बोदरी महिमा नाम चतुर्थः पठलः ।

इस प्रकार लम्बोदरी नदी के महिमा का यह चतुर्थ पठ समाप्त हुआ ?

THUS ENDS THE FOURTH CANTO ENTITLED "LAMBODARI"

अथ पञ्चमः पठलः

भृगुतीर्थ – विवरणम्

श्री भैरव :–

भृणु देवि ! प्रवक्ष्यामि भृगोस्तीर्थमनुत्तमम् ।
यच्छ्रुत्वा मुच्यते जन्तुर्महापातक संचयैः ॥१॥

श्री भैरव भैरवी से बोलते हैं :— ! (अब तक तो आपने परम-पावनी लम्बोदरी नदी की महिमा, तथा तदुपयुक्त विशिष्ट वर्णन सुन लिया) अब मैं आपको महर्षि भृगु महाराज के पापनाशक अत्युत्तम पवित्र तीर्थ का माहात्म्य तथा उसका सर्वाङ्गीण वर्णन सुनाता हूं जिसके श्रवणमात्र से ही मनुष्य घोर पापराशि से मुक्त हो जाता है ।

१. भृगुतीर्थ का वर्तमान नाम पहलगाम है ।

CANTO V

BHRIGU TIRTHA

Verse 1

Bhairava speaks to Bhairavi :-

Listen to me, O Effulgent one ! I unfold to you the excellence of towering Bhrigu[1] Tirtha, paying attention to which, one is freed entirely from the back-log of sins (accumulated in previous births)

1. Bhrigu Tirtha can be construed as the present-day Pahalgam.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भृगुमुनिवरो देवि ! परिशीलवने[1] पुरा ।
तपश्चचार सुमहद् देवैरपि सुदुष्करम् ॥२॥
दिव्यं वर्ष[2] सहस्रन्तु परिशीलयतो वनम् ।
जगाम परमेशेच नियतस्य परात्मनि ॥३॥

चिरकाल की बात है, एक समय महामुनि भृगु जी परिशील नामक वन में घोर तपस्या, जिसकी साधना अन्य देवों से बहुत ही दुर्लभ और कठिन है, कर रहे थे । यहां तक कि इस प्रचण्डतपस्या में उसे देवातओं के हजारों वर्ष बीत गये थे ।

१. दूसरे पाठों में 'वनम्' है ।
२. यहां 'देववर्ष' से तात्पर्य है ।

Verses 2, 3

O Devi ! in ancient times the great sage Bhrigu performed so severe a penance in the forest[1] called Parisheela, which even the gods found difficult to emulate. Thus a thousand heavenly years[2] passed while this great sage went on indulging in this mental drill, abstract meditation.

1. Alternate and correct readiug of "Vanam" forming the last word of the first line in verse 3 is 'vane'. It should be gen tiv instead of vocative.
2. Years ccord ng to the count of gods and mortals.

आजगाम तदा तत्र विष्णुः[1] दर्शयितुं मुदा ।
सर्वैः देवगणैः सार्धं भृगुः प्रोवाच तं हरिम् ॥४॥

भगवान् विष्णु भक्त वत्सल हैं, उनसे सहा नहीं गया । समय पर वे उन कठोर तपस्या में लीन और परमात्मा में एकीभूत बने महर्षि भृगु जी के पास उसके पवित्र आश्रम पर परिशील वन में स्वय शुभ दर्शन देने के लिये आ गये, तो उधर

(दूसरी ओर) चिरकाल से भगवान् विष्णु के साक्षात्कार के अभिलाषी भृगुजी भगवान् को स्वयं आते देख सारे देवताओं के समेत उनके दर्शन के निमित्त अगवानी (स्वागत) करने को निकले तो भृगु जी भगवान् को प्रत्यक्ष देखकर फूले न समाते हुए निरर्गल वाणी में यह बोले:—

१. यह सर्वजन विदित है कि भगवान् विष्णु 'भक्तध्रुव' और 'भक्त-प्रह्लाद' को भी उनकी घोर तपस्या से प्रसन्न हो, उनको साक्षात् दर्शन देने के लिए स्वय उनके सामने प्रकट हुए थे ।
(भक्त ध्रुव) ... ... श्रीमद्भागवत् स्क० ४, अ, ९१ १ - ५ श्लोक
(भक्त प्रह्लाद) .. ,, ,, ७, अ. ८ १८ - २३ ,,

Verse 4

Then Lord Vishnu came there to bless the sage with His[1] glance. Bhrigu, along with the gods received Him and invoked Hari thus :-

1. We know how Dhruva and Prahlada, as a result of their servere penances were blessed by Lord Vishnu with His glance and favour. c. f. Srimad Bhagvatam, Book VI chap. IX, 1-5 and Book VII chapter VIII, 18-23 respectively.

भृगुरुवाच:—
विष्णो जिष्णो महाविष्णो प्रभविष्णो जगत्पते ।
अप्रमेयानन्त[1] गुण भूयो भूयश्च ते नमः ॥५॥

हे स्थूल सूक्ष्म में सर्वत्र व्यापक ! सदा जयशील ! सब से महान् । सब के अधिपति ! यथार्थ ज्ञान से भी ज्ञान में आने से दूर ! असीम (अप्रमेय) अनन्त गुण राशि ! हे जगत्पति-परमेश्वर ! आपको मेरा बार बार प्रणाम हो ।

१ सूक्ष्म से सूक्ष्म तू स्थूल है इतना, कि जिसमें यह ब्रह्माण्ड सारा समाया ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verse 5

O the all prevading One! the excelling One! the Lord of Lords! the Mighty Vishnu! the Sovereign of the worlds! Immeasurable One[1] (in terms of immanenece) possessed with endless qualities! again I offer prostration to Thee.

---

1. Regarding the immanence of God, Shruti says—'*yato Vacho nivartante aprapya manasa saha*' — wherefrom the word returns and who is beyond the reach of mind (Taithriya Upanishad 2-4-1).

इति स्तुत्वा महाविष्णुं प्रभविष्णुं महेश्वरम्।
दण्डवत् प्रणिपत्याशु भूयो भूयो नमोऽकरोत् ॥६॥

इस प्रकार भृगु जी सर्वत्र-व्यापक जगदाधार परमेश्वर उन विष्णु भगवान् के चरणकमलों पर साष्टाङ्ग दण्डवत्-नमस्कार बार बार करते ही रहे।

Verse 6

Thereafter, having propitiated the Mighty Vishnu, the great Lord with exclusive sovereignity (over the worlds), he (Bhrigu) invoked Him bowing like a stick repeatedly at His feet.

उत्थाप्य प्रणतं तत्र भृगुं विष्णुः सनातनः।
आनन्दाश्रुपरिक्लिन्नश्चुचुम्ब मूर्ध्नि तं मुनिम् ॥७॥
आलिलिङ्गतुरन्योन्यं भृगुविष्णू महेश्वरि।
तदङ्गप्रस्वेदसंजैर्जलैः परमपावनैः ॥८॥
पुण्यं तीर्थमभूत् देवि! परिशीलनवनं परम्।

बस भक्त वत्सल भगवान् से न रहा गया, उनका सारा शरीर प्रेममग्न हो आनन्दाश्रु से भीग गया, झट अपने पैरों पर सामने पडे महर्षि भृगु को ऊपर उठाकर उनके मस्तक को चूम लिया। इस प्रकार प्रेमातिरेक से आनन्द-विभोर हो वे दोनों भक्त और भक्तवत्सल (भगवान् विष्णु और महर्षि भृगु) परस्पर एक दूसरे से ऐसे लिपट-गये, कि उनके शरीर से प्रेमोद्भूत स्वेद कण टपकने लगे। परिणाम-स्वरूप इन बहुत ही पवित्र स्वेद-कणों के प्रभाव से यह परिशीलन वन एक पवित्र तीर्थ के रूप में परिणत हो गया।

Verses 7 8, & ½ of 9

Vishnu, the primeval Being then raised up Bhrigu, who had fallen at His feet soaked with tears of joy. He planted a kiss at the crown of the sage.

इसी प्रकार राक्षसों को (पिष्टा:) पीसे हुए देखकर सब देवता परम हर्ष को प्राप्त हुए, और इसी आधार पर वह पर्वत जिस पर देवताओं द्वारा सब राक्षस पीस डाले गये, "पेषागिरि" इस नाम से भूमण्डल में प्रसिद्ध हो गया। आजकल इसे ही "पिस्सू-घाटी" कहते हैं।

१ वे आपसी बगदड़ में आगे और आगे जाना चाहते थे।

THE PISSU MOUNT

Verses 17, 18, 19, 20.

Once upon a time demons and gods, joining hands with each other, set out to steal a glance over Lord Shiva (who was sitting like a pollard). In the vicinity of "Schanvashrama" they, intent on stealing march over one another, yelled out 'I am the first[1],' I am the first." So this rivalry culminated in their mutual fight to gain the vantage point while going up the mountain called Pissu Ghati, ('Pish Bal' in Kashmiri parlance.) The best amongst the gods pounded the demons there, on that very mount, forbidding their (demon's) onward ascent. The gods felt very much relieved on seeing the demons pounded. That forbearing mount, on which these demons were pounded from all sides by gods, established its renown throughout the world as "Pesha" (pounding).

1 There was a virtual stampede to gain distance from one another.

पिनष्टि यत्र[1] पापानि नरो नियतमानसः ।
ततः प्रोक्तं पुराविद्भिः पेषाख्यो गिरिरुत्तमः ॥२१॥

पुरातत्त्वविदों का कहना है, यही वह उत्तम पेषागिरि है जहां मनस्वियों के सारे पाप जड़ से पीसे जाते हैं।

१ रहस्यार्थ के अनुसार इस स्थान का अभिप्राय मन की एकाग्रता रूप आराधना स्थान से है। इस से परमार्थ मार्ग में सफलता मिलती है। योगी के लिए मानसिक एकाग्रता का स्थान इस प्रकार का है :-

"मध्यमं प्राणमाश्रित्य प्राणापान पथान्तरम् ।
आलम्ब्य ज्ञानशक्तिं च तत्स्थंचैवासनंलभेत्" ॥
नेत्र तन्त्र (११-८)

अर्थात् प्राण और अपान के पथ के बीच में मध्यम प्राण का आश्रय लेकर और ज्ञान शक्ति के आधार पर ठहर कर इस आसन पर स्थिर रहे।

Verse 21

The place[1], where a person with a disciplined mind crushes all his sins, is termed by the wise as the gracious "Pissu Hill".

1 Esoterically the 'place' here means any place of worship where concentration of mind registers success. For a Yogi, it means the pose and place of concentration in his astral body as is given in Netra Tantra (11/8) :-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Madhyamam Pranamashritya
Pranapanapathantaram,
Alambya Gyanashaktim Cha
Tatstham Chaivasanam Labhet.

'Make a pause in the middle path at the point where the outgoing breath exhausts and the in-coming breath takes strength. Concentrate with awareness at that point. That is the place, seat or 'asan' (of a yogi)".

वाराणस्याः शतगुणं सहस्त्रं कुरुजांगलात्[1] ।
लक्ष्यं च मानसक्षेत्रात्[2] पेषाख्यो गिरिरुच्चते ॥२२॥
कुरुक्षेत्रे[3] प्रयागे[4] च गंगासागर[5]संगमे ।
स्नात्वा यत्फलमवाप्नोति तत्पेपस्य दर्शनात् ॥२३॥
नैमिषे[6] च प्रयागे च सन्निहत्या कुरुक्षये ।
स्नात्वा यत्फलमाप्नोति तत्पेपस्य तु दशनात् ॥२४॥

इस की महानता वाराणसी (काशी) से सौगुणी, कुरुक्षेत्र के विशिष्ट वन से हज़ार गुणी तथा मानसक्षेत्र (मान सरोवर) से लाख गुणी अधिक है। इतना ही नहीं, बल्कि यह भी उन्हीं महानुभावों की उक्ति है कि कुरुक्षेत्र में, प्रयागराज में, गंगा जी के सागर संगम पर, तथा निमिषारण्य के विशुद्ध वातावरण में स्नान करने से जो फल प्राप्त होता है, इस पेपागिरी के दर्शन करने से वही फल मिलता है।

१ प्राचीन भारत में कुरु-अांचल एक समृद्धिशाली राज्य था, इस की राज्यधानी 'हस्तिनापुर' थी, इस राज्य का नाम राजा कुरु के नाम पर ही पढ़ा था (देखिये महाभारत आदिपर्व ९४-४९)

२ उत्तर भारत के सर्वोच्च पर्वतराज हिमालय का एक उच्चतर शिखर है, जो कैलास पर्वत के नाम से प्रसिद्ध है। इस की उपत्यका में स्वच्छ और निर्मल जल से पूर्ण एक महान सरोवर है जिसे मानस झील कहते हैं। इसी के तटस्थ सर्वत: प्रसारित क्षेत्र "मानस क्षेत्र" से अभिहित है। भगवान् शिव के अनन्यभक्त यहीं

पर शिव की उपासना करते हैं। उनका विश्वास है कि, युगान्तान्त पर उनकी आत्मा का शिव से सायुज्य हो जायेगा। तथा इस झील में जो स्नान करते हैं, आवागमन से मुक्ति पाते हैं। इसका अपर नाम उज्जनक भी है। महर्षि वसिष्ठ तथा पतिव्रता अरुन्धती ने इसी स्थान पर आत्मसाक्षात्कार (शिव सायुज्य) पाया है। (महाभारत वनपर्व १४/१३०

३ कुरुक्षेत्र
४ प्रयाग
५ गंगासागर
} विशेष विवरण देखिये, इसी पटल का ९ और १० श्लोक के नोट।

६ पुराणों में अति प्रसिद्ध प्राचीन तथा पवित्र वन की यही एक रम्यस्थली है, जहां प्रायः ऋषियों और मुनियों की समितियां लगती थी, सर्व प्रकार की जटिल समस्याओं का निर्णय होता था, धार्मिक तथा सामाजिक कथा भाषण होता था। आजकल इसे 'निमिसार' कहते हैं। उत्तर भारत में 'सीतापुर' जिले में स्थित है। महर्षि शौनक ने यहीं पर पूरे १२ वर्ष तक निरन्तर एक विशिष्ट यज्ञ रचा था। भारत भर में सर्व प्रसिद्ध मुनि ऋषियों ने इस में पूर्ण भाग लिया था। अन्त में यहीं पर श्री व्यासपुत्र सूत जी ने सनकादि ऋषियों को श्री व्यासकृत महाभारत की कथा सुनाई थी। विशेषत: कलि युग में साधु पुरुषों का यही तपस्या स्थान है। (महाभारत आदिपर्व श्लोक ९)

Verses 22, 23, 24

Merit accrued (from ablution etc.) at 'Pissu Giri' is a hundred times more than that accumulated at Varanasi, a thousand times more than that merited at Kuru Jangala[1] and a million times more than that obtained at Manasa Kshetra[2]. Merit that accrues from ablution at Kurukshetra[3], Prayaga[4] and Gangasagara[5] (the confluence of Ganges with the sea near Bay of Bengal), is possible to be attained by mere glance of the Pissu Mount. Merit bagged from performing ablution at Naimisha[6] forest, in

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

its unpolluted atmosphere can easily be got by a mere glance of the Pissu Mount.

---

1 A kingdom in ancient India of which Hastinapura was the capital. This kingdom acquired this name from Kuru (Mahabharata Adi Parva 94/49)

2 A lake on the peak of the Himalaas at the foot of Kailash Mountain. In the precincts of the lake many devotees conduct Shiva-worship. They believe they would merge with Shiva at the end of the Yuga. Those who bathe in that pond would acquire Moksha. Manasara is called Ujjanaka also Vasishtha and Arundhati became released souls at this place. (Mahabharata, Vana Parva 14/103).

3 Kurukshetra became a sacred place as King Kuru did tapas there (one of the five Mahakshetras : Kurukshetra, Gaya, Ganga Prabhasa and Pushkra) (Mahabharata: Adi Prava 14/50). See also note I of verses 9-13.

4 Prayaga is a scared place situated at the meeting point of Ganga and Yamuna. He who bathes at this holy spot would get the benefit of doing ten Ashvamedhas (Mahabharata, Vana Parva 35/84) (See also note 2 of verses 9-13)

5 A sacred tirtha, a bath in which is as beneficial as the performing of ten ashvamedhas (Mahabharata, Vana Parya 35/4) (See also note 3 of verses 9-13)

6 Naimisha, very famous in the Puranas, is a sacred place. Nimasar is the modern name for the place, and it is in the Sitapur zilla of North India. Shounaka conducted a Yegya here which lasted for twelve years. All the reputed Rishis participated in it, and there Suta (Sauti) the son of Vyasa recited to the Maharishis Mahabarata composed by Vyasa (Mahabharata, Adi Parva Chap.1) *Naimisharanya* is the abode of hermits in the Kali-age.

गिरेरारोहणे देवि यावन्तो रेणुबिन्दवः ।
तावन्ति वाजपेयानि[1] प्राप्नोत्येव न संशयः ॥२५॥
आरोढुमिच्छतेयस्तु गिरौ देवि समाहितः ।
स ब्रह्मभवनं याति यत्र गत्वा न शोचते ॥२६॥
विधिना यो नरो देवि ! पेषमारोहते यदा ।
पापसङ्घान् पिष्ट्वात्र पदं सदाशिवं[2] व्रजेत्[3] ॥२७॥

हे देवि ! इस उत्तम पर्वत पर महती श्रद्धा से चढ़ने पर एक भक्त उतने वाजपेय यज्ञों का फल प्राप्त करता है, जितने इस पर्वत की रेणु-बिन्दुएँ हैं। यह ध्यान में रखकर जो भी कोई समाहित मन से इस पर चढ़ना चाहता हो, सीधा वह ब्रह्मपुरी में वास करता है, जहां उसे कोई किसी भी प्रकार का दुःख पीड़ा नहीं देता है। इस प्रकार जो विधि - विधान 'पेषागिरी' पर चढ़ेगा, प्रथम तो वह अपने सारे पापों को पीसेगा, तदनन्तर निष्पाप बनकर झटिति सादाशिव पद (शिवलोक में शिव - सायुज्य) को पायेगा। इस में किसी भी प्रकार का संशय नहीं है।

---

१ देखिये नोट ६, श्लोक ९–१० इसी पटल का।

२ सदाशिव - भगवान शिव का एक हृदय - स्पर्शी नाम है, कश्मीर शैव - दर्शन के अनुसार 'सदाशिव' ३६ तत्त्वों में एक है, अनुलोम वृत्ति से इसका स्थान तीसरा है, यथा (शिव-शक्ति-सदाशिव)। और प्रतिलोम वृत्ति से ३३ वां है। शिवशक्ति विकास में जहां 'अहम्' में इदन्ता का परामर्श होता है, वहीं इस तत्त्व को सदाशिव तत्त्व कहते है।

देखिये कश्मीर - शैवइज़म (J. C. Chatter Ji)page 6

अनुलोभ चैतन्यता का प्रथम पद है जहां यह इच्छा शक्ति का पोषक बनता है। (तन्त्रालोक अ० ९ श्लोक ४६–५२)

३ "श्री श्री श्री शिति कण्ठेश" इम मन्त्रमनुस्मरेत
अर्थात् पेषणगिरि (पिस्सू घाटी) को पार करते हुए भक्तजनों को इस मन्त्र का उच्चारण करते हुए भगवान् शिव का ध्यान करना चाहिए। (ख, ग, पाठ में यह पद्यांश अधिक है)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

O Goddess ! on climbing up this mountain (Pissu) a devotee merits the fruit of as many Vajapeya[1] Yayyas as there are dust particles on that hilly terrain.

O Beautiful one ! One who climbs the mountain with stead fast devotion coupled with briddled senses, is transported to the periphery of Supreme Reality devoid of any aberration whatsoever.

One who descends the Pissu Hill in accordance with the religious injunctions, will crush all the hordes of sins and get immersed in Sada[2]-Shiva[3].

1 Vajapeya is the fifth of the seven famous sacrifices :- Agnishtoma, Atyagnishtoma, Ukathya, Shodashi, Vajapeya, Aina and Poundrika. (Vajasaneya Samhita) During this sacrifice only boiled rice or clarified butter (Ghee) is taken. (*Vajyam annam ghritam Va Peyam*-Amara Bharti also c. f. Gopatha Brahman-I-5-23.

2 Sada Siva is an epithet of Shiva This is one of the thirty six categories advocated in Shiva Philosophy. This is the third tattwa (category) in the line of evolution. At this point Shiva-Shakti gradually develops the experience which may be formulated in thought as 'I am (this).' This is also named Sadakhya Tattwa. (c f Kashmir Shaivism by J.C. Chattera Jee-1926 Ed-P.67). According to Tantraloka of Abhinavgupta (Ahnik-9, Slokas 49-51) it is the first evolute produced in the process of evolution of consciousness. It is, therefore, the will aspect of consciousness (Iocha Shakti) See pp 13-14 of Koshur Samachar, Delhi Vol. xx, No: 7-Five fold glory of Shiva by Jankinath Koul Kamal.

3 There is an additional line in MsDT, and N3-TB which runs *"Shri Shri Shri Shiti Kanthesha iman matramanusmret."*

While repeating the mantra (formula of prayer) Shri Shri Shri Shiti Kadthesha one must meditate upon the deity (Shiva). Shiti Kantha is an epithet of Shiva.

महान्ति मेरुतुल्यानि[1] पापानि यदि सुन्दरि ।
तान्यस्य दर्शनादेव नाशमायान्ति तत्क्षणात् ॥२८॥
महापातक युक्तोवाऽयुक्तोवा ह्यु पपातकैः ।
स याति भैरवंदेवं यत्र नास्ति कृताकृतम् ॥
पेपदर्शनमात्रेण नरो याति परं पदम् ॥२९॥

हे सुन्दरि ! मनुष्य ने चाहे मेरु पर्वताकार बडे २ पाप क्यों न किये हों, कोई महापापी ही क्यों न हो, या अन्य छोटे पापों से घिरा हुआ हो, पावनकारी इस पर्वत-दर्शन से उसके सारे पाप भस्मीभूत होते हैं। अन्त में मनुष्य शिवलोक में शिव जी का साक्षात्कार करता है, जहां से उसे फिर पुनरावृत्ति नहीं होती है, क्योंकि यह निश्चित है कि "पेपगिरि" के दर्शन मात्र से मनुष्य "परं पदम्" सर्वोत्तम विशिष्ट अधिकार को प्राप्त करता है।

१ मि – फेंकना, अर्थात् प्रकाश फैलाने वाला पर्वत=मेरु, है । हिन्दु धर्ममतानुसार मेरु सम्पूर्ण भूमण्डल के मध्य में प्रतिष्ठित है। यह ९ संख्यक सुरालय तथा शिवालयों में सर्वश्रेष्ठ पर्वत है। इसी कारण इसे 'हेमाद्रि 'स्वर्ण पर्वत' तथा 'रत्नसानु, (हीरे से परिपूर्ण अधित्यका वाला पर्वत) अर्थात् स्वर्ण और मणियों का पर्वत कहते हैं। पर्वत-श्रेष्ठ होने के नाते भगवान श्री कृष्ण ने अपने को पर्वतों में मेरु कहा है । मेरुः शिखरिणामहम्—गीता १०–२३. मेरु पर्वत को अक्षरेखा माना गया है जिस के गिर्द ग्रह नक्षत्रादि घूमते हैं । इस का रूपक अर्थ मानव शरीर में पृष्ठवंश है।

Verses 28, 29

Even if one has accumulated sins towering as Meru Mountain, O Beautiful One ! all those get destroyed at once by having a mere glance at the mountain (Pissu).

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

The one suffering under the stress and strain of sins, great or small, will, by a mere glance of Pissu Mount, attain the divine status of 'Bhairava', unconcerned with pleasure or pain.

1 'Meru' is the name of fabulous mountain round which all the planets are said to be revolving and which forms the centre of several Dveepas (Islands), which are like the petals of a lotus flower, each being separated from the other by a distinct ocean. It is a division of the terrestrial world. The number of these divisions varies according to different authorities viz: four, seven, nine, thirteen and eighteen. In Naishada Charita (i-5) the number of Dveepas is said to be eighteen, but seven appears to be the usual number as Jambu, Plaksha, Shalmali, Kusha, Krouncha, Shaka and Pushkara (c. f Bhagwat 5-1-32 and Raghuvansha 1-65). Lord Krishna speaks of it as His special manifestation—*Meruh Shikharinamaham* (Gita X-23).

The golden Mount Meru is believed to be the axis round which all the heavenly bodies rotate.

Brahma dvnda or the spinal cord in the human structure is allegorical representation.

नमस्करोति देवेशि पुण्यं पेषगिरिं[1] तु यः ।
स याति परमं ब्रह्म यत्र गत्वा न शोचते[2] ॥३०॥
बहुनात्र किमुक्तेन कलौ पेषगिरिं नरः ।
आरुह्य मुक्तिमाप्नोति सत्यं सत्यं न संशयः ॥३१॥

हे महादेवि ! इस पेषगिरि के बारे में मैं और अधिक क्या वर्णन करूं, साधारण रूप से भी जो कोई इस पावनीय पेषगिरि को नमस्कार करता है, वह ब्रह्मलोक में निवास करता है, जहाँ वह सुखदुःखावस्था से सर्वथा रहित होता है। हाँ, अब जो परम श्रद्धा से इस पर चढ़ता है उसके बारे में कहना क्या, वह संसार के बन्धनों से छूट कर मुक्ति को पाता है। निश्चय रखो, यह सर्वथा सत्य है, इस में संशय मात्र भी नहीं है।

१ पेष शब्द से यहाँ तात्पर्य पिसू घाटी से है, यह घाटी हिम रेखा से ऊपर कठोर ढलान वाली जगह है। यह स्थान बिल्कुल नग्न

घोर चढाई के लिए बहुत कष्टकर है। थोड़ी सी वर्षा से रास्ते में फिसलन आती है और इस पर चलना भयावना बनता है। यहां ऋषि के कहने का तात्पर्य है कि इस रास्ते पर एकाग्र होकर चलना चाहिए। ऐसा सरल तभी हो सकता है जब यात्री शितिकण्ठ का मन्त्र लगातार जपता रहे (देखिये श्लोक 26, 27 का नोट 3)। इससे आगे भी रास्ता बड़ा खुरदुरा है।

२ इसका अभिप्राय यह है कि भक्त आवागमन के चक्कर से छूटकर परमगति (शान्ति पद) को प्राप्त करता है।

Verses 30, 31

O Venerable Goddess! One who pays obeisance to Pissu Mount, attains to that Supreme Reality where one bids adieu to repentance[1] in all its shades.

Forsooth, there is no doubt that a person gets emancipated on ascending this mount 'Pesha'[2] in this Iron age even.

1 By 'repentance' it should mean here 'continue to revolve in the circle of transmigration,' for this deters one from appropriating abiding peace.

2 'Pesha' means the Pissu Mount which has a very steep ascent, and is above snow-line. Thus it is exposed and hard to climb. If it rains while going up this hill, it becomes slippery and consequently dangerous to proceed. It is therefore, suggested by the Rishis that one should have concentration while going up the hill. That is easy by keeping on repeating the forceful formula of prayer 'Shitikantha', an epithet of Lord Shiva (c f. also note 3 of verses 26, 27). The path beyond is rugged and rough.

इतिप्रोक्तो मया देवि पेषस्य महिमा परः ।
श्रुतोनुध्यातः पठितो महापातकनाशनः ॥३२॥
इत्येष पटलो गुह्यः प्रोक्तस्तव वरानने ।
श्रुतश्च पठितश्चापि ज्योतिष्टोमादि यज्ञदः ॥३३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे महादेवि ! आप निश्चय रखिये परम पुनीत इस "पेषगिरि" वर्तमान "पिस्सूघाटी" की उत्पत्ति तथा इसके महिमा का विवरण मैंने केवल आपके महान् अनुरोध पर किया है, साधक को इसका श्रवण-मनन तथा पठन सर्व प्रकार के पापों का नाश कारक है।

हे देवि ! यह जो कुछ विवरण किया है, यह अमरेश्वर यात्रा का छटवां पटल है। रहस्य से पूर्ण - ओत - प्रोत है। इसका श्रवण करना और पठन करना महान् से महान् ज्योतिष्टोमादि यज्ञ सम्पादन के समान फल प्राप्ति का दाता है।

---

१ इसका अभिप्राय यह है कि इस पटल में जो कुछ कहा गया है, उस पर पूरा समाधान देना चाहिए।
योग प्रकिया के अनुसार यह प्राणायाम की परिपक्वावस्था है जहां प्राण और अपान मध्यमार्ग (सुषुम्णा) के द्वारा विश्व चैतन्य में लीन होता है। साधक को यहां पूरी सावधानतया चलना अभिप्रेत है। क्योंकि यहाँ ही विशेष अनुभूति प्राप्त होती है,
कश्मीरी भक्त कवि स्वामी परमानन्द जी ने इसकी ओर संकेत करते हुए कहा है—

"तति तोर पवनुय ओत दवान"

अर्थात् उस से आगे केवल वायुचक्र ही चलता है इससे अभिप्राय विशुद्धचक्र से है, जहां प्राणायाम का अभ्यास दृढ होता है।

२ यह सोमयाग का एक विशिष्ट प्रकार है। इस की क्रिया 16 ऋत्विजों से सम्पन्न होती है, यह भी पुत्रेष्टि याग है।

इति स्थाण्वाश्रम-पेषगिरि महिमानाम षष्ठमः पटलः।

स्थाण्वाश्रम और पेषगिरि महिमा प्रदर्शक अमरेश्वर यात्रा–महिमा का यह छटवाँ पटल है।

Verses 32, 33

O Goddess! I have related the glory of Pissu Mount (Pesha Giri) to you. One who recites it or listens to it, surely gets rid of great mass of sins.

O Fair-faced one! this canto (patala) that I have unfolded unto you, possesses hidden purport.[1] Anyone, who listens to it or recites it, will reap the virtue accruing from undertaking 'Jyotishtoma'[2] sacrifice.

1 It is emphasized here that whatever has been described needs to be read between the lines. So it contains a hidden caution also.
According to the Yoga course as signified by Swami Parmananda (Nandaram of Mattan, Kashmir) in his Amarnath Leela (a poem in Kashmiri language), this is a stage for ripening of Pranayama, where in-coming breath (apana) and out-going breath (prana) are to be concentrated with universal awareness into the middle path (Madhya-Marga) called Sushumna. That is a trying task for a Sadhaka (Spiritual aspirant). This is termed 'Secret' because a Saddaka has to undergo radical transformation at this stage. Swami Parmananda gives a hint to this eff ct by saying :-

"*Tatitore Pavaney ot davan*"

"Beyond, the winds alone do blow".
It refers to the Yogi's stage at Vishuddha Chakra where he has to get a strong hold in the practice of Pranayama, for which the preceptor's guidance is necessary so that he is able to get established in the path, which is subtler beyond.

2 Jyotishtoma Yajnya is a kind of Soma Sacrifice requiring sixteen priests for its performance (c.f. Mahabharata 3. 221.30)

Thus, Sthanvashrama and Pissu Mount, the sixth canto of Amareshwara Mahatmya comes to a close.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ सप्तमः पटलः

(सुश्रुम नाग)

श्री भैरवी :–

श्रुत्वा भवन्मुखाद् देव महिमानमनुत्तमम्[1] ।
नगस्य[2] पिपिताख्यस्य दैत्यास्थिप्रभवस्यच
कृतार्थास्मि कृतार्थास्मि कृतार्थास्मि न संशयः ॥१॥
अधुना श्रोतुमिच्छामि नागस्यापि महेश्वर ।
प्रभावं च समुत्पत्तिं कथयस्व प्रसादतः ॥२॥

श्री भैरवी जी बोलती हैं, हे प्रियतम ! पिस्सू पर्वत, जो कि राक्षसों की हड्डियों से बना हुआ है, इसकी उत्पत्ति और इसकी महिमा का आद्योपान्त विवरण मैंने आपके मुखारविन्द से सुन लिया। आप निश्चय रखिये, मैं इसके श्रवण करने से अत्यन्त कृतार्थ हुई हूँ। इसमें किञ्चिन्मात्र भी संशय नहीं है। किन्तु हे प्रभो ! अब मैं आपके मुखसे यह सुनना चाहती हूँ कि शेषनाग (वर्तमान–शीशरमनाग) का प्रादुर्भाव यहाँ कैसे हुआ, तथा इसकी महिमा (प्रभाव) क्या है, कृपया विधिविधान समेत सम्पूर्ण विवरण देने से मुझे कृतार्थ कीजिये।

---

१ देखिये पटल ६, श्लोक २०, २१.
२ देखिये पटल १ श्लोक २० नोट २.

CANTO VII

SUSHRUMA NAG

Verses 1, 2

Bhairavi said,

O Great Lord! having lent ear to the unparalleled eminence of the mountain-top known as Pissu which has come into existence with the bones of the slain demons, I have been doubtlessly gratified. Now I would like to know about the origin of (Shesha)[2] Nag and its miraculous prowess.

---

1 c.f. Verses 20, 21 of Canto VI.
2 c.f. Note 2 of Verse 20 of Canto I.

श्रृणु सुश्रोणि[1] वक्ष्यामि शेषस्य[2] नागरूपिणः[3] ।
माहात्म्यं च प्रभूतिं च सर्वपापप्रणाशिनम् ॥३॥

श्री भैरव बोलते हैं, हे सुमध्यमे ! आप चिन्ता न करिये, सुनिये, सरोवर के रूप में सुशोभित शेषनाग का प्रादुर्भाव यहाँ कैसे हुआ, तथा इसका माहात्म्य जो सब पापों का विनाशक है, कितना प्रभावशाली है, सब बताता हूँ :-

---

१ श्रोणि—कटि (कमर) का अपर नाम है सुडोल और सुन्दर कमर वाली स्त्री, सुमध्यमा (कटिः श्रोणिः ककुद्मती, इत्यमरः २.६.७४)
२ शेष – अनन्त तन्नामक नागराज (सर्पराज) इसके विषय में पौराणिक किंवदन्ती है, शेष सर्व प्रधान एक नागराज है, इसके १००० फण है, जिस पर स्वय भगवान् क्षीर सागर में लक्ष्मी जी के समेत शयन लक्ष्मी पति करते है, तभी इसे 'शेष', शेषशायी नारायण कहते हैं।

क) शान्ताकारं भुजगशयिनं — — — — —
लक्ष्मीकान्तं कमलनयनं— — — — —

ख) नाथेति नागशयिनेति जगन्निवासेत्या०"

ग) भोगि भोगशयनीय शायिने । (मकुन्द माला श्लोक० ३, १०, १६)

३ नाग का अभिधेयार्थ कश्यप की स्त्री कद्रू के पुत्रों का है। जिन का शरीर मनुष्यों का सा, फण और पूंछ सर्पो की सी है। पाताल में निवास करते हैं, और देवता कहलाते हैं पाताल को तभी 'नागलोक' कहते हैं। पाताल (नीचे) से जहां भी पानी निकलता है ऐसे जलाशयों को रूढि से 'नाग' कहते हैं। नाग देवताओं के प्रतिष्ठित

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

होने से इन जलाशयों की पूजा भी की जाती है। प्रायः इन सब जलाशयों (नागों) के नाम सर्पराजों के नाम से व्यवहृत होते हैं, यथा–अनन्तनाग, वासुकिनाग, तक्षकनाग, कार्कोटनाग। यहां पर भी प्रसङ्गानुसार शेष का अभिप्राय 'शेषनाग या सुश्रुम नाग' से है।

Verse 3

O Devi of slender waist[1]! Be attentive to listen to the origin and eminence of 'Shesha[2]' in the form of a lake (Nag)[3] which dispels the entire host of vices.

---

1 Bhairava addressed His beloved Bhairavi here as 'Sushroni' which means the one with slender waist.

2 'Shesha' is the name of celebrated serpent having a thousand heads. (It is represented as forming the conch in one of the four hands of Vishnu, the sustainer of creation). 'Shesha' also forms the resting place of Lord Vishnu. Puranas tell us that 'Shesha' supports the entire world (the earth) on its head. Lakshmana and Balarama are said to have been the incarnations of 'Shesha'. They gave company to Rama and Krishna respectively to set the world order iu balance (Vishnu Puran). Refer also to Mukundamala Verse 3, 10, 16.

3 'Naga' meaning serpent is represented by a spring in Kashmir. Verily any spring in Kashmiri language is called 'Nag'. Hence the name Sheshanag or Sushrumanag.

पुरा कृतयुगे[1] देवि स्थानं चक्रुर्हिमालये।
शिखरे वै महापुण्ये चामरेश्वर सन्निधौ[2] ॥४॥
पूजार्थं दर्शनार्थं च तपोर्थं सुरसुन्दरि।
त्रिदशाः सिद्धगन्धर्वा देवयोनिसमन्विताः ॥५॥
एतस्मिन्नन्तरे कश्चिद्वातरूपधरो बली।
दैत्येन्द्रोभून्महावीर्यस्तपोगर्वेणगर्वित[3]: ॥
अत्रस्थान्सगृहान्देवान्पीडयामास शक्तितः[4] ॥६॥

ततो देवाः सहेन्द्रेण शरणं परमेश्वरम्।
निकटस्थं समाजग्मुः स्तुतिभिः पर्यतोषयन् ॥७॥

सत्युग की बात है, एक दिन बहुत पहिले सब देवताओं के समेत सिद्ध, गन्धर्व तथा अन्य सब देव योनियों से सम्बन्ध रखने वालों ने, आपस में एकत्रित होकर यह विमर्श किया कि यह सुअवसर है, इस समय देवादिदेव महादेव विविक्त स्थान देवतात्मा स्वरूप हिमालय पर विराजमान हैं, क्यों न हम भी इन्हीं भगवान शङ्कर की पूजा के लिए इनके शुभ दर्शन के लिए तथा तपस्यासाधने के लिये इसी परम पुनीत अमरेश्वर स्थान के समीप हिमालय के शिखर पर अपना निवास बनायें। सबसे यह परामर्श स्वीकृत हुआ, और एक-२ करके सब वहीं रहने लगे। इतने में एक महाबली वायु रूपधारी राक्षस जो अपनी तपस्या के गर्व में गर्वित था, अपनी पूर्णशक्ति से घर गृहस्थी के समेत सब देवताओं को आतङ्कि। करने लगा। बेचारे देवता तंग आ गये, अकिञ्चित्कर हो राजा इन्द्र के समेत इसी हिमालय पर विराजमान परमेश्वर अमरेश्वर की शरण में आये, और उनकी भक्ति पूर्ण स्तुति करने लगे।

---

१ कृतं त्रेता द्वापरंच कलिश्चेति चतुर्युगम्।
प्रोच्यते तत्सहस्रं तु ब्रह्मणो दिनमुच्यते ॥

'विष्णु पुराण' की इस सूचनानुसार युग चार हैं, इनका वर्ण परिमाण भिन्न २ है, सुगमता से परिचय पाने के लिए तालिका निम्नस्थ है :-

सं०	प्राचीन नाम	वर्तमान नाम	मानवीयवर्ष	अवधि
i	कृतयुग/सत्ययुग	सुवर्णयुग	१७२८०००	चतुष्पाद
ii	त्रेतायुग	रौप्ययुग	१२९६०००	त्रिपाद
iii	द्वापरयुग	ताम्रयुग	८६४०००	द्विपाद
iv	कलियुग	लोहयुग	४३२०००	एकपाद
		कुल मानवीय वर्ष	४३२००००	दिव्ययुग

सम्पूर्ण रूप में चारों युगों को 'चतुर्युग' तथा महायुग भी कहते हैं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

"मन्वन्तरं तु दिव्यानां युगानामेक सप्तति:" इस अमरोक्ति के अनुसार एक मन्वन्तर एक दिव्य युग=४३२०००० × ७१=३०६७२०००० है

"दैविकानां युगानां तु सहस्त्रं ब्रह्मणो दिनम ।
मन्वन्तरं तथैवेकं तस्य गुणश्चतुर्दश" ॥

इस कथनानुसार ३०६७२०००० × १४=४२९४०८०००० मानवीय वर्षों का यह एक प्रलय (कल्पान्त) है।

विशेष :- उपरोक्त चारों युगों में शारीरिक तथा मानसिक अवस्था अनुपात में सत्ययुग से कलियुग तक न्यूनतर होती जाती है, तभी विद्वज्जनों ने चारों युग चार पादों में विभक्त किये हैं।

i श्रीमद्भागवत् स्कन्ध ३, अध्याय ११ श्लोक १८–५०

ii महार्णव तन्त्र भाग १, श्लोक १८-५०

iii अमर कोष १–४–२३.

२ सन्निधि का तात्पर्य साथ-२ रहने का है। भल्लेमानसों के इसी साथ–२ रहने को 'सत्संग' कहते हैं, मन को जीतने (वश करने) का प्रधान कारण यही सत्संग माना गया है, 'सत्संगो वासनात्यागो ....उपाय: मनसो जये। विशेषत: सत्संग ही परमार्थलाभ सनातन शान्ति तथा सच्चे सुख की प्राप्ति का मुख्य साधन है यही कारण है सत्संग का मिलना सरल नहीं कठिन है, कहा है :-

"महत्संगंतु दुर्लभोऽगम्योऽमोघश्च" नारद भक्ति सूत्र ३३.

सत्संग असाध्य दुखों की औषधि है, तभी यहां सारे देव श्रीअमरेश्वर की सन्निधि में रहने के इच्छुक हुए। दूसरी बात प्राचीन काल में देवों को राक्षसों का भय होता था, वे उनके प्रत्येक कार्य में विघ्न डालते आये है आज भी तन्निवृत्ति के लिए ही ये देव भगवान अमरेश्वर के सानिध्य में साथ-२ रहने के इच्छुक हैं :-

क्योंकि :-

दुर्जनं प्रथमं वन्दे सज्जनं च तथान्तरम् ।
मुखप्रक्षालनात्पूर्वं पादप्रक्षालनं यथा ॥

(दुर्जनों से दूर रहने में ही भल्लेमानसी मानी गई है)।

३ गर्व का अपरनाम अभिमान है, अभिमान मनोमालिन्य से पैदा होता है, जिन के मन मलिनता से आवृत्त हो, गर्वी बन जाते है। कोई भी व्यक्ति कितना भी सत्कार्य साधक क्यों न हो, पर यदि उसे सफलता का अभिमान आ जाये तो अवश्य उसकी सफलता विफलता [illegible]

[illegible]

तपस्या द्वारा भगवान शंकर से अभीष्ट वर की प्राप्ति की थी पर [illegible] मन में मलिनता (गर्वी होने के) कारण उसके कार्य में असफलता की सम्भावना है। यहां 'शक्ति से दूसरा अभिप्राय' शक्ति शस्त्र-आयुध (बर्छी से भी अभिप्रेत है भगवती दुर्गा ने इसी शक्ति-आयुध से महिषासुर का संहार किया है।

Verses 4, 5, 6 & 7

O Goddess of Divine beauty ! In ancient times, during the golden age[1], Devas (gods), Siddhas (sages) and Gandharvas (celestial beings) coupled with demigods came to live on the pious peak of the Himalaya Mountain, in the vicinity[2] of Amareshwara, to worship and have a glimpse of the Lord as also to meditate on Him.

In the meantime some fierce chief of the demons, appearing in the form of wind, very sinewy and, puffed up with the consumation of his penance[3], indulged in teasing the habitations of the gods by his potentiality[4]. So the gods, along with their chief (Indra) sought refuge with the great Lord (Amareshwara), closely invoking his pleasure with these euolgies :-

---

1. There are four Ages called Yugas. For the convenience of the reader tabular detail of the Ages is given below :

S N.	Oriental Name.	Name in English	Span of total years.	Ratio.
1)	Krita Yuga or Satya Yuga.	Golden Age.	17, 28,000	4 times Kali Yuga.
2)	Treta Yuga.	Silver age.	12, 96,000	3 times Kali Yuga.
3)	Dwapara Yuga.	Bronze age.	8, 64,000	2 times Kali Yuga.
4)	Kali Yuga.	Iron Age.	4, 32,000	... ...
	Grand total of mortal years.		43,20,000.	

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

The aggregate length of years of these Yugas comprises one Chatur-Yuga called Maha-Yuga.

One Manvantar is $4320000 \times 71 = 306720000$ years.

One Kalpa is $306720000 \times 14 = 4294080000$ years

It is also understood that regularly descending length of the Yugas represents a corresponding physical and moral deterioration among people during each respective age. (Shrimad Bhagwatam Book III Chap XI Verses 18.50 also c.f, The Great Liberation-Mahanrivana Tantra by Arthur Avalon Chapter I Verses 18.50)

2 For spiritual growth leading to Eternal peace and happiness, company of the good is of utmost importance :-

Mahatsangastu durlabho-agamya amoghascha (Narada Bakti Sutra-39).

Since company of the good (and great) ones is the only efficacious drug to cure all ailments, it is therefore that Devas, Sidhas, Gandharvas and demigods came to reside in the vicinity of Amareshwara, the presiding deity, to ward themselves off the deterioration often caused by evil spirits, which are said to be more powerful than others. A word of caution is, therefore, given in Hitopadesha :-

Durjanam Prathamam Vande
Sajjanam Cha tathantaram,
Mukha-prakshyalanat poorvam
Pada prekshyalanam Yatha.

Just as before washing the face it is enjoined to wash the feet; so the obstacles are to be warded off before embarking on the righteous path.

3 One's own polluted mind is like a demon, of the force of violent wind. Ego often asserts authority which leads one to lose one's head.

4 'Shakti' translated as potentiality, can be construed as the dart, spear etc.—the weapon of a demon here.

Jayenkay Library
37/4 Pandoka Colony,
PALOURA JAMMU — 181121
ACC. No. 521 PRICE 75/-

देवाः ऊचु :-

नमस्ते देवदेवाय शम्भवे[1] परमात्मने[2] ।
जगत्स्थितिविनाशानां हेतुभूताय वै नमः ॥८॥
त्वं माता सर्वभूतानां[3] त्वमेव जगतां पिता[4] ।
त्वं सुहृद्बन्धुरेवासि त्वत्तोनान्यज्जगत्त्रये ॥९॥
अनाथानां तु नाथस्त्वमगतीनां गतिस्तथा[5] ।
आर्तानामार्तिहात्वंच त्वमेव शरणं श्रये ॥१०॥

हे देवादिदेव ! कल्याणकारी परमात्मन् ! सम्पूर्ण जगत के उत्पति - स्थिति - और विनाश के कारण भगवन् ! हम सब देवता आपकी शरण में आये हैं, और नमस्कार करते हैं। हे प्रभो ! आप सारे चराचर जगत की माता हैं, पालन कारी पिता हैं, और सर्वहितकारी बन्धु हैं। हे स्वामी ! आप ही अनाथों के नाथ और असहायों के सहारे हैं, सांसारिक भयंकर दुखों के हर्ता केवल आप ही हैं । आप से बढ़कर हितकारी इस त्रिभुवन में और कोई नहीं है। हम आपकी शरण में आना चाहते हैं आप शरण दीजिये ।

---

१ शम् - भवति - अस्मात्–शम्भुः । जो मन की एकाग्रता से उत्पन्न होता है वह शम्भु है ।

२ परश्चासावात्मा चेति - परमात्मा, कार्य कारण विलक्षणः ।
चूंकि सम्पूर्ण जगत में महानता का आश्रय आत्मा ही है इसीलिए वेद में परंब्रह्म को ही परमात्मा कहा है। वेदान्त में इसी को ब्रह्म मानते हैं । परमात्मा – पुरुषोत्तम का पर्याय वाची है।

३ माम् त्रायति ... ... (त्रैङ् पालने धातु) विशेषकर जो मेरी रक्षा करती है ।
माता :– सब का आधार, आदि स्रोत - योनि मूल है ।

४ पिता :- पाति रक्षति, पालने वाला जगदाधार, जगदालम्बन ।

५ गति :- आवागमन (जन्म-मरण) के बन्धन से मुक्तिः ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Prayer of the Devas

Verses 8, 9 & 10

We pay repeated obeisance to the Super-Lord, Shambhu[1]—procuring unruffled state of mind—the Supreme spirit or Braman[2], the cause of sustenance and dissolution of this world.

Thou art the mother of all creatures[3], Thou the father[4] of all worlds. Thou art the kinsman, Thou the loving friend. There is naught beyond the three worlds save Thee.

Thou art the emancipator of those who do not merit this[5]. Thou removest afflictions of the afflicted. So we seek refuge in Thee.

---

1. 'Shambhu' can be explained as the one born of mental equipoise (Sham+bhu).
2. The all-pervading spirit which presides over this whole universe, the essence from which all created things are produced and into which they are absorbed. Vedantins treat 'Brahman' alone as the ever existant Truth. 'Parmatman' has often been equated with Purushottama also.
3. Actually the source, origin.
4. Supporter, regulator etc,
5. Gati—release from the shackles of life and death.

इति स्तुत्या महादेवः प्रादुरासीद्[1] दयानिधिः ।
उवाच करुणया वाचा देवानां दुःखभाजिनाम् ॥११॥

इस प्रकार प्रेम पूर्ण भक्ति से ओत प्रोत स्तुति से सन्तुष्ट होकर दयासागर महादेव वहीं पर प्रकट हुये और दुःखी देवताओं को प्रेम भरी वाणी से सम्बोधित करने लगे :-

---

१ प्रादुर्भूत होना - प्रादुर्भाव - (साक्षात् रूप) में आना, अर्थात निराकार से साकाररूप धारण करना।

Verse 11

Having been adored in this manner, the Great Lord manifested Himself and addressed the un-nerved gods in these honeyed words :-

---

1. Impersonal dimensions having been transformed into personal, unmanifest becoming manifest; Transcendence changing hands with immanence.

सर्वं श्रुतं मया देवा दैत्येन्द्रस्य दुरात्मनः ।
मया संवर्धितो दैत्यः छेतु[1] नार्होऽसुराधिपः ॥१२॥
तस्माद् व्रजध्वं शरणं शरणार्तिविनाशनम् ।
भगवन्तं[2] चतुर्बाहुं[3] शङ्खचक्रगदाधरम् ॥१३॥
क्षीरसागरमध्यस्थं[4] शेषशायिनमेव[5] च ।
इति विसर्जितान्देवानन्तर्धिं प्राप्तवान् हरः ॥१४॥

हे देवताओ ! निश्चय जानो, दुरात्मा दैत्येन्द्र की सारी करतूतों को तो मैंने सुन लिया है, मुझे सब विदित है, पर मैं अकिञ्चित्कर हूं, मैंने ही राक्षस का संवर्धन पोषण किया है ; यही कारण है, मैं उस राक्षसेन्द्र को स्वय मिटाने में सर्वथा असमर्थ हूं ।

धीरज धरो, आप सब जगपालक भगवान् विष्णु की शरण में जाओ, वे ही अपनी सारी पीडाओं को दूर करने में समर्थ हैं। भगवान् विष्णु (आर्तत्राण परायण) शरण आये हुए के रक्षाकारी हैं, चतुर्भुज हैं जिन में शङ्ख-चक्र -गदा और पद्म सुशोभित हैं और इस समय क्षीर सागर में शेषनाग पर विश्राम कर रहे हैं। यह सुअवसर है, उनकी शरण जाने का ।

इस प्रकार सब देवताओं को क्षीर सागर की ओर प्रस्थान कराकर स्वयं महादेव अन्तर्हित हो गये ।

---

१ "विष वृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयंछेतुमसाम्प्रतम्" नीति शास्त्र के इस नियमानुसार कोई भी अपने किये पर विरुद्ध नहीं कर सकता है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

यहांतक अपने हाथों उगाये-लगाये, पालित-पोषित किये परिणाम में अति विरुद्ध करने वाले विष के वृक्ष को भी कोई अपने हाथों नहीं काट सकता है। यही कारण है स्वयं त्रिकालदर्शी महादेव, जिसने वायु-राक्षस को अभीष्ट सिद्धि का वर दिया था, उद्धत होकर अब उसके देवों पर ही विरुद्धाचरण करने पर भी वह उसे किसी प्रकार का अनिष्ट नहीं कर सकता है। अपने ही किये पर कोई दुःख आने में अन्तर नहीं हो सकता है, इसी अपनी असमर्थता के कारण महादेव देवताओं को भगवान विष्णु के शरण जाने की अनुमति देते हैं।

२ 'भगवन्तं' का अभिप्राय यहां विष्णु भगवान् से है। 'सृष्टि-स्थिति-और प्रलय' के पूर्ण अधिकारियों (ब्रह्मा-विष्णु-महेश) त्रिकारणों में इनका काम पालन करने से है। मत्स्य-कूर्मादि १० अवतारों का धारण भी इसी कारण इन्होंने किया है।

'शरणार्ति विनाशकम्' यह विशेषण जो यथार्थ में पालन करने का प्रमाण है: कहा भी है :– 'आर्तत्राण परामण: स भगवान नारायणो मे गति:'

३ भगवान् विष्णु की चार भुजाएं हैं जिनमें वे शङ्ख, चक्र, गदा और पद्म धारण किये हुये हैं। कई इन्हें ज्ञानेन्द्रियों के प्रतीक मानते हैं। 'श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसना और घ्राण' ये पांच ज्ञानेन्द्रिय हैं। इनमें-श्रोत्र (शब्द) को शङ्ख, त्वग् (स्पर्श) को चक्र, चक्षु (रूप) को गदा और रसना (रस) तथा घ्राण (गन्ध) को पद्म इन प्रतीकों से जानते हैं।

४ भगवान् विष्णु क्षीर सागर में (शेषशायी) सहस्त्रशीर्षधारी शेषनाग पर शयन करते हैं। क्षीर सागर विश्वाकार में स्वच्छता और पवित्रता का द्योतक है, साथ ही शान्ति का प्रतीक है, सत्वगुणी विष्णु ने इसी कारण क्षीर सागर को ही अपनाया है।

५ शेषनाग अपने सहस्त्रशीर्ष पर पृथ्वी को धारण किए हुए हैं। आदिशेष ने कपिलमुनि के अवतार में आधारकारिकाओं का उपदेश सर्वजन पर अनुग्रह हेतु किया। यह परमार्थसार के रूप में प्रकट हुआ। पतञ्जलिमुनि को शेष-मुनि के नाम से भी जाना जाता है। अत: इन आधारकारिकाओं को शेष-कारिकाएं भी कहते हैं। अभिनवगुप्तपाद ने ब्रह्मोपदेश रूप इन कारिकाओं को शैव-नय में प्रतिपादित किया।

(परमार्थसार श्लोक २, ३, रिसर्च लाइब्रेरी काश्मीर विश्वविद्यालय, और देखिए - श्लोक २४ के नोट में)।

Verses 12, 13, 14

O gods! I have listened to all what you said about the wicked lord of demons. O great gods! it is I who have made him grow. Therefore I am loath[1] to see him cut (to his size). So you approach the dispeller of afflictions of those who seek his protection – the four armed Lord Vishnu[2] wielding the conch, the wheel and the mace (also[3] the lotus), staying in the midst of the milky ocean[4] and relaxing on 'Shesha[5]', the lord of serpents. Therefore, dismissing the gods from his presence Hara merged in His Transcendental Self.

---

1. For one who has nursed a poison-plant, it is unbecoming to fell it down himself. (*Visha-Vriksho-api Samvardhya swayam cchethum-asampratam*) (Hitopadesha)
   Mahadeva expresses His inability to kill the demon. He, however, directs the devas to Lord Vishnu, who alone could relieve them of the affliction.
2. Vishnu is the second subliminal manifestation of the sacred Trinity known also as 'Trimurti'. He is entrusted with the work of preservation of the world, which duty He is represented to have duly discharged through His various incarnations (c f. Varaha Purana).
3. Four arms of Lord Vishnu; bearing different weapons (Ayudha) represent the five different but important powers of cognition in the universal sense thus :-
   i) Conch (Shankha) —the power of hearing.
   ii) Wheel (chakra) —the power of touch.
   iii) Mace (Gada) —the power of sight.
   iv-V Lotus (Padma) —the two powers of taste and smell
   (The last two are understood to be included in one here).
4. The milky ocean, the abode of Lord Vishnu. It is the state of transparence in the universal setting. Peace pervades here.
5. 'Shesha' -the celebrated serpent with a thousand heads supporting the entire world on his head. (c. f. verse 3 note 2).
   Adishesha is also believed to have unfolded Adharakarikas or Sheshakarikas during his incarnation as Kapil Muni, also known as Shesha Muni. The work was known as Parmarthasara.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Later, Adharakarikas as referred to by Abhinavagupta and his commentator Yogaraja, are believed to have been composed for the benefit of spiritual aspirants by Patanjali, another incarnation of Adi Shesha.
c. f Parmarthasara verses 2 and 3- Published by the Research Department of J&K Government (now transferred to the Research library of Kashmir University) under the title: Kashmir series of Texts and Studies, Vol : VII. For further details. see note of verses 24,25.

ततो देवगणाः सर्वे हर्षसंपूर्णमानसः ।
क्षीराब्धिं प्राप्यसन्तुष्टास्तुष्टुवुजगतां पतिम् ॥१५॥

तो क्या हुआ, सारे देवता जिनका मन खुशी के विकास से खिला हुआ था, क्षीर सागर पहुंचे, प्रसन्नचित्त हो, जगत्पति श्री भगवान् विष्णु की एवं स्तुति करने लगे :–

Verse 15

Thereupon, the whole host of gods repaired to milk-ocean in full glee and highly satisfied. They made the Lord of the worlds equally happy (with their eulogies which follow) :-

देवा ऊचु :-

नमो नमो ह्यनन्ताय[1] रुपातीताय वै नमः ।
सर्वेशाय च सर्वाय सर्वगाय च ते नमः ॥१६॥
गुणेशाय गुणज्ञाय गुणातीताय वै नमः ।
वेदाय वेदरुपाय वेदगम्याय ते नमः ॥१७॥
ध्यानाय ध्यानगम्याय ध्यानातीतायवै नमः ।
जगत्कर्त्रे नमस्तुभ्यं जगद्धर्त्रे च वै नमः ॥
जगत्पालनसंहार क्रियाय चित्स्वरुपिणे[2] ॥१८॥

सारे देवता अब भगवान् विष्णु की स्तुति करने लगे :-

हे अनन्त (अनेक) रूपधारी तथापि रूपरहित (निराकार) सर्वव्यापक 'विष्णो'! हे सब के स्वामी ! सर्व स्वरूप तथा सब में ओतप्रोत भगवन् ! हम आपको नमस्कार करते हैं ।

हे सब गुणों के आधार ! गुणों से ही जानने योग्य तथापि सब गुणों से अतीत हे निगुण-निरञ्जन भगवन् ! आपको हमारा नमस्कार हो ।

हे साक्षात् तत्वदर्शी, वेदमय, वेदस्वरूप और तत्व विद्या से ही प्राप्य, वेदवेत्ता भगवन् ! आपका हमारा नमस्कार हो ।

हे साक्षात् मानसिक-चिन्तन-रूप ध्यानमय, एकाग्रमन से बोधगम्य, ध्यानधारणा से ही ध्यान में आने वाले, तथापि ध्यानातीत (चिन्तन् से भी परे) ! हम आपको नमस्कार करते हैं ।

हे जगत् के स्रष्टा, जगत् का भरण, पोषण और पालन करने वाले, तथापि प्रलय पर सारे संसार को अपने में ही लीन करने वाले ! आपका मन कभी विचलित नहीं होता है, इसलिए आप चिन्तन-मनन स्वरूप हैं, अतः आपको नमस्कार हो ।

---

१ अनन्तः- विष्णुः, 'नास्ति अन्तः गुणानां यस्य', इस व्युत्पत्ति से जिसके गुणों का कहीं अन्त नहीं है,
कहा है :- गन्धर्वाप्सरसाः सिद्धाः किन्नरोरगचारणाः ।
नान्त गुणानां गच्छन्ति तेनानन्तोयमव्ययः ॥
(वि–पु० २-६-२४)

तथा (अन्तः परिच्छेदः देशतः कालतः वस्तुतश्च यस्य नास्ति) अर्थात् देश काल और वस्तु से जिसका परिमाण नहीं हो सकता है परंब्रह्म है :-
देखिये :- १ व्रजरत्न भट्टाचार्यकृत योगवासिष्ठसार का मंगल श्लोक
२ भर्तहरि कृत नीतिशतक का प्रथम श्लोक ।
दिक्कालाद्यनवच्छिन्नानन्त चिन्मात्र मूर्तये ।
स्वानुभूत्येकमानाय नमः शान्ताय तेजसे ।।
मुण्डकोपनिषद् में 'अपराविद्या' के संदर्भ में इस त्रिपुटी का वर्णन M. P. Pandit ने 'कुलार्णव-तन्त्र' के २८ पृष्ट पर इस प्रकार लिखा है । १ शब्दब्रह्मरुप-वेद प्रथम भूमिका (अद्वैत) की है ।
२ परब्रह्म का ईक्षण दूसरी भूमिका (द्वैत) की है ।
इस प्रकार कई द्वैत में और कई अद्वैत में आस्था रखते हैं, परं दोनों को सत्यता से ज्ञान नहीं है । वस्तुतः देव (परब्रह्म) "द्वैताद्वैत-विवर्जितः" अर्थात् द्वैत और अद्वैत से बहुत आगे हैं ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verses 16, 17, 18

The Devas said :-

Salutations to Thee, the Infinite, the one defying[1] form, the one who sustains all, the one immaculately whole in Himself and one pervading entire cosmos.

Salutations to Thee, the propeller of the elemental nature (of creation), the one knowing the inherent attributes but (at the same time) beyond these.

We propitiate Thee, the last word in (spiritual) knowledge, manifest in the shape of the Vedas (sacred and revealed lore), also comprehensible through these alone. We pay our homage to Thee, the object of meditation negotiable through concentration and (by Himself) beyond all this (discipline). Obeisance to Thee, the creator of this universe, the sustainer of cosmos, pledged to protect the worlds, the inner firmament (chidakasha) and its representation in cosmic form.

---

1 The Infinite, one beyond form is described in the opening verse of Vasishthasara as also in Bhartrihari's Nitishatakam, thus :-

Dik-kaladyanavacchinna—nantachinmatra murtaye
Swanubhutyekamanaya Namah Shantaya Tejase.

"Bow to the calm and self luminous Being whose image is entire, free from (or undefined by) the limits of Space, Time etc, and is, therefore, Infinite, and whose existence is only experienced by one's own conscience or whose sole (principal) essence is self-realization.

2 The triad is expressed in the three verses in different ways. In the context of Apara Vidhya (Mundak Upanishad 1-1-4) it is summed up here as quoted by M.P. Pandit in the "Readings" of Kularnava Tantra page 28 thus :-

"The Shabda-Brahman, Veda, is the first and the ideative conception of Para-Brahman is the second. Some prefer non-dualism—advaita and some dualism—dvaita. But none of them knows my Truth which is above both dualism and non-dualism, "dvaitadvaita vivarjitam".

एवं स्तुतस्तु देवेशि प्रसन्नोभूत् दयापरः ।
उवाच वचनं देवान् सर्वदुःखनिवारणम् ॥१९॥
गच्छध्वं देवदेवेशा नाकं शोकहरं परम् ।
तं दुष्टं सकुलं हन्मि वातरूपं दुरासदम् ॥२०॥
इत्युक्त्वान्तर्दधे विष्णुर्भक्तानामार्तिनाशकृत् ।
[1]पातालाद्गिरिराजे[2] वै प्रादुर्भूतो जगत्प्रभुः ॥२१॥
[3]शेषारूढश्चतुर्बाहुः सलक्ष्मीकोपि सायुधः ।
आज्ञापयामास तदा शेषं शतफणाभिधम् ॥२२॥

भैरव बोलते हैं, हे देवि ! इस प्रकार देवताओं द्वारा स्तुति किये जाने पर भगवान् दीनदयालु उन सब (देवताओं) पर प्रसन्न हुए, और देवताओं के सब दुःख दूर करने वाले ये वचन बोले :-

हे देवेन्द्र तथा अन्य देवताओ ! आप चिन्ता मत करो, शोक रहित (शोकहारी) स्वर्गपुरी में चले जाओ । मैं स्वयं उस अनाक्रमणीय दुष्ट वायु - रूप राक्षस को सपरिवार तथा वंश समेत मौत के घाट उतारूँगा । यह कह कर भक्तों की दीनता और हीनता मिटाने वाले भगवान (इस लोक में) तो अन्तर्हित हो गये, और स्वयं (जगत् के स्वामी) पाताल में गिरिराज पर प्रकट हुए । वहां चतुर्भुज रूप (चारों भुजाओं में अपने आयुध शङ्ख, चक्र, गदा, और पद्म) धारण कर प्रिया (लक्ष्मी जी) के समेत अपने वाहन (सौ फन वाले) शेषनाग पर सवार होकर विष्णु ने उसे आगे चलने की आज्ञा दी ।

---

१ पाताल - भूगर्भ के सप्त लोकों में अन्तिम लोक है । यहां कश्यप की स्त्री कद्रू के पुत्र 'नाग' रहते हैं । इसे नागलोक भी कहते हैं । चित्रकार माया ने यहां अलौकिक सुन्दर नगर बसाये हैं । (विशेष विवरण देखिये पटल ७, श्लोक ४, ५) ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

२. यहां गिरिराज का तात्पर्य अमरेश्वर के निकटस्थ 'वावजन पर्वत' से है। देवता लोग प्राय: इसी की अधित्यिका पर तपस्या करने को आया करते थे। तभी इसे गिरिराज की उपाधि से पुकारते रहे।

३ शेष–देखिये, पटल ७, श्लोक ३ नोट २ ।
तथापि यहां इस का अभिप्राय इस प्रकार है :–
भगवान विष्णु ने शेष (पवनाशन) को आज्ञा दी थी कि तुम यही पर पर्वतीय जलाशय के रूप में प्रतिष्ठित रहो, ताकि वायुरूप राक्षस फिर यहां देव जातियों को बाधा डालने न आवे। प्राय: देव-गण परमेश्वर-साक्षात्कार तथा स्वात्मानुभूति के लिए यहां आते हैं, क्योंकि पारमार्थिक अनुभूति तथा आत्मज्ञान प्राप्ति के लिए उन्हें एकान्तवास की आवश्यकता होती है जो उन्हें यहां प्राप्त है। यही कारण है कि इस पर्वतीय जलाशय को 'शेषनाग' से अभिहित करते हैं।

Verses 19, 20, 21, 22.

O Goddess! the compassionate Lord was pleased with such kind of adoration and addressed the gods, allaying their discomfiture, in these words:-

'O venerable gods! you go to the heaven where you will be completely free from affliction. I will do away with that wicked and invincible wind-demon along with his tribe.

Saying these words, Lord Vishnu, the destroyer of the affliction of His devotees, dissolved into unmanifest form. Then the Lord of the Universe, through the nether regions[1], appeared in cosmic form, wielding divine weapons in four arms, on the towering mountain[2] with Lakshmi, His consort, reclining on the "Sheesha"[3]. He, thereafter, exhorted the hundred-hooded Shesha thus :-

1. The last of the seven regions or worlds under the earth is said to be peopled by Nagas. The seven regions are:- Atala, Vitala, Sutala, Rasatala, Talatala, Mahatala and Patala. In all these regions there are beautiful cities and buildings built by Maya, the great architect. The *daityas*, *danavas* and *nagas* live in these regions. (c f. verse 4-5 of this canto).
2. The mountain at Vavajan in the vicinity of Amareshwara where the Devas etc. had gone to do penance (c. f. verses 4-5 of this canto).
3. See note 2 of verse 3 of this canto. Shesha was ordered by Lord Vishnu to reside nearby in the form of the mountain-lake thus named Sheshanaga. and to be on watch so that the demon taking the form of violent wind may remain tamed or may not raise its head again to disturb the penance of Devas, Siddhas, Gandharvas and demigods who had come there for the purpose of realizing the ultimate reality. Need for solitude and company of the good is stressed here for the pursuit of realising the ultimate Truth.

वातंपिब फणीन्द्र त्वं सहस्त्रैःवदनैर्द्रुतम् ।
प्राणांस्तर्पय नागेश यतस्त्वं पवनाशनः[1] ॥२३॥

अरे फणीन्द्र ! तुम्हारा नाम 'पवनाशन' है। वास्तव में तुम पवन-भक्षी हो, तुम आज अपने हजारों मुखों से यहां के सम्पूर्ण वायुमडल के समेत वात (राक्षस) को पी डालो, जिस से इस का अंशमात्र भी शेष न बच पाये। रे नागेश, इस प्रकार तुम अपने प्राणों को पूर्णरूपेण वायुभक्षण से तृप्त करो।

१ पवनाशन का दूसरा नाम 'चक्षुश्रव:' भी है क्योंकि सांप आंखों से ही सुनता भी है।

Verse 23

"O tallest of the serpents ! with your thousand mouths inhale quickly the wind and thus feel fully refreshed as you are supposed to live on wind.[1]

1. Likewise snakes are also supposed to hear with their eyes (Chakshu Shravas).

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

एवंश्रुत्वा भगवतो वचनममृतोपमम् ।
सोनन्तस्त्वरया[1] दैत्यं वातरूपं पपौ क्षणात् ।।२४।।
पुनर्वातस्य शेषोवै ह्यभवद्गिरिमस्तके ।
पुनश्च वसतिं चक्रे नगे परमपावने ।।२५।।

इस प्रकार प्रभु के अमृत भरे वचनों को सुनकर उस अनन्त फणधारी शेषनाग ने बहुत जल्दी वातरूप राक्षस को एक ही क्षण में पी डाला, यहाँ तक कि उस वायवीय उद्दण्ड राक्षस का अंशमात्र भी शेष न बचा। हाँ जो कुछ अवशेष रहा, वह उच्च शिखर ही ठहरा। पर फणीन्द्र ने वहीं परमपवित्र पर्वत पर ही अपना प्रभुत्व जमाया।

---

१ यहां पर 'अनन्त, शब्द सर्प, का पर्यायवाची है—वह सांप जिस के अनन्त (हज़ार) सिर हैं। इसे शेष तथा 'आदिशेष' भी कहते हैं। इसी को शय्या बनाकर भगवान शेषशायी विष्णु सोते हैं। समुद्र मन्थन के समय इसी ने मन्दार पर्वत को मथनी बनाकर खूब हिलाया। (महाभारत आदिपर्व सन्दर्भ १८ श्लोक ८)
पाताल:- इसी 'अनन्त, का लोक है। यहां पर 'अनन्त' नामक एक विस्तृत स्थान है, जिसका विस्तार तीन हज़ार योजन है। अनन्तजी वहीं रहते हैं। वहां इसे 'संकर्षण' भी कहते है। पुराणों की उक्ति है कि सम्पूर्ण भूमि को अनन्त जी अपने एक फण पर राई के दाने की भान्ति धारण किये हैं। जब कभी इसे पृथ्वी को प्रलय करने की इच्छा उभरती है तो यह 'रुद्र' का रूप धारण कर सिर हिलाने से प्रलय करता है, और उससमय 'सकर्षण, के नाम से अभिहित होता है। इस के साथ अन्य रुद्र भी त्रिशूल आदि आयुध लेकर प्रकट होते हैं, जो इसे सहायक बनते हैं। इस समय अन्य सर्प अनन्त जी की सेवा में लगे रहते हैं। अनन्त बहुत ही सुन्दर दिव्यमूर्ति है। पुराणों में इसे 'बलभद्र' कहते हैं। यह सम्पूर्ण नाग-जाति का शिरोमणि है। श्री गीता में भगवान् कृष्ण जी स्वयं कहते हैं "अनन्तश्चास्मि नागानाम" (गी० १० २९)
(इस सन्दर्भ में 'तक्षक' के विषय जानकारी रखना भी आवश्यक है :-
तक्षक:- पाताल के प्रसिद्ध नागों में एक नाग है, यह कश्यप की स्त्री कद्रू का सन्तान है। राजा परीक्षित (कलियुग का प्रथम सम्राट)

जिसे सप्ताह भर की अवधि तक तक्षक द्वारा मरने का शाप मिला था। जनमेजय के नाग यज्ञ में इस तक्षक की आहुति अवश्यम्भावी थी, पर मुनि-वर आस्तीक ने इसे मरने से बचाया था) (देवी भागवत्, स्कन्ध १२)
शेष–जिसे आदिशेष तथा अनन्त भी कहते हैं। इसी शेष का यहाँ प्रसङ्ग है। भगवान् विष्णु के आदेशानुसार शेष ने इसी पार्वतीय पूर्वी भाग के जलाशय में अपना निवास बनाया, जिस से वह वायु रूप राक्षस को विनष्ट करता रहे, ताकि यह राक्षस आगे न बढ़ता जाये। यही कारण है कि इस जलाशय का नाम 'शेषनाग' पड़ गया। बहुत ही ऊचे स्थान पर होने के कारण इस जलाशय के सर्वत: वृक्षों का अभाव है, अत: यहाँ सदा वायु का उग्रवेग रहता है। देखिये पटल १ श्लोक ९ नोट २.
'ङ' भाग में २५वें श्लोक के अन्तिम चरण में 'पन्नगी परमे वने' अर्थात् (सांप घने वन में) लिखा है, पर 'क' भाग में 'नगे परम पावने' (परम पवित्र पर्वत पर) है वस्तुत: यही पाठ समीचीन भाता है।
इसके अतिरिक्त इस पर्वत के प्राय: सारे शिखर संहृतहिमक्षेत्र से सदा आच्छादित होते हैं, जो शेष के फण की भान्ति ऊपर उठे हुए से भाते है। सम्भव है आज कल जो इसे शेषनाग कहते हैं यह भी इसके कहने में कारण होगा। राजतरङ्गिणी में इसका वास्तविक नाम 'सुश्रवस' है। (राजत. १-२६३-२६७)।
योग प्रक्रिया के अनुसार मटन-निवासी काश्मीरी साधु स्वामी परमानन्द ने इसका वर्णन अपनी अमरनाथ लीला में काश्मीरी भाषा में महान् विभूतिमय किया है,
यथा :- "ईश दीश उत्तम शेषनाग
ह्यकखय तति दिन राथ ज़ाग
राग त्राव प्राव महा वैराग्य । मन थिरकर पूज़न प्रभू ॥
अर्थात :- हे साधक! यदि तुम से हो सके, तो तुम अन्त: बहि: रागद्वेष का परित्यागकर एवं सर्वभावेन वैराग्य प्राप्तकर इस परमधाम शिवस्थान उत्तम 'शेषनाग' पर रात–दिन समाविनिष्ट रहो। वस्तुत: यह प्राणायाम द्वारा एकाग्रता का एक संकेत है, जहां रात-दिन का तात्पर्य प्राण तथा अपान वायु से है, क्योंकि इन की ही सन्धि पर साधक चैतन्यप्रभु का अनुभव कर सकता है। प्रक्रिया अनुसार यह सब विशुद्ध-चक्र तक साधना की उपासना का विवरण है। इसके आगे जो आन्तरिक प्राणायाम के रहस्य

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

संकेत नहीं है।
होते हैं, उनकी ओर यहां पर कोई सूचना या
क्योंकि ये सब गुह्य हैं (इसके बारे में कहा भी है- "गोपनीयं
स्वयोनिवत" ऐसे रहस्य गुरु-शिष्य के आमने-सामने के रहस्य
होते हैं जो वाचिक रूप में शब्दों द्वारा बतलाये जाते हैं। इसका
संकेत भी स्वामी जी ने इस प्रकार दिया है:—

"लाजिम छयु ईयि ईयि तिय वनुन"

उतना ही कहना चाहिए, जितना ही कहना आवश्यक है।

Verses 24,25

On hearing these nectarine words of the Lord, the numerous-headed serpent,[1] in hot haste, drank in the violent wind—the form taken by the demon—in no time. Even then there remained a little trace of wind on the summit of the mount. On this exceedingly holy mountain 'Sheesha' chose a habitat for himself.

---

1. Ananta, the numerous-hooded serpent is known by the name 'Adishesha' or 'Shesha' Ananta is the reposing bed of Vishnu. It is this Ananta who dislodged Manadra Mountain at the time of *Kshirabdhi Manthana* (churning of the ocean of milk). (M. B. Adi Parva. chap 18, ver, 8). Patala is Ananta's world, and at its bottom there is a spot called Ananta. That spot is 3000 yojnas in extent and here lives Ananta. He is known as Sankarshana also. He holds the whole nether world as though it were a mustard seed. And, when he thinks of destroying the entire world the Rudra called Sankarshana will appear. with other rudras and weapons like trident (trishula) Other serpents bow at the feet of Ananta, who is supremely beautiful (c. f. verse 27 of this canto also) with divine lusture. (Devi Bhagwat Skandha 8). Ananta is primarily the chief of Nagas also (Bhagvad Gita X, 29). In this context the description of 'Takshaka' will also be of interest. Takshaka is one of the principal Nagas or serpents of the Patala. He is the son of Kashyapa and Kadru. Parikshit (King of Bharata) became the victim of a curse that he would die with the bite of Takshaka within seven days. Later Takshaka was saved at the intercession of the sage Aslika from [illegible] burnt down in the serpent sacrifice, performed [illegible] Janmejaya, in which many others of his race [illegible] to ashes, (Devi Bhagavata 12th Skandha)

Here we are concerned with Shesha called Adishesha and Ananta also. Shesha thus on the instructions of Lord Vishnu, chose a habitat for himself on the eastern side down below Vavajan to ward off the faint traces left of the violent wind-demon. This is in the form of a mountain lake called Sheshanag. The place being above snow line, no forests abound here. It is, therefore, always windy here. (also see note 2 of verse 19, canto I).

In Ms-MR the last quarter of the 25th verse reads "Pannago Parame Vane"-the serpent (selected a place) in the deep forest. But the reading "Nage Parama Pavane—on the exceedingly holy mountain" as given in Ms-PH, is appropriate. Hence the latter phrase is translated here. According to the present version *(See Treck to Amarnath by Ikbal Koul, Illus. weekly India June 6, 1982)*. Sheshnag lake is so named after an impressive glacier overlooking it which looks like the hood of a cobra. The old name given to this lake according to Rajatarangini (I, 263 & 267) is Sushravasa Nag.'

In Yoga practice the esoteric meaning of Sheshnag is of very great importance as brought about by Swami Parmananda (of Mattan, Kashmir) in a verse of the Amarnath Leela :-

Eeshadesha Ultma Sheeshanag
Hyakakhai ta tatya den-rat zag
Rag trav prav mahavavairaga

"In Eeshadesha is holy Sheshnag,

Watch here, if you can, day and night. Attain the state of non-attachment and then sing for joy. (Tr. Master Zinda Kaul).

Parmananda calls the place 'Eeshadesha' the land of Lord where the pious Sheshanaga exists The Yogi is, at this stage, advised to remain aware of the Super-conscious self, night and day (which means during every ingress and outgress of breath). It is a hint towards deep concentration which corresponds with ripe Pranayama. The inter-stations of the journey of Pranayama from Vishuddha Chakrs (the throat centre) are not given in detail, — these are secrets only to be imparted by a competant preceptor to his disciple. So he contents himself with saying :-

'Lazim Chhu Yiy Yiy tiy Vanav"

We shall relate only what is compellingly unavoidable.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

तदा प्रभृति ते देवा निर्विघ्ना अभवन्छिवे ।
पुनः प्रोवाच भगवान् शेषं तं पवनाशनम् ॥२६॥
अत्र तिष्ठ फणीन्द्र त्वं भयं नाशय वातजम् ।
तदा प्रभृति देवेशि नागोभूच्छेषसंज्ञकः ॥२७॥
शोभान्वितामिधो नागो वर्णितो योगिसत्तमैः ।
यत्रस्नात्वा शिवं यान्ति सुखेन मनुजाः प्रिये ॥२८॥

अब उस समय से देवता लोग बिना किसी बाधा या झिझक के उस पर्वत पर रहने लगे। यह देखकर भगवान् विष्णु फिर उस पवनहारी (पवन-राक्षस के नाशक) से बोले, प्यारे फणीन्द्र ! आज से तुम इसी पर्वत शिखर पर सदा के लिए अपना आवास लगाते रहो, ताकि समय-२ पर वायु-राक्षस से उत्पन्न भय को इसी प्रकार दूर करते रहोगे ।

श्री भैरव बोलते हैं—हे भैरवि ! बस उसी दिन से भगवदाज्ञानुसार वह फणीन्द्र नाग (सरोवर रुप) आवास में रहता हुआ "शेषनाग" के नाम से विख्यात होने लगा। पर वहां के चिर-स्थायी योगाभ्यासरत योगेन्द्र उसे "शुभनाग" के नाम से पुकारते रहे। इसी प्रभाव से यात्रीजन नाग में स्नान करने से थकानरहित और स्वस्थहोकर सुखी होते हैं ।

Verses 26, 27 & 28

O Auspicious Goddess ! hence-to-fore the gods were relieved of all sorts of impediments. Once again Lord Vishnu spoke to Shesha, the consumer of wind :- "O King-serpent ! establish yourself here and destroy the fear emanating from the wind-demon". O, the Crest of goddesses ! that time onwards this lake came to be known as 'Sheshanaga'.

This 'Naga' is said to be attended with (divine) beauty which has been extolled by the

topmost Yogis. Since it bestows peace and joy to people who approach the lake, it is named ('Sushruma').

अश्रमेनाप्नुयुर्लोकान् देवानां सुरपूजिते ।
सुखेनात्राप्लुतो लोकास्तस्मान्नागोपि सुश्रुमः ॥२९॥
स्वाश्रमोपि[1] बुधैः प्रोक्तो नागराजोपि सुन्दरि ।
यस्मात्सुखेन[2] लब्धोवै स्वाश्रमं त्रिदिवेश्वरैः ॥३०॥

(शेषनाग भी इसी परोपकार वृत्ति से अपने को फूला हुआ अनुभव करता है और कहता है वास्तव में मैंने भी यहाँ अच्छा आश्रम पा लिया) क्योंकि :-

देवताओं ने भी इसी पर्वत-स्थली में सुख से अपने २ आश्रमों को प्राप्त किया, यही कारण है, तब से देवताओं तथा अन्य बुधजनों से यह 'नागराज' 'स्वाश्रम-नागराज' के नाम से सर्वत्र प्रख्यात हो गया। आज (कलियुग में) यही स्वाश्रम नागराज "शीषरम नाग" के नाम से पुकारा जाता है ।

१ इसमें 'स्वाश्रम'=सु+आश्रम यौगिक शब्द है (सुखदाई आश्रम) । 'स्वाश्रम' जो शेषनाग का प्राचीनतम नाम है, वस्तुतः इसी 'स्वाश्रम' शब्द का अपभ्रंश है ।

२ सारे देवजन आतुरावस्था में त्रिलोकीनाथ भगवान विष्णु की शरण आ गये। दयार्द्र हो भगवान ने भी उन पर शीघ्र (निर्विलम्ब) दया की। यही भाव यहां 'सुखेन' शब्द का तात्पर्य है ।

Verses 29 & 30.

O Blessed among gods ! even a mere glance (at the beautiful lake) assures (pilgrims) access to heaven. O Dear ! on having a dip therein, mortals attain supreme bliss within a jiffy.

O Lustrous one ! the wise called it 'Swashrama'[1] and also 'Nagaraja', the king of 'Nags' (springs)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

because gods obtained this abode as a pleasant[2] favour (from Lord Vishnu).

1. 'Swashrama' is a compound word (Su Ashram). It means the beautiful or in-all-ways good Ashram. The word must have got deformed into 'Sushruma' as mentioned in canto I, and in verse 28 above.
2. Gods approached the Lord and in a short time their affliction was efficiently got removed. So it was an easy or pleasant favour to them i. e. an agreeable favour to gods.

अत्र[1] दर्शनमात्रेण मुच्यते पापराशिकृत् ।
दर्शनात्स्पर्शनात्[2] स्नानाद्दानाद्धोमाज्जपात्तथा ॥ ॥३१
स्वाध्यायात्स्तुतिपाठाच्च ह्यनन्तं पुण्यमवाप्नुयात् ।
स्मरणादपि देवेशि मुच्यते पाप संचयैः ॥
कमला पूजनाद्यत्र स्थिरां प्राप्नोति चेन्दिराम्[3] ॥३२॥

इस स्वाश्रम (शीपरम) नागराज के दर्शन तथा स्पर्शन मात्र से पापराशि धुलजाती है । विशेषनया साक्षात् रूप में देखने से, स्नान और आचमन करने से, हवन करने से, दान देने से तथा जप करने से, स्वाध्याय (पठन - पाठन) तथा स्तुति-पाठ करने से अक्षयपुण्य प्राप्त होते हैं ।

इस नाग का स्मरण करने से भी, हे देवि ! पापों के ढेर नष्ट हो जाते हैं। यहां पर लक्ष्मी के पूजन से भक्त दैवी-सम्पदा को सदा के लिए पा जाता है।

१ 'ङ' और 'ख' की पाण्डुलिपियों में ३० श्लोक के अन्त पर ही सप्तम पटल की समाप्ति होती हैं। पर 'क' और 'घ' में इस के अतिरिक्त और भी ६ श्लोक हैं, कुल सारे ३६ श्लोक हैं।

२ इन श्लोकों में दर्शन - स्पर्शन - दान होम - जप - स्वाध्याय तथा स्तुति पाठ सब मन की निर्मलता के लिए कहे हैं, क्योंकि ये सारे मनः शुद्धि के साधन हैं। इससे पवित्रता तथा शान्ति प्राप्त होती है।

ये सब सूक्ष्मज्ञान (उपनिषद् ज्ञान) परमार्थ प्राप्ति तथा परमपद (विष्णुपद) के समझने एवं उसकी प्राप्ति के उपाय हैं।

३ यहां इन्दिरा नाम से लक्ष्मी (विष्णु पत्नी) ही मानी गई है। इस या तात्पर्य सुख सम्पति से हैं।

Verses 31 & 32.

Even[1] by mere glance (of the lake Shesha) heaps of sins get vanished. One is rewarded with immeasurable virtue by a glance,[2] by a touch, by a bath, by indulging in charity, by invoking a sacrificial fire, by the study of spiritual lore and by reciting praises of God (at this sacred place).

O the Helm of goddesses! even by remembering this (auspicious sanctuary) one gets freed from the backlog of sins. If one worships the Goddess of wealth[3] at this place,p rosperity becomes a permanent feature with him.

1. In Ms-TD this canto ends at verse 30 without a proper ending as is usual in other cantos. Ms-PH and Ms-TD, however, give further verses upto 36 to complete the canto.
2. "By glance, by touch......reciting praises of God .... "— These are different modes for cleansing one's mind, so that one achieves purity and calmness required for grasping the abstruse teachings of the Upanishads given by great masters in spiritual realization.
3. "Indira" as mentioned in the verse is the name of Lakshmi, the spouse of Lord Vishnu. It also means prosperity, opulence etc.

बहुनात्र किमुक्तेन नागराजस्य सुन्दरि ।
ब्रह्महा मुच्यते सद्यः पानाद्दानाज्जलस्य वै[1] ॥३३॥
वायु वर्जन तीर्थेतः स्नात्वा दत्वा शिवं व्रजेत् ।
वायुवर्जन मार्गेण गतो याति परं[2] पदम् ॥३४॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे सुन्दरि ! इस स्वाश्रम – नागराज के महिमा के बारे में मैं कितना अधिक वर्णन करूं ! कोई भी इस नाग के जल को पीकर तथा दूसरों के लिए सुलभ बना कर तत्क्षण ब्रह्महत्या से भी छूट जाता है। साथ ही इस वायुवर्जन तीर्थ पर स्नान करके दान देने से शिवपद प्राप्त हो सकता है। तथा इसी (वायुवर्जन मार्ग) से अमरेश्वर गुफा तक जाने से परम पद मिल जाता है।

---

१ जो वस्तु दान देनी होती है उसको दान देते समय पवित्र मन्त्रों और जल सिचन से संकल्प किया जाता है।

२ यथा :—

"परंपदम् – परमंपदम् - विष्णोः पदम्"

सब परस्पर पर्याय वाची शब्द हैं, यथार्थ में परमार्थ ज्ञान का 'विष्णुपद' ही परमस्थान है :—

वेद इस का ज्वलन्त प्रमाण हैं :—

तद्विष्णोः परमं पदं, सदा पश्यन्ति सूरयः
दिवीव चक्षुराततम् तद्विप्रासो विपण्यवो,
जाग्रिवांसः समिन्धते, विष्णोर्यत परमं पदम् ॥

(ऋग्वेद, मण्डल १ अध्याय - ५ सूत्र २०, २१,)

अर्थात् जो आकाश में तेजोमय सूर्य मण्डल की भान्ति, परमव्योम में चिन्मयप्रकाश द्वारा सब ओर व्याप्त हैं, भगवान् विष्णु के उस परमधाम को विद्वान् उपासक सदा ही देखते हैं, साधना में सदा जाग्रत रहने वाले निष्काम उपासक-ब्राह्मण वहां पहुँच कर उस परमधाम को और भी उद्दीप्त किये रहते हैं, इसे ही विष्णु का परमपद कहते हैं।

Verses 33 & 34.

O Lustrous one ! enough has been said about the glory of the 'King of Nags' (Sheshnag lake). Even the one who has committed sin by killing a Brahmin, is, at once, freed from it after sipping the sacred water of the lake as also sprinkling it over the object[1] to be given in charity.

One whounder goes ablution at this sanctuary and offers alms after taking the route through

"*Tadvishnoh Paramam Padam*
Sada pashyanti surayah
Diveeva Chakshura-tatam, 20
Tadviparso vipanyavo
Jagrivansa Samindhate
Vishnoryat Parmam Padam', 21

"The state of Vishnu is the highest pinnacle of realization which is experienced continuously by those who are brave and possess superfine intellect. They express that the bliss is experienced by one who has penetrating divine eye. They are adepts and highly learned, quite awake and ever aware of the state of Vishnu."

महागोनस अद्रि

महागोनस[1] नामानमारुहेत्पर्वतं ततः ।
यत्रारोहणमात्रेण न गच्छेद्यममन्दिरम् ॥३५॥
इत्येष पटलो गुह्यो मयातेद्य प्रकाशितः ।
श्रुतो वा पठितोवापि शिवसायुज्यदः परम् ॥३६॥

स्मरण रहे, वायुवर्जन मार्ग से महागोनस नामक पर्वतशिखर पर जो चढता है, वह कदापि यममन्दिर (मृत्युलोक) का दर्शन तक नहीं करता है। फिर तो वहां जाने की क्या बात !

हे देवि ! इस तरह मैंने यह बहुत ही गोपनीय पटल तुम्हारे लिए आज प्रकट किया, जिस के सुनने अथवा पढने से शिव के साथ सायुज्य (एक हो जाना) सम्भव है।

महागोनस पर्वत

१ भूवैज्ञानिकों के कथनानुसार 'शेषनाग अद्रि' समुद्रतल से १३ हजार फीट की उन्नति पर है। महागोनस अद्रि इसके आगे ३ मील की दूरी पर समुद्रतल से १५ हजार फीट की अत्युन्नति पर है। यह सारा स्थल चढाई का है, मानो प्राकृतिक सौन्दर्य का सोपान है, अत्यन्त मनोहर हैं।

इसके एकतः उच्चतम पर्वत हैं, अपरतः कलकल करती हुई नदी अति गम्भीर निम्न की ओर प्रवाहित होती है। सारा पर्वत और सारे शिखर अत्यन्त मन-मोहक सुगन्धित एवं नानाप्रकार के फूलों से आच्छादित हैं।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इसकी उत्कटसुगन्धि चारोंओर फैली रहती है। यही कारण है कि यहां कई यात्री अचेतावस्था में पडजाते हैं। कश्मीरी भाषा में इसे 'अशुद्ध लगुन' कहते हैं।

नीचे नदीतट के समतल में आसपास छिपकलियां देखने में मिलती हैं। सारे पर्वत के चारोंओर प्राय: बड़े २ हिमशिलोच्चय (गल्लेशयर) व्याप्त हैं।

(देखिये श्री डा० कर्णसिंह द्वारा लिखित अमरनाथ माहात्म्य)।

इति भृङ्गीशसंहितायां स्वाश्रम नागराज महिमा वर्णनं नाम सप्तमः पटलः ॥

(इस प्रकार स्वाश्रम (शीशरम) नामक नागराज महिमा का सातवाँ पटल समाप्त हुआ).

THE MAHAGUNUS

Verses 35 & 36

Consequent to this one has to ascend the formidable climb, the Mahagunus[1] Mountain. By mere going up this mountain one will not have to pass through womb anymore.

Thus, I have illumined you on this occult canto at this hour which will plough back subliminal self-identification to the one who recites it or negotiates it through ear.

1. Soon after leaving Sheshnag (13,000ft. above sea level) there looms another formidable climb, the Mahagunus. For three kilometers upto the summit (15,000 ft.), the climb is steep and breathless. The scenery around is beautiful. On one side rises a huge mountain, while on the other, hundreds of feet below, a noisy stream flows On the mountainside delicate little buttercups sweep up to the sky-line. This gives intoxicating fragrance. Along the stream there are flat green spaces across which impudent marmots scamper, whistling in glee. Mighty glaciers and rocky peaks loom around.
(C. F. Glory of Amarnath by Dr. Karan Singh)

Thus the seventh canto entitled the eminence of the Lord of Serpents called "Svashrama" comes to a close.

अथ अष्टमः पटलः

"वायुवर्जन-पंचतरङ्गिणी स्थानयोः महिमा वर्णनम्"

श्री भैरवी :–

सुश्रमस्तु मया देव श्रुतो भवदनुग्रहात् ।
अधुना श्रोतुमिच्छामि तीर्थं वै वायुवर्जनम् ॥१॥
कथं तत्क्षेत्रमित्याहुः पुण्यं वै वायुवर्जनम् ।
.... ॥२॥
किमर्थमठिकास्तत्र[2] कुर्वते प्रस्तरैः शुभैः ।
वद मे कृपया शम्भो तत्र तीर्थे च किं फलम् ॥३॥

श्री भैरवीमाता बोलती है :—

हे देवादिदेव, आपके अनुग्रह से मैंने सारे 'सुश्रमपर्वत' (पिपोगिरि) का आद्योपान्तवृत्तान्त सुनलिया, मैं आपकी बड़ी आभारी हूं, पर अब मैं वायुवर्जन तीर्थ का सम्पूर्ण वृत्तान्त सुनना चाहती हूं. साथ ही यह भी जानना चाहती हूं, कि इस वायुवर्जन को ही किसकारण 'क्षेत्र' के नाम से अभिहितं कियागया है, तथा यहां सुन्दर तथा स्वच्छ पत्थरों से छोटे छोटे मठ क्यों बनाये जाते हैं (ऐसी जनश्रुति है), एवं इस तीर्थ का विशेष महत्व (फल) क्या है, कृपया सब का पूर्ण विवरण सुनाने से मुझे अनुगृहीत कीजिये ।

१ क्षेत्रम् – पवित्रस्थान – तीर्थस्थान। (यह पंक्ति 'क' पाठ में अधिक है)।

२ छोटे-२ गृह विशेष। यह प्राचीन प्रथा है, कि यहां (वायुवर्जन) पर यात्री स्नान आदि करने के पश्चात् सुन्दर २ पत्थरों से मठिकायें बनाते आये हैं। सम्भवतः यहप्रथा उसीघटना का याद दिलाती है, जब वृत्तराक्षस यहां देवताओं को सताता था, तंग आकर

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवता भगवानशङ्कर के शरण आये थे, और उनकी आज्ञानुसार देवता फिर इन मठिकाओं में रहने लगे थे।
विशेष विवरण देखिये पटल १ श्लोक २१।

Vayuvarjan and Panchatarangini

Verses 1, 2 & 3.

Bhairavi said :-

O Grea' Lord ! I have listened to the glory of 'Sushrumanag'. Now I desire to be enlightened about the sacred place named 'Vayuvarjan'. How has this pious place come to be known as Kshetra[1] ? You have already said that miniature houses[2] have come up there with auspiciously chiselled pebbles. Kindly tell me all about this. O Bestower of peace ! also please tell me all about the fruit gained at the sanctified spot.

---

1. A virtuous place of sanctity is termed Kshetra. This is an additional line in Ms-PH.
2. Miniature huts called *Mathikas* are made of small stones which every pilgrim carries there after ablution. It is perhaps to remember the incident when Prashat demon teased the gods who under instructions and with the help of Lord Shiva, hid themselves behind stones and rocks used for Mathikas.
(Ref: canto I verse 21 note 4 & Canto VIII verses 15 & 16).

शृणु देवि ! प्रवक्ष्यामि मठदानविधिं शुभां ।
मठदानात्परं नास्ति ह्यन्यदानं सुरार्चिते ॥४॥
मठान्हि प्रस्तरैः कृत्वा श्रेष्ठैः स्थूलैश्च शोभनैः ।
साङ्गनैर्गृहसम्भारैर्वासोभिः समलङ्कृतैः ॥५॥

विधिवत्पूजनं कुर्यात्गृहाणां तत्र पार्वति ।
यथाविभवद्रव्येण ब्राह्मणाय निवेदयेत् ॥६॥
मठदानं कृतं यैस्तु तत्र पर्वतसप्तके[1] ।
ते यान्ति शिवसदनं [2]यावदिन्द्राश्चतुर्दश[3] ॥७॥

हे देवि सुनो ! अब मैं तुम्हें मठदान की पवित्रविधि बताता हूं क्योंकि मठदान से बडकर और कोई उत्कृष्टदान नहीं है। हे देवताओं से पूजित देवी ! अच्छे २ मोटे और सुन्दर पत्थरों से मठिकाए बनाकर उन्हें आँगन, घर की सामग्री, अन्य वस्तुओं तथा सुन्दर २ वस्त्रों से सजाना चाहिए। फिर शास्त्र विधि के अनुसार उन्हें पूजाकरके यथासम्भव धनादिसमेत ब्राह्मणों को दान देना चाहिए। स्मरण रहे, सातपर्वतों की मध्यवर्ती अधित्यका पर आज तक जिन्होंने मठदान किये हैं, वे सब इतने-चिरकाल तक स्वर्गलोक में ही वास करते रहेंगे, जितने समय तक १४ इन्द्रों का राज्य चलता रहेगा।

---

१ विदित रहे कि श्री अमरेश्वर यात्रा पर्वत–सप्तक (सात पर्वतों के मध्यवर्ती स्थान) में समाप्त होती है। ये सलर ग्राम (सरलक) से गुफा पर्यन्त है, इन सप्तपर्वतों से सारा स्थान आच्छादित है। ये सारे पर्वत बहुत ऊंचे हैं. ये पार्वतीय अधित्यकायें प्रायः दो हजार (२००० मीटर से ४३७१ मी० तक ऊंची हैं। सब का प्राकृतिक दृश्य मनोहर और आँखों को लुभावना है, सब पर्यटकों के लिए देखने योग्य स्थान है,। पर्वत सप्तक ये है :- १ सरलक, २ मामलक, ३ भृगुक्षेत्र (पहलगाम), ४ पेषणगिरि (पिस्सू घाटी), ५ वावजन, ६ महागोनस और ७ भैरव-पर्वत। वावजन मध्यवर्ती पर्वत है। यहां वृक्षों का अभाव है, यही कारण है, यहां प्रतिसमय झंझावात चलती रहती है। ('ङ' भाग में भी इसका विवरण है)।

२ सर्वथा सिद्ध है— देवताओं के दो हज़ार युग ब्रह्मा जी का एक दिनरात है, इसी को मानवों का 'कल्प' कहते हैं. अर्थात् देवताओं के ७१ युगों का एक मन्वन्तर होता है ऐसे १४ मन्वन्तरों का एक 'कल्प' होता है. प्रति मन्वन्तर देवताओं के समेत राजा इन्द्र का परिवर्तन होता है। अतः एक कल्प तक १४ इन्द्रों और उनकी १४ प्रजाओं का परिवंतन हुआ करता है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विस्तार के लिए देखिये पटल ७ श्लोक ७ नोट १ (भागवतम् - स्कन्ध ३ अध्याय ४ श्लोक १८ से २४ तक)।

नोट :— क पुस्तक में श्लोक न० ४ ५ ६ और ७ नहीं है, वस्तुतः श्लोक न० ३ के अर्थानुसार इन श्लोकों का होना अत्युपयोगी है, अन्यथा यहाँ मठिकाविषयक प्रश्न उत्तरहीन रह जाता है।

Verses 4, 5, 6 & 7.

O Goddess! Listen to me, I shall reveal to thee the ritual of giving away gifts of miniature huts. This is auspicious. O thou who ... adore! No other kind of giving gifts is as auspicious as the giving away of such small cells.

These miniature cells are erected with beautiful, solid and transparent stones. These are equipped and decorated with compounds, house-material and cloth. O Parvati! then worship to these huts, according to injunctions, should be performed there. After that, along with gifts of money, according to one's capacity, these should be given away to Brahmins. Those who perform Matha-dana (gift of miniature huts) at this central table-land of the seven[1] hills enjoy the abode of Shiva till the rule of fourteen Indras[2] comes to an end.[3]

1. *Parvata saptaka* means the seven hills. The whole trekking path, right from *Saralaka* to the main cave, leads through seven hills (ranging from plateau to mountain heights i.e. 2000 meters to 4371 meters). These hills are presumably located at (i) Saralaka (ii) Mamlaka, (iii) Pahalgam (Bhrigu Kshetra) (iv) Pissu mount, (v) Vavajan, (vi) Panchtarni and (vii) Bhairo Parbat (4371 meters.).
Vavajan among these is the central table-land. It is a barren plateau dry and windy. (Ry-Urdu).

2. A Manu's period is completed at the end of 71 Chaturyugas (Krta, Treta, Divapara and Kali). With that the first line of gods also comes to an end. At the end of fourteen such Manus (Manvantoras), one Kalpa is over. So fourteen Indras with their particular levy of gods change during one Kalpa. Indra is the chief of gods. For details see canto VII verse 7 note 1 (c.f. Bhagwatam Bk III Ch. vi verses 18-24).

3. These four verses are missing in our Ms-PH. Since, the subject-matter contained in these regarding 'Mathikas', is quite relevant (see verse 3), we include these here from Ms-MR. A part of the question put by the Bhairavi would otherwise remain un-answered.

श्री भैरव :—

देवैश्च पिष्ट न् दैत्यास्तु पृषतोनाम[1] दानवः।
श्रुत्वा समीरणो भूत्वा बबाधे देवतास्तदा ॥८॥
वायुना परिभूतास्ते देवास्तं शरणंगताः।
भवंदेवं महादेवं तुष्टुवुः परया गिरा ॥९॥

भैरवी की आग्रहपूर्ण विनति को सुनकर श्री भैरव इस प्रकार कहने लगे :—

देवि ! चिरकाल की बात है, भगवान् विष्णु के आदेश से शेषनाग द्वारा 'पेषगिरि' पर्वत पर सब राक्षसों का पीसा जाना सुनकर पृषत् - नामक राक्षस ने "जिसने वायु का रूप धारण किया था" पुरानावैर चूकाने के लिए अब नए सिरे से देवताओं को सताना आरम्भ किया। यहाँतक कि उसने सब देवताओं को नष्ट भ्रष्ट और. बेघर बनाया, तो बेचारे देवता इस प्रकार वायुरूप-धारित राक्षस से तिरस्कृत होकर सर्वससार के कल्याणकारी देवादिदेव महादेव की शरण में आ गये, शुद्ध और उत्कृष्ट वाणी से उनकी स्तुति इस प्रकार करने लगे :—

१ पाठ 'ङ' में इस राक्षस का नाम 'सुभेरनु' दिया गया है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verses 8 & 9.

Bhairava said :-

The demon, 'Prashat'[1] by name, having come to know that the demons (his brethren) had been crushed by the gods, assumed the form of wind and began to inflict misery upon the gods (as a revenge).

The gods, being overpowered by wind, rushed to take refuge in Shiva, the great Lord of gods. They sang hymns in the most refined language to please Him.

---

1. In Ry (Page 51) the name of the demon appears as 'Sumernu'.

शिवस्तुतिः

देवा ऊचु :-

नमो देवादिदेवाय शर्वाय शम्भवे भवे ।
आदिमध्यान्तशून्याय पराय प्रभवे नमः ॥१०॥
नमो भैरवरुपाय[1] भीमाय भयनाशिने ।
भयानकाय[2] देवाय मुंज[3] मेखलिने नमः ॥११॥

हे देवताओं के आदिनायक, सब के मंगलकारी ! हे मंगल-स्वरूप ! सांसारिक दुखों के दलनकारी तथा आदि, मध्य एवं अन्तरहित, सर्वश्रेष्ठ भगवन् ! हम सब आपकी शरण में आये हैं और नमस्कार करते हैं ।

हे भयङ्करस्वरूप, भैरवरुप धारणकर अकालमृत्युभय को नाशकरनेवाले, भयानकमूर्ति रखने पर भी भक्तों के लिए अभीष्टवर दाता, एव मुंजघास की रशना (कमरबन्द) धारण किये भगवन् ! हम आपकी शरण आये हैं, और नमस्कार करते हैं ।

---

१ भैरव शिव का ही एक विशिष्ट रुप है, यह भय वाचक शब्द है, तभी महाभैरव कालभैरव तथा कल्पान्तभैरव के नाम से भी इसे पूजते है ।

"भरण - रमण - वमन शीलेति भैरवः"

इस व्युत्पत्ति से यह "महाशिव है" सृष्टि - स्थिति और संहार-कारी हैं । शिवपूजा में यही ईश्वर, महाशिव, और शिव नाम से अभिहित है, संक्षेप में यही भैरव कहलाता है ।

२ 'भयानक, यहाँ शिव का विशेषण है क्योंकि उसी के भय से यह सारा दृष्ट अथवा अदृष्ट संसार नियमबद्ध होकर चल रहा है । शास्त्र भी कहता है :-

भीषास्मात्वातः पवते भीषोदेति सूर्यः
भीषास्मादग्निश्चन्द्रमश्च मृत्युर्धावति पचमः (तैत्तिरीयोप० २-८-१)

अर्थात् उसी परमेश्वर के भय से वायु चलती है, सूर्य उदय करता है, उसी के वश चन्द्रमा तथा अग्नि व्यवहार करते हैं, और पाँचवा मृत्यु भी उसी के आधीन होकर चलता है ।

३ मुञ्ज एक प्रकार का काण्ड घास हैं, जिसको बटकर रस्सी बनाई जाती है, फिर तिहरी बनाकर उसकी मेखला (तागडी) ब्रह्मचारी (वटु) तथा एक व्रती के लिए आवश्यक है । भगवान् शङ्कर भी सदा व्रती होते हुए मुञ्ज मेखला को ही धारण करते है :— ब्रह्मचारी के लिए यह निदेश है :—

यथा :— इयं दुरुक्तादिति वाचयन् मौञ्जी मेखलां
त्रिगुणां त्रिप्रदक्षिणामाबध्नीयात् ।

व्रती के लिए :— नाभिदेशादधोभूमिर्नाभेर्ऊर्ध्वंच खमिति ।
मुञ्ज काण्डः कृतोतत्र धारयेद्रशनां व्रती ॥
(मेखला विधिः)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verses 10 & 11.

Hymn to Lord 'Siva' [Mahadeva]

The gods bowed and prayed thus :-

Obeisance to the Lord of lords, in whom all this worldliness is dissolved and from whom, the tallest of all, everything emanates, who is bliss absolute, who is beyond determinate and indeterminate about (eternal), who is supreme.

Salutations to Thee who is the formidable[1], the embodiment of fear, as also the destroyer of that fear (for Thy devotees). Prostrations to Thee, the frightful[2] one and the brahmacharin 'with the sacred' girdle[3] of 'Munja' grass.

---

1. Bhairava is a form of Shiva. This word is generally taken to mean 'the frightful one.' In analysis (Nirukta) it is explained as *Bharana, Ravana Vamana Sheeleti Bhairavah*—the Supreme Shiva who is the Lord of creation, preservation and dissolution. Hence the word may well be translated as 'the formidable one'.
2. Here 'frightful' means the one who can be as the Supreme Lord of the Universe negotiated with caution, who controls all what we can see and cannot see.

   Bhishasmat vatah pavate;
   Bhishodeti Suryah;
   Bhishasmat Agnish-chendrashcha,
   Mrityur-dhavati panchamah.
   —Taittiriyopanishat 2-8-1.

   "He makes the wind go and the Sun shine. God of fire and Indra go by His command. Death is the fifth to follow".
3. 'Munja' is a sort of rush or grass of which the girdle of a Brahman is made. Mekhala is the triple girdle or belt worn by Brahmin celebates (Manusmrti 2-42). Therefore, one who treads the path of Brahman weers *Munjumekhala*. Shiva wears this.

नमोऽमृत स्वरूपाय मृत्योर्मृत्यु विनाशिने ।
कलानिधिविभूपाय[1] कालरूपाय ते नमः ॥१२॥
श्वेत-शान्ताय देवाय श्रांन्तवाहाय ते नमः ।
अमरेशाय देवाय भूयो भूयो नमामहे ॥१३॥
इति श्रुत्वा नुतिं प्रीत्या कृतां परमदैवतैः ।
जगाद भगवान् भूयो देवान् परमया मुदा ॥१४॥

हे चन्द्रकलाविभूषित अमृतस्वरूप आशुतोष? मृत्यु को भी मृत्युभय मिटानेहारे हे कालस्वरूप ! संसार में भटकने से परिश्रान्तभक्तों की थकान मिटानेवाले शान्तिस्वरूप हे अमरेश देव !

हम सब आपकी शरण में आये हैं, और आपको बार-२ प्रणाम करते हैं ।

इस प्रकार श्रेष्टदेवताओं द्वारा की गई भक्ति और प्रेमपूर्ण स्तुति को सुन कर भगवान्-अमरेश प्रसन्न मन से देवताओं को यह प्रत्युत्तर देते हैं।

---

१ भगवान् शङ्कर का एक प्रियं नाम चन्द्रकलावतंसिन् है। अर्थात चन्द्रकला इन्हें शिरोभूषण है। कला चन्द्रमण्डल के १६ वां भाग का नाम है। यह कला 'अमाकला है, अमा - अमावस्या का नाम है, इस दिन चन्द्रमा की अन्तिम कला होती है अर्थात प्रतिमास के कृष्ण पक्ष की अन्तिम, तथा शुक्लपक्ष की आदिम कला अमाकला होती है इसी को भगवान् शंकर अपना चूडावतंस बनाये हुए हैं।

Verses 12, 13 & 14.

Thou art nectar itself, Thou art the destroyer of death,[1] bedecked with crescent[2] moon, Thou art infinite; we bow to Thee.

Thou art the self-luminous Source o tranquility and procure relief to the wearied. O Supermost amongst the gods! we pay our obeisance again and again to Thee.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Thus this plaint punctuated with love by the great gods was listened to by the Lord with perfect glee and He addressed them thus :-

1. Thou who grantest emancipation.
2. Lord Shiva's crest shines with the emblem of crescent moon. This digit is the crescent before or after the new moon. Hence, it is eternal and represents symbolically the eternal reality in Divinity.

श्री भगवान् उवाच :–

श्रुतंमया पूर्वमेव वाधनं दानवस्य वै ।
अत्रैव मठिकां[1] कृत्वा तिष्ठध्वमविशङ्किताः ॥१५॥
मठिकासु च देवेशाः कुरुध्वं वायुवर्जन- ।
मिथं कृत्वा ततोदेवाः मठिकास्तत्र[1] प्रस्तरैः ॥
स्थितास्तत्रैव देवेशि माठिकासु सुविस्मिताः ॥१६॥

भगवान् बोले :– हे देवो तुम लोग मत घबराओ, मैंने पहिले ही इस पृषत राक्षस का आक्रमण (दुःख देने का) वृतान्त सारा सुन लिया है, साथ ही इस के प्रतिशोध का उपाय भी कर रखा है। फिलहाल तुम सब यहीं पर मठिकायें (छोटे–२ मठ) बनाकर निःशङ्कभाव से उन्हीं में रहो और अपने आप को वायु से बचाते रहो। हे देवि ! इस प्रकार भगवान् के कथनानुसार देवता लोग सुन्दर-२ पत्थरों से मठिकायें बनाकर हरान होते हुए उन्हीं में रहने लगे।

१ देखिये पटल ८, श्लोक–२ नोट-२.

Verses 15, 16.

Lord Mahadeva said to the gods :-

"I have already listened of the havoc created by the Prashata demon to you all. (Meanwhile)

you make use of miniature stone - houses called Mathikas[1] and be here without any fear.

O gods! while doing so, for the time-being, you can avert the horrible wind".

Then Bhairava says to Bhairavi :-

Having followed the advice the gods built small stone-houses and O Goddess ! they took shelter in these Mathikas, but all were feeling dazed.

1. Reference to note 2 of verse 2.

वायुः शशाम स महान् दैत्यः[1] परमदारुणः ।
दर्शयामास तदुग्रंरुपं दैत्यः पुरन्दरम् ॥१७॥
दृष्ट्वा दैत्यमुग्ररुपमिन्द्रो वज्रं समादधे[2] ।
अहनद्दानवं देवस्तत्रैव वायुवर्जने ॥१८॥
यस्माच्छशाम सुमहान् वायुरुपश्च दानवः ।
तस्मात् प्रोक्तं पुराविद्भिस्तीर्थं वै वायुवर्जनम्[3] ॥१९॥

इस प्रकार उस भयङ्कर वायुरुपधारी राक्षस का उपद्रव यद्यपि शान्त हो गया, तथापि उसने अपना उग्ररूप दैत्येन्द्र को दिखाया। उस दैत्य का उग्ररूप देखकर ही इन्द्र ने अपना आयुध (वज्र) उठाकर उस दैत्य को उसी वायुवर्जनस्थान पर मारडाला। चूंकि वहांपर वायुरूपधारी उस दानव का वध कियागया, इसीलिए इस तीर्थ की पुरानीबातें जाननेवालों ने वायुवर्जन (काश्मीरी भाषा में वावजिन) सुक्षेत्र के नाम से अभिहित किया।

१ प्रपत राक्षस यह जानकर भी कि भगवान् शिव देवताओं के परम सहायक हैं, फिर भी राजाइन्द्र पर अपना उग्ररूप दिखानेलगे, "अत: परमदारुण:" यह उक्ति युक्त है ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

२ आकाश से बिजली का गिरना "वज्रपात" कहलाता है, वज्र—राजा इन्द्र के महाभयङ्कर और शत्रुविनाशकारी आयुध का नाम है। पुराणों की गाथानुसार वज्र महर्षि 'दधीचि' का मेरुदण्ड (रीढ़ की हड्डी) है, इसीको महर्षि ने भयङ्कर आयुध रूप में स्वयं लोकहिताय राजा इन्द्र को समर्पित किया है, तभी राजा इन्द्र पर्वतों को छिन्नभिन्न करने में समर्थ हो गया है। और 'गोत्रभिद्' वा वज्री के शुभ नाम से प्रसिद्ध हुए है।

३ वायुवर्जन—वायुराक्षस से रहित करना, इसी व्युत्पत्ति से 'वायुवर्जन' इसका यथार्थ नाम है। यह स्थान एक अधित्यका है, वृक्षों का यहां पूरा अभाव है। इसी कारण यहां सदा 'झञ्जा' (वर्षायुक्त वायु) चलती रहती है। अत्यन्त शीतलस्थान है, यहां लकडी का सर्वथा अभाव है। हां एक प्रकार की झाडी की बहुतात है, जिसे कश्मीरी में 'व्यठुर' कहते हैं यह गीला होने पर भी सरलता से जलाने के काम आता है। यहां यात्री इसी का प्रयोग करते हैं। नाना प्रकार के फूलों से यह सारा स्थान प्राय: हरा भरा रहता है, दूर से ही इसकी महक फूटती रहती है। यहां तक इसकी उत्कटसुगन्धि से कई अचेत भी होते हैं जिसे "अशुद्ध लगुन' कहते हैं। चिरकाल से फिर होश (चेतन) आती है। यहां चारोंओर हिमशिलोच्चयों (ग्लेशरों) की प्रधानता है। चान्दनी रात्रि में यहां से पुर:स्थित 'शेषनाग' का दृश्य बहुत ही सुहावना लगता है।

Verses 17, 18, & 19.

Then that calamity caused by the horrible wind-demon subsided, but the demon did not relent[1]. He then faced Indra, (chief of the gods) with great vigour.

Seeing this vigorous onslaught of the demon the mighty Indra took up his weapon, the thunderbolt and killed the demon there and then at Vayuvarjana.

Since the great wind-demon fell at this place, it was termed the sacred tirtha of Vayuvarjan[3] by those conversant with early times and events.

---

1. Prashata demon was so furious that he challenged even the favour of Shiva to gods.
2. 'Thunderbolt' of Indra is a destructive weapon like the thunderbolt itself and it is said to have been formed out of the bones of the sage Dadhichi.
3. 'Vayuvarjan' is a Sanskrit word which means 'killing the wind' i.e. where the wind demon was killed. Its equivalent name in Kashmiri is 'Vavajen' which means 'the wind giant' Reference is to Prashat demon. The place is a dry plateau where furious winds keep blowing This is a very cold place above the snow-line. Just a small stream flows from the ice heaps, and its water is bitter-cold. Fuel is nowhere available. There is a bush called 'Yathur' which burns wet. Slate rock is found here at some places. Variety of flowers give intoxicating fragrance. One enjoys the impressive sight of the Sheshnag lake during moonlight. Glaciers present a glaring look. Very rapid changes in weather are experienced here. Formerly pilgrims did not return this way but took another route from Panchatarni via Astanmarg (Height 1285 ft.).

स्नानं दानमर्चनं च कृत्वा वै वायुवर्जने ।
अनन्तं पुण्यमाप्नोति सत्यं सत्यं वरानने ॥२०॥
वायुवर्जन देशे तु स्नात्वा पीत्वा च सुन्दरि ।
नरो न लिप्यते पापैर्महापातकजैरपि ॥२१॥
यो न कुर्यात् महादेवि ! स्नानं दानं जपं हविः ।
स याति नरकं घोरं तत्तीर्थं तस्य निष्फलम् ॥२२॥

श्री भैरव भैरवी जी से बोलते हैं:-

हे सुन्दर मुखडेवाली देवि ! सुनो यह 'वायुवर्जन' नामक क्षेत्र विशेष महत्व रखता है. इस तीर्थ पर स्नान करने, दान देने, तथा विशेष अर्चना करने से मनुष्य अनन्तपुण्यों का फलभागी बनता है, जो शतश: सत्य है। हे सर्वाङ्गसुन्दरि ! इस क्षेत्र में स्नान करने तथा इसके निर्मल जल की आचमन करने से मनुष्य घोर पापों से तथा

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

जन्मजात अनिष्टों से मुक्त हो जाता है। पर जो इस तीर्थ पर स्नान, दान, जप और अग्निहोत्र आदि नहीं करता है, अवश्य वह घोर नरक में जाता है, उसके लिए इस तीर्थ का कोई महत्व नहीं रह पाता।

Verses 20, 21 & 22.

Phala the 'fruit'

O of Beautiful demeanour! he, who undertakes to perform ablution, charity and worship at this sacred place of Vavajen, will bag innumerable virtues. There is no doubt about it.

O Charming one! The man who takes sacred dip as also takes a sacred sip at Vavajan, is not tainted by any vice even if he has done great sins.

He who does not, O great Goddess! perform ablution, charity and repetition of Lord's name and sacrifice (a humble offering), goes to deeper hell and for him undertaking pilgrimage of the sacred place goes waste.

इति ते कथितं देवि तीर्थं वै वायुवर्जनम्।
श्रुत्वा पठित्वा मुच्येत महापातकपञ्जरात् ॥२३॥

इस प्रकार हे देवि! मैंने आपको इस "वायुवर्जन" तीर्थ के सम्बन्ध में सब कुछ कह दिया है। सच मानो इस 'पटल' के सुनने अथवा पढ़ने से मनुष्य घोर पापों के बन्धनों से निःसंशय छूट जाता है (मुक्ति पाता है)।

Verse 23.

Thus, O Goddess! have I unfolded the glory of Vayuvarjan to you. One who listens to it or studies it gets release from a host of sins.

हत्यार्यतलाव वर्णनम्

श्री भैरवी :-

वद सत्यं महादेव शुष्कं वै सर उत्तमम्।
सरोवरं कथं देव शुष्कीभूतमभूत् किल ॥२४॥

श्री भैरवी भैरव से फिर बोलती हैं:- हे देवादिदेव महादेव! आपकी कृपा से वायुवर्जन तक श्री अमरेश यात्रा का सारा वृतान्त तो मैंने सुन लिया, अब पुरोदृश्यमान यह सरोवर, जो देखने में उत्तम सा तो दीख पडता है, पर सूखा पडा है, "यह क्यों सूखा है" इस में अवश्य कोई विशेष कारण होना चाहिए, अब कृपया इसका विस्तृत विवरण देने से मुझे अनुग्रहीत करिये।

Hatiyar Talaav

Verse 24.

Bhairavi then, desirous of knowing about another place nearby, said:-

O Great Lord! give me explicit information about the great pond that has gone dry. It was formerly a pool of fresh water, but how did it get parched?

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्री भैरवः :--

शृणु सुश्रोणि वक्ष्येहं शुष्कीभूतं[1] सरोवरम् ।
येन विज्ञातमात्रेण नरो मुच्येदसंशय : ॥२५॥

उत्तर में श्री भैरव बोलते हैं, हे अतिसुन्दरअङ्गोंवाली देवि ! चिन्ता न कीजिये, "सुनिये यह सरोवर क्यों सूखा पड़ा है" इसकी सारी कथा में तुम्हें बताता हूं। निश्चय मानिये इस वृत्तान्त के सम्यग् जानने से जीवगण सारे दुःखों से मुक्त हो जाता है, इस में ज़रा भी संशय नहीं है।

---

१ विदित रहे :– वायु वर्जन से आगे कोई 1½ मील की दूरी पर एक समतल भूमिभाग आता है, उसको पारकर 'महागुनस' का स्थान आता है। यह दोनों स्थान नाना प्रकार के फूलों से भरे पड़े होते हैं। यहां भी अचेत होने (अशुद्ध लगने) की सम्भावना रहती है। इसके आगे कुछ ही दूर चढाई पर एक छोटा सा टीला (जिसे कश्मीरी में 'वावभाल' कहते हैं) आता है। यद्यपि यह मार्ग खुले मैदान में से चलता है, तथापि यहां वायु उग्ररूप (झंझा) में चलती है। आगे एक ओर समतलभाग आता है जिसे 'पोश-पथर' कहते हैं। यहां से "भैरव बाल" का पूरा दृश्य देखने में मनोहर लगता है जो 'पञ्चतरंगिणी और 'अमरेश्वर गुहा' के मध्यवर्ती है; यह स्थान प्रायः जलप्राय है। आगे प्रस्थान कर यात्री "होकसर" तदनन्तर "केलनार" पहुँच कर भगवती कालीमाता का दर्शन करते हैं। इसके साथ ही एक टीला और आता है, जिसके दोनों ओर दो मार्ग सम्बन्धित हैं, एक का सम्बन्ध 'होकसर' से और दूसरे का 'केलनार' से है। प्राचीनकाल में यात्री 'होकसर' मार्ग से ही "श्री अमरेश्वर" का दर्शन प्राप्त कर 'केलनार' मार्ग से वापिस आते थे, मध्य मार्ग में स्थित 'हत्यारी तलाव' से होते हुए आगे 'अस्थानमर्ग, के समतल में रात्रिवास करते थे और दूसरे दिन चन्दनवाड़ी वापस पहुँच जाते थे। वस्तुतः "हत्यारीतलाव" कश्मीरी प्राचीन शब्द है, जिसका शब्दार्थ 'जल्लादों का सरोवर है। इस का पूर्ण विवरण इसी पटल के श्लोक २४ से ३५ तक विस्तृत है।

Verse 25.

Bhairava said :-

O you having enticing hips! I shall tell you about the dry pool[1], by mere knowing about this, man gets freed from all doubts.

---

1. Leaving 'Vavjan', pilgrims have to pass through a flowering track, which is about 1½ Kms. Some people faint with the intoxicating fragrance and cold. Then passing over snow they come upon 'Mahagunus pass'. Here also the variety of flowers has a dopping effect. Then they come to an ascent called 'Vava-baal' (the wind hill). Although the path leads through an open and wide plain yet bitter winds keep blowing. Some part of this path is stony. Then there is a plain space called "Posha-pather" wherefrom one can see Bhairava Bal, which lies in the middle of Panchatarni and Amarnath cave. Water flows in abundance here. Varieties of fragrant flowers grow in the plain. So it is named the 'Valley of flowers'. Pilgrims reach 'Hoksar' and then 'Kail Nar' where they have a glimpse of the statue of Bhagawati Kali. The path further divides on either side of the mountain range. Pilgrims, formerly returning from the Amarnath cave, did not go by Hoksar but turned right at 'Keil Nar' and proceeded via 'Hatiyar Talaav' to pass the night at 'Astanmarg' and reach back Chandanwari next day.

'Hatiyar Talaav' is Kashmiri name, which means the pool of the wretched'. In Sanskrit this pool is named (Shushkam Sarovaram) 'the dried up pool.' Story of this pool is related here by Bhairava to Bhairavi—verses 24-25.

हत शेषाणि र[illegible]ंसि तिरोभूतानि वै ह्रदे ।
तस्मिन्नेव पुरा देवि देवास्ते वै बबाधिरे ॥२६॥
कुर्वते मुनि संघानां विघ्नाश्चैव समन्ततः ।
एकदा तत्र तौ देवि स्वेच्छया ह्यागतौ तदा ॥२७॥
वीक्ष्य प्रबाधितांस्देवान् राक्षसैः परमेश्वरौ ।
तदा परम कारुण्यात् देवी देवमुवाच ह ॥२८॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

चिरकाल की बात है, कि 'पेषोगिरि' और 'वायुवर्जन के मध्यवर्ती स्थान पर जब भगवान् विष्णु और भगवान् शंकर के दूतों द्वारा राक्षसों (जिन्होंने देवताओं को नाक में दम किया था) का संहार हुआ था, उन्हीं राक्षसों में अवशिष्ट (बचे खुचे राक्षस) इसी सरोवर में डुबकी मारकर अदृश्य हो जाते थे। अवसर पाकर वे ही मुनिवृन्दों को हर ओर से विघ्न पहुंचाते थे। अकस्मात् शिव और पार्वती दोनों एक दिन वहाँ अपनी इच्छा से आ निकले। दोनों ने अवशिष्ट राक्षसों द्वारा पीडित अवस्था में पडे हुए सारे देवता देख लिये, तब मुनियों की इस करुणावस्था से द्रवित हो पार्वती जी शिवजीसे कहने लगी।

१. देखिए पटल ६ में पिस्सू घाटी।

Verses 26, 27 & 28.

(During the battle between gods and demons in Pissu Ghati[1]) some demons had escaped and hid themselves in this pool. O Goddess! from there they began to tease the gods whenever they got an opportunity to do so and created havoc on all sides.

One day, Parvati and Parameshwara, engaged in sport, stumbled on this way together. O goddess! when they saw the gods being tormented by these demons, Parwati, out of compassion, said to Parameshwara (Siva) :-

1 Refer to Canto VI Pissu Mount.

श्री पार्वती :–

दयालो परमेशान पश्यैतान्मुनिसत्तमान् ।
विघ्नितान् राक्षसैश्च पीडितानपि शंकर ॥२९॥



Panchtarni

…कीनाथ कौल 'कामरू'
…क-संस्कृति स्तम्भ
श्री राम कृष्ण आश्रम,
श्रीनगर (कश्मीर)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पार्वती जी बोलती हैं :-

हे दयालु देवादिदेव भगवान शंकर ! कितनी दुःख की बात है, आप इन परमश्रेष्ठ देवताओं की ओर तो जरा देखिये, किस प्रकार इस ढीठ राक्षस दल ने इन की नाक में दम किया है, कितना दुःखी इन्हें बनाया है ।

Verse 29.

"O Compassionate Supreme Lord ! O Shankara ! look at these elevated souls, how they are being obstructed and tortured".

श्रुत्वा देवीवचः सोपि नन्दी तानृषिसत्तमान् ।
वीक्ष्य विघ्नीकृतान् दैत्यैहुंकारमकरोत्तदा ॥३०॥
हुंकाराभिहतादैत्या मग्नास्ते तु सरोवरे ।
मग्नाः दृष्ट्वा ततो देवी शशाप सर उत्तमम् ॥३१॥
मुनिविघ्नकरान् यस्माद्रक्षसे दैत्यदानवान् ।
शुष्की भव सर ! तस्माद् हव्य कव्य विवर्जितम् ॥३२॥
इति शप्त्वा सरो दिव्यं सद्यः शुष्कमभूत् किल
... ... ॥३३॥

देवी पार्वती के इसप्रकार देवताओं के प्रति दयासिक्त वचनों को सुनकर उनके संरक्षक नन्दी ने (जो उनके साथ-साथ रहते हैं) इन उत्तम ऋषियों को, जो अत्याचारी राक्षसों द्वारा सताये हुए थे, पीडित अवस्था में देखा, तो हठात् 'हूं हूं' ऐसा भयङ्कर तीक्ष्णशब्द किया, जिसकी गर्जना से भयत्रस्त वे राक्षस सारे के सारे इसी सरोवर में डूबकर आंखों से ओझल हो गये । पर जगन्माता देवी से न रहा गया, उसने राक्षसों की इस चतुरता को (पानी में यह कुछ ही समय छिपे रहेंगे, फिर उभर आयेंगे) भांप लिया, तो सरोवर को शाप देने पर उतर आई, और यह शाप दिया ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ऐ सरोवर ! जो तुम श्रेष्ठ मुनियों को विघ्न डालनेवाले तथा तहस नहस करनेवाले इन दिति और दनु के पुत्रों (राक्षसों) को शरण देते हो, इस कारण तुम भी 'शुष्की भव'' सर्वथा सूख जाओ, और 'हव्य' (देव - अन्न) और कव्य (पितृ-अन्न) दोनों अन्नों से वंचित रहो। इस प्रकार देवी से शाप पाकर वह दिव्यस्वरूप सरोवर उसी समय सूख गया।

Verses 30, 31, 32 & 33.

Shiva's bull having listened to what Parvati had told Shiva, as also beholding the sober devas thus interrupted by the daityas, uttered a menacing sound—'hum'. The demons smitten with this bellowing sound of Shiva's bull got drowned in the pool. Seeing them drowned thus, Parvati Devi uttered a curse upon the pool—"may dry spell visit you always and the twin offerings to the gods and the manes be of no avail here, since rakshasas find shelter here".

Soon after the curse was uttered, this captivating pool got dried up.

शुष्कीभूताच्च सरसो निर्गतं रक्षसांगणम् ।
नाशयामास स्वगणैः पाश मुद्गरपाणिभिः ॥३४॥

तब शापतप्त सरोवर के सूखने पर वे सब राक्षस टोलियों में बटकर सरोवर से बाहिर निकल भागने लगे, इतने में नन्दीने अपने अन्य गणों के हाथों जिनमें उन्हें पाश - (पशु - पक्षियों को हठात् बाधने का डोरा) तथा मुद्गर (वह बडा सा पत्थर जिसे मल्ल. (पहलवान) अपनी बल-परीक्षा के लिए हाथ से उठाते हैं) आदि आयुध थे, सब राक्षस मार भगाये तथा नष्ट भ्रष्ट करा दिये।

Verse 34.

From inside the dried up pool came out a group of demons (who had earlier hidden themselves under its water) whose destruction was ordered by Shankara through his demigod–attendants carrying mullets and nooses with them.

तदा प्रभृति देवेशि नष्टं शुष्कं सरोऽभवत् ।
शेषो रक्षोगणो यस्मात् याति विघ्नकरः प्रिये ।
तस्मान्मौनेन च व्रजेत् तत्स्थानात् जगदम्बिके ॥३५॥

हे देवि ! उसी दिन से यह सरोवर विशीर्ण अवस्था में सूखा पडा रहा, फिर भी हे जगन्माता देवि !स्मरण रहे, नन्दीगण की मारदाढ़ से लुकेछुपे कुछ अवशिष्ट - राक्षस इस ओर चलने वाले यात्रियों को कहीं न सतायें, इस कारण यही अच्छा है. कि इस तरफ चलने वाले सारे यात्री (चुपचाप) ही चला करें, निदान यह प्रथा चलती रही जो अभी तक प्रचलित है।

Verse 35.

O Goddess ! it was since then that the pool got dried up. Some demons, left over, are still active there who stand between the pilgrims (and their destination). So the pilgrims are at this place cautioned to steal their way quite silently.

Note :- Verses from 19-35 give different readings and additional lines also in Ms-MR. Because of exaggerative tenor and repetition these have not been appended here.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पञ्चतरङ्गिणी विवरणम्

श्री भैरवी :—

वद सत्यं महादेव ! पुण्यां पञ्चतरङ्गिणीम्[1] ।
यां दृष्ट्वा मुच्यते जतुर्जन्मान्तरभवैरघैः ॥३६॥
पुण्यमक्षयमाप्नोति यत्र स्नानात् महेश्वर ।
दानाद्यत्र महेशान फलमाप्नोति यागजम् ॥३७॥

(इस सूखे सरोवर जिसे आज "हत्यारा - तलाव" कहते हैं, का इतिवृत सुनकर श्री भैरवी जी फिर महादेव से बोलती है) :-

हे देवादिदेव महादेव ! अब कृपया मुझे यथार्थ में इस परम पावनीय 'पञ्चतरङ्गिणी, की महत्ता (महिमा आदि का सारा इतिवृत्त) सुनाइये, जिस महिमावती का दर्शनमात्र करने से ही जन्म – जन्मान्तरों के छोटे बडे अनेक पापों से मनुष्य मुक्त हो जाता है, विशेषकर इस में स्नान करने से "जिसका कभी क्षय नहीं होसकता" ऐसा महान् पुण्य प्राप्त होता है। यहां तक बडे-२ जपपूर्ण यज्ञों के करने से महा महिमाशालियों के जिस पुण्यराशि की फल-प्राप्ति होती है, सामान्यजन इस पवित्र स्थान पर केवल दानमात्र करने से उसी यागसम्भूत फलप्राप्ति के अधिकारी होते हैं।

१ विदित रहे 'केलनार' से पंचतरङ्गिणी तक का सारा भूभाग समतल भूमि का है। इस मार्ग के साथ २ एक नदी बहती है, आगे कोई 1½ मील की दूरी पर एक ढीला, जिसे—कश्मीरी में 'आलस टेंग' कहते है आता है। चिरकाल की प्रथा के अनुसार प्रत्येक यात्री यहां से चलते २ एक छोटा सा पत्थर हाथ में लेकर अपने कान्धे से पीछे 'आलस टेंग' की ओर फेंक देता है। इस भाव से कि यह आलस्य को तिलाञ्जलि है, अब थकन नहीं आयेगी। आगे चलकर पथरीले एक तंग रास्ते को पार करके एक महान शैल खण्ड' जिसे कश्मीरी में 'नगारपल' कहते है आता है। यहाँ 'नगरेश्वर' भैरव की प्रतिष्ठा है। कश्मीरी में 'नगार' का अर्थ

"दुन्दुभि" है, अभीतक प्राचीन प्रथा के अनुसार सारे यात्री हाथ में पत्थर लेकर 'श्री अमरनाथ जी की जय' बोलकर पत्थर से ढोल को बजाते हैं।

किवदन्ती है कि किसी समय यहां पर एक ढोल हुआ करता था जिसे लोग बजाते थे, एकप्रकार से मानों श्री अमरनाथजी को अपने आने की सूचना देते थे। यहा से उतर कर यात्री पञ्चतरणी के समतल भू-भाग में पहुँचते हैं, जहा भिन्न २ पांच नदियाँ साथ २ बहती हैं। बर्फीला पानी होने के कारण कई ही यात्री यहां पर नहाते हैं, प्रायः स्त्रियां पांचों नदियों में नहाने का प्रयत्न करती हैं। आश्चर्य है इन नदियों के तापमान में बहुत ही अन्तर हैं। इन पांचों नदियों से पार जाकर एक और नदी जिसका जलप्रवाह इन पाचों की अपेक्षा कुछ अधिक है, बहती है। यहां यात्री स्नान करके श्राद्ध करते है, तथा दान आदि भी करते हैं। (देखिये श्लोक ४४-४५)

यही नदी आगे प्रवाहित हो, 'पञ्चतरङ्गिणी' के पांचों नदियों से मिलकर आगे 'अमरावती' नदी में जा मिलती है, और संगम बनाती है।

(देखिये ङ' पाठ पृष्ठ ५२-५६)

PANCHATARANGINI

Verses 36 & 37.

The Bharavi said to Bhairava :-

O Mahadeva, the great Lord ! Kindly explain to me the eminence of the holy Panchatarangini[1], by a glimpse of which the pilgrim is freed from the sins committed in previous births.

O Maheshwara ! This is a place where, after an ablution, one gains undying virtue, and where giving alms ploughs back the fruit of great sacrifice.

1 From 'Kail Nar' to Panchatarni the pathway is mostly plain girdled by a stream. About 1½ Kms. from 'Kail-Nar' there is a mound called 'Aalesy Teng' (the mound of

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

indolence). Reaching there every pilgrim throws a stone behind his back, with an understanding that he bids adieu to indolence and proceeds towards the reality of life. Then the narrow path over stones leads to a big boulder which is named 'Nagarapal'—the stone for drum-beating. It is the sacred place of 'Pareshwara Bhairawa'. The vanguard of the pilgrims stays here. Pilgrims strike the boulder with stones repeating the holy name 'Amarnath ji ki jai'. For this purpose a drum used to be kept here so that every pilgrim would sound it with a beat or two to herald his presence to Lord Shiva in the cave. Four-walled miniature huts (Mathikas) are raised here also. (Ref. Verse 2, notes)

From there, after a short descent, pilgrims come to the wide plain of Panchatarni, where five streams flow side by side. Water being ice-cold many people (pilgrims) still bathe here. Women-folk attempt to bathe in all the five. Temperature of water in the stream varies from one stream to another. After going across these streams there is the sixth stream where pilgrims have ablution and perform Shrada (c.f. verses 44-45 of this canto). This stream flows down to meet the confluence of the five streams. The same river meets Amaravati at its downflow and the place is named 'Sangam' (confluence) c.f. Ay-Urdu p.p. 52-56).

श्री भैरव :—

श्रृणु सुन्दरि वक्ष्येऽहं पुण्यां पञ्चतरङ्गिणीम् ।
यां स्नात्वा पुण्यमाप्नोति हयमेधाधिकं प्रिये ॥३८॥

श्री भैरवी जी के प्रश्न के लक्ष्य में श्री भैरव जो बोलते है । प्रिये, सुन्दरि ! सुनो ! मैं तुम्हें इस पावनीय 'पञ्चतरङ्गिणी' के प्रादुर्भाव तथा महिमापूर्णपुण्य के विषय में सारा इतिवृत्त सुनाता हूं, विदित रहे इसमें स्नान मात्र से मनुष्य 'अश्वमेधादि, यज्ञों के अनुष्ठान से प्राप्त फल से भी अधिक पुण्य पाता है।

Verse 38

Bhairava said :—

O Fair one! listen, I shall tell you about the sacred Panchatarangini[1] where, after ablution, one

merits the virtue accrued from performing the 'Ashwamedha' and other sacrifices.

1 Horse sacrifice undertaken by very prosperous kings only See also Canto III verse 22 Note I.

पुरा ताण्डवलग्नस्य नृत्यमानस्य धूर्जटेः ।
कपर्दः शिथिलीभूतः पञ्चधा स महेश्वरि ॥३९॥
ततो वै पञ्चधा देवि! प्रदुर्भूता कपर्दतः ।
गङ्गा भगवती देवी महापातक नाशिनी ॥४०॥
या पञ्चधा महेशान कपर्दा पञ्चधाभवत् ।
सैव प्रोक्ता पुराविद्भिः नदी पञ्चतरङ्गिणी[1] ॥४१॥

हे महेश्वरि ! प्राचीनकाल में एक दिन भगवान शङ्कर अपने प्रिय ताण्डवनृत्य में मग्न थे, इसी की मस्ती में नाचते हुए उन धूलभरा महादेव का कपर्द—जटाजूट (जटाओं का वह समूह जिसमें गगा जी वास करती है) कुछ-२ ढीला पड गया, यहां तक कि नर्तन की मस्ती में वह पाँच भिन्न २ भागों में बिखर गया। स्वतः सिद्ध है इसमें से निकलती भगवती गङ्गा जी जो बड़े २ पापपुञ्जों का नाश करती है, इन्हीं पाँच भिन्न २ भागों से वह निकली, वस्तुत: महेश के कपर्द (जटाजूट) के पाँच भिन्न भागों से निकलने के कारण पाँच तरङ्गों वाली "पञ्च-तरङ्गिणी" पचतरणी, पावनीय रूप से प्रादुर्भूत हुई । निदान प्रसिद्ध तत्वविदों (विद्वानों) ने इसी नाम से फिर इस को अभिहित (नाम करण) किया।

१ 'पंचतरणी' भैरव घाटी की उपत्यका में प्रवाहित हैं, यहां चारों ओर का दृश्य अत्यन्त सुहावना है, सरकार की ओर से यहां कुछ कुटियायें बनी हुई हैं, जिन में प्रायः साधु सन्त सर्दियों में आश्रय लेते है, यहां का जल - वायु अत्यन्त ठंड है, चूने के पत्थरों की बहुतात है । 12900 फुट की ऊंचाई पर यहाँ वातावरण के परिवर्तन पर कोई

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

विश्वास नहीं। सारी यात्रा यहां श्रावण शुक्ल चतुर्दशी को पहुँच जाती है, और इसी रात को पवित्र गुफा में पहुँचने का प्रयत्न करती है ताकि कल पूर्णिमा को प्रातः ही भगवान् कैलासपति अमरेश्वर महादेव के शुभ दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होवे।

देखिये श्लोक ३६ का नोट।

Verses 39, 40, 41, 42,

During primeval days of Shiva's frantic dance, O Great Goddess! His matted locks (kaparda) got spread in five rushes. From the matted hair of Shiva flowed the Ganges, which washes away all the sins. The river that flowed in five streams from the locks of Shiva thus, was termed the Panchatarangini[1] by those conversant with events.

One who takes a sacred dip in the Panchatarangini streams[2] without any hesitation gets release from the effect of sins heinous as crores of brahmahatyas[3].

1 Panchtarni is a vast plain at the foot of Bhairava Ghati There is an attractive sight of mountains all around. Government has erected a few huts here for affording shelter to Sadhus etc. The climate is very cold. Lime stone is found in abundance. At this height of 12900 Ft. the weather is quite unreliable.
Pilgrims reach this place on the fourteenth day of bright fortnight of Shravan (July-August), and are quite jubilantly ready to proceed to Amarnath cave early next morning on the Shravana Poornima day.

2 See note under verse 36.

3 Killing of a Brahman—one who possesses refined spiritual intellect. This act tantamounts to a great sin. See also Canto V Verse 27 Note 1.

नद्यां पञ्चतरङ्गिण्यां स्नानं कुर्यादतन्द्रितः ।
मुच्यते पातकैः घोरैः ब्रह्महत्यादि कोटिभिः ॥४२॥
कुरुक्षेत्रे[1] प्रयागे[2] च गंगासागर[3]संगमे ।
स्नात्वा दत्त्वा च विधिवद्यत्फलं लभते नरः ॥४३॥
तत्फलं समवाप्नोति स्नात्वा पञ्चतरङ्गिणीम् ।

हे देवि ! इस पवित्र पांच तरङ्गोंवाली (पंचतरणी) में जो बिना आलस्य (प्रसन्न मन से) सम्पूर्ण शरीर का स्नान करे, निश्चय रखो, वह घोर पापों, यहां तक ब्रह्महत्यादि पापों से पापहीन (मुक्त) हो जाता है। एवमेव कुरुक्षेत्र, प्रयागराज तथा गंगासागर के विशेष संगम पर स्नान करके विधिपूर्वक यथाशक्ति दान देकर मनुष्य जो पाप फल प्राप्त करता है, अवश्यमेव वही फल इस पञ्चतरङ्गिणी में स्नान करने से मिलता है।

१ कुरुक्षेत्र दक्षिण में सरस्वती नदी और उत्तर में दृशद्वती नदियों के मध्य स्थित भू भाग है। यहां वास करना स्वर्गलोक में वास करने के समान माना गया है। यह स्थान महाभारत द्वारा प्रतिष्ठा को प्राप्त हुआ है :- देखिए महाभारत आदिपर्व अध्या० १४, श्लोक ५०, अध्या० ३६ श्लोक १३६, अध्या० १२६ श्लोक ४, अध्या० १०१ श्लोक ८ और ६, अध्या० २०६ श्लोक २६. वनपर्व-अध्या० ५ श्लोक १, अध्या० १२५ श्लोक ४५, अध्या० २६० श्लोक ३, भीष्मपर्व - अध्या० ११६ श्लोक ६२ अध्या० ५५८ श्लोक ४२. पटल ६ श्लोक ६

१	नोट	पटल ६	श्लोक	६	१।
२	,,	,,	,,	६	२।
३	,,	,,	,,	६	३।

Verses 43 & 44½.

By taking sacred bath and giving alms according to religious injunctions at Panchatarangini, that merit accrues which is usually reaped after a bath at the famous sacred places like Kurukshetra,[1] Prayaga[2] and the confluence of Gangasagara.[3]

1 Kurukshetra is a place situated to the south of river Sarasvati and north of Drsadvati rivers. Living here amounts to living in heaven. This place attained fame after

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

References for Study:

Adi Parva:	Chapter 14, Verse 5o	(King Kuru's Tapas made the place holy)
	Chapter 31, Verse 139 —do—226, Verse 4	Takshaka's living place.
	—do—1o1, Verses 8 & 9	Chitrangada killed
	Chapter 2o9 Verse 27	Sunda & Upasunda who conquered other worlds.
Vana Parva:	Chapter 5, Verse 1	Pandavas visited the place during exile
	Chapter 125, Verse 45	King Mandata conducted a Yajna
	Chapter 26o, Verse 3	The reputed sage Mudgala lived here)
Bhishma Parva	Chapter 119, Verse 92	Bhisma lay wounded on the bed of arrows here
	Chapter 558, Verse 42	The Pandavas and the Kauravas waged a fierce war, Krishna taught Arjuna the Gita here and so on.

2 Prayag is a sacred place situated at the meeting point of Ganga and Yamuna. A holy bath here earns the benefit of ten Ashwamedas. (Mahabharata, Vana Parva, Chapter 84, Verse 35)

For details of its greatness kindly refer to Agni Purana Chapter 211.

3 Ganga Sagara—This is a sacred tirtha at the confluence of the Ganges with the Bay of Bengal. A bath here is as beneficial as the performing of ten Ashwamedas. (Vana Parva, Chapter 35, Verse 4. Also see Chapter 211, of Agni Purana).

Note:— c. f. the above three notes with notes 1, 2, 3, Verse 9. canto VI.

श्राद्धं करोति वै तत्र यः कश्चिद् सुरसुन्दरि ॥४४॥
पितरस्तस्य तृप्यन्ति शतकल्पं न संशयः ।
गां हिरण्यं[1] सुवासाश्च क्षौमं चन्दनमेव च ॥४५॥
कुंकुमागुरु कर्पूर मृगनाभिमपीश्वरि ।
यो ददाति द्विज श्रेष्ठेभ्यो शैवं पदमवाप्नुयात् ॥४६॥
महापातक युक्तो वा युक्तो वा ह्युपपातकैः ।
सद्यः स मुच्यते जन्तुः स्नात्वा पञ्चतरङ्गिणीम् ॥४७॥

हे सुर सुन्दरि ! अपने पूर्वजों की मुक्ति के लिए जो कोई इस पवित्र तीर्थ पर उनके निमित्त श्राद्ध करेगा, इस में संशय नहीं, उसके पितरों की वर्ष भर क्या, सौ कल्पों तक तृप्ति हो रहेगी। तथा जो कोई यहां गोदान, सुवर्णदान तथा वस्त्रदान एवमेव रेशम - चन्दन - केसर - अगरु - कपूर तथा मृगनाभि (नाफा) इत्यादि सुगन्धितद्रव्यों का दान करता है उसे अवश्यमेव शैवपद प्राप्त होता है। इस प्रकार निश्चय मानो, जो भी कोई महापापों अथवा साधारण पापों से घेरा हो, इस पावनीय पञ्चतरङ्गिणी में केवल स्नान करने से तत्काल पापों से छूट जाता है। (मुक्त हो जाता है)।

Verses 44½, 45 & 46.

O Fair one! if anyone performs shradha, (the obsequil ablution) to his departed ones here, according to cardial instructions, they all get satisfied for a hundred Kalpas. There is no doubt about it.

One who gives in charity here: cow, gold, fine clothings, silkens, chandana (sandal), kumkuma (saffron), aagallocha (a kind of chandana), camphor, and the like, gets entrance to Shivaloka.

1 Cow, gold, etc. are the choicest things given in charity at holy places for replenishing the spirit of renunciation to leave one light for spiritual attainment. See also canto VI Verse 11 note 6.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

स्नात्वा दत्वा च विधिवत् पुण्यां पञ्चतरङ्गिणीम् ।
आरुहेद्रत्नशिखरं[1] ततो डामरकं श्रयेत् ।।४८।।
दृष्ट्वा डामरकं[2] तत्र शिलीभूतं महागणम् ।
पुण्यमाप्नोति मनुजो ह्यश्वमेधादि यागजम् ।।४९।।

इस प्रकार महा पुण्यपुञ्ज 'पंचतरङ्गिणी' तीर्थ पर स्नान करके यथाविधि (यथारुचि) दान दे। फिर उपर रत्नशिखर (भैरवशिखर, भैरव-पर्वत) पर चढे (वहां की यात्रा करे)। उपर पहुंच कर फिर "डामरक" स्थान पर विश्राम लेवे। विदित रहे "डामरक" महादेव के गणों में एक प्रमुखगण है, जो शाप विवश महान्-शिला बना हुआ है, इस का दर्शन करना अश्वमेध यज्ञ करने के समान फल दाता है।

---

१ पचतरणी से अमरेश - गुफा तक यात्रा के दो मार्ग हैं। एक मार्ग भैरव-घाटी (जिसे 'रत्नशिखर, इस शुभ नाम से अभिहित करते हैं) की चोटी से जाता है यह मार्ग ६ मील लम्बा और ढलवान है, कठिन है, टट्टू आदि के लिए भयावह है! अतः इस मार्ग से मारवाही आदि कोई भी नहीं जा सकता है, यहाँतक यात्रियों को भी बडी सावधानी बर्तनी पडती है। प्रायः यहाँ डंडे का सहारा लेना पडता है। यहाँ का सारा ढलवान स्थल फूलों से लदा रहता है। सारा मार्ग जिह्मगा (टेढा मेढा) है, चूने के पत्थरों से व्याप्त है, अतः पैर फिसलने का भी भय रहता है। नाना प्रकार के फूलों की इतनी अधिकता है कि इनकी उत्कट महक से अचेत होने की शंका रहती है। निदान ढलवान समाप्त होता है, समतल भूमि आती है इसे 'मालिश,' कहते हैं, यहाँ एक नदी बहती है जिसे 'भैरव नदी' कहते हैं, मालिश सदा बर्फ से आच्छादित (ढकी हुई) होती है। (ज, पाठ पृष्ठ ५१-५२)

२ 'मालिश' भैरव पर्वत की अधित्यका पर सदा हिमाच्छादित समतल भूमि है। इसके आगे इसी भैरव-पर्वत (रत्न शिखर) के सर्वोच्च-शिखर पर एक महान् शिला प्रतिष्ठित है, इसे 'डामरेश्वर' कहते हैं। इसके विषयक एक गाथा है। देखिये पटल १ श्लोक १-१८.

Amarnath Cave

JANKINATH KAUL 'Kamal'
M.A., B.T., PRABHAKAR.
EDITOR--CULTURAL DESK
Sri Ramakrishna Ashrama
SRINAGAR (Kashmir)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कुछ काल पहिले कई हठी साधु इसी अमरेश्वर शिला से 'भैरव' करते थे, अर्थात् अपने आप को पर्वत से लुडका कर 'आत्महत्या' करते थे इस विचार से, कि हम आत्मबलि देने से निर्वाण (मुक्ति) प्राप्त करेंगे। पर इस कुप्रथा को अब सर्वथा बन्द किया है, यहां तक कि सरकार ने इस मार्ग से यात्रा करना ही निषिद्ध घोषित किया है। यह कुप्रथा १८ शताब्दि तक चलती थी।

दूसरा मार्ग इस भैरव घाटी के रास्ते की अपेक्षा अति सरल है। अत: यात्री पंचतरणी से प्रस्थान कर अमरावती - संगम से ही चलते हैं। जहां आगे जाकर 'आरि दलव' की चढ़ाई प्रारम्भ होती है। यह रास्ता कुछ-२ तंग तथा दोनों ओर बर्फ से ढका हुआ है। यहां की प्राकृतिक छटा अत्यन्त लुभावनी है। कुछ दूर आगे चलकर फिर 'प्राण दलव' की उतराई आती है! कोई मील भर नीचे उतर कर 'नेहनार' नामक विस्तृत स्थान आता है, वस्तुत: यहीं पर यात्रा समाप्त होती है। अब यहीं से यात्री अपनी-२ प्रथा तथा रीति के अनुसार अमरेश्वर महादेव के दर्शन की प्रतीक्षा में रहते हैं। सोनामर्ग रास्ता से आई जनता भी यहीं पर अन्य यात्रियों के साथ सम्मिलित होती है।

इति वायुवर्जन–शुष्कसर–पञ्चतरङ्गिणी महिमा नाम अष्टमः पटलः।

इस प्रकार वायुवर्जन शुष्कतलाव तथा पञ्चतरङ्गिणी के महिमा का आठवां पटल समाप्त है।

Verses 47, 48 & 49.

However big or small sins one has been victim of, these immediately get washed off, on taking a dip in Panchatarangini.

After performing ablution and charity at Panchatarangini one should ascend the Ratna-Shikhara[1] top to approach Damaraka[2].

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Having sighted Damaraka, the demigod-turned-to-stone, one reaps virtue accrued by performing Ashwamedha and other sacrifices.

---

1 *Ratnashikhara* is the name given to Bhairava Parvat known as *Bhairava Bal* or *Bhairava Ghati* (as mentioned at different places).
There are two routes from Panchtarni to Amareshwara or Amarnath cave. Taking the one, pilgrims cross over the Bhairava Ghati. It is over six kilometres long and has steep ascent. Ponies do not go by this route. One has to walk with sufficient restraint and patience. Colourful flowers present a charming sight but the doping fragrance of herbs makes one faint at any moment. Feet slip over the lime-stone track which goes zig-zag. A staff in hand is of great help to a pilgrim here. After the ascent of a kilometre or so plain ground appears onwards. This place is named 'Malish'. A stream flows here. It is called 'Bhairava stream'. There is ice all round (Ry Urdu PP57-59).

2 Continuing on this route at the top of Bhairava Bal there is a big stone, which is the sacred place of Bhairava, here named 'Damareshwara'. A legend is related here (See Amareshwara Mahatmya Canto IX verse 1-18). Some time back Sadhu pilgrims used to throw their bodies down from this stone or statue of Bhairava believing that this way of sacrifice would emancipate them. But emancipation, cannot be the lot of one who commits a heinous crime of suicide like this. Swami Paramnanda has, therefore, rightly advised the intelligent pilgrim thus :-

Asta Asta Khasta Panchalasye
Soham Bhairav Balasye
Tukh zuthna lagi ath lalasye
Man ther kar poozon Prabhu.

(for translation see canto I verse 2).

This unwholesome practice of self-sacrifice has however been stopped. Even taking of this route is banned by the Government. On return, pilgrims now take the other route known as "Sant Singh Route" (Ry Urdu Page 59). "In early 19th century Sant Singh, a relative of Maharaja Ranjit Singh negotiated the shrine through this route. The pilgrim follows this route even now and it is called Sant-Singh-route" (Ikbal Kaul - A trek to Amarnath, Illustrated weekly of India June 6, 1982).

This alternate route is simpler than that via *Bhairav Ghati*. Starting from Panchtarni pilgrims pass by the confluence of Panchtarni and Amarvati streams. Beyond this Sangam, ponies and palkies are not used. Then the ascent of 'Brari Dalav' starts. This narrow pathway hemmed in between snowy mountains presents a heart-ravishing scenery. Thereafter, the descent over 'Pran Dalav' commences. About a kilometer ahead is a place named 'Neha Nar', meaning the gorge of destination, where this race (of pilgrims) comes to an end. It is all ice and ice around. The Sonamarag route towards the cave meets the Sant Singh route here. Then the holy cave stares us in the face.

THUS THE EIGHTH CANTO 'VAYUVARJAN AND PANCHTARNI' OF AMARESHWARA MAHATMYA COMES TO A CLOSE.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

अथ नवमः पटलः

डामरक का पथराना

श्री भैरवी :—

कोऽसौ डामरको नाम भवता कथितास्तु यः।
कथं कथं शिलीभूतो वद सत्यं महेश्वर ॥१॥

पञ्चतरङ्गिणी–विषयक सम्पूर्ण कथाश्रवण से कृतकृत्य हुई भैरवी जी श्री भैरव से पुनः कहती है।

प्रिय हे महेश्वर ! आपने जो पंचतरङ्गिणी कथाप्रसग में शिलीभूत बने डामरक को लक्ष्य करके कुछ संकेत दिया है, वस्तुतः वह डामरक कौन है और क्योंकर वह शिलीभूत (पत्थर की एक बडी चट्टान) बना हुआ है, कृपया इसका यथावत् वृत्तान्त सुनाइये।

CANTO IX

How Damaruka was fossilized as a stone

Bhairavi then put another question :—

O Great Lord ! who is this Damaruka to whom you have referred (in the previous canto) ? Kindly make it clear to me as to how the demi-god was turned to a stone.

श्री भैरव :—

श्रृणु वक्ष्ये महेशानि ! गणं डामरकाभिधम्।
यस्तु कर्मविपाकेन शिलीभूतो[1] गणेश्वरः ॥१॥

उत्तर में श्री भैरव बोले :- हे महेश रानी ! सुनो, कुछ समय पहले भगवान शङ्कर का 'डामरक' नामी एक प्रधानगण, जो अपने कर्मविपाक से बिचारा इन्ही (श्री शङ्कर के) शाप से शिलीभूत हो गया था उसका यथावत् वृत्तान्त इस प्रकार है :-

१ पूर्णशक्तिमान का किसी अनर्थकारी व्यक्ति पर 'दुराशिष[1]' देना शाप, और किसी हितकारी पर 'शुभाशिष' देना वर, कहलाते हैं। देखिये, मुनि गोतम जी के शाप से ही उनकी अपनी स्त्री (अहल्या) भी शिलीभूत (एक बडी चट्टान) बनी थी, जो श्री रामचन्द्र के चरण स्पर्श से अन्त में मुक्ति पा गई। (वाल्मीकि रामायण बाल काण्ड सर्ग ५४)

२ षोडषकलापूर्ण भगवान श्रीकृष्ण भी मुनि के ही शापवश अन्त में एक शिकारी के बान का लक्ष्य बनगये॥ (महाभारत)

Verse 2.

Bhairava said :—

O Great Goddess ! I am forthwith unfolding to you all about the demigod named Damaruka, who as a result of his own actions, was fossilized as a stone (by a curse)[1].

1 Curse from Devas and saintly people has an electric effect since such great people cannot be taken for granted by any one hitting below the belt.
Muni Gautam's curse turned his chaste wife Ahalya into a stone. (Valmiki Ramayana Chap. 54)
Lord Krishna, the Accomplished, was the aim of a hunter's arrow by the curse of a Muni. —Mahabharat

पुरा नर्तनशीलिस्य धूर्जटेः संध्ययोर्द्वयोः।
षण्मुखं क्रीडमानस्य संध्याकालोऽत्यगात् प्रिये ॥३॥
सन्ध्यातिवाहनात् तस्य चिन्ता मनसि चाभवद्।
चिन्तमानस्य तस्यैवं देवी पृष्टवती मुहुः ॥४॥

हे प्रिये ! बहुत दिनों की बात है, भगवान् जटाधारी 'शङ्कर', जो सदा सन्ध्या के समय अपना नित्यकर्म किया करते थे। अपने प्रिय पुत्र षण्मुख (कुमार जी) के साथ खेलने में उनसे व्याम

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

थे कि सन्ध्या काल ही ढल गया, और स्वयं भगवान् अपने नित्यकृत्य से वंचित रहे। निदान सन्ध्याकाल के ढलने और नित्यकर्म के वंचित रहने से मनस्वी भगवान बहुत चिन्ता-ग्रस्त हुए। इस प्रकार चिन्तित मुद्रा में पड़े प्रभु शङ्कर की दशा देखकर उनकी प्रिया भगवती पार्वती जी उन से बार बार चिन्ता का कारण पूछती रही।

---

१ पुराणों के कई स्थलों पर भगवान शिव को 'सन्ध्यानटिन्' इस शुभ नाम से सुशोभित किया है, इससे स्पष्ट है, भगवान शिव 'सन्ध्या समय,' ताण्डव नृत्य करते आये हैं, यद्यपि कोषानुसार "प्राह्णाऽपराह्णमध्याह्न त्रिसन्ध्यम" अर्थात प्रातः सायं और मध्याह्न को 'सन्ध्या,' कहते हैं तथापि सायं तथा प्रातः ही 'शिव ताण्डव के लिए विश्रुत हैं, ऐसी धारणा है।

प्राचीन काल की यह भी किंवदन्ती है :– राक्षसों ने इसी धुंधले सन्ध्या काल को देवताओं पर आक्रमण करने की प्रतिज्ञा की थी। भगवान शंकर ने यही जानकर सन्ध्या समय ही ताण्डव नृत्य के लिए निश्चित किया था। नृत्य में "धगद् - धगद् - धगद्" डमरु की इस उच्च ध्वनि में जटाओं की ज्वाला जब बिखर जाती थी, सारे राक्षस ताण्डव देखने में मस्त हो जाते थे, यहाँ तक सन्ध्या समय इसी में बीतता था, और राक्षस देवताओं को सताने से वंचित रह जाते थे। देखिये पुष्पदन्तविरचित महिम्नस्तोत्र श्लोक १७ 'महीपादाघाताद्, आदि, और शिवताण्डवस्तोत्र श्लो० २, "धगद् धगद् ज्वलत् ज्वलत् ललाटपट्ट पावके" इत्यादि।

२ धूर्जटि :-(धू :- भारभूना, जटि :- जटा संघातः यत्र) अर्थात् जिसे त्रिलोकी की चिन्ता निमित्त बिना संवारे जटाओं का समूह भार सा है।

अथवा

(धू :- गङ्गा जटिषु यस्य) जिसके जटाजूट में गङ्गा जी सदा विराजती है। अथवा :-

'धूञ् कम्पने, धातु के आधार पर जिसका जटाजूट सदा कम्पायमान (हिलोरे मारता) रहता है। उन्हीं भगवान श्री शंकर के नाम 'धूर्जटि': है।

३ षण्मुखम् :- यह भगवान शिव और पार्वती के प्रियपुत्र का प्रियनाम है। षण्मातुर—(षण्णांमातृणामपत्यपुमान्) जिसको छः माताओं (१. कृत्तिका, २, रोहिणी, ३,मृगशिरा, ४, गंगा जी, ५, पृथ्वी, तथा ६, श्री पार्वती जी) ने अपने स्तन्यपान से पालित और पोषित किया है, जिसे 'षडानन, (षट् आननानि यस्य) छः मुखों वाला कहा जाता है।

Verses 3 & 4.

O Loving one! In the days of yore, Shiva who enjoys his routine dances at dawn and dusk regularly[1], one day missed this junction hour[2] while in play with Shanmukha[3].

When the junction hour passed, He felt disturbed. Seeing Him in a melancholy mood, the Goddess enquired of Him again and again the reason for it.

---

1 An epithet of Shiva is '*Sandhya Natin*' the dancer at twilights c. f. *Mahipadaghatat*...verse 16 of Pushpadanta's Mahimnastotram :-

By the stamping of Thy feet the earth
fell into sudden peril,
By the movements of Thy arms strong like clubs
The stars in the ether got scattered,
Thy loosened hair lashed the heavens to trouble;
Thou did'nt dance to trouble the world
But, verily, to save it."

2 Juntion hour is the time soon after day comes to a close and night begins. It is the time of routine dance for Shiva.

3 The six faced son of Shiva—Kumara, Skanda, Kartikeya etc. are other epithets. Skanda, the son of Shiva was born of Ganga in the forests of Udaya mountain. The child was as effulgent as the rising sun. When it cried with thunderous voice, six divine *Kritikas* who came that way saw the child. Taking pity on it they vied with one another to breast-feed it. Since the child looked at the six *Kritikas* (divine mothers) one after the other it developed six faces. Since it was breast-fed by *Kritikas* it came to be named *Kartikeya* as well. As he possesses six faces he became famous as Shanmukha' also.
c. f. (i) Skanda Purana
(ii) Valmikiya Ramayana
(Bala-kand canto 37)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

किमिदं चिन्त्यसे देव का चिन्ता भगवंस्तव ।
वद सत्यं महादेव मनो मे शर्म नाश्नुते ॥५॥

(श्री पार्वती जी भगवान शङ्कर से पूछती है)

हे देव ! क्या कारण है, आप चिन्तित मुद्रा में पड़े हुए से दीख पड़ते हैं। भगवन् ! आप को किस प्रकार की चिन्ता घेरी हुई है, यथार्थ में सच्ची बात बताइये, मेरा मन किसी प्रकार का सुख अनुभव न कर उदासी से अभिभूत होता है।

Verse 5,

O God! What is that you are obsessed with? What worries you so much? Tell me plainly, O Lord, as my mind does not maintain its rhythm.

इति श्रुत्वा वचोदेव्याः प्रियाप्रियचिकीर्षया ।
प्रावदद्भगवान् देवी सन्ध्या कालोत्यगान्मम ॥६॥
सन्ध्यालोपात्मया प्राप्ता चिन्ता च महती प्रिये ।

मेरे लिए प्रिय क्या है और अप्रिय क्या है, मुझे क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इस प्रकार की इच्छा रखने वाली देवी के वचनों को सुन कर विवश हो भगवान् शङ्कर देवी से बोले, प्यारी ! आज (प्रियपुत्र कुमार जी के साथ क्रीडा में रत होने के कारण) मेरा सन्ध्याकाल ही टल गया, परिणाम मेरे सन्ध्याकालीन कार्य-क्रम में लोप आ गया, बस यही मेरी महती चिन्ता है जो मुझे घेरती है और तभी मैं उदास हूं।

Verses 6 & ½ of 7

Having heard these words of the loving Goddess, Lord Shiva said, "O the Choicest one! I have skipped over the junction hour and this omission is giving me unmitigated pin-pricks[1]."

1 It is believed that demons try to make mortals uncomfortable at twilights. Hence Lord Shiva beguiles them with His dance (Tandava) till the twilight is over. Herein, Lord feels sorry for mortals who must have suffered at the hands of the demons since He had not undertaken the routine dance. That is precisely what makes Him worried. (c. f. Mahimnastora Sl. 16).

इति श्रुत्वा वचस्तस्य देवदेवस्य धूर्जटेः ॥७॥
प्रत्युवाच पुनः देवी भगवन्तं सनातनम् ।
अयं महागणोदेव डमरुं गृह्य तिष्ठतु ॥८॥
सन्ध्यायावेदनार्थंच चिरकालं महेश्वर ।
इति श्रुत्वा वचो देव्यास्तथेत्युक्त्वा महेश्वरः ॥९॥
हासयन् षण्मुखं तत्र पुनर्देव्यासहालपत् ।
तदा प्रभृति देवेशि ! महा डामरको[1] गणः ॥१०॥
तस्थौ सन्ध्यावेदनार्थं भवस्य सुरपूजिते ।

देवादिदेव महादेव की इस प्रकार चिन्ता भरी उक्ति को सुनकर देवी जी झटिति पुनः सनातन भगवान से सुझाव के रुप में यह बोली, हे महेश्वर ! चिन्ता करने की क्या बात, आज से यह मुख्यगण 'डमरु' हाथ में लेकर सन्ध्या की प्रतीक्षा में चिरकाल तक रहा करेगा, और साय प्रातः 'डमरु' बजा बजा कर यह घोषणा करता रहेगा "सन्ध्या काल समीपस्थ है"। जिस से आप सन्ध्या कालीन कार्यक्रम निभाने के लिए सदा सचेत होते रहेंगे। इस प्रकार देवी के इस सुझाव पर अपनी अनुमति दिखाते हुए भगवान ने उसके कहने का अनुमोदन 'तथास्तु' कहकर किया। निदान प्रिय पुत्र कुमार जी को हर्षाते हुए देवी जी के साथ पुनः वार्तालाप में तल्लीन हो गए।

फिर क्या हुआ हे देवताओं से पूजित महादेवि ! उसी दिन से लेकर वह मुख्यगण डमरु बजाने के कारण 'डामरक' यथार्थ नाम से भगवान् शङ्कर को सायंप्रातः निरन्तर डमरु बजा बजा कर चिरकाल तक सन्ध्या काल की सूचना देता रहा।

१ भगवती पार्वती जी ने स्वयं प्रिय पति महादेव को सन्ध्या समय को

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

सुचना देने के लिए इस मुख्य गण को सन्ध्या समय आने पर डमरु बजाने का काम सोंपा था, ताकि महादेव को सायङ्कालीन ताण्डव करने में कोई बाधा न आने पाए। सम्भव है इस कारण इस गण को 'डामरक' नाम की रुढि पड़ी हो।

Verses ½ of 7, 8, 9, 10& ½ of 11.

On hearing these words of the Lord of lords, also called Dhurjati[1], the Goddess retorted to the Eternal Lord, "O Lord, the chief demigod will be stationed here taking hold of a mini-drum, and by beating it, will ever be informing You about the junction hour (Sandhya)". When Lord Shiva heard this from Parvati, He, the great Lord endorsing this said, "Let it be so", and engaging Shanmukha in joyful play, closetted Himself with Her in repartee.

Now Bhairava says to Bhairavi — O great goddess! since then this senior attendant (of Shiva) named Damaruka[2] the Great, has been on duty there to remind Shiva—adored by the gods—of the junction hour.

1 The one whose matted hair is always in a tremble, not steady, moving.

2. The name of this demigod obviously sprang from his commission to handle a mini-drum.

एकदा क्रीड़मानस्य शिवस्य तनुजं स्वकम् ॥११॥
गणः प्रमादनिद्रायां लीनोऽभूद्वरवर्णिनि
सन्ध्याकालः पुनस्तत्र व्यत्यगाच्च कपर्दिनः[1] ॥१२॥

हे सुन्दर मुखवाली! फिर क्या हुआ, स्वयं भगवान् शङ्कर एक दिन फिर अपने प्रियपुत्र कुमारजी के साथ खेलने में मस्त थे, दैववशात् इधर डामरक भी प्रमादवश गाढ़निद्रा में अचेत सा पडा हुआ था। यहां तक सन्ध्या का समय बीत गया, (परिणामस्वरुप न ही डामरक जाग पड़ा, न उसकी असावधानी से डमरु बजा, और नाही शङ्कर भगवान अपना नित्य-कृत्य पूर्ण करसके)।

१ कपर्दोऽस्य जटाजूटः :- अमरकोष के इस निदेशानुसार भगवान शंकर के 'जटा जूट' (विना संवारे जटा समुह) को 'कपर्द' कहते हैं। "कपर्दोऽस्यास्ति' - इस व्युत्पत्ति से जिसके सिर-पर सदा जटाजूट विराजता है। अतः 'कपर्दी' भगवान शकर का दूसरा नाम है॥

Verses 11 ½, 12

O Fair-complexioned one! one day while Shiva was playing with His son (Kartikeya), the demigod was overpowered by inadvertent sleep.[1] Thus the junction hour was again missed by shaggy[2] Shiva.

1. Hence the demigod could not divert the attention of Lord Shiva to His routine dancing.

2. Shiva is called so for having unkempt matted locks.

विमृष्य सन्ध्यालोपं स देवदेवो भवः स्वयं।
क्रुद्धः शशाप गिरिजे महा डामरकं गणम् ॥१३॥
यस्मान्निद्रावशेनैव सन्ध्यालोपः कृतस्त्वया
मम, तस्माच्चिरं तिष्ठ शिलाभूतो[1] गणाधम ॥१४॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे भैरवि ! देवों - के - देव महादेव को अचानक फिर सन्ध्या समय के ढल जाने का ध्यान आया, और सन्ध्या के अभाव में महान् क्रोधी हुए। क्रोधवश 'डामरक' मुख्यगण को यह शाप दिया, 'अरे ओ नीच गण ! जो तुमने निद्रावश हो, प्रमाद के कारण मेरे सन्ध्याकृत्य का लोप किया, इस कारण तुम जडावस्था में पत्थर बनकर चिरकाल तक यहीं स्थिर रहो' (सोते रहो)।

Verses 13 & 14

O Bhairawi ! when Bhagwan Shankara realised that He had (once again) missed the junction hour, He was full of wrath and cursed the chief demigod Damaruka thus :-

"O demigod, the lowest of your kind ! since you made me miss the junction hour, under the influence of sleep, you should get fossilized here, in the shape of a boulder[1], for all times to come.

1. Ahalya, the consort of Rishi Gautama was also transformed into a stone for her unwitting way-ward conduct (Valmikiya Ramayana I, 48, 29-32).

इति शप्त्वा गणं तत्र देवदेवो हरः स्वयं ।
तस्थौ ध्यानस्थितो देवि चिरं तत्र महीधरे ॥१५॥
तदा प्रभृति देवेशि महाडामरको गणः ।
दृषद्रूपोऽभवत्तत्र रत्नपर्वत मूर्धनि ॥१६॥

इस प्रकार अपने गण डामरक को शाप देकर भगवान शंकर स्वयं उसी रत्नशिखर पर्वत पर चिरकाल तक समाधिनिष्ठ हो ध्या-नावस्था में मग्न रहे ॥

हे देवि । उसी दिन से वह मुख्यगण डामरकं बिचारा भी उसी रत्नशिखर पर्वत पर एक बड़ी चट्टान बन - कर स्थिर रहा।

यः कश्चिन्मानवो लोके गणं डामरकं श्रयेत् ।
स याति ब्रह्मणालोक्यमिति सत्यं वदामि ते ॥१७॥
यः कश्चिदपि चेशानि पुण्यं गर्भगृहं श्रयेत् ।
गर्भात् स मुच्यते जन्तुरिति सत्येन ते शपे ॥१८॥

श्री भैरव कहते हैं, प्रिये ! फिर भी इसकी महानता में कोई हानि न हुई किन्तु जो मनुष्य इस डामरक-गण का आश्रय लेकर इस के शरण आयेगा, मैं सच कहता हूं, वह परब्रह्म में लय हो जायेगा ।

इसके अतिरिक्त हे देवि ! मुझे तुम्हारी कसम है, मैं सच कहता हूं, जो भी कोई यहां इस पवित्र-गर्भगृह–गर्भागार (वर्तमान-गर्भयात्रा) की शरण लेगा, वह अवश्य सदा के लिए पुनः गर्भ में आने से छूट जायेगा (आवागमन के चक्र से मुक्ति पायेगा)।

१ गर्भगृह गर्भभवन, गर्भवेश्मन अथवा गर्भागारम्" सब परस्पर पर्याय-वाची शब्द हैं। जिसका तात्पर्य किसी घर के अन्दर के कमरे से या मन्दिर के अन्तरतम प्रकोष्ट से है जहां इष्टमूर्ति स्थापित होती है, रहस्यार्थ में यहां अमरनाथ जी की गुफा के अन्दर जाने के तग रास्ते से अभिप्राय है। यहां गर्भवास की पीडा के समान ही प्रवेश करने में कष्ट का अनुभव होता है। मटन निवासी स्वामी परमानन्द जी ने योग के इस रहस्य को अपनी "अमरनाथ लीला" में इस प्रकार व्यक्त किया है :—

रिन्द रोज़ ब्रोज़ ज़िन्दय मरुन
गर्भयात्रायि अपोर तरुन ।
सतिये छु ततिये शिव वरुन
मन थेर कर पूज़ुन प्रभू ॥

हे अभ्यासी, तुम अपने योगक्रम में चौकन्ना रह और जीवन में ही मृत्यु से परिचय प्राप्त कर। यथार्थ में यही एक जीव के लिए गर्भयात्रा को पार करने का तात्पर्य है। इसी अवस्था में सत्यशीला सती (पार्वती) शिव को वर लेती है।

Verses 15, 16, 17, 18.

Having thus cursed the demigod, O Bhairawi ! Lord Hara engaged Himself in meditatation for

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

long on that lofty mountain. O the Crest of goodness ! since then this eminent Damaruka stood transformed into stone on the top of this Ratna-Parvata—the mountain of gems. O Devi ! forsooth, any mortal who takes refuge in this Damaruka, he discerns the unblurred vision of Brahman, the Ultimate all-pervading Reality.

Again, O Goddess ! whosoever negotiates this meritorious Garbha-griha[1] (while on pilgrimage) has not to pass through births, I tell you this on oath.

1. Garbha-griha, Garbha-Bhavanam, Garbha-veshman or Garbhagara are synonyms and connote literally the inner-chamber of a house, or the sanctuary of a temple where a deity is placed.

Symbolically it might mean the difficult terrain through which this route to the holy cave goes, since embryonic stages of the foetus have always been taken to be painful. But Swami Paramananda has revealed the esoteric sense of the act in this verse of his Amarnath Leela :-

Rind roze boze zindai marun
Garbhayatrayi apore tarun.
Satiye chhu tatiye Shiv Varun.
"Be all aware and hear of dying while you live
The crossing of the soul beyond the womb.
Here faithful Sati weds her Lord, Shankara"
(Tr. Master Zinda Kaul)

श्री भैरवी :—

गर्भागारश्च को देव किमर्थं तत्र स्थापितः ।
क फलं निस्सृतानाञ्च नराणामद्य तद्वद ॥१६॥

श्री भैरवी जी डामरक कथा में गर्भागार का नाम-संकेत पाकर कुछ-२ चकित भी होती हुई श्री भैरव से कहती है हे देव ! गर्भा-२ जिस गर्भागार का आपने नाम संकेत दिया, यह क्या

वस्तु है, किस लिए यह यहाँ पर स्थापित किया गया है, तथा इस में प्रवेश कर फिर वापिस निकलने वालों को क्या फल मिलता है। कृपया यह सब वृत्तान्त मुझे बताइये, ताकि मेरी सम्पूर्ण शङ्का-निवृत्ति हो जायेगी।

देखिये ऊपर के १८वे श्लोक का एक नोट।

GARBHAGARA

Verse 19

Bhairavi again posed a question :-

O Lord ! what is this Garbhagara ? Why has this been installed there ? How are those pilgrims rewarded who pass through this (womb-like passage[1])?

1. Refer note 1 verse 18 earlier.

श्री भैरव :—

शृणु वक्ष्ये महादेवि गर्भागारमनुत्तमम् ।
यच्छ्रुत्वा मुच्यते जन्तुर्महापातकपञ्जरात् ॥२०॥
पुरा नन्दिन[1]मसाद्य देवा विवदिरे भृशम् ।
ते निषिद्धास्तेन पुनः युयुधुस्ते परस्परम् ॥२१॥
विनाम्गुरै[2]स्ततो नन्दी प्रणिपत्य पुरोहरम् ।
दण्डं त्यक्त्वा[3] च विज्ञप्तिं चकार सुरपूजिते ॥२२॥
भगवन करुणाम्भोधे लोकनाथ जगत्प्रभो ।
उद्विजामि भृशं त्रस्तो[4] देवेभ्य इति चेश्वरम् ।
पुनर्विज्ञापयामास हरं प्रणत वत्सलम् ॥२३॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महादेवि के कथित प्रश्न के उत्तर में श्री भैरव बोलते हैं :- हे देवि सुनो, मैं तुम्हें इस अत्युत्तम गर्भागार (गर्भयात्रा) के विषय में सुनाता हूं। निश्चय रखो, इस वृत्तान्त के सुनने से मनुष्य बड़े से बड़े तथा भयंङ्कर पापों के पिञ्जरे से मुक्त हो जाता है (पाप - मुक्त होता है)।

वृत्तान्त इस प्रकार है :- कथा प्राचीन काल की है, एक दिन प्राय: सब के सब देवता किसी अज्ञात विषय पर परस्पर विवाद करते हुये भगवान शकर के प्रमुख द्वार पर प्रतिष्ठित द्वारपाल नन्दीगण के पास आये। नन्दी ने यद्यपि उनको परस्पर विवाद करने से रोकने का पूर्ण प्रयत्न किया था, परं वे न माने प्रत्युत वे और भी अधिक ही लडते रहे। हे देवताओं से पूजित देवी ! तो विवश हो, नन्दीगण ने झगडालू देवों को वहीं पर रोककर स्वयं भगवान शिव की सेवा में उपस्थित होकर उन्हें दण्डवत् प्रणाम किया, और अपना द्वारपाल दण्ड नीचे रख कर प्रार्थना करने लगा।

'हे दयासागर, जगत्पति - दयालु भगवन् ! कृपया मेरी विनती पर ध्यान दीजिये, द्वार पर सारे देवता परस्पर लडने पर उतर आये हैं, मनाह करने (रोकने) पर भी नहीं मानते हैं, मैं इनके भय से बहुत ही (उद्विग्न) व्याकुल होता हूं। इस प्रकार नन्दी भक्त - वत्सल भगवान् से बारम्बार यही विनती कर रहे थे।

---

१ देवताओं के आपस में किसी वैमनस्य के कारण वे भगवान शिव के पास समन्वयार्थ मिलने गये। अत: वे नन्दी से प्रवेश की आज्ञा चाहते थे।

२ देवताओं को भगवान शिव के पास प्रवेश देने की इच्छा से आज्ञा-कारी नन्दी पहले सूचना देने के लिए अन्दर गये।

३ दण्ड यहां अधिकारार्थ है। सम्भवत: नन्दी देवताओं से अपमानित होने के कारण अपने दण्ड का त्याग करना चाहता था।

४ इस से प्रतीत होता है कि देवताओं ने प्रवेश पाने के लिए नन्दी पर भय का प्रदर्शन किया हो और उसे अपमानित भी किया हो।

Verses 20, 21, 22, 23.

O Goddess ! I solicit your attention and shall tell you all about the exalted Garbhagara, on hearing which one gets release from the unwholesome effect of a host of sins.

Once the gods, while not seeing eye-to-eye with each other, vehemently approached Nandi,[1] the door-keeper of Shiva. Though they were prohibited (by him to do so), they did not give up the quarrelsome mood.

Unaccompanied by the gods,[2] Nandi approached Hara and throwing down his staff[3] after making obeisance, reported thus to the Lord, adored by the gods :-

"O Lord, Ocean of compassion at Whose beck and call the three worlds function and Who presides over the cosmos ! I feel very much exercised by the threatening mood[4] of gods." Once again he beseached Hara (to come to his succour), as He loves those who surrender unto Him.

---

1 The gods in need of an audiance with Lord Shiva wanted easy permission of Nandi for going in His presence.

2 Nandi as a faithful P. R. O. of the Lord reported this episode to his master before allowing the devas to go in His presence.

3 Staff denotes the authority. Nandi perhaps wanted to relinquish his post for being insulted by the Devas.

4 It seems that Devas even used threats against Nandi for his so - called intransigence, rather insulted him.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्रुत्वा नन्दिवचो देवि हरः प्रोवाच तं मुदा ।
गृहाण दण्डं भो नन्दिन् किं करिष्यन्ति ते सुराः ॥२४॥
गर्भद्वार[1]मिदं सम्यक् स्थापयाशु समन्ततः ।
यतो निःसरणे शक्तिं न लभन्ते सुरासुराः ॥२५॥
इति श्रुत्वा वचस्तस्य महेशस्य महागणः ।
महाप्रस्थं समुत्थाप्य गर्भागारमकारयत् ॥२६॥

विघ्नहारी भगवान् - शङ्कर नन्दीगण की आर्त विनती सुनकर उसे तसल्ली (आश्वासन) देते हुए हर्ष से बोले, 'अरे ओ नन्दी, मत डरो, डण्डे को थाम लो, विचारे ये देवता तुम्हें क्या बिगाड़ सकेंगे, जाओ, अपने चारोंओर झटपट एक गर्भद्वार (गर्भागार - रहने के लिए एक पृथक प्रकोष्ट) की व्यवस्था अच्छी प्रकार कर लो। याद रखो, कोई भी देव हो, या राक्षस, इसके निःसरण (बरामदे) में अपनी शक्ति आज़मा नहीं सकेगा। अर्थात, किसी में भी इतनी शक्ति नहीं रहेगी, जो इस में प्रवेश कर सके।

इस प्रकार भगवान महेश की आज्ञा पाकर प्रमुखगण नन्दी ने उस पर्वत के एक शिखर खण्ड को उठा कर गर्भागार (वासगृह) बनाया ।

१ पवित्र गुफा के अन्तरतम में जाने के एक ही द्वार पर नन्दी पहरी बन कर रहता था। इस तंग रास्ते के ऊपर एक प्रस्तर रखा गया था। इससे देवगण तक नन्दी के पास नहीं पहुँच सकते थे।

Verses 24, 24, & 26

Now Bhairava addresses Bhairavi :-

O Goddess ! having heard the plaint of Nandi, Hara gleefully retorted him thus :-

'O Nandi, hold your staff quite erect. The gods can do you no wrong. You raise a sanctuary at once all around with single entrance[1], so that neither the devas nor the demons can muster courage to tresspass this.'

Having listened the instructions of the Great Lord, the eminent demigod Nandi raised up a big boulder and thus carved out a sanctuary around (himself.)

1 The sancutary around the inner chamber wih only one door where Nandi would keep guard. Under the cover of this boulder none from de△as or demon swould dare encroach

गर्भद्वारान्निस्सरति यः कश्चिन्मानवः प्रिये ।
स याति शिवसालोक्यं न पुनस्तन्यपो भवेत् ॥२७॥
यः कश्चिदपि चेशानि भ्रूणहा गुरुतल्पगः ।
मातृहा पितृहा चापि सुरापो भ्रातृहा तथा
स याति परमं दिव्यं पदं सादाशिवं प्रिये ॥२८॥
महापातकयुक्तो वा युक्तो वाप्युप पातकः ।
सोपि प्रमुच्यते सद्यो गर्भद्वाराद्विनिःसृतः ॥२९॥

हे प्रिये ! जो कोई मनुष्य इस गर्भागार से निकलता है, वह एकतः भगवान् शिव से साक्षात्कार पाता है। अपरतः कभी गर्भावास न पाकर माँ के स्तनों से दूध पीने वाला न बनेगा, अर्थात् जीवन मरण से मुक्ति पायेगा। हे महेश्वरी, इसके अतिरिक्त कोई भी गर्भघाती, गुरुपत्नी से पाप करने वाला, मातृघाती, पितृघाती, भ्रातृघाती और शराब पीने वला इस प्रकार का महापापी अथवा साधारण पापी, जो इस गर्भागार से निकलता है, तत्क्षण सारे पापों से मुक्त हो जाता है, तथा अन्त में सदाशिव पद को प्राप्त करता है।

Verses 27, 28, 29

O Loving one ! whoever, while on pilgrimage, passes through this 'Garbhangara' the inner passage, (he) enjoys permanent stay in the domain of Shiva and will not be born as a suckling any more.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

O Goddess ! anyone who endorses miscarriage, slights his mentor, is guilty of particide or matricide, is a chronic drunkard or kills his own brother, can attain access to divine exaltation unremittingly auspicious, on having passed through the 'Garbhadwara'. Also anybody labouring under the backlog of heinous or moderate sins, gets release from these in no time.

कलौ पापवनं देवि प्रसभंच्छेतुमिच्छसि ।
तदाश्रयस्व देवेशं गर्भद्वारविनिः सृता ॥३०॥
गोलकः[1] कुण्ड[2]जोवापि यः कश्चिदत्र निःसृतः ।
स भवेत्तु गणो देवि चेति सत्येन ते शपे ॥३१॥

हे देवि ! कितना वर्णन करूं, यदि आप भी कलियुग में पाप समूह रूपी पाप-वन को दाहना चाहती हो, तो आप भी इस गर्भागार से बाहर निकल कर देवादिदेव की शरण लीजिये।

हे प्रिये ! मैं कसम खाकर सच बोलता हूं, कि यदि कोई गोलक अथवा कुण्डज भी हो, इस गर्भागार से निकल जायेगा, वह भी शिव के मुख्य गणों की सी पदवी प्राप्त करेगा।

---

१ गोलक :- पति के मरणोपरान्त विधवा से उत्पन्न हुआ पुत्र।
२ कुण्डजः :- पति के जीते जी दूसरे जार से उत्पन्न हुआ पुत्र।
अमृते जारजः कुण्डः मृते भर्तरि गोलक इत्यमरः ।

Verses 30 & 31

O Goddess ! if you desire to cut at the root of a host of sins in this age of 'Kali', you should approach your Lord after negotiating 'Garbhadwara' — this inner passage.

Even a bastard born from a widow or one born of adultery, after going through this sanctuary, is elevated as a demigod. Forsooth, this is what I pledge to you.

स्नात्वाऽमरावतीं नाम्नीं नदीं परमपावनीम् ।
भस्माङ्गसित देहश्च बहुवस्त्रविवर्जितः ॥३२॥
प्रलपन्[1] 'शिवपन्थानं देहि मे परमेश्वर' ।
नमः करोतु देवेशं गुहास्थं परमेश्वरम् ॥३३॥

हे देवि ! अन्त में गर्भयात्रा से पार जाकर प्रति यात्री को चाहिए कि वह इस परमपावनीया अमरावती नदी के पवित्र जल में स्नान करे, उसकी शुभ्रकान्ति-भभूति शरीर में मले (भस्मावृत बने), न होने के समान किञ्चिद्वस्त्र (केवल कौपीन, (लगोट मात्र) पहनकर समीपस्थ अमरेश-गुफा में प्रवेश करे। प्रवेश पाते ही, 'हे गौरीनाथ, हे शम्भो, हे शङ्कर, हम पर प्रसन्न हो जाइए, हमें दर्शन दीजिए,' इस प्रकार की ऊची ध्वनि (गर्जन) से सम्पूर्ण गुफा को गुञ्जायमान करे। साथही बद्धाञ्जलि प्रार्थना करता रहे, "हे जगद्स्वामी परमेश्वर, भगवन् ! मुझे अपना शिवमार्ग (कल्याण मार्ग) दीजिए यथा मैं भी शिवसाक्षात्कार प्राप्त कर सकूं." यह कहते हुए गुहा में प्रतिष्ठित देवादिदेव अमरेश्वर महादेव को साष्टाङ्ग प्रणाम करे।

शिवभक्ति में पूर्ण-मग्न एक शिवभक्त की यह उक्ति यहाँ अक्षरशः प्रमाणित होती है :-

कदा वाराणस्याममर तटिनीरोधसि वसन्
वसानः कौपीनं शिरसि निदधानोञ्जलिपुटम् ।
अयि गौरीनाथ ! त्रिपुरहर ! शम्भो ! त्रिनयन !
प्रसीदेत्याक्रोशन् निमिषमिव नेष्यामि दिवसान् ॥

हे प्रभो ! वह कौनसा शुभ दिन होगा, जब देवनदी गङ्गाजी के पवित्र किनारे पर लंगोट मात्र धारण किया हुआ, दोनों हाथों

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

को अञ्जलि के समान सिर पर रखा हुआ (नमस्कार किया हुआ) मैं बड़ी करुणा से "हे पार्वतीपते ! हे त्रिपुरसंहारकारी ! हे कल्याणकारी शम्भो ! हे त्रिनेत्र धारी भगवन्। आप मुझ पर प्रसन्न हूजिए," (मुझे साक्षात्कार दीजिये) उच्चध्वनि में यह गर्जता रहूंगा, ताकि-इसी प्रकार मुझे दिनों के दिन क्षणमात्र समान व्यतीत हो जाएं ।

इति श्री डामरुक–गर्भागार महिमा नाम नवमः पटलः ।

(डामरुक और गर्भयात्रामहिमा नामक नववां पटल समाप्त हुआ)

Verses 32 & 33.

One should, therefore, after taking a bath in the holiest of holy Amaravati Stream, besmear one's body with white ashes and sparcely dressed, bow, while chanting[1] "O Lord ! lead me on the right path," to the Lord of lords, enshrined in the cave.

---

1. An example of this chanting of a devotee to Lord Shiva is given here :-

Kada Varanasyam amara tatini rodhasi vasan
Vasanah Koupeenam Shirasi nidhadanonjaliputam;
Aye Gourinatha! Tripurahara! Shambho! Trinayana!
Prasedeetyakroshan Nimishamiva neshyami divasan.

When shall that favour come to me as I, wandering by the banks of the Ganges at Varanasi, wearing only a loin-cloth and with folded hands be calling at you 'O Gaurinatha ! Tripurahara ! Shambho ! Trinayana! be pleased with me (to lead me on the righteous path).

THUS THE NINTH CANTO CAPTIONED
"DAMARAKA AND GARBHAGARA"
OF AMRESHWARA MAHATMYA COMES TO A CLOSE.

अथ दशमः पटलः

(अमरेश्वर-लिङ्ग और अमरावती नदी)

श्री भैरवी :-

स्मारं स्मारं महेशान पुण्यं माहात्म्यमुत्तमम् ।
तीर्थानां परमं दिव्यं निवृत्तास्मि भवार्णवात्[2] ॥१॥
इदानीं श्रोतुमिच्छामि ह्यमरेशं महेश्वरम् ।
कथं स ह्यमरेशाख्यो गुहास्थोऽप्यभवन्किल ॥२॥
नदी च परमा पुण्या कथं साह्यमरावती ।
तत्संगमस्य[3] माहात्म्यं वद मे प्रिय काम्यया ॥३॥

(डामरुक–तथा गर्भागार महिमा के श्रवण से कृतार्थ हुई श्री भैरवी फिर भैरव से प्रश्न करती है)

हे देवादिदेव महेश ! इतने सारे परम–पवित्र तथा नेत्रानन्दकारी तीर्थों के माहात्म्य का श्रवण तथा स्मरण कर मैं संसार सागर में निमग्न होने से बच पाई हूं, अब मैं सर्वप्रधान देवादिदेव श्री अमरेश्वर भगवान के सु वृत्तान्त के बारे में कुछ सुनना चाहती हूं, विशेष कर भगवान् अमरेश्वर क्यों कर इस गुफा में "जो अन्ततो 'अमरेश्वर गुफा' के नाम से सर्वविश्रुत हुई" प्रादुर्भूत हुए। तथा इसके साथ - साथ ही प्रवाहित परम - पावनीया यह 'अमरावती' नदी भी कैसे यहां उजागर हुई। इसका अन्य नदियों के साथ संगम का माहात्म्य क्या है। प्रिय प्रभो ! मेरी हितकामना शान्त करने के लिए इस का सारा महत्व सुनाने से कृपया मुझे कृतार्थ कीजिये ।

---

१ यदि मानसिक स्तर (चिदाकाश) पर गहरा प्रभाव पड़े, तो स्मृति-शक्ति साधारण उत्तेजना से जागरुक हो जाती है।

२ यह जन्म - मरण तथा सुख - दुःखरूप दृश्यमानजगत समुद्र के समान समय-२ पर तूफानी शकल ग्रहण करता है । इस भयावह अवस्था में ईश्वर ही इस मृत्युरूप संसार - सागर से पार उतार सकता है ।
(देखिये भगवद्गीता १२-७)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

३ संगम :- तात्पर्य यह है कि दोनों अमरेश्वर तथा अमरावती ने यहां एक साथ आकर संयम कर लिया। आगे यह बात और शुद्ध हो जायेगी।

CANTO X

Amareshwara Linga And Amaravati

Verses 1, 2 & 3

Bhairavi said to Bhairava :-

O Supreme Lord! by more feeding my memory[1] with the divine glory of privileged places of sanctity (you have described to me) I feel that I have crossed this ocean[2] of Samsara.

Now I want to know from thee about Amāreshwara, the Great Lord :-

i) How He was installed in the cave under the appellation 'Amareshwara';

ii) How that holiest of holy Amaravati Stream came to existence;

iii) and, O Lord! being my benefactor, kindly relate to me the importance of their being together[3] concurrently.

---

1. If an impression on one's mental firmament (chidakasha) is deep and clear one is sure to recollect the memory thereof with an ordinary pricking.

2. The seeming world hemmed in between birth and death, pleasure and pain is like an ocean displaying at times placidity or fury. Lord alone is the deliverer from the ocean of mortal samsara (c. f. Bhagwad Gita XII-7).

3. Sangama—association, here means taking physical form concurrently or simultaneously i. e. Amaravati in relation to Amreshwara. The text will clear it further.

श्री भैरव :–

साधु साधु महाभागे प्रश्नमेतत्सुदुलभम् ।
कृतं त्वया पूजितया जन्तूनां हितकाम्यया ॥४॥
अथ वक्ष्ये[1] महातीर्थं ह्यमरेशस्य सुन्दरि ।
यच्छ्रुत्वापि - प्रमुच्येत महापातक कोटिभिः ॥५॥

(भैरवी जी के पूर्वोक्त प्रश्नों के उत्तर में अब श्री भैरव बोलते हैं।)

महाभाग्यशालिनी पूज्यनीया देवि! तुम्हे शाबाश, तुमने ऐसा बहुत ही दुर्लभ प्रश्न मुझ से किया, तुम इसीकारण परम पूजनीया हो, जो तुमने केवल लोगों का भला चाहने की कामना से यह प्रश्न किया है। (अपने स्वार्थ के लिए नही।) प्रिये सुन्दरि! सुनो, मैं तुम्हे अब इस सर्वतीर्थों में महान–श्रेष्ठ तीर्थ का परिचय दे रहा हूं, जिसकी महिमा सुनने से करोडों भयावह पापों से मनुष्य मुक्ति पाता है।

---

१ तात्पर्य है कि भैरवी ने प्रश्न बड़ी श्रद्धा से पूछा था। वह भैरव का इस विषयक ज्ञान मापना नही चाहती थी वह केवल साधारण जनता के लिए इन उत्तम तीर्थ-स्थानों को प्रकाश में लाना चाहती थी।

Verses 4, 5

Bhairava said :-

O Fortunate one! I compliment you for having posed such a knotty question to me. You, are adorable; you have been guided by public good in doing so.[1]

O Beautiful one! now listen to me. I shall relate to you the glory of the great sanctuary of Amareshwara. By merely lending ear to it one is freed from crores of heinous sins.

---

1. The inference here is that Goddess did this in great faith not to test the knowledge of Bhairava, her Lord, but to enlighten the folk on the nomenclature of such piligrim-spots.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नासदासीन्नोसदासीत्तदानीमपि[1] चेश्वरि ।
नियतिरभवत्तस्मात्परस्मात्परमात्मनः[2] ॥६॥
नियतेरहमुत्पन्न[3] इति श्रुश्रुम सुन्दरि ।

हे ईश्वरी ! उस समय जब कि अभी सृष्टि का प्रारम्भ नहीं हुआ था असत् और सत् दोनों विद्यमान नहीं थे। दोनों का लोप हो चुका था, हां, केवल जगत की क्रमिक नियमबद्धता (मूल प्रकृति) उस परम – तत्त्व परमात्मा से निसृत हो रही थी

हे सुन्दरि ! सुनने में आया है, इसी (नियति) अविच्छिन्न मूल प्रकृति से 'अहम्' की उत्पत्ति हुई है।

---

१ भैरव भैरवी को सृष्टि से पहले की अवस्था के वर्णन में शिव की विश्वोत्तीर्ण अवस्था के लक्ष्य में कहते हैं, कि उस दशा में त्रिगुणात्मिकता से उत्पन्न द्रष्टा दृश्य नाम को भी न थे । सब का विराम हुआ था । "जिस अवस्था में द्वैत का भान भी न हो, अतः कोई दुख भी न हो । यह कोई अवस्था रहित अवस्था कहलाती है"—जे० एन० कौल । वेदान्त एण्ड कश्मीर शैविज़्म Glimpes of Kashmiri Culture Series V. छटे श्लोक की पहली पंक्ति ऋग्वेद संहिता के नासदीय सूत्र की पहली पंक्ति ही है, जो इस प्रकार है :-

नासदासीन्नोसदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योम परो यत् ।
किमावरवीः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीदगहनं गभीरम् ॥

अर्थ :- जब सृष्टि से पूर्व न सत था न ही असत्, न रजोगुण ही था और न अन्तरिक्ष ही।
शक्तिशाली रूप से यह स्वंय ही कौन चलित होता था ? कहा ! किस के अधीन ! क्या यह जल गम्भीर और इतना गहरा था ?
अन्यच्च "न सत् तन्नासदुच्यते" भगवद्गीता 13/12
ब्रह्म को न सत् न ही असत् कहा जाता है ।

२ ब्रह्म पहले विराट पुरुष में प्रकट हुआ
"आत्मैवेदमग्र आसीत् पुरुषविधः सोऽनुवीक्ष्य नान्यदात्मनोऽपश्यत् सोऽहमस्मीत्यग्रे व्याहरत् ततोऽहंनामाभवत् ।

अर्थ :- आरम्भ में यह विश्व केवल विराट् पुरुष के रूप में था। उस ने परामर्श किया और अपने बिना और कुछ नहीं पाया । उस ने पहले 'सोऽहं' का उच्चारण किया । अतः उसे 'अहं' नाम पड़ा । (बृहदारण्यकोपनिषद् I-IV-1)

३ स्पन्द में नियमितरूपता—स्वाभाविक विकास का नाम ही प्रकृति हैं। यह वह अवस्था है जब संकोच का आरम्भ हुआ । देखिए :-

"तद्धेद तर्ह्यव्याकृतमासीत्तन्नामरूपाभ्यामेव-
व्याक्रियतऽसौनामायमिदरूप इति"

(यह विश्व तब अव्याकृत था । फिर यह नाम रूप में प्रकट हुआ फिर अमुकं नाम तथा अमुक रूप वाला बन गया ।
(वही I-IV)

नियति—नि+यति=जिस के प्रवाह मे विराम न हो । सृष्टि का प्रवाहमान क्रमिक - विकास—कानूनि-कुदरत ।

Vereses 6 ½ 7

O Goddess! during those (hoary) days when the existent or non-existent, being or non-being, real or unreal was not[1] there, the fixed order of things (i. e. creation) emanated from the self-contained Supreme spirit.[2] O Beautiful one! we have been given to understand that I-ness, in its natural disposition, was born of this fixed order of things[3] in flux.

1- Bhairava describes to Bhairavi the pre-creation state of the Transcendental self, where the three-fold entity, which gives rise to subject-object relation does not exist even for name. "Where there is no experience of duality and hence no sorrow, it is the stateless state" (Vedanta and Kashmir Shaivism by J. N. Koul in the Glimpses of Kashmir Culture, series V).

Here first line if the 6th verse is quoted from the first mantra of Nasadeeya Sukta in Rg-veda Samhita (x-11-129) which runs :-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Nasadaseet nosadaseet tadaneem
Naseet rajo no vyoma paro yat
Kimavaseevah—Kuhu Kasya Sharmen
Ambhah kimaseed gahanam gabheeram

Neither the non-being then existed, nor the being.
The aerial space existed, nor the firmament beyond.
What moved itself powerfully? Where? Under whose care?
Was that water unfathomably deep?

Tr. by Prof. Louis Renu (University of Paris).

Again in the Bhagawad-Gita (13/12) we find "*Na sat tat nasaduchyate*" That (Brahman) is said to be neither Sat (being) nor Asat (non-being).

2. Self-contained spirit means the state when Bhraman became conscious of Itself. c. f. *Atmaivedamagra-aseet Purusha idlhah, so-anuveekshya nanyadat-mano apashyat, sohamasmeet-yagre vyaharat tato-hamnamabhavat*"

"In the beginning this universe was but the self of human form called Purusha—Virat. He reflected and found nothing else but Himself. He first uttered "I am He." Therefore He was called Aham".

(Brahdarnyaka up. I-IV-I)

Hence the order of creation.

3. Fixed order of things in flux—It is the natural disposition called Prakriti, the state when limited adjunct was formed.

c. f. *Taddhedam Tarhyavyakritamaseet, tan-nama - rupabhyameva vyakriat, asaunamayamidamrupa iti.*

"This universe was then undifferentiated. It differentiated into name and form: it was called such and such and was of such and such form." (ibid-I, iv-7)

'Niyati' can be construed in more than one shades. It can even connote 'Ni' absence of 'Yati'-pause i.e. being in flux or being in motion, not morbid but active.

अहसो मृत्युरभवत्[1] सर्वेदेवाः स वासवाः[2] ॥७॥
ऋषयः पितरश्चापि गन्धर्वोरग राक्षसाः ।
यक्षा भूतगणाश्चापि कूष्माण्डा भैरवादयः ॥८॥
मनुष्या जम्बुकाः क्रूरादैत्या दानव-पुगंवाः ।

एते चान्ये च बहव उत्पन्ना नियतेः स्वयम् ॥
चतुर्दश विधो भूतसर्गः प्रादुरभूत्ततः ॥९॥

इसी मूल - प्रकृति से उत्पन्न (अहन्ता) से मृत्यु, देवेन्द्र, सब देवता, ऋषि-लोग, पितर, गन्धर्व, सब जाति के नाग, राक्षस, यक्ष, भूत, कूष्माण्ड, भैरव, मनुष्य, पशु, कूर-दैत्य और श्रेष्ठ दानव आदि सर्व प्रकार के जीवों की सृष्टि हुई, यहां तक चौंदह प्रकार की जीव-सृष्टि इसी नियति से जन्म पागई।

१ 'अहं' संसार की मृत्युरूपी इच्छा में प्रकट हुआ जैसे :-
मृत्युनंवेदमावृतमासी। अशनाययाऽशनाया हि मृत्युः।
यह सारा मृत्यु से ही आवृत था जिसे हिरण्यगर्भ अथवा अशन करने की इच्छा कहते हैं।'
(बृहदा उ० I-ii-1)

२ वसवः— तच्छ्रेयोरुपमत्यसृजत क्षत्रं यान्येतानि देवत्रा क्षत्राणीन्द्रो वरुणः सोमो रुद्रः पर्जन्यो यमो मृत्यूरीशान इति।
अन्तरिक्ष का एक भाग उन के आवर्तन का स्थान बना। इन सब में अशना - रुप मृत्यु साथ रहा।
यह दिव्य - खगोलीय-वृत्त आठ वसुओं को धारण करता है, वे है- इन्द्र वरुण, चन्द्र, रुद्र, पर्जन्य यम, मृत्यु, और ईशान।

Verses ½ of 7, 8, & 9.

Through that I-ness were brought to life the Lord of Death[1] and Indra[2], the whole pantheon of gods including the sages, the manes as also the Gandharvas, the serpents, the demons, the demigods, the hosts of inanimate beings (the collection of created beings), the pumpkins (vegetable Kingdom), the retinue of Shiva and others, the human beings, the Jackals (animal kingdom). The crual and Herculean demons, half-brothers of gods (other) forms of creation, were produced by the I-ness quite unaided. Thus the fourteen-fold creation, animate and inanimate, came into being.

1. This I-consciousness of the self manifested itself in the form of world of mortels or desire for appropriation c.f.

Kirtikant Sharma Collection; Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Mrityunaivedamavritamaseet--Ashanayaya, Ashanaya hi Mrityuh. "It was pervaded only by the world of mortals (ultimate being Death) Hiranyagarbha or desire for appropriation (ultimate being unsatiable hunger) which is forsooth death (Brihad. Upa I. ii,I).

2 *Tacchreyorupam-atyasrajat Kshetram, yoni etani devatra Kshetrani—Indro, varunah, somo, rudrah, parjanyo, yamo mrityur, eshana iti.* An exclusive portion of the space became their circuit on donning a form of Khsatriyas - these celestial superficies are Indra, Varuna, Moon, Rudra, Parjanya, Yama, Mrityu and Ishana. Ibid (I, iv-11). These eight are called *Vasus.*

मृत्युस्तानग्रसत्सर्वान्देवानपि[1] सवासवान्[2] ।
देवास्ते मृत्युनाग्रस्ता व्याकुला ह्यभवन् प्रिये ॥१०॥
समेत्य शरणं जग्मुः शरण्यं परमेश्वरम् ।
तुष्टुवुः परया प्रीत्या शिवं भव[3]मनामयम् ॥११॥

हे प्रिये ! इस प्रकार मृत्यु सब देवों तथा वसुजन्य (आठों) पदार्थों को निगल गई। तब वे देव मृत्यु से आक्रान्त होकर छटपटाने लगे। एकत्र होकर परंब्रह्म परमेश्वर की शरण में गये और विश्व के प्रेरक आधिव्याधि से मुक्त सदाशिव को बड़े प्रेम से रिझाने लगे।

---

१ अमरदेवता इस संसार में मर्त्यों के शरीर धारण करके मृत्यु से भाग न सके, यही इसका तात्पर्य है।

२ वसु के लिये आठवें श्लोक के नोट देखिये। विष्णु पुराण में आठ वसुओं के नाम यह हैं :-

आपो ध्रुवश्चसोमश्च धर्मश्चैवानिलोऽनलः ।
प्रत्यूषश्च प्रभासश्च वसवो नामभिः स्मृता ॥
विष्णुपुराण अ० १५, अं० १, श्लो० ११९

भिन्न - २ पुराणों में इनके भिन्न - २ नाम दिये गये हैं। वास्तव में 'वासव' शब्द का प्रयोग देवेन्द्र के अर्थ में किया जाता है परन्तु यहां पुनरुक्ति - दोष, से बचने के लिए वासव की प्रथम व्युत्पत्ति ही संगत है।

३ 'भवत्यस्मात' इस व्युत्पत्ति से शिव का दूसरा नाम 'भव' है। जिस से सब की सृष्टि - विद्यमानता सम्भव है, आदिस्रोत, विश्वमयता का प्रेरक।

Verses 10 & 11.

The Lord of Death began to make morsel of all the gods[1] along with the Vasus[2]. O Darling ! feeling exercised over this wholesale devastation wrought by the Lord of Death, the gods in a body sought refuge with the Great Lord procuring shelter (to every body) and indulged in propitiating the self - born, untainted Shiva[3] with unbounded joy.

---

1 The gods on assuming various forms in this world of mortals could in no way escape death—dissolution, that is the precise purport here.

2 See note 2 of the preceding verses for *vasus* who are eight in number, In Vishnu Purana they are named "Apa Dhruva, Soma, Dharma Anila, Anala, Pratyusha and Prabhasa" (Chap. 15 of Amsham I) Different Puranas name them differently.

3 Shiva is also named 'Bhava' Bhavatyasmat' - from whom this whole creation emanates, and Himself is neither born nor dies.

देवा ऊचुः—

[1]नमश्चिच्च[2]न्द्रिकोद्बोध प्रकाशानन्द रूपिणे ।
[3]परमार्थदशास्थाय स्थाणवे विश्वभावने[4] ॥१२॥

हे ! चैतन्य (ज्ञान) रुपी चन्द्रिका (कौमुदी) के उदय से प्राप्त प्रकाशमयआनन्दरूपी भगवन् ? हे यथार्थज्ञानावस्था में सदा एक समान रूप में रहने वाले, हे संसार के लोगों को सदा भाने वाले, विश्व - भावन ! आपको हमारा प्रणाम हो।

---

१ 'प' और 'ङ' पाठ में प्रथम पंक्ति यथा है— 'नमः शिवाय देवाय विभवे प्रभविष्णवे' दिव्य विभूतिमान तथा विश्वव्यापक भगवान शिव को नमस्कार।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

२ नमस्कार का तात्पर्य प्रह्वीभाव, नम्रता तथा सेवाभाव प्रकट करना है जैसे 'तमाराध्यगुरुभक्त्याप्रह्वप्रश्रयसेवनैः (विवेक चूडामणि - ३) इस में त्रिप्रकारक शुद्धि (मन, वचन तथा कर्म की पवित्रता) होनी आवश्यक है। इस से जीवभाव का विश्वात्मा शिव स्वरूप से एकाकार होना तात्पर्य है। यथा

भक्तिचमत्कारवशप्रथितशिवभट्टारकाभेदभक्तिमन्नतिमुखेन
तदभिन्नशिवावेशमया भवाम इति यावत्।
(शिवस्तोत्रावली क्षेमराज टीका श्लोक १ स्तोत्र १)

३ मन का अभिमानी देवता चन्द्रमा है— चन्द्रमा मनसो जातः (ऋग्वेद पुरुषसूक्त १० vii ९०)। यही प्रकाश आत्मा के विस्तार, अथवा परमेश्वर की पारमेश्वरी शक्ति को शिवतत्त्व से पृथ्वीतत्त्व तक प्रकाशित करता है। (देखिए पराप्रवेशिका - क्षेमराज पृष्ठ ३)।

४ यह स्वरूप-ज्ञान की अवस्था—है। यही चिन्नाथ की विमर्श - शक्ति है जो विश्वमयता में प्रकट होती है। (वहीं पृष्ठ १,२)।

i चित् - संविद् ज्ञानम् - चितंतु चेतोमनः।
ii परमार्थ :- यथार्थज्ञानम् - पवित्रज्ञानम। विज्ञान भैरव १००।
iii स्थाणुः :- (तिष्ठति-एकरूपेण इति विग्रहे) स्थाणुः-सदैकरूपः, स्थिरत्वात् - स्थाणुः, अविकारी।

(सदैक रूप - रूपाय स्थाणवे सर्व जिष्णवे - वि० पु० १ - २ - १) अर्थात ज्ञान प्रकाश से आनन्ददेने वाले, तथा यथार्थज्ञान से सब के मन में सदा विचरनेवाले भगवन्।

Verse 12

Devas prayed to Shankara :-

Our[1] humble prostration[2] to Thee, the manifestation of self - luminosity comprehended by the moonlit (sprays of) mind,[3] the universal self showering undecaying felicity[4].

1 First line of the verse from Ms-MR and Ms-TB reads '*Namah Shivaya devaya vibhave prabhavishnave*' Prostration to

Shiva, the heavenly bliss and all-pervasive universal being.

2 Prostration is the expression of humility as in Vivekachudamani 36 :- "*Tamaradhya Gurum bhaktya prahvah prashraya sevanaih*—worshipping that Guru with devotion, both in word and deed betokening humility. Trikarana Shudhi :- Purity of mind, word and deed is the utmost requisite for this. It aims at merging the individual self with extreme devotion, in the universal being. It is to be ever aware in oneness with Dord Shiva—the bliss of Supreme consciousness c.f "*Bhaktichamatkara vashaprathita Shiva Bhattarakabheda bhaktimat natimukhen tadabhinna Shivaveshamaya bhavam it yavat*" (Kshemaraja's Tika of Shivastotravali Se.I, Canto I)

3 The moon is a product of mind "*Chandrama manaso jatah* (Rg Veda Purushasukta 10-Vii-90) and that very luminosity enkindles precise comprehension i.e, the principle of self-revelation which is self-awaremess and is described as the state of awareness of the Supreme consciousness in manifestation—Prakasha. (c.f. Parapraveshika of Kshemaralja P.3).

4 It is the state of knowing one's ownself. It is called Vimarsha or self-consciousness of the Supreme which brings about the world process (ibid pp 1,2).

नमश्चित्याय[1] चिन्ताय[2] चित्यज्ञाय[3] चिदर्थिने[4]।
चिच्चन्द्रनाशिताशेष[5]स्वान्तमोहाय शम्भवे ॥१३॥

हे भगवन् ! आप ज्ञानगण हैं, ज्ञानगम्य हैं, अतः प्रियभक्तों को ज्ञान प्रदान कर फिर उस का (योगक्षेम) देखभाल भी करते हो, जिससे उनके मन में व्याप्त सम्पूर्ण अज्ञानान्धकार मिट कर ज्ञानप्रकाश का उदय होता हैं। निदान पूर्णज्ञानी (अमेयावस्था पाकर) ही आप - ज्ञानमय में समा जाते हैं (तल्लीनता पाते हैं) ऐसे ज्ञानगम्य भगवन् आप को प्रणाम हो।

१ चित्याय = ज्ञान से अर्जित प्रकाश द्वारा संसार को बुद्धिग्राह्य बनाने वाले हे ज्ञान प्रदाता ! (यथा चैतन्यमात्मा - शिवसूत्र १/१)

२ चिन्ताय = ज्ञानमय बनाकर फिर भी उसकी स्मृति रखने वाले हे ! योग-क्षेम प्रदाता।
(प पाठ - चेत्याय — शुद्ध विमर्श के विषय)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

३ चित्यज्ञाय = ज्ञान द्वारा चित्त में (ज्ञान में) आने वाले हे 'ज्ञानज्ञेय'।
४ चिदर्थिने—ज्ञान ही अपना सर्वस्व मानने वाले हे ज्ञानगण।
५ ज्ञान चन्द्रिका से अन्तः व्याप्त समस्त मोहान्धकार को मिटाने वाले हे कल्याणकारी भगवन् !। "सर्वदेहं चिन्मयं हि जगद्वा परिभावयेत्"
(विज्ञान भैरव = ६३)

Verse 13

Obeisance to Thee who art the supreme spirit,[1] who art the object of keen reflection[2] and who art revealed through pure intelligence[3]. Obeisance to Thee who art knowledge supreme[4] and grantest tranquility of mind by Thy moonlike soothing supreme spirit,[5] to destroy the entire miscomprehension created by the inner faculty of (unbaked) mind.

---

1 'Chitya' means belonging to the funeral pyre. It may connote here one who is beyond birth and death - the immortal supreme spirit. As "chaitanyamatma" (Shivasutra 1/1).

2 Chintya—the esteemed one. Alternate reading in Ms-TB is Chetya—Supreme Reality which can be comprehended by deep reflection (Vimarsha).

3 Chitajna—Knower of the Supreme self.

4 Chidarthi—Wisdom absolute.

5 Chit-Chandra—Supreme knowledge or realization of the Supreme being is soothing and tranquil like moon-shine. Also refer "Vijnana Bhairava" Verse 63 :-
"*Sarvam Deham Chinmayain hi Jagadva Paribhavyet*"
Engross this body or the world with the thinking faculty of the supreme spirit.

.... ।
विमर्शिने विधिज्ञायाविधिज्ञाय' नमो नमः ॥१४॥

हे सर्वान्तर्यामिन ! परिचित वा अपरिचित किसी भी काम में प्रवर्तना रूप आज्ञा (विधि) को जानने वाले, तथा अविधि को भी

जानने वाले 'हमें क्या करना चाहिए अथवा क्या न करना चाहिए इस प्रवर्तना में' परिपक्व बुद्धि सम्पन्न परमेश्वर' हम सब आपको प्रणाम करते हैं।

---

१ परमेश्वर ही सृष्टि के समय वेद तथा आगम द्वारा व्रत नियमादि का विधान करता है।
विधि :— प्रवर्तना रूप नियोग :— कर्म, जानाति इति विधिज्ञः,
,, ,, ,, नजानाति इति अविविज्ञ;
अर्थात किसी भी परिचित व अपरिचित काम में जो आज्ञा देना जानता है, "विधिज्ञ,, है। जो नहीं जानता है "अविधिज्ञ" है।
वि—विशेषण मृष् - छूना - ध्यान धरना, अर्थात् (सूक्ष्म विचार करना) विशेष प्रकार से विचार करना 'परामर्श' अथवा सूक्ष्म विचार कहा जाता है। वास्तव में विमर्श का पारिभाषिक अर्थ 'विश्वात्मकता' है। शिव का उल्लास रूप शक्ति का प्रस्फुटन है।
(त्रिपुरा—रहस्यम् पृ० १५-१६)

'वेदागमाविरुद्धाय वेदागमविधायिने'
(देखिए उत्पलकृत शिवस्तोत्रावली २-७) और पचस्तवी ५-२३ श्लोक

विरिञ्च्याख्या मातः ! सृजसि हरिसंज्ञात्वमवसि
त्रिलोकीं रुद्राख्या हरसि विदधासीश्वरदशाम्।
भवन्ती सादाख्या शिवयसि च पाशौघदलिनी
त्वमेवैकाऽनेका भवसि कृतिभेदैर्गिरिसुते ॥

अर्थ—हे पार्वती! हे माता, आप ब्रह्मा के रुप में तीनों लोकों की सृष्टि करती हो, विष्णु के रुप में पालन करती हो, रुद्र के रुप में विश्व का संहार करती हो, सदाशिव के रुप में ईश्वर दशा को भी धारण करती हो, बन्धनों के समूहों को काटने वाली आनन्दमय भी बनाती हो, तुम एक ही होकर भी स्वतंत्रता से उत्पन्न किए हुए भेदों से अनन्त रुपों वाली बनती हो।

Verese 14

We bow repeatedly to the Self-conscious supreme spirit, the supervisor of ritualism and non-ritualism[1].

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

1 It is the Supreme Lord who prescribes rules and rituals in the Vedas and the Agamas, during the process of creation. And it is He again who, on realization of the Supreme-Self becomes immune from these rules and rituals. c. f. "*Vedagama-Viruddhaya, Vedagama-Vidhayine*" (Utpala's Shivastoravali 2/7). Refer also Panchastavi V. Slo. 23 :-

Virinchyekhya Mata Srajasi, harisanjna tvamavasi,
Trilokim, rudrakhya harasi, vidadhasishvaradasham;
Bhavantim sadakhya shivayasi cha pashoughadalini
Tvamevaikaneka bhavasi Kritibhedair Girisute.

"O Mother ! you create in the form of Brahma, in the form of Vishnu you sustain the creation and dissolve it in the form of Rudra. O Parvati ! as Ishwara you possess everything in totality and as Sadashiva you shower Bliss and set asunder the barricade of bondage. Thus in Thy five-fold glory of multifarious activity you become many while, in reality, you are one".

विशेषज्ञाय[1] विश्वाय[2] जय विश्वोपकारिणे[3] ।
विश्वरुपाय[4] देवाय[5] विश्ववासाय[6] ते नमः ॥१५॥

हे योग्यायोग्य विचार के ज्ञाता ! हे विश्वरूप ! सृष्टयादि द्वारा विश्व पर उपकार करने वाले विश्वदेव ! और हे विश्व में वास करने वाले चित्स्वरुप शिव ! आप को नमस्कार हो।

१ विशेषज्ञ :- योग्यायोग्य विचारः जानाति यः=विशेषज्ञः
किकर्म किमकर्मेति जानाति यः=(गीता-६,१६)
अर्थात् उचित क्या है, करने योग्य क्या है तथा अयोग्य क्या है, करने के अयोग्य क्या है, -क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए, ऐसा जानने वाला विशेषज्ञ कहलाता है, हे ऐसे विशेषज्ञ प्रभो ।

२ विश्वम—विशन्ति—लीयन्ते सर्वाणि भूतान्यत्र विश्वम् ब्रह्म ।
परस्मात् पुरुषात् न भिन्नमिदं विश्वम् ।
तेन विश्व मित्यभिधीयते ब्रह्म (विष्णुपुराण शाङ्कर भाष्य 11·108)
अर्थात् यह युगान्त पर 'अखण्ड ब्रह्माण्ड, जिसमें समा जाता है, वह



Way to Mahagunas top

...नाथ कौल ...
...संस्कृति ...
श्री राम कृष्ण आश्रम,
श्रीनगर (कश्मीर)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

मर्थात परंब्रह्म परमात्मा एक ओर तो सब भूतों (प्राणियों) में आत्माके रूप में सर्वव्यापक होते हुए छिपा हुआ है, तो दूसरी ओर सारा विश्व उसी देव में समाया हुआ है। फिर भी सब का साक्षी होकर स्वयं केवल और निंगुण है।

Verse 15.

Thou knowest the accentuated essence[1] of the cosmic universe[2] as also the device to rise above the mundane for ultimate good.[3] Thou art the godhead[4] representing cosmos[5] which is permeated by your immanence; we bow to that aspect of Thine[6].

1 One who knows distinctions-what is action and what is inaction c.f Bhagwad Gita IV-16.

2 Cosmic universe that holds all that is created and absorbed, is not different from the ultimate reality.
Again i) *Jaganti yasyam sa vikasamasta—Shishupalavadham.* One who holds the whole universe in Himself

ii) The Atman which is manifest in all animate and inanimate world and in which the whole objectivity finds repose. Kaivalya up 10.

iii) *Brhamaivedam Vishwam,* Mundak up. 2-2-11 verily this whole universe is Brhaman

iv) *Purusha evedam Vishwam* (ibid 2-9-10) verily this whole universe is Purusha.

3 By manifesting Himself in the universe God becomes benefoctor of suffering humanity to-words Self-realization.

4 That which is self-huminous. The one Lord self-luminous pervading all what exists. Shvet. up. VI-11.

5 c. f. Kaivalya up. 10. And *Tenaivarupena chaturbhugen sahasra baho bhava Vishvamurteh*—Bagwad Gita XI-46.

'In your former form only, having four arms, O thousand armed universal Form!'

6 'The receptacle of all things of the creation, animate and inanimate' Kaivalya up. 3.

'The one luminous self
Hidden in all Bhutas (beings)
All-pervading and all-knowing
The propeller of action
The receptacle of all
The conscious witness
The only one invisible. Shvet. up. VI-II,

नमो विधिनिषेधाय विधिज्ञपतये नमः ।
निषेधज्ञाय देवाय[1] तत्स्वरूपाय ते नमः ॥१६॥

हे प्रभो! आप विधि और निषेध दोनों के स्वरूप होकर भी विधि के भी ज्ञाता है और निषेध रुप भी हैं। आप के ऐसे उभयरुप को नमस्कार हं।।

१ वेद तथा आगम ईश्वर की वाणी है। इस से सृष्टि की विधि में सयम का विधान, तथा सहार रुप निषेध में संयम की गति निहित है। यह दोहरा काम ईश्वर का ही कार्य है। जन्म - मरण, सृष्टि संहार, विधि - निषेध उसी परमेश्वर के अधीन हैं। विशेष विवरण

यथा सत्यं च मे ... असत्यं च मे
स्मृति: च मे .. अस्मृतिश्च मे
धर्मं च मे ... अधर्मं च मे } तन्मे उभयव्रतम्
विधिश्च मे अविधिश्च मे

इत्यादि वेद वर्णित अनुवाक के आधारित उत्पत्ति और प्रलय, दोनों में प्रभु की प्रभुता ओतप्रोत है, अत: :- प्रथमत: विधि:—उत्पत्तिकारी भगवान् विधाता को तदनन्तर निषेध—प्रलयङ्कारी भगवान् उग्रदेव को नमस्कार प्राप्त हो।

उपनयन पृ० ७५ (नाथराम शास्त्री)

Verse 16

Thou art the embodiment of consent and dissent. You lord over those who claim to know the precise purpot of positivity as also the author of its negation[1]. To that manifestation we bow.

1) Vedas and Agamas are believed to be the voice of God. This is the positive ordinance, which gives rise to the discipline of evolutionary creation as also to its obverse. This is the double mission owned by the Supreme Spirit. Creation and dissolution, birth and death are the inviolable antecedents of cosmic world and in their finality Trascendence is the prime-propeller in this respect.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इडा[1] पिंगल[2] रुपाय नमस्तन्मध्यवर्तिने ।
सुषुम्णा[3] मध्यगायापि सूक्ष्माय शम्भवे नमः ।१७।।

इडा तथा पिंगला नाडियों के मध्य में आप के संचार करने वाले रुप को नमस्कार हो। आप का कल्याणकारी सूक्ष्म रुप जो सुषुम्णान्तर्मध्यमार्ग है उसकी पहचान के लिए हम प्रार्थना करते हैं।

१, २, ३, यह श्लोक योग-प्रक्रिया की ओर संकेत करता है, संक्षेप में इसकी निरुक्ति इस प्रकार है। वस्तुत: यह नियम प्रति व्यक्ति के लिए एक समान है, परन्तु साधक योग-साधना द्वारा इसे प्रकटाता है और स्वयं अनुभव भी करता है। यह निश्चित है :-

सर्व साधारणतया प्रति व्यक्ति के मेरु-दण्ड में तीन (इडा, पिंगला और सुषुम्णा) नाड़ियों तथा कुण्डलिनी का समावेश है। एक साधक इडा और पिंगला नाडियों में स्थित प्राणवायु को साधना द्वारा बहिः निकालकर 'कुण्डलिनी' को जगाता है, यह जहां स्थिर होती है, वहीं खेचरी (शाम्भवी मुद्रा) का होना कहा है। दूसरे शब्दों में इडा-पिंगला के मध्य में जो आश्रय रहित अन्तर है, उसी शून्य में खेचरी (शाम्भवी-मुद्रा) स्थित है।

यथा :- "एवं सहजानन्दे यदा मनो लीयते–
तदा शाम्भवी भवति, तामेव खेचरीमाहुः ॥

अर्थात् मन जब सहजानन्दावस्था में लीन हो जाता है, तब जीव को शान्ति मिलती है, यही 'शाम्भवी' मुद्रा है, इसे ही खेचरी शक्ति कहते हैं।

अर्थात् इडा-पिंगला से प्राणवायु साधना द्वारा निकल कर जब कुण्डलिनी को जगाता है, और फिर सुषुम्णा द्वारा 'ब्रह्मरन्ध्र' में जा पहुँचता है, तब उसके लिए दिनरात्रि रूप काल का अभाव होता है। तभी सुषुम्णा को काल-भक्षक कहते हैं।

अत: कुण्डलिनी वर्ति 'ब्रह्मरन्ध्र' में जितने समय तक प्राणवायु रहती है, तबतक साधक को मृत्यु का भय नहीं होता है, वह चिरञ्जीव रहता है।

कहा है :- "द्वासप्ततिसहस्राणि नाडी द्वाराणि पंजरे।
सुषुम्णा शाम्भवीशक्ति शेषाः शरीर पूरकाः ॥

अर्थात् (शरीर में व्याप्त) ७२ हजार नाडियों में सुषुम्णा (मध्य नाडी) ही सर्वथा उपकारिका है। इसे ही 'शाम्भवी-शक्ति' कहते हैं। यह साधक को शिव से साक्षात्कार कराती है। तभी जीव चिरञ्जीव रहता है। (यथार्थ में इसीकी ओर कवि का संकेत है) अत :- दिन रात्रि रूपी-सूर्यचन्द्रमयी इडा और पिंगला नाडियों के मध्यवर्तिनी कुण्डलिनी को नमस्कार हो, तथा तन्मध्यवर्तिनी सुषुम्णा नाडी से सम्मिलित ब्रह्मरन्ध्रगत सूक्ष्मवायुरूप शिव साक्षात्कारकारिणी शाम्भवी शक्ति को नमस्कार हो।

(द्रष्टव्य-विज्ञानभैरव-३५)

Verse 17

Thou art the breath flowing through Ida[1] and Pingala[2]. Obeisance be to Thee who, while wading through these two, enters the Sushumna[3] which is very subtle and blissful.

---

1 Ida is a tubular vessel on the right side of the body (the spinal column). It is called the Surya Nadi, the Sun-Vessel. Energy-producing warm prana flows through it.

2 Pingala is a tubular vessel on the left side of the body (the Spinal column.) It is called Chandra Nadi, the Moon Vessel. Cool soothing prana flows through it

3 Sushumna is the central vessel of subtle nature. Yogis alone know how to direct positive and negative breath—prana and apana combined in one—through this central path called the Royal Road (Madhya Marga) This done, they experience Superme bliss and perennial joy, eternal and ever-lasting. That is possible through the awakening of Kundalini, whioh is termed Shakta Yoga. Shambhava Yoga also follows this for final realization of Shiva c. f. Amnaska Yoga (S-H) Foot note page 28. See also Hatha-yoga Pradipika II-41,42. As also in 'Vigyana Bhairava' sloka 35 :-

Maddhyanadi Maddhyasanstha
Bisasutrabharupya
Dhyatanterryomaya de ya
Taya devah prakashate

'Place your whole attention in the nerve, delicate as the lotus thread, in the centre of your spinal column. In such be transformed'. (Tr. Swami Lakshman Joo in 'Zen bone Zen flesh' by Paul Rep).

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

नमस्ते सर्वमृग्याय[1] सूक्ष्ममार्गार्थदर्शिने[2] ।
नमो नियतिरूपाय[3] तत्त्वरूपाय[4] वै नमः[5] ॥१८॥

हे परमात्मन्! जिस आपकी सब को तलाश है, और जो (भक्तजनों को) अपनी पहचान देने का सूक्ष्म रूप मार्ग-दर्शन करते हैं उस आपको नमस्कार हो। आप नियति रूप हैं और तत्त्वों में प्रकट हैं आप को नमस्कार हो।

---

१ जानते हुए अथवा न जानते हुए प्रत्येक जीव परमात्मा को प्राप्त करना चाहता है। उस परमात्मा के बारे में जानने को ज्ञान और उस से विमुख रहने को अज्ञान कहते हैं। परन्तु प्रत्येक व्यक्ति सत्य, शिव तथा सुन्दर का उपासक है। कहा भी है—

त्वमेवात्मेश सर्वस्य सर्वश्चात्मनि रागवान् ।
इति स्वभावसिद्धां त्वद्भक्तिं, जानञ्जयेज्जनः ॥
(उत्पलकृत शिवस्तोत्रावली)

"हे स्वतन्त्र प्रभु! आप ही प्रत्येक पुरुष की आत्मा हैं और प्रत्येक पुरुष अपनी आत्मा से अनुराग करता है। इस प्रकार स्वभाव से होने वाली आपकी भक्ति को जो (यथार्थ में) जानता है, उस पुरुष की जय हो।"

योगी लोग परमात्मा की तलाश करते हैं—

"यदिच्छन्तो ब्रह्मचर्यं चरन्ति" —भगवद्गीता viii-ii

२ यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूंस्वाम् ।
(कठोप० १-२-२३)

"परमेश्वर को वही पाता है जिस को वह वरन करे। उस को वह अपना स्वरुप सूक्ष्मरुप से प्रकट करता है।"

३ संसार में सब कुछ नियमन करने के कारण परमात्मा नियतिरुप हैं।

४ वेदान्त के अनुसार पृथ्व्यादि २४ तत्त्व और शैव-दर्शन के अनुसार ३६ तत्त्व वर्णन किए गए हैं। इन तत्त्वों में वही परमात्मा प्रकट होता है अर्थात वह तत्त्वरुप है।

५ श्लोक की प्रथम पंक्ति में परमेश्वर को विश्वोत्तीर्ण दशा को नमस्कार किया है और दूसरी पंक्ति में विश्वमय दशा को। एक ही आत्मा दोनों दशाओं में विद्यमान है:-

यथा:- परस्वभावकर्माणि न प्रशंसेन्न गर्हयेत् ।
विश्वमेकात्मकं पश्यन्प्रकृत्या पुरुषेण च ॥
(भागवत ११-२८-१)

दूसरे के स्वभाव और उसके कर्म की गर्हना नहीं करनी चाहिए। प्रकृति और पुरुष दोनों को एकात्म रुप समझना चाहिए।

Verse 18.

Obeisance to Thee who art sought after by every creature[1] and who revealeth[2] the precise import of the minutest possible path of Realization. We prostrate before Thee who representeth the order of created beings[3] as also manifesteth the inherent essence[4] of these[5].

---

1 Knowingly or unknowingly union with God is desired by every creature. Knowing about Him is knowledge and not knowing is ignorance. But every one wants peace, bliss and beautitude.

Twamevatmesha Sarvasya
Sarvas chatmani Ragavan
Itiswobhava sidham twat
bhaktim, Janan Joyet Janah
(Utpala's Shivastotravali 1/7)

"O God Thou art the self of everyone Everyone bears love for the Self. Therefore, it is an admitted fact that everybody loves Thee. But blessed are those who know about it".

This self is sought after by Yogis—"*Yadichanto Brahmacharyam Charanti*" (Bh. Gita viii-11)

2 *Yamevaisa Vranute tena labhyah tasyaisa atma vivrnute tanumswam*
(Kathophishad 1-2-23)

"By him is it (Atman) attained whom it chooses, to him this Atman reveals its own (true) self".

3 God is the regulator of the whole manifestation.

4 Inherent essence of the creation is the categories through which all this becomes manifest. According to vedanta (sankhya) there are 24 categories and according to Shaiva these are numbered 36. God manifests Himself through these categories fixed by different schools in different numbers (c f Bhagwat 11th canto)

5 In the first line (note 1 and 2 above) Obeisance is made to the Transcendental self or the causal Reality, while in the second line prostration is made to the imminent Self or the dynamic Reality The same Atman pervades the limited adjuncts also through which it projects itself

Paraswabhava Karmani na prashamsennagarhayet
Viswamekatmakam pashyan prakritya purushena cha.
(Bhagwat 11-28-1)

Let no man praise or blame another for what he is or does; he should realize that the Universe, along with Prakrti and Parusha, is of the nature of one Atman.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

महत्तत्त्वाय[1] देवाय सूक्ष्मतत्त्वाय[2] ते नमः ।
नमोऽमृतायदेवाय नमोऽमृतस्वरुपिणे ॥१९॥
....
मृत्युञ्जयाय देवाय[3] भूयो भूयो नमो नमः ॥२०॥

हे महत्तत्त्वस्वरूप हिरण्यगर्भ भगवन् ! हे बीजमय परमाण्डरूप सूक्ष्म - तत्त्व से सर्वत्र व्याप्त ईश्वर ! आप अमृतमय हैं। अपने अमृत स्वरूप में प्रकट होने वाले हे मृत्युञ्जय देव ! हम बार-२ आपको नमस्कार करते हैं।

१ महत्तत्त्व को हिरण्यगर्भ भी कहते हैं। सांख्यप्रक्रिया के अनुसार यह पच्चीस तत्त्वों में दूसरा तत्त्व गिना जाता है (मनुस्मृति १-१५)। जडचेतनात्मक इस सारी सृष्टि का बीज रूप है। इसे बुद्धि तत्त्व भी कहते हैं।

२ अणोरणीयान्महतो महीयानात्मास्य जन्तोर्निहितो गुहायाम्
(कठोप० १-२-२०)

"वह (आत्मा) अणु से भी सूक्ष्म है और महान होकर भी हृदय-गुफा में छिपा है"।

३ स्वयंप्रकाश आत्मा को संस्कृत में 'देव' कहते हैं। वह एक ही है, उसे शिव कहो अथवा केशव।

एको देवः केशवो वा शिवो वा
(भर्तृहरि नीति० श्लोक६९)

'अहमादिर्हिदेवानाम्—भगवद्गीता १०/२—मैं ही सब देवों का आद्य हूँ। अतः एक परमात्मा ही सब देवों में व्याप्त है।

Verses 19,20

Repeated obeisance to Thee, O Supreme Divinity! who art the seed-form[1] of this Universe as well as the subtle permeation[2] thereof. We bow to Thee who art the celestial and immortal self as also representeth immortality by being above death and cosmic aberrations[3].

1 Mahat-tattva is also called Hiranyagarbha (container of gold in the womb). It is second of the twenty-five principles of the Sankhyas. (Manu Smriti i.15). It is the seed

form of what sprouts forth in the hetrogenous as well as homogenous variety of this creation It is the principle of individuation or Buddhi Tattva which arises from Prakriti when sattva-guna dominates (c.f. Sankhya and Advaita Vedanta—a comparative study by Dr. Anima Sen Gupta, Patna University).

2 *Anoraniyan Mahatomahiyan Atmasya jantor-nihito guhayam.*
(Kathopanished 1-2-20)

'Subtlest of the subtle, this Atma is treasured up in the cave of intellect—*Buddhiguha*.

3 'Deva' (in Sanskrit) is the self-effulgent spirit, sublime and far above the mundane.
Eko Devah Keshavo va Shivo va (Bartrihari Nitishatakam V 69)
"There is one and the only self-effulgent spirit going by nomenclature of "Vishnu" or "Shiva"
Again, we have in the *Bhagwad Gita*(X,2)
"*Ahcmadir hi devanam*".
"I am the source of the Devas" So the Supreme spirit is the first in the line of Devas—self effulgent powers.

इति श्रुत्वा तु देवानां स्तुतिं परमपावनीम् ।
हरो[1] गम्भीरया[2] वाचा देवांस्तान्प्रत्युवाच ह ॥२१॥
किमर्थमागता यूयमाकुलाः सुरसत्तमाः ।
कथयध्वं यतः सर्वमदेयमपि वो ददे ॥२२॥

इस प्रकार सब देवताओं द्वारा जगत को परम पवित्रता देने वाली प्रशस्त स्तुति को सुनकर भगवान आशुतोष शंकर देवताओं को बडी गम्भीर वाणी से (वापिस) बोले। हे श्रेष्ठ देवताओ ! आप लोग क्यों इतने व्याकुल हो, किस निमित्त यहां आने का कष्ट किया ? जो कुछ रहस्य हो, कहो। मैं अदेय-वस्तु तक भी अवश्य आप को समर्पण करूंगा।

१ हरोहरति पापानि—"हर" भगवान शिव का दूसरा नाम है। वह भक्तजनों के पापों को हर लेता है।

२ गम्भीर वाणी से तात्पर्य भगवान शिव की असाधारण वाणी जिस का अनुभव भक्त केवल हृदय में करते हैं।

Verses 21,22

Having thus lent ear to this exceedingly sanctifying prayer of the gods, Lord Hara[1], in a voice

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

full of depth[2], said in reply :-

"O respectable gods! why have you come here in such a disturbed condition? You tell me your difficulty so that I grant to you what is not usually doled out.

1 'Ha' symbolises 'Shunya'—'Bindu'; 'Ra' symbolises the one who possesses it. So 'Hara' is the one who is dimensionless but has a position—the Supreme Lord of Yogis. A synonym of Shiva who dispels sins.

2 A voice or speech which is, above average, meaningful.

इति तस्य महेशस्य श्रुत्वा देवाः सवासवाः ।
प्रत्यूचुस्तं हरं "मृत्युर्ग्रसतीति" बलाद्धि नः ॥२३॥
यतो स मृत्युर्नश्येन्नो न ग्रसेच्च बलेन नः ।
तत्कुरुष्व महादेव ! भक्तानामार्तिनाशन[1] ! ॥२४॥

इस प्रकार महेश भगवान की (सान्त्वना पूर्ण) बात सुन कर राजा इन्द्र के समेत सारे देवता भगवान शंकर से फिर बोले, "हे भगवन! मृत्यु (सबका अन्तक) देवता अमर पदवी पाये हुए हमें भी बलात् ग्रसता जाता है। इस कारण भक्तों की दीनता मिटाने वाले देवादिदेव महादेव ! कृपया ऐसा उपाय कीजिए, जिससे यह मृत्यु हमें न तो मौत-के-घाट उतार सके, और नाही बलवान होने के कारण बुरी तरह सताये ।

१ देवताओं को 'अमर' कहा गया है, यहां उन का यह अधिकार मृत्यु देवता द्वारा छीना जाता था। वे तो अमर भाव को नहीं छोड़ना चाहते थे। अतः यह शिकायत की ।

Verses 23 & 24.

Thus all the gods along with Indra, having lent ear to what the Supreme Lord had said, replied to that 'Hara'

"We are being devoured by the god of Death forcibly, O great Lord, the dispeller of Thy devotees! Kindly act in such a way that the irresistible god of Death does neither destroy us nor make a morsal of us.

1 Gods have been treated as 'immortals' (amaras). Herein that edge over the mortals (Martyas) was snatched away by the god of Death. The gods, for reasons understandable, would like to be rehabilitated on their earlier non-perishable glory. Hence this plaint to the great Lord.

श्री भैरवः—

श्रुत्वा देववचः सौम्ये महेशः प्रत्युवाच तान् ।
मृत्यूपायं करिष्यामि सहध्वं चणमुत्तमाः[1] ॥२५॥

इस प्रकार देवताओं की आर्तदुःखवार्ता सुनकर देवादिदेव महेश फिर देवताओं से बोले :-

हे श्रेष्ठ देवताओ ! इस मृत्युभय को जरा कुछ समय और सहन करो। निश्चय रखो अवश्य मैं आपको इस मृत्यु से छूटने का उपाय करूंगा ।

१ देवता सारी सृष्टि में उत्तम माने गये हैं, अतः यह विशेषण समीचीन है ।

(Now Bhairava reverts to narrating the thread of the story for the benefit of Bhairavi)

Verse 25.

O charming one! having listened to the request of the Devas, the great Lord Mahesha, said to them in reply :-

"O you the most elevated! you put up for the while with the afflictions till I provide the antidote for these."

1 On the analogy of 'Uttamanga'-the crest of the limb (head) —the Devas have been designated as the best in the whole creation.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

गृहीत्वा शिरसस्तत्र हरश्चन्द्रकलां स्वयम् ।
संपीड्य देवानवदन्मृत्यु भेषजमुत्तमम् ॥२६॥
पीडनाद्यानिस्सृता च धारा परमिका प्रिये ।
सैव भूता नदी पुण्या नाम्ना वै ह्यमरावती ॥२७॥

इस प्रकार देवताओं को सान्त्वना देकर भगवान हर ने स्वयं अपने जटाजूट से चन्द्र कला को बाहिर निकाल कर उसे निचोड लिया और देवताओं से कहा, "सज्जनो ! देखो, यही जल-धारा आप को मृत्युभय से बचाने वाली अमोघ औषधि है;" इस प्रकार चन्द्रकला को निचोडने से जो परमपवित्र जलधारा उससे वह निकली, हे परमप्रिये ! वही धारा पवित्र नदी के रूप में परिणत हो गई। निदान वही नदी भक्तों को मृत्युभय निवारण करने से तथा अमर करने से "अमरावती,, इस शुभनाम से जग में विख्यात हो गई ।

---

१ चन्द्रकला का दूसरा नाम सोमकला है जिसे भगवान शिव अपनी जटाओं में समेटते हैं। वास्तव में शिव प्रकाशों का प्रकाश है जिसका प्रतीक चन्द्रकला है, यथा :-

'सर्वप्रकाशातिशय प्रकाशायेन्दुलक्ष्मणे'
(उत्पलस्त्रोत्रावली-११/१५)

इसी सोलहवीं कला के आधार पर चन्द्रमा की पंद्रह कलाए बढ़ती और घटती रहती हैं। लौकिक चन्द्रमा में भी हम यह बढ़ना और घटना शुक्लपक्ष और कृष्णपक्ष में देखते हैं।

योगी जन इसी सोलहवीं कलापर, जो अमेय, अमृतरुप और स्वयं-प्रकाश है, ठहरने के प्रयत्न में अभ्यासशील रहते हैं। भगवान शिव ने देवताओं को इसी अमर-कला पर ठहरने का उपदेश दिया, जिस से मृत्यु भय का निवारण हो ।

Origin of the Amaravati

Verses 26 & 27.

Lord Shiva Himself took the crescent moon (adorning His head) in His hand and, after squeezing it, told the Devas that this was the most

efficacious antidote against death. O dear one (Bhairavi)! the peerless current that flowed from the moon thus took the form of a stream known as the sanctifying Amaravati.

---

1 Lord Shiva is the destroyer of the darkness of ignorance. He is the light of lights. Therefore, all other lights of the sun, the moon, the lightning etc. emanate from Him and they also merge with Him. He is the source. To illustrate this, Lord Shiva puts on His head the Somakala (crescent moon).

"*Sarvaprakashatishaya Prakashayendu-Lakshman*"—(Utpala's Shivastravali-xi-15) Bearer of the light of lights whose emblem is *chandra-kala* or *somakala.*

This 's the sixteenth digit of the moon from which all its fifteen digits develop and into which these dissolve one by one. On mundane level we see this process shaping during the bright fortnight and dark fortnight.

Yogis watch this process through spiritual eminence and try to catch by forelock the sixteenth digit—the Immeasurable Somakala. Thus they, drinking this nectar, strive for freedom from death. Lord Shiva initiated this for the Devas.

ये बिन्दवश्च्युता देवि शरीरे चन्द्रशेखरे ।
ते भस्मरूपतां प्राप्य च्युताश्चाश्यानतां गताः ।
प्रेम्णा तेषां महादेवि शिवोऽपि द्रवतामगात् ॥२८॥
ते दृष्ट्वापि शिवं तत्र द्रवीभूतं महेश्वरि ।
तुष्टुवुः वाग्भिरर्घ्याभिः प्रणेमुश्च मुहुर्मुहुः ॥२९॥

उस समय इस जलधारा से कुछ अमृतबिन्दु जो (चन्द्र-चूड (भगवान्-शंकर) के शरीर पर भी गिर पड़े, सारे के सारे सूख गये और भस्म (शिव - विभूति) के रूप में जमकर नीचे गिर गये। (सम्भवतः नदी अमरावती का जल इसी विभूति के गिरने से श्वेतवर्ण होगया हो, और नदीतल की मिट्टी सारी की सारी सफेद चूना सी बन गई हो।)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हे देवि ! देवताओं के इस प्रगाढ़ प्रेम से द्रवित हो स्वयं शिव भी शनैः २ द्रवीभूत होगये। हे महेश्वरी ! निदान इस प्रकार स्वयं शिव को भी द्रवीभूत देखकर असमञ्जस में पड़े सारे देव पुनः विपूर्ण सार्थक वाणियों से स्तुति, तथा बार बार प्रणाम करने लगे।

Verses 28, 29

O Goddess! the nectar-like drops which fell on Shiva's body, got dried up displaying his towering splendour in the form of ash. With His love for the gods, Shiva's body also was liquified, O Great Goddess! when the gods perceived Lord Shiva thus drenched (with compassion for them), they gratified Him with meaningful hymns, prostrating before Him again and again.

[1]स्वं पुनर्दर्शयामास[2] देवानां हितकाम्यया।
रसोप्याश्यानतां प्राप्य लिंगरूपोऽभवद्गिरौ ॥३०॥
लिंगरूपहरं[3] वीक्ष्य द्रवीभूतं महेश्वरि।
पुनः पुनः प्रणेमुस्ते भवं[4] कारुणिकं परम् ॥३१॥

परन्तु जब ये सारे रसबिन्दु इस पर्वत पर लिङ्गाकारता को प्राप्त हुए। अतः भगवान् ने देवताओं का हित करने की इच्छा से विश्वमय रूप पुनः धारण किया। हे महेश्वरि ! देवता लोग यह देखकर कि किस प्रकार भगवान् शिव घनीभूत द्रवता से (जमकर) लिंगाकार में परिवर्तित हुए, आश्चर्य चकित हो इसी परात्पर दयासागर "भव" देव को बार बार प्रणाम करते रहे।

---

१ क पाठ में यह अधिक पंक्ति है।

२ रस रूप में द्रवित होकर भगवान् शिव को देवताओं की प्रत्यक्षता पाने के लिए शिवलोक में लिंगाकार धारण करना पड़ा।

३ रसरूपता लिंगाकार में जम गई।

४ क) भवः='भवति - अस्मात्' इस व्युत्पत्ति से जल की मूर्ति धारण करने वाले महादेव।
जल पृथ्वी से उपजा है, इसलिए पृथ्वी का स्वरूप महादेव से उत्पन्न है।
यथा—'खं वायुः ज्योतिरापश्च पृथ्वी विश्वस्य धारिणी'
— कैवल्य - उपनिषद्

ख) 'पृथ्वी और जल' दोनों शङ्कर की अष्टमूर्तियों में से विशेष दो मूर्तियां हैं।
यथा—"यासृष्टिः स्रष्टुराद्या—ताभिरष्टाभिरीशः"
महाकवि कालिदास की रचना (शकुन्तला-नाटक) का मंगल श्लोक इसका ज्वलन्त प्रमाण है।

ग) विशेषकर श्री पुष्पदन्ताचार्य ने भी 'महिम्नस्तव' में वर्णित अष्टतिंभूयों में इसी 'भवः' शब्द को विशेष स्थान दिया है :- यथा—
"भवः शर्वोरुद्रः— अभिधानाष्टकमिदम्"

Verses 30-31

With[1] a desire for doing good to the gods, Lord Shiva, once again reverted to His immanent form;[2] (but) the liquified sap metamorphized itself into a stone and took the form of a 'Linga' at this mountain. Perceiving 'Hara' thus totality overwhelmed with compassion, in the form of a 'Linga;[3] O Goddess! the Devas repeatedly bowed to the feet of that supreme Architect of this universe.

---

1 The first line of the 30th verse—*Svam-punar-darshayamasa devanam hitakamyaya*—is an addition in our MS-PH.

2 Herein for presiding over the destiny of the 'Devas' in 'Shivaloka' the Lord had to don the immanent form after being liquified.

3 However, the liquified stuff got solidified as a 'Linga' form which explains the formation of 'Rasalinga'.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

देवान् नतिपरान् दृष्ट्वा प्रोवाच सुरसत्तमान् ।
हरः परमया वाचा शृणुध्वं देवसत्तमाः ॥३२॥
यस्माद्भवद्भिःदृष्टं मे प्रेमलिङ्गं नदीतटे[1] ।
तस्मान्न मृत्युर्युष्मान् वै बाधते मदनुग्रहात् ॥
इहैव ह्यमरा भूत्वा गच्छध्वं देवसत्तमाः ॥३३॥
इतः प्रभृति लिङ्गं मे ह्यमरेशाख्यमुत्तमम् ।
पुण्यं परमकं देवास्त्रिलोके ख्यातिमेष्यति ॥३४॥
नत्वा च दण्डवत्तत्र लिङ्गं तद् ह्यमरेश्वरम् ।
प्रदक्षिणी[2]कृत्य देवाः स्वंस्वमालयमाययुः ॥३५॥

सब प्रकार के दुखों और पापों को मिटाने वाले भगवान् शंकर, नमस्कार में लीन हुए देवताओं को देखकर, दयार्द्र वाणी से उन्हें बोले :-

हे उत्तमस्वरूप देवताओ! सावधानतया सुनो, चूँकि आप लोगों ने इसी अमरावती नदी के किनारे (अथवा गुफा-घर में) मेरी प्रतिमूर्ति इस लिङ्ग का दर्शन किया, इस कारण आप निश्चय रखो, मेरी अनुकम्पा से आपको कभी अन्तक (मृत्यु) किसी प्रकार की बाधा न दे सकेगा। इसलिए, हे उत्तमस्वरूप देवो! तुम सब यहीं से अमर बनकर चले जाओ। (तभी से देवता 'अमर' कहलाये गये)।

तथा, आज के दिन से उत्तमोत्तम और परम पवित्र मेरी ही मूर्ति का प्रतिरूप यह लिङ्ग 'अमरेश्वर' इस शुभ नाम से जगती तल पर प्रसिद्ध हो जायेगा। इस प्रकार (देवतागण ने भक्ति भाव से) उस अमरेश्वर लिङ्ग को दण्डवत् (प्रणाम) किया। और अन्त में यथाविधि उसकी अर्धप्रदक्षिणा करके सन्तुष्ट-मन हो अपने अपने निवास स्थानों को चले गये।

१ ३३-श्लोक की पहली पंक्ति में ष पाठ के अनुसार 'नदी तटे' के बदले 'दरीगृहे' (गुफा-घर में) मिलता है।

२ देवमूर्ति के चारों ओर भक्तिभाव से हाथ जोड़कर ऐसे घूमने को जिससे देव-मूर्ति भक्त की दाईं ओर रहे, प्रदक्षिणा कहते हैं। पर शिवपूजा के अनुसार लिङ्गमूर्ति महादेव का निर्माल्य (शिवलिङ्ग पर चढ़ाया गया जल आदि) कहीं पाऊं तले आने से पवित्र हीनता न आजाये, अतः निर्माल्य प्रणाली तक ही प्रदक्षिणा करके 'अर्धप्रदक्षिणा' करने की ही विधि है। यथा शिवपूजा में कहा है:-
यानि कानि च पापानि ब्रह्महत्यादिकानि च ।
तानि तानि प्रणश्यन्ति शिवस्यार्धप्रदक्षिणात् ॥

Verses 32, 33, 34, 35

Perceiving the gods engrossed in prostration, the Dispeller of sins and aberrations—Lord Hara—addressed the super-gods to lend ear to His edifying words:-

"O excellent gods! listen to me. Since you have had the exalting glimpse of my loving emblem on the bank of this stream (or in this cave[1]), the death will no longer torment you by dint of my grace on you. O eminent gods! be immortal and take my leave. O gods, from now onwards this Linga superlative in essence, known as 'Amaresha', rewardingly virtuous, will earn renown throughout the three worlds. There and then the gods, having bowed to that 'Linga' and making a reverential circumambulation[2] round it (Linga) repaired to their respective abodes.

1 Last phrase of the first line of the verse 32 'Nadi-tate'—on the bank of stream, has alternate reading 'Dari-grihe'—in the cave, in Ms-TB.

2 Reverential salutation to the deity is made by going round is from left to right, so that the devotee's right side remains always turned towards the deity. In a shrine of Shiva only half circumambulation is prescribed in the scriptures.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्री भैरवः :–

इति दत्वा वरं देवान्नमरेशो महेश्वरि ।
तदा प्रभृति लीनोभूद्गिरिदर्यन्तरे हरः ॥३६॥

तब श्री भैरव भैरवी जी से फिर बोले :

हे महेश्वरि ! भगवान् अमरेश्वर इस प्रकार सारे देवताओं को अभीष्ट वर देकर स्वयं तब इसी अमरावती के निकटस्थ पर्वत के आभ्यन्तर भाग (गुफागृह में) लीन हो गये ।

Verse 36

After relating the story of Amreshwara, Bhairava addresses Bhairavi thus:-

O Great Goddess, having granted this boon to the gods, Lord Amreshwara stationed Himself in that mountain - cave.

अमां सोमकलां[1] गृह्य हीश्वराणां हितेच्छया ।
मृत्युनाशं चकाराशु तस्माद्वै ह्यमरेश्वरः ॥३७॥
मृत्युहीना यतो देवि ! ईश्वरेण कृताःसुराः ।
ततः प्रोक्तं पुराविद्भिर्ह्यमरेश्वरसंज्ञकम् ॥३८॥

चूंकि भगवान् शंकर ने देवताओं की भलाई के लिए सूर्य और चन्द्रमा दोनों का संगम करने वाली 'अमा' कलायुक्त सोमकला (चन्द्रमा की १६वीं कला) को धारण करके ही मृत्यु का नाश किया, यही कारण है, इसका शुभ नाम 'अमेरेश्वर' ऐसा जग विख्यात हो गया ।

तथा हे देवि ! ईश्वर ने स्वयं सारे देवताओं को यहीं पर मृत्यु के भय से सर्वथा निर्भय (अमर) बना दिया है, यही कारण है, पुराविदों—भविष्य-काल के जानने वालों से यह 'अमरेश्वर, इस शुभ नाम से विख्यात हो गया है ।

१ इसी पटल के श्लोक २६, २७ के नोट को देखिए ।

Verses 37, 38.

Lord Shiva, having seized the crescent moon[1] (the moon of the immeasurable digit) from His own head for doing good to the gods, thus gave them the means to conquer death, for which reason He earned the epithet 'Amreshwara'. O Goddess, since the Lord made the gods immune from death, the mentors of yore called Him 'Amareshwara'.

1 Reference to note 1 of verses 26-27, will be useful here.

भवरोगं च गृह्णाति भक्तानां चेश्वरः स्वयम् ।
यद्दर्शनात् ततः प्रोक्तं ह्यमरेशाख्यमुत्तमम् ॥३९॥
अमाप्रभृतिपूर्णान्तां कलां[1] गृह्णाति चेश्वरः ॥४०॥
यद्बिन्दुरसनाच्चैव ह्यजरामरकारणम् ।
मोक्षैश्वर्यप्रदं तस्मात्प्रोक्तममर संज्ञकम् ॥४१॥

भगवान् जगदीश्वर स्वयं अपने प्रिय भक्तों को हिम लिंग के शुभ दर्शन से संसार रुपी रोग से छुटकारा (मुक्ति) देते हैं। यही कारण है कि इसका शुभनाम उत्तम 'अमरेश्वर' प्रसिद्ध हुआ है । तथा अमावस्या से अग्रिम शुक्ल पक्ष के अन्त की पूर्णिमा तक दिन प्रति दन की क्रमशः कलावृद्धि से पूर्ण चन्द्रमा को स्वयं चन्द्रशेखर चूढावतंस बनाते है । यही कारण है कि तन्त्रशास्त्र वेत्ताओं ने इसे अमरेश्वर कहा है ।

इसी प्रकार—इस अमृतमयी सोमकला के एक एक बिन्दु के आस्वाद से शिवभक्त जरा - मरण से रहित हो अजर और अमर बनते हैं और मोक्ष रुप ऐश्वर्य प्राप्त करते हैं । इसी कारण (रस लिंग) का शुभ नाम 'अमरेश्वर' विख्यात हो गया है ।

१ इसी पटल के श्लो० २६, २७ का नोट देखिए ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verses 39, 40 & 41.

Great God, by His visual appearance, transfers the worldly ailments of the devotees into His own account. This explains the lofty name 'Amresha' owned by Him.

The Lord appropriates the gamut of digits from the (immeasurable) sixteenth to that of the full moon[1]; consequently those proficient in Tantra Lore call (this Linga) Amareshwara; also because by sipping the nectar drops, (drippings from the from the Linga), one verily defies senility and emancipates from the orgy of births and death.s

1 Refer to note 1 of verses 26, 27.

इदं रसमयं लिङ्गं महाप्रेमसमुद्भवम् ।
सामरस्यप्रदं[1] देवि तव स्नेहात्[2] प्रकाशितम् ॥४२॥

हे देवि ! यह लिङ्ग जो केवल अमृत रस से ओत प्रोत है, जिसका प्रादुर्भाव केवल देवताओं के प्रेमातिरेक से हुआ हैं, वस्तुतः एक समान उत्कृष्ट सुखास्वाद का प्रदाता है । सच मानो मैंने वह केवल आपके अनन्यप्रेम के कारण ही आज प्रकट किया है ।

१ "यत् खलु साधु तत्सामेत्याचक्षते, यदसाधु तदसामेति"
छा० उ० २-१-१.

यथार्थ में सामरस्य शब्द के कई दार्शनिक तथा आध्यात्मिक अर्थ है। इस संदर्भ में शिवलिंग के ये अमृतबिन्दु प्रत्येक भक्त के लिए सुलभ हैं । यह भगवान शिव के समरसप्रदान होने का द्योतक है ।

२ नहीं तो यह अत्यन्त रहस्य है। येह बात भैरव भैरवी से प्रकट करना चाहता है। पारमार्थिक रहस्य दीक्षा-रहित व्यक्ति को नहीं दिया जा सकता है अपितु उस को यह ग्रहण करने के योग्य बनाना होता है।

Verse 42

O Devi! This ambrosial Linga[1] has arisen outof immense love and devotion. It bestows uniformity of taste which I have unfolded simply for my affectian for you[2].

1 "*Samarasye*" has many philosophical and spiritual intonations here in the context of sipping the ambrosial drippings from the Linga (c. f. verse 41). It can be easily construed that Lord does not make reservation in dispensing with this elixir.

2 Otherwise, it is a secret and cannot be explained to all. This is what Lord means to convey to Goddess. The highest truth cannot be grasped by the uninitiated. Atmosphere conducive to such spiritual give-and-take, is to be created for inducting the realizer into it.

यात्रां कृत्वा तु देवेशि स्नात्वाऽमरावतीजले ।
भस्मनालिप्यचाङ्गानि[1] मोक्षमाप्नोति मानवः ॥४३॥
कृत्वा तु ताण्डवं[2] देवि ! गुहायां सुप्रहर्षितः ।
स रुद्र[3] एव कथितो नरः परम पावनः ॥४४॥

हे महादेवि ! जो कोई भी मानव श्री अमरेश्वर महादेव की आद्योपान्त यथा वर्णित यात्रा करके अन्त में पावनीया नदी अमरावती के जल में स्नान करेगा, यहां की भभूती (नदी तल की सफेद मिट्टी) अपने सम्पूर्ण शरीर में (पाऊं से चोटी तक) पोतेगा, निश्चय मानो वह मोक्ष प्राप्त करता है । एवमेव हे देवि, गुफा में अमरेश्वर दर्शन की खुशी में फूले न समाता

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

हुआ अपने को भूलकर ताण्डवनृत्य की मस्ती में मस्त बना हुआ यात्री शुद्ध प्रकृति से पवित्रात्मा बन साक्षात् रुद्र ही बन जाता है ।

१ भस्म—विभूति, जिसे कश्मीरी में "बभूति" कहते हैं ।

२ ताण्डवम्—नृत्य-विशेष जो शिव ताण्डव के नाम से प्रसिद्ध है, जिसमें भगवान् शिव का रूप 'रौद्र' बन जाता है, और यह नृत्य सायं काल में खेला जाता है ।

३ रुद्र—शिव का एक उत्कृष्ट (भयानक) रूप है, जो सब प्रकार के अमङ्गलों को नष्ट करता है । परन्तु यहां 'रुद्र' दर्शनार्थी भक्त से अभिप्राय है जो यात्री शारीरिक तथा मानसिक पवित्रता से युक्त होकर ईश्वर साक्षात्कार का अधिकारी बना हो। वेद में कहा भी है—"शिवोभूत्वा शिवं यजेत्" । शिव के आवेश में आकर ही शिव की पूजा करनी चाहिए ।

Verses 43-44

O Supreme goddess! liberation from birth and death is the lot of the one who, on the last leg of this pilgrimage, takes a dip in the waters of Amaravati and besmears his body with the lime-sand (Bhasma[1]).

O goddess! the highly pious man in divine ecstasy, after having performed the mental as well as physical dance[2] (Tandava) in the precincts of the cave, is verily termed that very Rudra[3].

1 Actually 'Vibhuti' in Kashmiri is called 'Babhuti'.

2 Frantic or violent dance (of Shiva).

3 Rudra means the Great, the Dreadful, the one who drives away evil Mention of eleven Rudras is made in the Puranas.

" Rudranam Shankaraschasmi "

"Among the Rudras I am "Shankara" (Bhagwad Gita 10.23). But here it refers to the devotee who, in physical as well as mental purity, can realize the real nature of Godhood, as it is said :-

"Shivo bhutva Shivam yajet" (sentence from the Veda)
'Worship Lord Shiva by becomiug Shiva'
(c. f. sloka 151 Visgyana Bhairava.)

यः सवासो गुहास्थं च प्रपश्येल्लिंगमुत्तमम् ।
स याति नरकं घोरं यावदिन्द्राश्चतुर्दश[1] ॥४५॥
यः पश्येद्भस्महीनाङ्गो रसलिङ्गं सनातनम् ।
स कुष्टी च भवेद्देवि जन्तुजन्मनि जन्मनि ॥४६॥
यात्रामकृत्वा यो देवि पश्येद्ध्यमरेश्वरम् ।
स याति दारुणान्घोरान्नरकानेकविंशतिम्[2] ॥४७॥

(यात्रा नियमों के विरुद्धाचरण में)

जो कोई भी मनुष्य अपने सारे पहिने हुए वस्त्र पहन कर ही गुफा में विभूषित उत्तमस्वरूप रसलिंग का दर्शन करता है, निश्चय रखो, वह 14 इन्द्रों की अवधि (पूरे कल्प) तक घोर नरक में वास पाता है ।

इसी प्रकार जों नदी अमरावती में बिना भभूति पोते (भस्म रहित अङ्गों से) सनातन भगवान् रसलिंग के दर्शन करता है, वह जन्म-जन्म (प्रति जन्म) में कोढ की शारीरिक व्याधि में ग्रस्त रहता है । इसी प्रकार यथावर्णित यात्रा नियमावलि के बिना पालन के जो कोई यूंही सैर सपाटा करने के तौर श्री अमरेश्वर रसलिङ्ग का दर्शन करता है, वह घोरातिघोर (अति कठोर) 21 प्रकार के नरकों की यातना (नरक पीड़ा) का भोगी बनता है ।

१ इन्द्र स्वर्ग का अधिपति (देवता-विशेष) है । भारतीय धर्म इसको मेघों का राजा मानते हैं । वेदों में इन्द्र का प्रथम स्थान है । प्रत्येक कल्प के बाद एक नया इन्द्र नियुक्त होता है । चौदह इन्द्रों के विषय में सातवें पटल के श्लोक ४ का नोट १ देखिए ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

२ नरका :- "नरा: क्रायन्ति अस्मात्" इस व्युत्पत्ति से जहां पापी रोते हैं अथवा जहां पापियों को लिया जाता है 'नरक' कहलाता है, यहां पापियों की आत्माओं को नाना प्रकार की यातनाएं (कष्ट) दिए जाते हैं। इनकी १४० से अधिक बडी संख्या है, पर २१ प्रधान नरक हैं :-

यथा :- कर्मकाण्डी-पुस्तिका (श्लोक तर्पण) मे यथावत् वर्णित है :-

नरकास्तु समाख्यातश्चत्वारिंशदधिकं[140] शतम् ।
तेषामपि प्रधानाश्चकठिनस्त्वेक[21] विंशतिः ।।
तामिस्र[1] मन्धतामिस्र[2] महारौरव[3] रौरवौ[4] ।
नरकं[5] कालसूत्रं[6] च महानरक[7] मेव च ।।
सञ्जीवनं[8] महावीचिं[9] तपनं[10] सुप्रतापनम्[11] ।
सङ्घातकं[12] सकल्लोल[13] कुद्दालं[14] कुट्टनं[15] तथा ।।
लोहशङ्ख[16] च भीष्मं[17] च पन्थानं[18] शल्मलिनदीम्[19] ।
असिपत्रवनं[20] चैव लोह[21] कण्ठकमेव च ।।
इत्येकविंशतिर्भेदाः नरकानामुदीरिताः ।।

Verses 45, 46 & 47.

But, one, who has a glimpse of the Linga with his clothes on, in the cave, goes to heinous lower worlds and remains there till fourteen Indras[1] get replaced in succession.

The creature who has the glimpse of the eternal linga of nectarine bliss, without smearing lime-sand on his limbs is afflicted with leprosy for a number of lives

O goddess ! one who has a glimpse of linga without undertaking the formal pilgrimage (with prescribed steps and disciplines) experiences painful and tormenting hell for twenty-one lives.

---

1 Indira is the god of firmament. He is the Jupiter pluvius of the Indian Aryans. In the Vedas he is placed in the first



Ice-Lingam inside the Cave

JAGANNATH KAUL 'Kamal'
M.A., B.T., PRABHAKAR.
EDITOR--CULTURAL DESK
Sri Ramakrishna Ashrama
SRINAGAR (Kashmir)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

rank among the gods. After each Kalpa (Universal dissolution) there is a new Indra. So here it means after fourteen such periods (see also Note one of verse 4 in canto VII).

2 There is a number of hells These are infernal regions where different kinds of tortures are inflicted upon sinners.

योऽकृत्वा ताण्डवं देवि पश्येद्गिरिगुहान्तरे ।
रसलिङ्गं भवत्येव तीर्थद्रोही न संशयः ॥४८॥
योऽपूज्य प्रतियात्येव नरोऽमरगुहान्तराद् ।
चतुरशीतिलक्षाणि नरकाणि[1] प्रयाति वै ॥४९॥
योऽदत्वा पुनरायाति ह्यमेरशगुहान्तरात् ।
स याति दारुणंघोरं नरकं कालसूत्रकम् ॥५०॥

हे देवि ! यथावत् यात्रा करने पर भी कोई यात्री यदि प्रभुदर्शन की खुशी के मारे बिना ताण्डव-नृत्य करने के इस पवित्र पर्वत की गुफा में प्रतिष्ठित श्री अमरेश्वर सुधालिंग का दर्शन करेगा, निश्चय मानो उसे सफल तीर्थयात्री न मानकर 'तीर्थ द्रोही' कहना योग्य है। इसी प्रकार कोई यात्री जो श्री अमरेश्वर गुफा में प्रवेश करके सुधामय ·सलिंग की पूजा (अर्चना) करने के बिना ही वापस निकलता है, निश्चय मानो उसे चौरासीलाख यानियों में जन्म मरण की यातनाएं सहन करनो पड़ती हैं। तथा श्री अमरेश्वर गुफा में प्रवेश करके पूजा करने के बिना ही वापस निकलने वाले यात्री के समान यदि कोई और यात्री (गुफा में प्रवेश करके) बिना किसी भी प्रकार के दान देने के वापिस निकलता है, वह भयङ्कर, अतिकठोर दुःखद 'काल सूत्रक' नामी नरक में जाता है।

---

१ पुराणों में शरीर धारण करने की ८४ लाख योनियां कही गई हैं।
२ नरकों की संख्या पुराणों में १४० बताई गई है। उन्हीं में से एक नरक का नाम 'कालसूत्रक' है। इस का शाब्दिक अर्थ 'मृत्युजाल' है।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verses 48, 49, & 50.

O Goddess ! The one who steals a glance of this nectarine Linga without undergoing mental and physical discipline is doubtlessly dubbed as the undoer of such holy spots.

The one who retraces his steps back from within the cave without performing the prescribed worship is forsooth doomed to revolve through eighty-four lacs of hellish lives.[1]

The one who comes out of the Amareshwara cave without giving alms (or without making an offering) is transported to terribly excruciating hell called 'Kala Sutra[2]'.

---

1 Actually the births (yonis) or corporal frames are supposed to be 84 lacs in number.

2 One of the 140 kinds of hells enumerated in Puranas. Literal meaning "the noose of death".

महापातकयुक्तो वा युक्तोवा ह्युपपातकैः
दृष्ट्वा रसमयं लिङ्गं सद्यो मुच्येत सुन्दरि ॥५१॥
भ्रूणहा गुरुतल्पी च सुरापी स्वर्णहारकः ।
एते दृष्ट्वा महेशानं ह्यमरेश्वर संज्ञकम् ।
मुच्यन्ते तत्क्षणाद् देवि सत्यं सत्यं वरानने ॥५२॥

हे सुन्दरि ! श्री अमरेश्वर रसलिंग की महानता का कितना वर्णन करूँ, देखो कोई भी पापी, चाहे उसने अघोरपाप किये हों या साधारण, पर जब वह इस सुधामयरसलिंग का साक्षात् दर्शन करता है, तत्काल ही सब पापों से मुक्त हो जाता है ।

इसके अतिरिक्त यदि कोई इतना भी महापापी हो, जिसे गर्भपात करने का, पूज्य गुरुआनी से एक साथ शयन करने का, शराब में मदमस्त रहने का तथा सुवर्ण आदि अमूल्य वस्तुओं के चुराने के कितने ही महान् कलङ्क लगे हुए हों, पर, हे सुन्दरमुख वाली देवि ! आप इस बात को निःसंशय सत्य और सत्य मानो, ऐसा महान् कलङ्की भी श्री 'अमरेश्वर' इस शुभ नाम से विश्रुत रसमय लिङ्गरूप महेश के शुभ दर्शन से तत्काल ही सब पापों से छूट जाता है ।

Verses 51 & 52.

O beautiful one ! even he who is soiled with most heinous sins or even minor ones on beholding the nectarine Linga, is instantaneously released from the bondage of life and death.

O goddess with captivating mien ! a person who causes abortion or the one who violates his preceptor's bed, the one who is addicted to drinking or the one who steals gold—all these are delivered from this world instantly on coming face to face with nectarine Amreshwara. There is ab.olutely no doubt about it.

महाक्रोधी लोभमोहाभिभूतः स्वर्णस्तेयी परजायाभिगामी ।
छिद्रप्रेक्षी साधुनिन्दारतश्च दम्भी चौरोऽनृतवागल्पबुद्धिः ॥५३॥
दृष्ट्वा देवममरेशाख्यलिङ्गं द्रवीभूतं पर्वतस्यान्तरे च ।
मुच्येत्तस्मात्पापसंघाच्च देवि सत्यं सत्यं नानृतं ते वदामि ॥५४॥

इसी प्रकार कोई भी व्यक्ति कितना भी महाक्रोधी हो, लोभ और मोह से ग्रस्त हो, सोना चुराने वाला हो, दूसरों की

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

भलाई को छोड केवल उनके दोषों की ओर देखने वाला हो, महापुरुषों की केवल निन्दा करने पर तुला हुआ हो, कपटी हो, चोर हो, झूठ बोलने वाला तथा मन्दबुद्धि भी क्यों न हो, परं याद रहे, इस पावनीय अमरेश गुफा में द्रवीभूत-देवादिदेव रसलिंग अमरेश्वर का केवल शुभदर्शन करते ही उपरोक्त दुष्कर्मों-पर्जित पापसमूह से छूट जाता है। हे देवि। आप इसे सत्य मानिये, मैं तुम्हें असत्य नहीं बोलता हूं।

१ इसका तात्पर्य भगवान शिव की दयाद्रता से हो सकता है।

Verses 53-54

He, who is injected with anger, greed and hallucination, steals gold, befriends another's wife, is given to magnifying other's shortcomings, revels in slandering the virtuous, is haughty, a thief, a liar or has his intelligence quotient very low, on setting his eyes on the Linga known as Amresha—liquified within the cave— O goddess, is absolved of all such host of sins. This I unfold to thee in real terms as there is nothing in it what cannot be relied upon.

1 It might even suggest "out of compassion"

चान्द्रायणैः कृच्छ्रशतैर्महासान्तपनैश्च यत् ।
फलं प्राप्नोति वै देवि तत्प्राप्नोत्यस्य दर्शनात् ॥५५॥

हे देवि ! इतना ही नहीं बल्कि बडे २ अत्युत्कर्षणीय सैंकड़ों 'चान्द्रायण' तथा 'सान्तपन' आदि महान् व्रतों के यथाविधि आचरण से एक साधक जो महान् उत्कृष्ट फल प्राप्त करता है, एक यात्री इस पवित्र रसलिंग के दर्शन करने से एक साथ उन सारे फलों को प्राप्त करता है। अमरेश्वर रसलिंग के दर्शन की यही महानता है।

१ चान्द्रायण :- जैसे प्रति मास के शुक्ल तथा कृष्ण नामक १५-१५ दिनों

के दो पक्ष वाला होता हैं। प्रथम (शुक्ल पक्ष) में प्रतिपदा से एक एक कला के परिमाण में चन्द्रकला दिन प्रतिदिन बढ़ती जाती है। यहां तक १५वें दिन (पूर्णिमा) को परिपूर्ण कलावान कलानिधि (चन्द्रमा) उदय करता है और द्वितीयपक्ष (कृष्णपक्ष) में इसी प्रकार प्रतिपदा से दिन दिन एक एक कला का ह्रास हो जाता है, यहां तक कि अमावस्या को चन्द्रमा शून्यकला होता है। इसी प्रकार चान्द्रायण व्रतधारी शुक्ल प्रतिप्रदा से अपने भोजन को एक मात्रिक कला के समान, एक ग्रास से प्रारम्भ करता है। दिन दिन कला की वृद्धि के अनुसार ग्रासों में भी वृद्धि पाता है। यहां तक कि पूर्णिमा को पूरे १५ ग्रासों का भोजन करता है। और फिर कला के समान कृष्णपक्ष में प्रतिपदा से दिन दिन एक एक ग्रास का ह्रास करके अमावस्या को शून्य ग्रास पर पहुँचता है। इसी प्रकार, चन्द्रमा की कलानुसार भोजन की ग्रासविधि को 'चान्द्रायण व्रत' से अभिहित करते हैं। (याज्ञवल्क्य स्मृति ३२४-३२६ श्लोक और मनुस्मृति ११/२१६ श्लोक।

२ धर्मसिन्धु, कल्लूलभट, तथा मनुस्मृति (11/22) के आधार पर 'कृच्छ्रसान्तपन'-सप्ताह भर का व्रत-विशेष है, इस में व्रतधारी मानो एक प्रकार से सप्ताह भर उपवास रखता है, पर शाम को 'व्रत पारण, प्रथम दिन 'गोमूत्र' से, दूसरे दिन गोमय (गोबर) से, तीसरे दिन दुग्ध पान से, चौथे दिन दधि-भक्षण से, पांचवे दिन घृताहार से, छटे दिन कुशाभिसिञ्चित जलपान से करता है, पर सातवें दिन को फिर निराहार उपवास करके अन्त में आठवें दिन भोजन कर व्रत समाप्त करता है। यही कष्टसाध्य साप्ताहिक व्रत 'कृच्छ्र सान्तपन, नाम से व्यवहृत है।

सान्तपनम् :-

i कुशोदकञ्च गोक्षीरं दधि मूत्रं शकृत घृतम् ।
जग्ध्वापरह्युपवसेत् कृच्छ्रं सान्तपनञ्चरन् ॥

—धर्मसिन्धुः

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

ii पृथक् सान्तपनं द्रव्यैः षडहः सोपवासिकः ।
सप्ताहेन तु कृच्छ्रायं महासान्तपन स्मृतम ।।
—कुल्लूल भट्टः ।

iii गोमूत्रं गोमयं क्षीर दधि सर्पिः कुशोदकम् ।
एकरात्रोपवासश्च कृच्छ्रं सान्तपन स्मृतम् ।।
—मनुस्मृति ११-२१२

Verse 55.

Recompense that accrues from observ ng hundreds of pain-giving *chandrayanas*[1] (expiatory penance) and subjection to bodily mortification[2], O Goddess, is available to one who has a mere glance of Him (Amreshwara Linga).

---

1 It is a religious observance regulated by the moon's period of its waxing and waning. In it the daily quantity of food which comprises fifteen mouthfuls at the full moon, is diminished by one mouthful every day during the dark fortnight till it is reduced to zero at the new moon, and is increased in like manner during the bright fortnight (c f. Yagnyavalkya Smirti 3324 et seq & Manusmriti 11 217).

2 *Kricchhra Santapan* is a fast observed for one week. However, one concludes the fast of the first day by taking 'Gomutra', that of the second day by 'Gomya', the third day 'milk', the fourth day 'curds', the fifth day 'clarified butter', the sixth day only water sprinkled from 'Kusha-grass', the seventh day complete fast. He takes regular food from the 8th day. This religious penance is quite painful, (cf Manusnmiti 11-212 Also see Dharma Sindhu and Kullula Bhatta).

नारी वा पुरुषोवापि पूजयेल्लिंगमुत्तमम् ।
स याति शिवसालोक्यं[1] यत्रगत्वा न शोचते ।।५६।।

प्रिये ! चाहे पुरुष हो या स्त्री, जो भी कोई इस उत्तमोत्तम रसलिंग की पूजा करता है, निश्चय मानो वह अवश्य परम शिव के

साथ सालोक्यता प्राप्त करता है, जहां जाकर जीव को किसी भी प्रकार से दुःख का अनुभव नहीं होता है।

---

१ सालोक्य—पांच प्रकार की मुक्तियों में से एक प्रकार (देखिए पटल ५ श्लोक २८ का नोट १)

Verse 56.

A woman or a man whoever worships this splendid Linga, is granted a permanent abode[1] in the domain of Shiva, where she or he has no regrets whatsoever.

---

1 Salokya Mukti is one of the four stages of beautitude (see also canto V verse 28 note 1).

अमरेशं महालिङ्गं दृष्ट्वा स्पृष्ट्वा कलौ नरः ।
यात्यऽपुन[1] र्गर्भवृत्तामिति सत्यं वरानने ।।५७।।

इसी प्रकार जो भी कोई इस महोत्तम रसलिंग का दर्शन करता है, तथा प्रभु के श्री चरणों का स्पर्श-सुख पाता है, अवश्यमेव वह इस कलियुग में पुनः गर्भवास की यातना नहीं पाता है।

---

१ संसार के आवागमन से छूट पाकर मुक्त होता है।

Verse 57.

In this age of Kali one, who gets a glimpse of this towering Amaresha Linga or even touches it, has not to suffer the privation of passing through a womb.[1] O pretty faced Goddess, it is cent per cent true.

---

1 It implies taking birth in this mortal world: one is totally emancipated from the pangs of life and death on mundane level.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

पीत्वा ह्यमृतधारां तु पतितां वै गुहान्तरे ।
याति शिवपदं[1] देवि यज्ञानां प्राप्यते फलम्[2] ॥५८॥

हे देवि ! इस अमृतमयी अमृतेश्वर (रसलिंग) प्रतिष्टित गुफा में सर्वत्र टपकती अमृतधारा का जो पान करता है, विशिष्ट महायज्ञों के महान् फल का भोग करता हुआ वह शिवलोक को है

१ शिवपद्म्—इसमें आराध्य और आराधक दोनों एक दूसरे में तन्मय हो जाते हैं। इसी का दूसरा नाम 'शिव सायुज्य', है। देखिये पटल ५ श्लोक २८ का नोट।
२ ख पाठ में दूसरी पंक्ति है—
...."देवि ! याति शिवस्थानं यत्र नास्ति कृताकृतम्"।
हे देवी ! वह उस शिवसायुज्य को पाता है जहां कर्त्तव्य अकर्तव्य की बात नहीं है।

Verse 58.

O Goddess, after sipping the nectarine flow dripping inside the cave, one reaps the fruit of performing great sacrifices and becomes one[1] with Lord Shiva[2].

1 Sayujya Mnkti is the last stage of beautitude (c.f. note I verse 56)
2 In Ms-DT second line of the verse is different, meaning "O Goddess, he is absorbed in Shivahood, where the question of duty or non-duty does not arise".

कपोतांस्तु गणास्तत्र दृष्ट्वा हृष्टस्तु यो नरः ।
स एव रुद्रो भवति[1] जयेति प्रवदन्मुहुः[2] ॥५९॥

अन्त में भगवान् शंकर के उग्रशाप से कपोत योनि में परिणत हुए शिवगणों का दर्शन कर, फूले न समाता हुआ शिवभक्त "जयकारा-हर हर महादेव" का जयनाद करता हु ा परिणाम में 'रुद्र' ही बनता है।

१ रुद्र :—एकादश संख्यक एक प्रकार का देवगण। ये शिव जी के अपकृष्ट रूप हैं, स्वयं शङ्कर इनमें मुख्य हैं। गीता जी में कहा भी है

"रुद्राणां शङ्करश्चास्मि" 10-23.
२ ख पाठ में दूसरी पंक्ति का पाठान्तर "जयेति प्रवदेदुच्चैः स एव न संशयः"।

Verse 59.

One who is beyond himself with joy, on catching a glimpse of the pigeons—demigods attending on Shiva—verily becomes a Rudra[1] and utters 'Hail Shankara! Hail Shiva !' repeatedly[2].

1 Name of a group of gods, eleven in number, supposed to be inferior manifestation of Shiva or Shankara, who is believed to be the head of the group
(Refer Bhagwad Gita 10-23, *Rudranam Shankarashchasmi*)
2 Second line of the verse has different word-order but meaning is the same.

श्री भैरवी :—

कपोताः के गणास्तत्र कथं तत्र स्थिताः प्रभो !
वद मे कृपया शम्भो[1] लोकानां हितकाम्यया ॥६०॥

उपरोक्त श्लोक में कपोत योनि में परिवर्तित शिवगणों का सकेत पाकर, उनसे सम्बन्धित सम्पूर्ण कथा की जिज्ञासु श्री भैरवी अपने प्रिय श्री भैरव से बोलती है। हे मङ्गलकारो प्रभो ! ये कौन शिवगण हैं, जो कबूतरों की योनि में जन्मे हैं, और क्योंकर यहां ठहरे हुए हैं? हे आह्लादकारी शिव ! मेरी तथा अन्य सब लोगों का भलाई के लिए मेरी इस जिज्ञासा को शान्त कीजिये। कृपया सारा वृत्तान्त स्पष्ट रूप से कहिए।

१ शम्भो=शम्—मङ्गलं-भवति - यस्मात् तत्सम्बोधनम्।
अर्थात् मङ्गल और शान्ति के देने वाले हे शम्भु।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verse 60

Bharavi said :

O Lord which group from amongst the attendants[1] of Siva does these pigeons represent ? How do these afford to live there (in the cave) ? O Lord of bliss, kindly tell me all this for ploughing weal to mankind.

1 c.f. Note 1 of verse 59 A synonym for Lord Shiva is Shambhoo, which connotes the god who grants peace and prosperity. Here it is used to address the Lord.

श्री भैरवः—

शृणु सुश्रोणि वक्ष्यामि कपोतान् येऽभवन् किल ।
यान् दृष्ट्वा मुच्यते जन्तुर्महापातकसंचयात् ॥६१॥

भैरवी की जिज्ञासा के उत्तर में श्री भैरव बोलते है :-

हे सुन्दर अङ्गों वाली देवी ! निश्चिन्त रहो, मैं सारा वृतान्त सुनाता हूं सुनो ! जो यह कबूतर दिखाई देते हैं । ये वस्तुत: शिवगण हैं, और भगवान शिव से अभिशप्त[1] हैं । अब इस कपोत योनि में परिवर्तित हुए हैं । साथ ही उनके ही शुभ वर से कोई भी जन्तु, साधारण अथवा महान्पापराशि से घेरा हुआ क्यों न हो, इनके शुभ दर्शन से भवबन्धन से मुक्त हो जाता है ।

१ "तपोभिरिष्यते यस्तु देवेभ्यः स वरो मतः" अर्थात् सामर्थ्यवान् देवादि-पुण्यात्माओं का हितकामना सूचक शब्द (आशीर्वाद रुप) 'वर' कहलाता है । और अहित-कामना-सूचक शब्द (अकोसा-बद्दुआ) 'शाप' कहलाता है ।

२ पटल ७ श्लो० ३ नोट १ देखिए ।

Verse 61

O Goddess possessing well framed body[1], lend your ear to me. I shall tell you which of the attendants of Siva were turned into pigeons. After getting a glance of these, a creature gets deliverance from heaps of sins.

1 Refer to note 1 of verse 3. Canto VII.

यदा प्रभृति शप्तोभूत् महाडामरकोगणः
तदा प्रभृति तत्रैव स्थापितास्ते गणास्तथा ॥६२॥
ताण्डवावेदनार्थं च संध्याकालस्य सुन्दरि ।

हे सुन्दरि ! डामरक नामक शिवगण जिसको कुछ समय पहिले पार्वती जी ने "सायं काल आगया", ऐसी सायङ्कालीन सूचना देने के लिए स्वयं नियुक्त किया था, (ताकि भगवान् शङ्कर को सायङ्कालीन 'ताण्डव नृत्य' रचाने में समय यापने से कोई बाधा न आने पावे) पर दैव दुर्विपाक से एकदिन अपने कर्तव्य से च्युत होने पर डामरक भगवान् वामदेव के उग्रशाप से निश्चल शिलीभूत हो गया ! और उसी समय अन्य गण इस कार्य साधना के लिए नियुक्त किया गया, ताकि सायङ्कालीन सूचना मिलने में कोई बाधा न आवे ।

Verse 62

O Pretty one! Since the time the demi god named Mahadamraka[1] (or Damraka) fell under a curse, these attendants[2] were posted there (in his place) so that they would inform Shiva for his Tandava[3] dance fixed for the hour when the day negotiates the night.[4]

1 Refer to the story given in the first seven verses of canto IX when Damauka got turned to stone .

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

The attendants who later took the form of pigeons under curse.

3 First word of the third line begins with 'Tathaiva' in Ms-Tb and Ms-Mr while in our Ms-Ph it is 'Tandava.'
'Tandava' is a viol nt form of dance that Lord Shiva is said to perform at nightfall. It is also termed 'pradosha nritya'. This has great efficiency for spiritual aspirants in th ir practice abhyasa.

4 Sandya samaya—the evening time for ablution. Shiva is believed to dance in ecstasy every evening at the junction time of day and night.

एकदा नृत्यमानस्य सन्ध्यायां चैव धूर्जटेः ॥६३॥
[1]स्पर्धया कुरु [2]कुर्वित्यूचुस्ततोऽमरवन्दिते ।
परस्परं स्पर्धयात्र शब्दं कुर्विति चक्रिरे ॥६४॥

इसप्रकार समय बीतता गया, एक दिन भगवान् धूर्जटि नित्यकृत्यानुसार जब सायङ्कालीनताण्डव नृत्य में पूर्ण मगन रहे, तो ये गण भी आपस में स्पर्धा से "तुम हो (यह काम) करो" ऐसा कहने लगे। तो हे देवपूजिते! बस इन का यह कहना ही था, कि सब के सब ने परस्पर 'कुरु-कुरु, कुरु-कुरु' ऐसे शब्दों की अनविच्छिन्न रट लगाई।

१ स्पर्धा :- अपनी वृद्धि से दूसरे को दबाने की इच्छा। होड़, प्रतियोगिता
(आत्मनस्तु बुधैः स्पर्धा शुद्धधीर्बह्वमन्यत)
अर्थात् विद्वज्जन निर्मल बुद्धि के साधन स्पर्धा को बहुत मानते हैं— प्रशंसा करते है।

२ वास्तव में मनमुटाव के कारण वे दोनों इस काम में जुटने के बदले एक दूसरे को अकेले हो यह काम करने पर विवश करने लगे।

Verse 63 & 64

Once when it was time for Lord Shiva, having a crest of matted looks on his head, (Dhoorjati[1]) to perform His Tandava (dance at dusk), O Goddess lauded by the god, these (attendants), out of defiance, asked each other to accomplish this assignment (of announcing the hour to Shiva). This din of 'you do it! you do it[2]' rose to heights by their mutual rivalry.

1 *'Doorjati'* is one who carries a burden of locks or one in whose matted locks there is Ganges i-e. Shiva. (ref shabdakalpadrum p. 803).

2 *Kuru*, *Kuru* (do it, do it) sound corresponds to the sound made by pigeons.

ततः क्रुद्धो महेशानो गणानशपदोजसा ।
यस्मात्कुरुकुरु शब्दं कुरुथ स्पर्धया मुहुः ॥६५॥
तस्मात्कुरुकुरु शब्दं कुर्वाणाः स्थ चिरं गणाः ।
कपोतरूपा स्तीर्थस्य विघ्नसंघोपहारिणः ॥६६॥

देवादिदेव महादेव सायङ्कालीन ताण्डव से विरत होकर गणों के निरन्तर 'कुरु-कुरु, कुरु-कुरु, शब्द से क्रोधाविष्ट होकर उन्हें शाप देने में उतारू होगये, निदान यह शाप दे दिया, अरे ओ गणो? चूंकि तुम आपस में होड लगाकर 'कुरु-कुरु' की रट लगाते रहे हो, अतः तुम इसी 'कुरु-कुरु' शब्द करने वाली पक्षी योनी में जन्म धारण कर कपोत (कबूतर) रूप में परिवर्तित होजाओ. साथ ही वर रूप में इसी अमरेश्वर (रसलिङ्ग) तीर्थ पर शिवभक्तों के लिए सर्व प्रकार के विघ्नसमूह को मिटाने वाले साबित होजाओ, जिस से समय पर तुम्हारा उद्धार हो जायेगा।

Verses 65, 66

Thereafter, feeling incensed, the great Lord hurled a curse upon those attendants in these words:-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

"Since you, out of defiance, made 'Kuru, Kuru' sound without any break, so you Ganas have to stay here for all times, with this sound 'Kuru, Kuru' (on your lips) in the form of pigeons, also warding off obstacles[1] at this hallowed spot.

1 This good work from by these erring '*ganas*' might become an investment for reverting them to their former form

इत्थं शप्तास्ततो देवि हरेण परमात्मना ।
भूताः कपोत रूपास्ते तीर्थे विघ्नापहारिणः ॥६७॥

हे देवि ? इस प्रकार वे शिवगण भगवान शंङ्कर द्वारा अभिशप्त हो कपोत योनि में कपोत शावक के रूप में प्रादुर्भूत हुए, और इस पवित्र तीर्थ पर विघ्न समूह को (मिटाने वाले बन गये) मिटाते रहे।

Verse 67

Thus, O Goddess, with tne curse hurled by Hara, the Great Lord, those attendants got transformed into pigeons and continue to live at this place of sanctity, symbolizing the eradication of obstacles at this pilgrimage spot.

योऽदृष्ट्वा तु गुहान्तःस्थान्कपोतान् गगनात् प्रिये ।
अवरोहेद् गिरे स्तस्मात्तीर्थ द्रोही स्मृतो बुधैः ॥६८॥
तस्माद्धि दर्शनीया_ते कपोता गण सत्तमाः ।
महापाप हराः प्रोक्ता- यात्रिभिः परमास्तिकैः ॥६९॥

प्रिये भैरवि ? समयोपरान्त यह प्रथा चलती रही, कि इन कबूतरों के दर्शन करने से यात्रियों की यात्रा सफल होती है, यहांतक यदि कोई अमरेश्वरगुहा में रहनेवाले इन कपोत-गणों का आकाश में उड्डान देखे बिना अमरेश्वरशैल से वापस नीचे को ओर प्रस्थान करेगा, बुद्धिमान उसे "तीर्थद्रोही, मानते हैं । यही कारण है ईश्वर पर आस्था (श्रद्धा) रखने वाले श्रद्धालु यात्रियों का यह निश्चयात्मक कथन है, कि उत्तमगण स्वरूप यह कपोतावलि अवश्यमेव दर्शनीय है । इनका दर्शन करना नितान्त आवश्यक है, क्योंकि भगवान शिव ने स्वयं इन्हें "महा पाप हरा:" अर्थात् रे गणो ! "तुम सब यहां रहकर यात्रियों के दुःखों और पापों को मिटानेवाले प्रमाणित होजाओ" ऐसा शाप के साथ वर भी दिया है।

इस आधार पर इनका दर्शन करना महान् शुभ फल दायक है ।

Verses 68 & 69

Consequently, O dear Bhairavi, if a pilgrim while coming down the mountain-side does not catch a glimpse of these pigeons from the cave flying about in the sky, he is believed to have defiled this pilgrimage as per testimony of the people possessing spiritual wisdom.

Hence these pigeons, the 'ganas' par excellence should inevitably meet the eyes (of the pilgrim). These are deemed to be dispellers of sins by the pilgrims possessing true faith.

स्नाता दृष्टा श्रुता चैव स्पृष्टा चापि समन्ततः ।
अमरेश्वरतां याति ततः प्रोक्ताऽमरावती ॥
अमरावत्यां स्नानातु नरो मुच्येत संकटात् ॥७०॥

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

प्रिये ? (अमरेश्वर गुफा के निकट ही बहने वाली अमरावती पावन नदी के उपलक्ष्य में यह धारणा है, कि) इस पवित्र नदी का सर्वप्रथम दर्शन करना, इसके माहात्म्य का श्रवण करना, तथा जल स्पर्श (आचमनादि) करना अन्त में इसके पावन तथा शुद्ध स्फटिक - जल में स्नान, करना अपने अंङ्गों को अमर विभूति से अवलिप्त करना, मनुष्य को साक्षात् 'अमरेश्वरता, अमरेश भाव को पहुंचाता है, इसी कारण अमरता का प्रदान करने से ही यह 'अमरावती, इस शुभ तथा यथार्थ नाम से सर्वत्र विख्यात है। वस्तुत: यह भी सिद्ध है, कि इस अमरावती महानदी में स्नान करने से एक साधारणमनुष्य तक सर्वसंकटों से मुक्ति पाता है।

Verses 70

The name Amaravati[1] is given to the sacred stream, because a pilgrim who undergoes ablution in it, has a glimpse of it, listens to its glory and rubs his body all over with its white sediment of seepy sand is crowned with immortality. Verily by mere ceremonial washing in the stream man i freed from peril.

---

1 'Amara' (Skt) denotes an immortal, the one who is immune from death.

य! करोति महापूजां रसलिंगस्य सुन्दरि ।
स याति शिव-सालोक्य मिति सत्यं वदामि ते ॥७१॥

हे सुन्दरि ? इसके अतिरिक्त यह भी निश्चय रखो । मैं सच्च बोलता हूं. (अमरावती महानदी में स्नान करके, अमर विभूति से अपने को परिप्लुत कर) कोई भी शिवभक्त जब इस

अमरेश्वर रसलिंग की यथाविधि महापूजा - सम्पूर्ण पूजा (अम्भसा-पयसा-दध्ना घृतेन) अर्थात् दूध-दही-घी और शुद्ध जल से) अभिषेक करता है, वह तत्काल...ही शिव के साथ सालोकता प्राप्त करता है।

सालोकता—इस में जीव (आराधक) अपने आराध्यदेव के साथ एकही लोक में बास करता है। (पांच प्रकार की मुक्ति भेदों में यह एक है)॥

Verse 71

O Beautiful one! the pilgrim who offers devotional worship to the Rasa Linga, he attains Salokya[1]. This is the very truth that I unfold to you.

---

1 One of the five kinds of liberation. Also see note I of verse 28 in canto III.

कारण कि :-

कलिकल्मषघोरनाशकं रसलिङ्ग समुदीरितं प्रिये ।
अमरेश्वर नामकं परं तत्पशुपाश विनाशकारणम् ॥७२॥

हे प्रिये ! यह सिद्ध है, यह अमरेश्वर रसलिंग कलिकाल में कलिभाव से प्राप्त सब प्रकार के पापों (अनिष्टों) का नाश-कारक कहा जाता है। यह प्रिय भक्तों को अमर बनाता है, प्रलोभिनी - माया और सांसारिकता का नाश करने वाला है निश्चयरखो तभी इसका सर्वोत्कृष्ट अमरेश्वर नाम जग विख्यात है।

Verse 72

O my Beloved! Rasa Linga is said to be the destroyer of sins in this age of Kali. That is the high-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

est truth called Amareshwara the sole entity capable of undoing the fetters of animality[1]

---

1 Lord Shiva is also named 'Pashupati'—the Lord of Pashus (Lit. animal kingdom) For it is Lord Shiva who manifested Himself and also got into limited adjuncts created by His own power of Maya-known as Maya Granthi This (the knot of Maya for binding down to this world of coming and going) is also called the power of Avidya - ignorance. Thus Jivas become like fetterred animals, while Lord Shiva-the Infinite - is untainted and transcendéntal. Therefore, in the words of Abhinavagupta-'*Shiva eva grathita pashubhavah*' Paramarthasara-4 'Verily, it is Shiva who has assumed the state of animality' Shiva alone can destroy the fetters: "*Shaktiyo-asya Jagat Sarvem Shaktimanshu Mahesharah*" All this world is the play of His power while He the Lord of Lords is the holder of power.

इतना ही नहीं,

सिद्धिलिङ्गमिदं[1] देवि! बुद्धिलिङ्ग[2] मिद परम् ।
[3]शुद्धिलिङ्गं मिदं प्रोक्तं वृद्धिलिङ्ग[4] सनातनम् ॥७३॥
इदं पुंसवनं लङ्गं महा तेजोऽभिवर्धनम् ।
सुखप्रद पावनं च यशोदं परमं कलौ ॥७४॥

हे देव! सुनो महापुरुष इसे ही सिद्धिलिग=सर्वप्रकार की अलौकिक अष्टसिद्धियों का प्रदाता,
बुद्धिलिग जानने-समझने और विचार करने की शक्ति प्रदाता।
शुद्धिलिग अन्तः बहिः सर्वप्रकार की शुद्धि (पवित्रता) का प्रदाता।
वृद्धिलिग—उत्तरोत्तर वृद्धि (उन्नति) का प्रदाता, तथा
पुंसवन लिङ्ग समय पर पुत्रसन्तान का प्रदाता मानते आये है, साथ ही लिङ्ग-रूप में ब्रह्मचर्य पालन से तेजरूप-बल को बढ़ाने वाला माना है, विशेषकर इस कलियुग में यही परम-शिव स्वानन्द सुख को, पवित्रता को तथा परम यश (कीर्ति) को देने वाला माना है।

---

१ सिद्धलिङ्ग :-
सिद्धि :- सफलता प्रतिष्ठा, तथा विलक्षण निपुणता का यथार्थ वाची है।

विशेषकर यह अष्टसिद्धि प्रदाता है, जिन के नाम यथा—
अणिमा[1] लघिमा[2] प्राप्तिः[3] प्राकाम्यं[4] महिमा[5] तथा।
ईशित्वं[6] च वशित्वंच[7] तथा कामाव[8]साधिता ॥

तदाकार लिङ्ग है।

२ बुद्धि लिङ्गम् :-
बुद्धि :- (ज्ञानं च धारणा च बुद्धयतेऽनया इति), यथार्थज्ञान तथा ईश्वर सम्बन्धी धारणा का जिससे ज्ञान होता है। जो स्वयं अन्तः करण की निश्चयात्मिका वृत्ति है, जानने समझने तथा शुद्ध विचार करने की शक्ति है, महत्व है।

तदाकार लिङ्ग है।

३ शुद्धि लिङ्गम् :-
शुद्धि :- विशुद्धिता-पवित्रता-निर्मलता वाची है। अन्तः—बहिः सर्व-प्रकार की शुद्धि हो मनः विशुद्धता ही यथार्थ ज्ञान प्रकाशक है।

तदाकार लिङ्ग है।

४ वृद्धि लिङ्गम् :-
आशुतोष तथा करुणासागर के नाते अपने प्रिय भक्त को जीवावस्था से ईश्वरावस्था तक उत्तरोत्तर वृद्धि (उन्नति) का प्रदाता है।

तदाकार लिङ्ग है।

५ पुंसवन लिङ्गम् :-
पुंसवनम् :- पुत्रवाची सन्तति को देनेवाला, तभी सनातनी वर्ग प्रथम 6 संस्कारों में दूसरा सस्कार गर्भाधान से तीसरे मास में इस पुंसवल संस्कार को रचाते है। यही कारण है तन्त्र शास्त्रों में "भग और लिङ्ग" (स्त्री और पुरुष के जननेन्द्रियों) को "शिव और शक्ति" (उमा और रुद्र) की सद्भावना प्रकटाई है :
यथा तन्त्रशास्त्र (निर्वाण भाग) में कहा है :-

भगस्य हृदयं लिङ्गं
लिङ्गस्य हृदयं भगः ।
तस्मै ते भग लिङ्गाय
उमा रुद्राय वै नमः ॥

Verses 73-74

O Goddess! This (Amreshwara) has been called 'Siddhilingam'[1]-the sign of accomplishment, Budd-

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

hilingam[2]-the token of intelligence, Shuddhilingam[3] -the emblem of piety, Vridhilngam[4]-the eternal badge of prosperity, Pumsavena[5] Lingam-the organ of procreating a male child, and known for multiplying lustre, giving joy, sanctifying and ploughing back tallest possible renown in this age of Kali.

---

1 Siddhi means accomplishment, complete attainment, fulfilment of extraordinary wisdom It also means a superhuman power of faculty Eight faculties are enumerated :-

1] Atomization—becoming an atomic.
2] Levitation——becoming light.
3] Magnification——becoming magnified.
4] Extension—touching the moon with a mere finger - tip.
5] Efficacy—non-obstruction of desire.
6] Mastery—mastering the elements and products of elements (yogi is not mastered by others.)
7] Sovereigning—subjugation by constraint upon inherence as its object.
8] Volition—fulfilment of whatever is desired.
(Sankhya-Tattva-Kaumudi of Vachaspati Mishra Kar 23)

2 Wisdom comes as intellect gets purified. Then dawns clear knowledge of Supreme Reality as a result of perfect concentration This is termed (*Vyavasayatmika Buddhi*) (Bhag-Gita II-41) by Lord Krishna while explaining the way of right understanding and application thereof to Arjuna.

3 Piety, both external and internal (i. e physical and mental) makes the application of right understanding successful.

4 Compassionate Lord grants success to sincere aspirant in bringing about transformation from Jiva state to Godhood.

5 '*Pumsavanam*' is the second of the purificatory samskaras, as enjoined by Laughakshya Muni of Kashmir also. It is a ceremony connected with a woman who perceives the first signs of having conceived This ceremony is supposed to bless the pregnant woman with a male off - spring (c- f. Laugakshya Grihya Sutra 32-2)

Lord Shiva is really formless and yet all forms are His forms. Linga means a mark. The vast world of countless forms is a Linga of the omnipotent Lord. It was in the post-vedic period that Linga became symbolical of the

generative power of Lord Shiva. It is only a differentiating mark of distinction and certainly not the sex mark. It has spiritual intonations of being one and only one and nothing to do with its biological import.

विना ध्यानं विना दानं सिद्धिं देवि ! यदीच्छसि ।
आश्रयस्व विनायोगं लिङ्गं ह्यमर-संज्ञकम् ॥७५॥

हे देवि ! निश्चय रखो, यदि तुम विना किसी इष्ट देव की ध्यान धारणा के, विना किसी भी साधारण अथवा बहुमूल्य वस्तु के दान देने के, विना किसी भी योगसाधना (चित्तवृत्ति निरोध) के, विना किसी प्रयास (अनायास रूपेण) परम सिद्धि (परम पद) पाने की इच्छा रखती हो, तो सब भूलकर इन्हीं अमरेश्वर रसलिंग का तनमन से आश्रय लेलो, सबकी प्राप्ति होगी ।

Verse 75.

If you, O Goddess, want fulfilment (in self-realization) even without undertaking contemplation[1], giving alms[2] and taking to Yoga practices[3], you just surrender[4] to the Linga called Amereshwara

---

1 An unbroken flow of knowledge of the object is contemplation. *Tatra Pratpayaikatanata dhyanam.* (Yoga Sutra iii-2)

2 The alms which are given with no expectation of returns. The guiding mark for it is that charity is to be undertaken for the sake of charity and not for any obligation to the receiver
'Datavyamiti Yaddanam diyatenupakarine' (Bhag-Gita XVIII 30)

3 Yoga is restraining the mind-stuff from taking various forms '*Yougashchittaritti mirodah*' (Yoga Sutra 2-3)

4 Taking refuge in Lord is surrender.
'*Ishwarapranidhanadva* (Yoga-Sutra 1-23)

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

शरीरं यौवनं द्रव्य दारान् पुत्रान् गृहंतथा ।
चचल-सर्वतो ज्ञात्वा ह्यमरेशं समाश्रयेत् ॥७६॥
यावन्न ग्रमते मृत्यु-र्यावन्नेन्द्रिय विप्लवः ।
यावन्नजरया देहं जीर्यते जगदीश्वरि ॥
तावद्देवामरेशाख्यं लिङ्गं रसमयं श्रयेत् ॥७७॥

"यह पञ्चभौतिक शरीर, दर्पोद्धितयौवन (मदमाती जवानी) अपरिमित धनसम्पत्ति, परमप्रिया नारी (अर्धाङ्गिनी सहचरी) अभिन्नहृदय - आत्मस्वरूप सुपुत्र, तथा सर्वसम्भार सुसज्जित घर (शुभावास) प्रिये ! यह सब वह है जिस पर मनुष्य का गर्व होता है परं सब असार है अस्थिर है और विनाशी है, हां यदि चिरस्थाई वास्तविक - सुख चाहती हो, तो सब का गर्व (आशा) छोड़कर केवल एक परम प्रभु इन्ही रसलिंग अमरेश्वर का शरण लेलो, ये ही आशा पूरक हैं।

दूसरे शब्दों में—हे जगदीश्वरि ? यह शरीर जिसका अन्तिम परिणाम केवल मृत्यु का ग्रास बनना है, सर्व इन्द्रियां, जिनका परिणाम विषयासक्त होना है ।

देह, जिसका परिणाम जरा से जर्जरित होना है, यह सारे जब तक अभी स्वस्थावस्था में चलते हैं– अर्थात् शरीर बिना किसी विकार के है. सारी इन्द्रियां विषयों से ग्रस्त (लथपथ) नहीं हुए है, देह-वृद्धा से अभिभूत नही हुआ. तीनों अभी स्वत्व प्रवृति (शुभावस्था) में प्रवृत्त है. तो अभी से–महामहिम शाली रसलिंग (अमरेश्वर) का शरण लीजिये। अभी से भवसागर पार होने का प्रयत्न कीजिए। ये ही भवसागर पारकारी (नाविक) हैं।

Verse 76-77

Knowing well that this body, youth, wealth, wife, son and house are all transitory, one must surrender to the Immortal Lord[1] Amreshwara.

O Universal Goddess, as long as death is at an arm's length, as long as the organs are in

full health and as long as senility does not erode the body, surrender to the 'Rasa-Linga' is imperative[2].

1 c. f Bhartrihari's Varagya shatakom sloka 36 (Shri Venkateshwara Press Bombay)

Yovat svasthamidim shiramarujam Yovat Jara doorrto,
Yavalchendriya shaktirapratihata yovat ksheyo nayushah;
Atma-shreyasi tauadeva vidusha Karyah prayatno makan
Sandipte Bhavane to koopakhanam pratyudyamak keedrashah,

"A learned man should always try for the good of his soul while i] he is hale and healty.
ii] his body is quite free from attacks of various diseases iii] he is not set upon by old age iv] he is in full unimpaired possession of all his life. Of what possible use is the effort of sinking down a well when the house is already in flames ?

त्रैलोक्ये यानि तीर्थाणि स्थानानि जगदम्बिके ।
अमरेशाख्य लिङ्गस्य कलां नार्हन्ति षोडशीम् ॥७८॥
महा मोहेन ग्रस्तोऽयं जनः सर्वो महेश्वरि ।
अमरेशेऽपि भूमिस्थे यच्छोचन्ति कलौ नराः ॥७९॥

हे जगन्माता ? तुम निश्चय जानो, सारे त्रिभुवन (भू: भुव: स्व: त्रिलोक) में जितने भी सारे तीर्थस्थान विद्यमान है, उन सबका शिरोमणि यही परमोत्तम रसलिंग – अमरेश्वर है। महाजनों का कथन है, कि त्रिलोकी के सारे तीर्थस्थान इस पुण्यधाम अमरेश्वर तीर्थ के १६वें भाग के साथ भी समानता नहीं कर सकते हैं यह जानते हुए भी हे महेश्वरि ? आश्चर्य की बात है से मर्त्यलोकवासी महान् मोह के अन्धकार में कितने ग्रस्त हुए हैं, जो यह जानकर भी कि कलियुग में इस मर्त्य भूमि पर 'अमरेश्वर' रसलिंग जैसा महान् पवित्र तीर्थ विद्यमान है, फिर भी उसकी महानता से अपरिचित होकर शोक में छटपटाते हैं। कितनी मन्द भाग्यता ।

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

Verses 78-79

O respected Mother of the universe ! whatever merits of holy-places and pilgrimages are scattered over the three worlds, do not stand a comparison even to the sixteenth part of the eminence of the Linga known as Amaresha.

O eminent Goddess ! the entire host of mortal beings appears to be completely obssessed with unrelenting abduration during the present age of Kali, as it is always haunted by the grief eventhough the Amaresha is already existing on the earth.

अमरेशसमंलिङ्गं दिविभूम्यन्तरिक्षगम् ।
महापाप हरं देवि ! न भूतं न भविष्यति ॥८०॥
भूयोभूयः किमुक्तेन नरः पातकवान् कलौ ।
अमरेशं सम श्रित्य मुक्त एव न संशय· ॥८१॥

हे देवि ? सब को विदित रहे कि भूमि - आकाश और अन्तरिक्ष (भूः भुवः स्वः) त्रिलोकी में रसलिंग-अमरेश्वर के समान घोरतर पापों का समूलोच्छेदन करने वाला बिना इसके अन्य कोई भी तीर्थ नहीं है, न हुआ है, न भविष्य में होने की सम्भावना है। अतः हे प्रिये, बारम्बार एवं अधिक कहने से क्या, देखो कोई महापापी ही क्यो न हो, यदि उसने अमरेश्वर नामी रसलिंग का आश्रय लिया हो, अवश्यमेव वह 'मुक्त' (भवबन्धन से छूट) जाता है, यह निश्चय है, इसमें किञ्चिन्मात्र भी संशय नही है।

Verses 80-81

O Goddess! there has never been nor shall ever be a Divine Linga at par with Amresha either on this earth or in the sky or in space,[1] for dispelling heinous sins.

It is needless to repeat that even a sinner seeking protection of Lord Amresha is doubtlessly, released from the cycle of birth and death in this 'Kali-yuga'.

1 *Buh, Bhuvah* and *Svah* are the three worlds corresponding to the Earth, the Spaco and the Heaven (beyond space). For an individual, in his mortal world these are the three stages of consciousness-wakefulness, dream and deep-sleep.

इत्थं माहात्म्यमीशानि पुण्यं ह्यमर नाथगम् ।
श्रुत्वा पठित्वा मुच्येत ब्रह्म हत्यादि कोटिभिः ॥८२॥
आयुष्प्रदं कान्तिदं च कीर्तिदं जगदीश्वरि ।
धनदं पुत्रदं चापि कन्या प्रदमनुत्तमम् ॥८३॥

हे ईश्वरि ? सुनो, यह इस रसलिंग-अमरेश्वर-महान् तीर्थ का परमपावनीय माहात्म्य है, इसकी महत्ता का विवरण कहां तक किया जाये, देखो जो भी कोई इसके पवित्र माहात्म्य का श्रवण अथवा अध्ययन करेगा, निश्चय मानो वह 'ब्रह्म हत्या' जैसे महा घोर-पापों से मुक्त (छूट) हो जाता है, अतिरिक्त इसका पठन-पाठन चिरायु प्रदाता है, कान्ति वर्धक है, कीर्ति- यश-प्रतिष्ठा) प्रदाता है, तथा पुत्र-पुत्री (उभय रूपात्मक सन्तति) को देने वाला है ॥

Verses 82-83

Universal Mother ! whoever lends ear or recites this description of Amarnath, sanctifying in essence, is delivered from the numberless Brahmahatyas and other sins as a consequence.

This (Mahatmya) bestows longivity, brilliance and renown. It also grants wealth, sons and daughters of superior genre.

Kirtikant Sharma Collection, Najafgarh

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

इत्येष पटलो गुह्यो गोपनीयः कलौ प्रिये ।
श्रुत्वा पठित्वा प्राप्नोति तीर्थजं फलमुत्तमम् ॥८४॥

हे प्रिये ? यह अमृतेश्वर रसलिंग का विवरणात्मक महोत्तम पटल है, रहस्यात्मक है, यही कारण है कलियुग में इसको गोपनीय (गुप्त रखने के योग्य) माना गया है। इसके श्रवण तथा पठन से भी शिवभक्त तीर्थयात्रा से प्राप्त सर्वोत्तम फल को प्राप्त करता है। अर्थात् तीर्थयात्रा के फल का अधिकारी बनता है।

इति श्री अमतेश्वर (रसलिङ्ग) महिमानाम दशमः पटलः ॥

Verse 84

O dear one! the contents of this canto, thus revealed to you, are of occult nature and are not to be made public in this age of Kali. By mere listening to or reciting of these, merit earned at a holy spot is reaped.

Thus the Tenth Canto of Amereshwara Mahatma comes to an end.

एकादशः पटलः

श्रुत्वा श्रुत्वा महेशान सारात्सार मनुत्तमम् ।
